

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 2 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –108 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23



दिल्ली सेवा विधेयक संघवाद के लिए है खतरनाक : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन
■ इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया पृष्ठ 6
■ अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर चिंता जताई
■ आंग सान सू ची की जेल की सजा कम हुई पृष्ठ 7
महिलाओं की 50 मीटर 3पी में सिफ्ट कौर, आशी चौकसे 1-2 से आगे रहीं पृष्ठ 8

### सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को किया तलब, कहा

# मणिपुर में कानून व्यवस्था हो चुकी ध्वस्त

**नई दिल्ली**, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई। बाद में भी जब 6000 से ज्यादा एफआईआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गईं।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें एक्स और वाई नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। कुकी महिलाओं से रेप और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तुरंत निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितों के नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया। हमारे पास हमारी कॉपी है और एक कॉपी सिर्फ बेंच के सामने रखी गई है।



- राज्य में 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं करने पर हैरानी जताई
- छह हजार मामलों में हुई चंद गिरफ्तारियां
- अब 7 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई पर पूछा सवाल**

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से मुर्दाघर में रखे शवों की पहचान स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी मांगी। पीठ ने यह भी कहा कि वह जाना चाहती है कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कितने स्कूल हैं। उनमें कितने छात्र हैं। वहां क्या हालात पढ़ाई के लिए अनुकूल हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा, स्थिति बेहद परेशान करने वाली है। हम ऐसी नाजुक स्थिति में है कि थोड़ा सा धैर्य स्थिति को सुधारने में मदद करेगा। अदालत ने दो महिलाओं को नग्न घुमाने और यौन उत्पीड़न के वायरल वीडियो से संबंधित मामले में उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में सरकार से सवाल किया, जिन्होंने कथित तौर पर जीवित बची महिलाओं को भीड़ के हवाले कर दिया था। मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित 11 प्राथमिकियों को सीबीआई को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया है।

**250 लोग किए गए हैं गिरफ्तार**

सुनवाई के दौरान मणिपुर सरकार की तरफ से बताया गया कि कुल 250 लोग गिरफ्तार किए गए हैं. साथ ही हिंसा के दौरान लगभग 1,200 लोगों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, जज इन आंकड़ों से प्रभावित नजर नहीं आए. सुनवाई के अंत में चीफ जस्टिस ने कहा कि कोर्ट को यह भी बताया जाए कि कितने शवों की पहचान हुई है और मरने वालों के नाम क्या हैं? उन्होंने कहा कि हम जो कमेटी बनाएंगे वह मुआवजे पर भी सुझाव देगी।

**सीबीआई के बयान लेने पर रोक लगाई**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को आदेश दिया कि सुनवाई पूरी होने तक सीबीआई वायरल वीडियो केस की पीड़िताओं के बयान न ले। याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि हाई पावर कमेटी मामले की जांच करे, जिसमें महिलाएं भी हों।

# पीएससी की आगामी परीक्षाओं में साक्षात्कार के नंबर होंगे कम : भूपेश





**बिलासपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली बहुविकल्पीय परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की माँग के आधार पर आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के वर्गवार कटआफ सूची लिखित परीक्षा के साथ जारी की जाएगी। पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में इंटरव्यू में जो ज्यादा नंबर हैं उन्हें भी कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में संभागस्तरीय युवा सम्मेलन के दौरान पीएससी के इन निर्णयों से युवाओं को अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बिलासपुर के लिए हवाई मार्ग से जाने वाले थे लेकिन मौसम खराब होने की वजह से हेलीकाप्टर नहीं उड़ सका। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर युवाओं को सड़क मार्ग से आने की सूचना दी। ट्वीट में लिखा कि कका और आपके बीच मौसम नहीं आ सकता है। मैं सड़क मार्ग से आपके पास जल्द पहुंच रहा हूँ।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे युवा देश हमारा भारत है और उसका हृदय स्थल छत्तीसगढ़ है। जब मैंने विधानसभा वार भेंट मुलाकात कार्यक्रम किया तो मैंने महसूस किया कि युवाओं के साथ अभी खूब सारी बातचीत करनी बची है और फिर युवाओं से संभागस्तरीय भेंट मुलाकात का निश्चय किया। सबसे पहले रायपुर संभाग के युवाओं से मिला और आज बिलासपुर संभाग के युवाओं से मिलने आया हूँ। मुख्यमंत्री ने चर्चा में बताया कि राज्य शासन युवा हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं चला रही हैं। हमने व्यापम और पीएससी में फीस माफ कर दी है। 4 माह में युवाओं को 112 करोड़ रुपए का बेरोजगारी भत्ता दिया गया है। 41 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। एसआई की भर्ती के नतीजे शीघ्र ही आ जाएंगे।

- लिखित परिणाम के साथ वर्गवार कटआफ सूची भी होगी जारी
- बिलासपुर में पीएससी की तैयारी करने वाले युवाओं की सुविधा के लिए अगले सत्र से आरंभ होगा हॉस्टल

इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, संसदीय सचिव चन्द्र देव राय , बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक रामकुमार यादव , महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्कूल शिक्षा सचिव एस. भारतीदासन, संभागायुक्त भीम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने पंडित रविशंकर शुक्ल और शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर किया याद

**रायपुर**। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित स्वर्गीय रविशंकर शुक्ल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल की 2 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविशंकर जी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के राष्ट्रीय आंदोलनों में शीर्ष भूमिका निभाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जन-जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण काम किया। बघेल ने विद्याचरण शुक्ल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के रूप में संचार, गृह, रक्षा, वित्त, योजना, विदेश, संसदीय कार्य मंत्रालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विकास की राहें भी प्रशस्त की।

### सुब्रत साहू को पीडब्ल्यूडी का प्रभार

**रायपुर**। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रभार में छोटा सा बदलाव हुआ है। इस कड़ी में एसीएस सुब्रत साहू को पीडब्ल्यूडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस आशय के आदेश जारी कर दिया गया है।

### लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए मोदी

**पुणे**। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### ईडी ने पवन मुंजाल के घर की ली तलाशी

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के आवास और कई अन्य स्थानों पर तलाशी ली। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी के अधिकारियों ने मुंजाल और 10 अन्य के परिसरों पर तलाशी ली। सूत्र ने दावा किया कि डीआरआई टीम को मुंजाल के परिसर से विदेशी मुद्रा मिली है।

### सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी भारत प्रत्यर्पित

**नई दिल्ली**। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी सचिन बिश्नोई को मंगलवार को अजरबैजान से भारत लाया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अजरबैजान का दौरा किया था जिसके बाद प्रत्यर्पण किया गया। सचिन बिश्नोई पंजाब के फाजिल्का का रहने वाला है। सचिन बिश्नोई, जो गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का चचेरा भाई है।

# शिक्षक नियुक्ति घोटाले में तीन संयुक्त संचालक सहित 10 अधिकारी निलंबित

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में शिक्षक नियुक्ति घोटाले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच एक बार फिर राज्य सरकार ने एक्शन लेते हुए 10 अधिकारियों को निलंबित किया है। जिनमें से 3 संयुक्त संचालक भी हैं।

जानकारी के मुताबिक, के कुमार-तत्कालीन संयुक्त संचालक (शिक्षा) रायपुर, सीएस ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, सहायक संचालक डीएस ध्रुव- संभागीय शिक्षा कार्यालय रायपुर, सहायक संचालक शैल सिन्हा, सहायक संचालक उषा किरण खलखो समेत कई अधिकारी को निलंबित किया गया है।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश**

निलंबन आदेश स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी किया गया। जिसमें रायपुर संभाग के अलावा सरगुजा संभाग के हेमंत उपाध्याय-प्रभारी संयुक्त संचालक सरगुजा को भी निलंबित किया गया है।

**ऐसे रचा गया पूरा षड्यंत्र**-शासन के आदेश पर पोस्टिंग के लिए शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने सभी जिलों के डीईओ से रिक्त पदों की जानकारी मंगाई, जिसके बाद शहर के साथ ही ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# बिजली बिल 7 पैसे प्रति यूनिट हुआ महंगा

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिजली बिल में वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए) शुल्क के स्थान पर अब ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) अधिरोपित किया जा रहा है। बीते महीने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा बिजली लागत में 40 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा हुआ है ।लिहाजा जुलाई महीने की खपत पर उपभोक्ताओं को 14.23 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लगेगा। यानी उपभोक्ताओं से 400 यूनिट खपत पर 15 से 18 पैसे तक प्रति यूनिट का अभिभार लिया जाएगा। परन्तु राज्य शासन के हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं पर इसका आधा अर्थात् सात से नौ पैसे प्रति यूनिट का भार आएगा।

पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुसार बिजली क्रय की निर्धारित दर तथा वास्तविक क्रय की दर के अंतर का समायोजन वीसीए के माध्यम की जाती थी। परन्तु केंद्रीय विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार व्दारा 29 दिसंबर 2022 को अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम 2022 के अनुसार आयोग ने निर्धारित फार्मूले के अनुसार टैरिफ आदेश में ईंधन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल का सत्तारूढ़ दल पर बड़ा आरोप

# भाजपा ने देश में नफरत का केरोसिन फैलाया

**नई दिल्ली**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए विपक्ष अब तेजी से लामबंद हो रहा है। इसके चलते सत्तारूढ़ दल पर विपक्ष के हमले भी तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगते हुए कहाकि सतारूढ़ दल ने देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। हाल के दिनों में हुई कुछ हिंसक घटनाओ को लेकर गांधी ने कहा कि भाजपा, मीडिया और उसके साथ खड़ी कुछ ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। साथ ही देश के मौजूदा हालात का समाधान भी उन्होंने बताया और कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है। राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया



हाल की कुछ घटनाओं महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई हिसंक घटना और हरियाण के नूह में शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद आई है। महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर- मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ के एक सिपाही ने परस्पर बहस के दौरान अपने वरिष्ठ सहयोगी सहायक उपपुलिस निरीक्षक पर अंधाधुंध फायरिंग झोंक दी थी और उस घटना में तीन यात्रियों सहित कुल चार लोगों की जान चली गई।

**राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत**

*सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह करीब चार बजे उत्तरी दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की। उनका आजादपुर मंडी का दौरा सब्जियों की बढ़ती कीमतों के बीच हुआ। सब्जियों की कई किस्में 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर बिक रही हैं। टमाटर 200 रुपए प्रति किलो से भी ज्यादा कीमत पर बिक रहा है।*

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है। अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया।

**गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-विरोध का कोई आधार नहीं, अधीर रंजन ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया**

**बीजेडी-वाईएसआरसीपी का मिला समर्थन**

बीजेडी ने दिल्ली सर्विस बिल पर सरकार का समर्थन करने की बात कही है। वाईएसआरसीपी ने भी इस बिल पर सरकार को समर्थन की बात कही है। लोकसभा में अकेले भाजपा बहुमत में है। लेकिन राज्यसभा में एनडीए अल्पमत में है। बीजद और वाईएसआर कांग्रेस के नौ-नौ सदस्यों के समर्थन के चलते यह आंकड़ा 130 हो जाएगा।

# सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 8 से 10 अगस्त

**नई दिल्ली**, 1 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव चर्चा की तारीख तय हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक सदन में चर्चा चलेगी। 10 अगस्त को पीएम मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देंगे। इंडिया गठबंधन की ओर से सदन के नियम 198 के तहत मणिपुर मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया था। बता दें कि 26 जुलाई को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित करते हुए एक नोटिस दिया था। नोटिस में कहा गया था कि वो और उनके विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य सांसद सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं जिसकी वो मंजूरी दे दें।



**मोदी को मणिपुर पर बोलने की फुर्सत नहीं : खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी प्रचार कर रहे हैं और विपक्षी दल उनसे संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं लेकिन इस मुद्दे पर उन्हें बोलने की फुर्सत नहीं है। सरकार विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है और भ्रम फैलाने की पूरी कोशिश की जा रही है कि विपक्ष मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है।

# पटना हाईकोर्ट से जातीय जनगणना को हरी झंडी

**पटना**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य अब फिर से शुरू किया जाएगा। जातीय गणना से रोक हट गई है। पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जातीय गणना के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया ।चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन व जस्टिस पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों तक याचिकाकर्ता और बिहार सरकार की दलीलें सुनीं। कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना बताने वालों की भी पूरी दलील सुन ली और फिर सरकार के उस दावे का पक्ष भी सुना, जिसके अनुसार यह जाति आधारित सर्वे है। कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दे दी है। अदालत के इस फैसले से नीतीश कुमार सरकार ने राहत की सांस ली। पटना उच्च न्यायालय ने 4 मई को जाति आधारित गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर अस्थायी रोक लगाई थी। अब इस फैसले को पटना उच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है।

# नूंह हिंसा में पांच की मौत

**नूंह**, 1 अगस्त (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल 84 कोस शोभायात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी में दो होम गार्ड के जवानों की मौत हो गई है।

- गुरुग्राम में भी उत्पात और लूटपाट

गुरुग्राम में भी धार्मिक स्थल पर हमला हुआ है, इसमें एक की मौत हो गई है। नूंह हिंसा में डीएसपी समेत 12 पुलिस कर्मचारी घायल हैं। इसके अलावा 20 से अधिक आम लोग घायल हैं। इंटरनेट सेवा को बुधवार तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। नूंह की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई। गुरुग्राम के बादशाहपुर सोहना रोड पर हुड़दंग हो गया है। सोहना रोड पर सरेआम उत्पात और लूट मच गई। तोड़फोड़ के साथ दुकान से सामान लूट करते युवा कैमरे में कैद हो गए। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देते हुए नूंह में शांति की अपील की। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में हवाई मार्ग से केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां भेजी जा रही हैं। नूंह और गुरुग्राम जिलों में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चांद की तरफ बढ़ा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली**, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया। इसरो ने बयान में कहा कि चंद्रयान-3 ने पृथ्वी की कक्षा का चक्कर पूरा कर लिया है और अब यह चांद की तरफ बढ़ रहा है। इसरो ने बताया कि अब अगला कदम चांद है। पांच अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में प्रवेश करेगा। इसके बाद 16 अगस्त तक अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में चक्कर लगाएगा।

### बदलाव — सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में किया गया परिवर्तन

# ब्रिगेडियर व उससे ऊपर रैंक के अधिकारियों की यूनिफार्म होगी समान

- सेना के कमांडरों की बैठक में लिया गया था निर्णय

**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में नए बदलावों को मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी के अंतर्गत 1 अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और ब्रिगेडियर से ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी के लिए एक समान यूनिफॉर्म लागू की गई है। अभी तक विभिन्न सैन्य अधिकारी अपनी संबंधित रेजिमेंट को दर्शाने वाली अलग-अलग यूनिफॉर्म पहनते हैं।**

*अभी तक पैराशूट रेजिमेंट के अधिकारी मैरून रंग की टोपी पहनते हैं, जबकि पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, लड़ाकू सहायता हथियारों और सेवाओं के अधिकारी हरे, काले और नीले रंग की टोपी पहनते हैं। इस नए बदलाव से सेना में विभिन्न रेजिमेंट और सर्विसेज व हथियारों को दर्शाने वाली अलग-अलग वर्दी और साज-सामान पहनने वाली प्रथा समाप्त हो गई है।*

*सेना के अधिकारियों का कहना है कि अब सैन्य अधिकारियों की टोपी, कंधे पर पहने जाने वाले बैज, वर्दी के कॉलर पर पहने जाने वाले जॉर्जेट पैचेज, बेल्ट और जूते एक जैसे होंगे। सेना की यूनिफार्म में किए जा रहे इस महत्वपूर्ण बदलाव का अर्थ यह है कि ब्रिगेडियर पद पर पहुंचने के उपरांत पैरा अधिकारी अब मैरून रंग की टोपी नहीं पहनेंगे और न ही बख्तरबंद अधिकारी अपनी विशिष्ट बेल्ट पहनेंगे।*

*हालांकि, अभी भी कर्नल रैंक और उससे नीचे के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक फ्लैग रैंक यानी ब्रिगेडियर और उनसे ऊपर के अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गॉर्जेट पैच, बेल्ट और जूते अब मानकीकृत और एक समान हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा फ्लैग-रैंक के अधिकारी भी अब डोरी नहीं पहनेंगे।*

***पिछले साल जवानों के लिए आई थी कॉम्बैट यूनिफॉर्म**-सेना ने पिछले साल अपने सभी जवानों के लिए नई डिजिटल प्रिंट वाली कॉम्बैट यूनिफॉर्म पेश की थी। इसमें पिछली शैली के विपरीत, शर्ट में कोई टकिंग नहीं है। पतलून में भी सिपाही की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त जेब होती हैं। कपड़े के लिए चुनी गई सामग्री को हल्का लेकिन मजबूत, गर्मी और सर्दी दोनों के लिए उपयुक्त रखा गया है।*

उल्टा पुल्टा

संता- अरेंज मैरिज के भी अपने फायदे है।
बंता- वो कैसे?
संता- कभी-कभी ऐसी लड़की से शादी हो जाती है, जिसे लड़का खुद सात जन्म तक नहीं पटा सकता।

संपादकीय

## रोजगार सृजन से बढ़ेगी उत्पादकता

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रोजगार के नए अवसर बढ़ाने के कई प्रयास किए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी सरकार की योजनाओं से भी इसमें मदद मिली हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्कों में शुरू हुई नई-नई गतिविधियों से ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले है। हर युवा का सपना होता है कि उसके पास एक लाभप्रद रोजगार की स्थाई साधन हो। राज्य सरकार इस कोशिश में आगे बढ़ रही है। उद्योग के क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने के साथ ही राज्य के युवाओं का कौशल बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार राज्यभर में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में 6 नए ट्रेड शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए टाटा की कंपनी से एमयूओ भी किया गया है। राज्य में अभी लाखों की संख्या में युवा ऐसे हैं, जिनके पास रोजगार नहीं है। ऐसे युवाओं को सरकार 25 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दे रही है। यह भत्ता दो साल तक ही उन्हें मिलेगा। इस बीच सरकार प्रयास करेगी कि उन्हें कोई न कोई लाभप्रद रोजगार उपलब्ध करा दिया जाए। इसके लिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का भी काम साथ-साथ चल रहा है। युवाओं के हाथ में रोजगार हो तो राज्य में उत्पादकता बढ़ती है और आर्थिक विकास को गति मिलती है। छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ता हुआ एक ऐसा प्रदेश है जहां विकास की संभावनाएं असीमित हैं। पहले यहां न तो अच्छी सड़कें थीं और न ही परिवहन के अच्छे दूसरे साधन थे। पृथक राज्य बनने के दो दशक में राज्य ने देश-दुनिया का ध्यान खींचा है। कई बड़े उद्योगपति यहां उद्योग स्थापित करना चाहते हैं क्योंकि यहां नए उद्योगों के लिए सभी साधन मौजूद थे। राज्य में बिजली, पानी तथा कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। जैसे-जैसे आर्थिक विकास को गति मिल रही है वैसे-वैसे हर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। यहां श्रम भी अपेक्षाकृत सस्ता है। ऐसी स्थिति में यदि कौशल विकास से जोड़कर युवाओं को तैयार किया जाए तो स्टार्टअप के इस दौर में वे खुद भी नई संभावनाएं तलाश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त युवाओं को जारी करते हुए कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कम अविध के कौशल प्रशिक्षण के जरिए 1 हजार युवाओं को हर साल तैयार करने की सरकार ने योजना बनाई है। बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आईटीआई में नए ट्रेड शुरू होने से ऐसे युवाओं के लिए कौशल विकास के और भी अवसर बढ़ेंगे। सरकार का लक्ष्य हर हाथ को काम का होना चाहिए। देश के बेरोजगारी इंडेक्स में छत्तीसगढ़ कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में रोजगार के अपने स्त्रोत भी कम नहीं है। युवाओं के लिए नई योजनाएं लागू कर इसे और उन्नत और संभावनापूर्ण बनाया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि सरकार ने राज्य में इसकी शुरूआत कर दी है। आने वाले समय में इसके परिणाम दिखाई दे सकते हैं।*

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जूनियर डॉक्टर्स

## मेकाहारा में पंडाल के नीचे ही मरीजों का इलाज, इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद करने की चेतावनी





**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सुबह से ओपीडी में रहने वाले जूनियर डॉक्टर नहीं हैं उनकी जगह रेगुलर स्टाफ ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आपात सेवाओं को फिलहाल हड़ताल से दूर रखा गया है।

स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। जूडा एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक जल्द मांगे नहीं मानी गई तो इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद कर दिया जाएगा। पहले दिन अस्पताल आने वाले मरीजों का हड़ताली डॉक्टर्स ने पंडाल में ही चेकअप किया। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा।

रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स भी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए है। इससे पहले एक हफ्ते तक अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स ने अस्पताल में काली पट्टी लगाकर मरीजों का इलाज किया था। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्था जूनियर डॉक्टर्स के ही जिम्मे होती है और इनके हड़ताल पर जाने से सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है।

### 3 हजार से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल पर

प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश के अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। इसके साथ ये लोगों का इलाज भी करते हैं। मनु प्रताप ने बताया कि आज से रूटीन ओपीडी में सेवाएं बंद की जा रही है हालांकि इमरजेंसी सेवाएं जूडा देंगे लेकिन इसके बाद भी कोई फैसला शासन की तरफ से नहीं आता तब पूरी तरह से सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसमें सभी सरकारी कॉलेज के लगभग 3 हजार पीजी, इंटर्न, बॉन्ड भरे हुए डॉक्टर्स काम बंद कर देंगे। इसके अलावा पोस्ट पीजी के रेजिडेंट्स को भी कम मानदेय दिया जा रहा है इसलिए वे ही जूडॉ के साथ हड़ताल पर रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ में सबसे कम मानदेय

छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट मनु प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य में जूनियर डॉक्टर्स को मिलने वाला स्टाइपेंड दूसरे राज्यों के मुकाबले बेहद कम है।

उन्होंने बताया कि आस-पास के राज्य एमपी, झारखंड से भी कम स्टाइपेंड प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स को मिलता है। दूसरे प्रदेशों में जहां 95 हजार रुपए तक दिया जाता है। वहीं छत्तीसगढ़ में 50-55 हजार रुपए ही मिलते हैं। किसी भी प्रदेश में 2 साल का बॉन्ड नहीं भरवाया जाता है। केवल छत्तीसगढ़ में ही ऐसा हो रहा है। बीते 4 साल में मानदेय नहीं बढ़ाया गया है। इसके चलते मजबूरन अब हड़ताल का कदम उठाना पड़ा है।

उन्होंने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स 6 महीने पहले भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। उस समय सरकार की तरफ से आश्वासन दिया गया था कि उनकी मांगों पर जल्द फैसला लिया जाएगा लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी कोई फैसला नहीं आया। जिससे जूनियर डॉक्टर्स में नाराजगी है इसलिए अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है।

## बर्खास्तगी से नाराज संविदा कर्मचारियों ने मांगी इच्छा मृत्यु



**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। 3 जुलाई से हड़ताल पर बैठे बीजापुर नेशनल हेल्थ मिशन के 211 संविदा कर्मचारियों पर बर्खास्तगी की कारवाई के बाद संगठन ने कार्रवाई की घोर निन्दा कीहै। इस आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए हड़ताली कर्मचारियों से संवाद स्थापित करने की बजाय करवाई को अलोकतांत्रिक बताया। संगठन ने नाराज होकर घड़ी चौक रायपुर में भारतीय संविधान के प्रणेता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के सामने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकत्रित होकर राजभवन की ओर कूच किया। संगठन ने इच्छा मृत्यु का पत्र राज्यपाल के नाम से राजभवन में सौंपते हुए इच्छा मृत्यु मांगा है।

## रेलवे ने की फिर आठ ट्रेनें रद्द

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों की दिक्कतें कम नहीं हो रही है। रेलवे ने विकास कार्य के नाम पर एक बार फिर से आठ ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। चार व पांच अगस्त को बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलोकिंग का काम होगा। जिसके कारण ट्रेनों को रद्द किया गया है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के बजाए रेलवे ने खेद जताया है।



**बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में होगा तीसरी लाइन का काम**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इंफ्रास्टक्चर डवलपमेंट का काम चल रहा है, जिसके कारण यात्री ट्रेनों को आए दिन कैंसिल करने का दौर चल रहा है। एक तरफ रेल यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या से परेशान हैं। वहीं, ट्रेनों को रद्द करने से उनकी दिक्कतें और बढ़ गई है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हावड़ा-मुंबई मेन लाइन पर स्थित बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन काम चल रहा है, जो अब अंतिम दौर पर है, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का काम होना बाकी है। यह कार्य चार अगस्त की सुबह 9 बजे से पांच अगस्त को दोपहर तीन बजे तक 18 घंटे चलेगा, जिसके कारण इन ट्रेनों को कैंसिल किया गया है।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को दुर्ग से चलने वाली 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को अंतागढ़ से चलने वाली 08815/08816 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।

## विपक्ष के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा इन्हें सिर्फ घोटाला नजर आता है : भूपेश

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा विपक्ष के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है उनको तो हर अच्छे काम में सिर्फ घोटाला नजर आता है। जब प्रदेश में 250 करोड़ रुपए की गोबर खरीदी हुई है तो 269 करोड़ रुपए का घोटाला कैसे हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशाला के नाम पर उनके लोग कमीशनखोरी करते रहे हैं, वो गौ माता के नाम पर वोट मांगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल राज्य सरकार ने नहीं बढ़ाया है। बल्कि, केंद्र विदेशों से कोयला खरीद रही है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में एन टी पी सीऔर लारा जैसे प्रोजेक्ट में उत्पादन लागत बढ़ गया है, जिसका खामियाजा यहां की जनता भुगत रही है।

सरकंडा के बहतराई स्टेडियम में मुख्यमंत्री युवाओं से चर्चा करने पहुंचे थे। जिसके बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान युवाओं से हुई उनकी बातचीत को लेकर भी उनसे सवाल किया गया। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत उत्साह देखने को मिला। बहुत सारे उनके मन में सवाल थे और सभी ने खुलकर बात की, बहुत अच्छा लगा।



**नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर किया पलटवार**

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के गोबर घोटाले के आरोप पर मुख्यमंत्री बघेल ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में सालों तक गायों की मौत होती रही है और विपक्ष गौ माता के नाम पर राजनीति कर केवल वोट मांगती रही है।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद आधे से अधिक गौठान स्वावलंबी हो गए हैं, वहां गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है। प्रदेश के किसान जैविक खेती की दिशा में काम कर रहे हैं और रासायनिक खाद की जगह वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। करीब 6 हजार गौठानों में वर्मी कंपोस्ट बनाकर खुद के पैसों से वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है।

भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों व युवाओं से संवाद कर रही है, जिसका असर विपक्ष पर दिख रहा है और उनका मानसिक संतुलन बिगड़ते जा रहा है।

## दिव्यांगों को वोट फ्रॉम होम की मिलेगी सुविधा

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि 2 अगस्त को प्रदेश में में वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जा रहा है। इसके बाद 31 अगस्त तक नए मतदाता जोड़ने का विशेष अभियान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से चलाया जाएगा। बुधवार को इस अभियान की शुरुआत करने के तहत एक वॉकेथॉन का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है।



सुबह 7 बजे से वॉकेथॉन गांधी उद्यान से शुरू होकर जीई रोड, से होते हुए शहीद स्मारक भवन पहुंचकर समाप्त होगी। इसमें कई सामाजिक संगठन भी शामिल होंगे। यह अभियान 18 साल पूरे कर चुके नए मतदाता को वोटर लिस्ट से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। 31 अगस्त तक पूरे प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में खास अभियान चलेंगे। हालांकि इसके बाद भी नए मतदाता नाम जुड़वा सकेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा और इसी लिस्ट के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग वोटर्स को वोट फ्रॉम होम की सुविधा दी जा रही है। जिससे घर बैठे दिव्यांगजन अपने अपना वोट दे सकेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, फॉर्म 6 के साथ फॉर्म 8 भी जोड़ा गया है जिसमें वोटर अपनी निशक्तता की जानकारी देंगे। इस जानकारी के आधार पर वोटिंग वाले दिन निर्वाचन आयोग की ओर से वोट फ्रॉम होम की सुविधा दिव्यांग जनों को दी जाएगी। इसकी वीडियोग्राफी होगी। जानकारी राजनीतिक दलों को दी जाएगी।

**बढ़ गई महिला मतदाता**

छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में महिला वोटर्स की संख्या बढ़ी है। 5 जनवरी तक की स्थिति में प्रदेश में 1000 पुरुष मतदाताओं के पीछे 1000 महिला मतदाता थीं। अब वर्तमान में 1000 पुरुषों के पीछे 1003 महिला मतदाताओं की संख्या दर्ज की गई है। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में 1 करोड 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं। 5 जनवरी तक ये संख्या 1 करोड़ 94 लाख 54 हजार 9 थीं। प्रदेश में कुल 1 लाख 47 हजार 364 दिव्यांग वोटर्स हैं। महिला वोटर्स की संख्या 98 लाख 32 हजार 757 और पुरुष वोटर्स की संख्या 98 लाख 6 हजार 906 है। प्रदेश मे 18 से 19 साल के 4 लाख 25 हजार 698 और 80 साल से अधिक उम्र के 2 लाख 2 हजार 740 वोटर्स हैं।

**इन तारीखों को लगेगा शिविर**

प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों के पोलिंग बूथ पर बीएलओ विशेष शिविर लगाएंगे। यहां पहुंचकर लोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, अपडेट करने के संबंध में अपने काम करवा सकेंगे। इसके लिए 12 अगस्त 13 अगस्त 19 अगस्त और 20 अगस्त की तारीख तय की गई है।

## प्रदेश के अजा वर्ग को मिले 16 फीसदी आरक्षण : लाल सिंह आर्य

### कांग्रेस पर आरक्षण कम करने का लगाया आरोप

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्षलाल सिंह आर्य ने कहा छत्तीसगढ़ में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर रोस्टर का पालन नहीं हो रहा है। कांग्रेस साजिश के तहत अजा समाज में भ्रांति पैदा कर रही है कि राज्यपाल आरक्षण जो अजा वर्ग का बढ़ाया जाना है, उसपर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। रायपुर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए है। उन्होंने कहा इस बैठक में हम रचनात्मक, संगठनात्मक और आंदोलनात्तमक रणनीति तैयार कर रहे हैं। श्री आर्य ने कहा मुझे जानकारी है कि भारतीय जनता पार्टी ने अजा के आरक्षण को 16 परसेंट करने कि लिए कहा था। कांग्रेस सरकार ने एसटी का आरक्षण बढ़ाया है, हम इसके विरोध में नहीं है, लेकिन अनुसूचित जाति का भी उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए, जो कम किया गया है। अजा वर्ग का आरक्षण तत्काल बढ़ाएं, ताकि अनुसूचित जाति के गरीब बच्चे, शोषित लोगों को इसका लाभ मिल सके।

**कांग्रेस गरीब को गरीब करना चाहती है:** आर्य ने अपने बयान में कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास के माध्यम से, शौचालय के माध्यम से, आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस छत्तीसगढ़ में गरीबों को और गरीब बनाना चाहती है। यह घोटालेबाज सरकार है। कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भला नहीं कर सकती है।




**बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही**-लाल सिंह ने कहा- केंद्र सरकार की तरफ से 1100 करोड़ की छात्रवृत्ति जो अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को दी जाती है, इसे बढ़ाकर 59000 करोड़ का बजट दिया। इसमें नियम था कि जब राज्य सरकार अपना अंश डालेगी तो अगले दिन केंद्र सरकार भी अपना हिस्से का अंश बच्चों के खाते में डालेगी। यहां कांग्रेस की सरकार ने अनुसूचित जाति के बच्चों को अपना अंश नहीं दिया। इससे केंद्र का पैसा रुका है। अजा बेटा बेटी के साथ छात्र छात्राओं के साथ जो अन्याय कांग्रेस सरकार कर रही है। वह कतई उचित नहीं है। उसकी हम निंदा करते हैं। प्रदेश का अंश जल्द से जल्द जारी करें, ताकि केंद्र से फंड बच्चों को मिल सके।

**गिरौदपुरी का काम रोक दिया**

आर्य ने कहा- गिरौदपुरी धाम में बनने वाले गुरु घासीदास से जुड़े स्थल के काम को कांग्रेस ने रोक दिया। एक तरफ प्रधानमंत्री देश भर में सांस्कृतिक संवर्धन के लिए काम कर रहे हैं, महापुरुषों के स्थानों को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहे हैं, वहीं पूज्य घासीदास के स्थान को नहीं बनाना एक बड़ा दलित विरोधी चेहरा उजागर होता है।

अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसका मतलब साफ है कि अनुसूचित जाति के नौजवान मजदूर गरीबों को उनके संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहे। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस कट्टर दलित विरोधी सरकार है। प्रदेश में 267 लोगों को गलत ढंग से जाति प्रमाण देकर नौकरी प्राप्त की है तो सरकार की ओर से जांच का समय दिया जा सकता है, कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन सरकार ने कार्रवाई नहीं की। इसका मतलब है कि सरकार अनुसूचित जाति के अधिकारों को छीनने वालों के साथ खड़ी है।

## आठ जिलों में खुलेगा बिजली फोरम

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में बिजली नियामक आयोग अब लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए उपभोक्ता फोरम की तरह रायपुर के बाद अब प्रदेश के आठ जिलों में बिजली फोरम शुरू करने की तैयारी कर रही है। प्रदेश में56 लाख उपभोक्ता है।

ये फोरम आठ जिलों में सभी कार्यालयीन दिवस पर आम लोगों की बिजली शिकायतों की सुनवाई करेंगे और अधिकतम 30 दिन में फैसला कर लेंगे। बचे हुए 25 जिलों में फोरम महीने में एक बार बैठेगा और यही प्रक्रिया होगी। इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है।

**कनेक्शन से लेकर बिजली बिल समस्याओं की होगी सुनवाई**

बिजली फोरम में जिन मामलों की सुनवाई होगी, उनमें लो वोल्टेज, लाइन और मीटर फाल्ट, कनेक्शन न देने, बिजली बिल अधिक जैसे प्रकरण शामिल हैं। कंपनी के प्रत्येक शिकायत केंद्र में रोजाना 30 से 35 शिकायतें आ रही हैं। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि शिकायतों को 30 दिन में दूर कर दिया जा रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बिजली से संबंधित शिकायतों को दूर करने विद्युत नियामक आयोग बिजली फोरम के पुनर्गठन का ड्राफ्ट लेकर आया है, जो उपभोक्ताओं को और अधिक अधिकार देगा। कंपनी के आठ डिवीजन वाले जिलों में उपभोक्ता फोरम गठित होगा। इन जिलों के अतिरिक्त फोरम माह में एक दिन 25 जिलों में जाकर सुनवाई करेगा और 30 दिन के अंदर फैसला देगा।

**अभी प्रदेश के तीन जिलों में हैं फोरम**-

अभी रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में ही फोरम हैं। इन तीन जिलों की अन्य जिलों से दूरी अधिक होने के चलते शिकायतकर्ता फोरम तक पहुंच नहीं पाते। उधर, मौजूदा व्यवस्था के तहत फोरम में दो सदस्य हैं। अध्यक्ष डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से है, जबकि सदस्य का पद स्वतंत्र व्यक्ति के लिए होता है।

आरोप लगते रहे हैं कि अध्यक्ष कंपनी का ही एक अधिकारी होता है, उसके फैसले निष्पक्ष नहीं होते, इसलिए नए सिस्टम में अध्यक्ष का पद स्वतंत्र व्यक्ति के लिए आरक्षित कर दिया गया, जबकि सदस्य कंपनी का तकनीकी अधिकारी होगा। आयोग ने भरोसा जताया है कि नई व्यवस्था से शिकायतों का समय रहते निराकरण होगा, उपभोक्ता संतुष्ट होंगे। फोरम के फैसले के विरुद्ध विद्युत लोकपाल को शिकायत की जा सकती है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए राइट टू कंज्यूमर एक्ट 2020 में उपभोक्ता परिवेदना निवारण विनियम (सीजीआरएफ) गठित करने की बात कही गई। यह सरल भाषा में बिजली फोरम कहलाएगा। केंद्र ने तीन साल पहले सभी राज्यों से कहा था कि बिजली शिकायतों की सुनवाई और फैसला का पूरा सिस्टम सरल किया जाए। इस आधार पर राज्य में यह ड्राफ्ट बना।

# दूसरे की टिकट पर अब घर वाले कर सकेंगे ट्रेन में सफर

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अगर आप ट्रेन में सफर करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। ट्रेन में सफर करने से पहले इससे जुड़े कुछ जरूरी नियम के बारे में जानकारी प्राप्त करना बहुत जरूरी है। रेलवे की नई स्कीम का फायदा यात्रियों को मिलने वाला है। दरअसल जिस व्यक्ति के नाम से कंफर्म टिकट हैए अगर वह किसी कारणवश यात्रा नहीं करना चाहता है तो उस टिकट को वह अपने किसी स्वजन को ट्रांसफर कर सकता है। यह सुविधा रेलवे की माडिफिकेशन स्कीम के जरिए मिल रही है। इसके लिए यात्री के पास कंफर्म टिकट होना अनिवार्य है। इतना ही नहींए यात्री ट्रेन रवाना होने से 48 घंटे पहले तक टिकट काउंटर से टिकट की तारीख आगे बढ़वा सकता है। साथ ही ट्रेन भी बदल सकता है। इसमें यात्री को स्लीपर के लिए 20 और एसी के लिए 45 रुपये अतिरिक्त चार्ज देना पड़ेगा। रेलवे यात्रियों के सामने कई बार ऐसी समस्या आ जाती है कि कंफर्म टिकट होने के बाद भी वह मजबूरी में यात्रा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जानकारी के अभाव में यात्री को टिकट रद करना पड़ता है। स्लीपर टिकट रिटर्न करने पर 120 रुपये और एसी टिकट वापस करने पर 145 रुपये चार्ज देना पड़ता हैए लेकिन यात्री को यदि आगे यात्रा करनी है तो वह माडिफिकेशन स्कीम के तहत स्लीपर का 20 रुपए और एसी का 45 रुपये देकर अपनी यात्रा की तारीख और ट्रेन बदलकर यात्रा कर सकता है। वही यात्री को इस बात का भी ध्यान देना होगा कि यदि उसने माडिफिकेशन स्कीम अप्लाई कर दिया है और वह यात्रा नहीं करना चाहता है और टिकट रद कर रहा तो उसे स्लीपर का 240 और एसी का 390 रुपये कैंसिलेशन चार्ज देना होगा। इस योजना के तहत रेलवे ने यात्रा आगे बढ़ाने की कोई अवधि तय नहीं की है।यात्री अपनी टिकट को कितने भी दिन यात्रा को आगे बढ़ा सकता है। इसमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि अगर अगली तारीख के लिए टिकट बढ़ाया जा रहा है तो ट्रेन में उस तारीख पर सीट होने पर ही कंफर्म टिकट मिलेगा।



**यात्री का लगेगा आधार कार्ड**

जिस यात्री को टिकट ट्रांसफर करनी हैए उसे इसके लिए ट्रेन छूटने के 48 घंटे पहले काउंटर पर जाकर आवेदन देना होगा।उसकी जगह यात्रा करने वाले का आधार कार्ड देना होगा जिससे प्रूफहो सके कि वह परिवार से हैं।इसके साथ ही खुद के यात्रा रद करने का कारण भी बताना पड़ेगा।सबसे पहले आप उस टिकट का प्रिंटआउट निकाल ले।चाहें आपने आनलाइन बुक किया हो या आफलाइन।इसके बाद आप जिस व्यक्ति को टिकट ट्रांसफर करना चाहते हैं उसका आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड ले लें। इसके बाद आपको अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर जाकर टिकट ट्रांसफर के लिए आवेदन करना होगा। रायपुर रेल मंडल वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक शिव प्रसाद ने कहाए रेलवे की नई माडिफिकेशन स्कीम में कंफर्म टिकट पर सगे भाई.बहनए माता.पिताए पति.पत्नी या फिर पुत्र.पुत्री यात्रा कर सकते हैं।इसके लिए 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा। इससे टिकट रद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# पुलिस परेड ग्राउंड पर मनाया जाएगा आजादी का पर्व

## कलेक्टर ने तैयारियों के लिए की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पहले की तरह ही इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर आजादी का पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इस समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेश वासियों के नाम संदेश भी देंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज अधिकारियों की बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और सभी काम निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों को अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने की बात भी कही ताकि आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित हो और राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान बढ़े। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त कलेक्टर श्री एन.आर. साहू, अपर कलेक्टर श्री बी.बी पंचभाई, सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियों के संबंध मे विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर आपसी समन्वय से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में आयोजित होगा। राजधानी स्थित सभी कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम सुबह 8 बजे के पूर्व सम्पन्न करा लिए जाए। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा राष्ट्रीय गान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और जिला स्तर पर उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों की सूची 8 अगस्त तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह साढ़े आठ बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर होगी। कलेक्टर डॉ. भुरे ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस परेड ग्राउंड में साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, वॉटर प्रूफ टेंट की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। डॉ. भुरे ने वनमंडलाधिकारी को बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने, जिला पंजीयक को गुब्बारे की व्यवस्था, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था करने, उद्यान विभाग के अधिकारी को गमले की व्यवस्था करने तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को पैरामेडिकल स्टॉफ एवं औषधियों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# टर्टल वैक्स इंडिया ने आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी की

**रायपुर,** 1 अगस्त। टर्टल वैक्स,आईएनसी.,एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कारकेयर कंपनी, ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी में अपने ऑल-न्यू को - ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की, जो ग्राउंड फ्लोर खुशी रेजीडेंसी विशाल नगर रायपुर में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार डिटेलिंगसेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। साजन मुरली पूर्वांगरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, मध्य भारत अब तक हमारी उपस्थिति का अभाव महसूस कर रहा था; हालाँकि, हमने यहां बढ़ती रुचि देखी है।

# एयरटेल ने किया एयरटेल आईक्यू रीच लॉन्च

**रायपुर,** 1 अगस्त। भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एयरटेल आईक्यू रीच के लॉन्च की घोषणा की, यह एक अनूठा सेल्फ-सर्व मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लेटफार्म है, जो पर्सनलाइज्ड कम्युनिकेशन के जरिए ब्रांड या कंपनियों को अपने विशिष्ट ग्राहकों से जुड़ने की क्षमता प्रदान करेगा। अभिषेक बिस्वाल, हेड-डिजिटल प्रोडक्ट्स एंड सर्विसेज एयरटेल बिजनेस ने बताया, हमारे लिए हमारे ग्राहक सर्वोपरी हैं। हमने एयरटेल आईक्यू रीच को विशेष रूप से लघु एवं मध्य (एसएमबी) सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया है ताकि वे अपने कस्टमर्स के साथ कम्युनिकेशन को बेहतर बना सकें।

# विधायक के खिलाफ आप ने किया सदबुद्धि यज्ञ

## स्थानीय मुद्दों पर आप का अनोखा प्रदर्शन

**रायपुर,** 1 अगस्त। आम आदमी पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर 90 विधायकों के आवासों का घेराव कर रही है। इस अभियान की शुरुआत आज 1 अगस्त से राजधानी रायपुर के विस क्षेत्र रायपुरा पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के साथ हुई। पार्टी कार्यकर्ताओ ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पार्टी ने विधायक की सदबुद्धि हेतु यज्ञ-हवन कर अनोखे अंदाज में अपना आक्रोश दर्ज कराया।

2018 विधानसभा चुनाव में विधायक विकास उपाध्याय द्वारा किए गए पट्टा वितरण प्रणाली संबंधी वादे को लेकर उनके आवास पर जमकर बवाल किया। तत्पश्चात कलेक्टर प्रतिनिधी तहसीलदार प्रमोद गुप्ता ने एक महीने में पट्टा वितरण प्रक्रिया पूर्ण कराने का लिखित आश्वासन दिया।

रायपुर च्आपज्ज जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या से अवगत कराया था, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा आज जनता भुगत रही है।

# राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की आज आवश्यक बैठक

**रायपुर,** 1 अगस्त। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार पेंशनरों व परिवार पेंशनरों की उपेक्षा कर केन्द्र के समान 9 फिसदी महंगाई राहत के आदेश करने में अनावश्यक विलम्ब को लेकर आंदोलन का निर्णय लेने 2 अगस्त बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की बैठक जल संसाधन परिसर तेलीबाँधा रोड स्थित कर्मचारी संघ कार्यालय मे दोपहर 1 बजे रखी गई है। इस बैठक को पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र नामदेव,पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, पेंशनर्स एशोसिशन के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान, पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जे पी मिश्रा सम्बोधित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से 9त्न महंगाई राहत लेने क्या करना चाहिए और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के जारी होने वाले घोषणा पत्र के दिये जाने के लिए मुद्दों पर विचार कर अन्य पेंशनर्स हितैषी मामलों पर चर्चा कर निर्णय लिए जायेंगे।

# प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश के साथ वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग का अलर्ट



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। साथ ही कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा के साथ बिजली भी गिरने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। सोमवार को रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे। प्रदेश में एक जून से लेकर अब तक की स्थिति सामान्य से लगभग 11 फीसद बारिश कम हुई है। सरगुजा में सबसे कम बारिश हुई है, वहीं रायपुर में बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी के मध्य स्थित है तथा इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 12 घंटे में प्रबल होकर अवदाब के रूप में बदलने की संभावना है। इसके प्रभाव से ही मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

## प्रदेश में अब तक 486.9 मिमी बारिश बीजापुर में अधिक मेहरबान रहे बादल

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा जानकारी संकलित की जा रही है। जानकारी के मुताबिक एक जून से अब तक राज्य में 486.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से आज 31 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1011.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 178.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 337.3 मिमी, बलरामपुर में 326.1 मिमी, जशपुर में 336.8 मिमी, कोरिया में 438.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 419.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 589.0 मिमी, बलौदाबाजार में 437.9 मिमी, गरियाबंद में 500.2 मिमी, महासमुंद में 482.1 मिमी, धमतरी में 564.1 मिमी, बिलासपुर में 455.5 मिमी, मुंगेली में 572.1 मिमी, रायगढ़ में 469.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 391.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 335.5 मिमी, सक्ती में 354.8 मिमी, कोरबा में 430.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 383.8 मिमी, दुर्ग में 422.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 371.6 मिमी, राजनांदगांव में 634.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 699.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 521.5 मिमी, बालोद में 628.4 मिमी, बेमेतरा में 363.8 मिमी, बस्तर में 564.1 मिमी, कोण्डागांव में 407.0 मिमी, कांकेर में 492.1 मिमी, नारायणपुर में 448.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 672.9 मिमी और सुकमा में 825.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# निधन

## पं. रामशिरोमणि मिश्र



**जगदलपुर,** 1 अगस्त। मोतीतालाब पारा, काली मंदिर के पास निवासी 77 वर्षीय पंडित रामशिरोमणि मिश्र का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा व राजीव मिश्रा के पिता थे।

## निर्मला चंद्राकर



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त। सेक्टर-1, सड़क नं. 29 निवासी श्रीमती निर्मला चंद्राकर उम्र 69 वर्ष का निधन हो गया। वे अधिवक्ता कौशल प्रसाद चंद्राकर की पत्नी तथा अधिवक्ता सूरज प्रकाश चंद्राकर की माता थी। उनका दाह संस्कार रामनगर मुक्ति धाम भिलाई में किया गया।

## आशा जंक्यानी



**दुर्ग,** 1 अगस्त। रायपुर नाका सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी आशा जंक्यानी का आज निधन हो गया। वे स्व. भीमसेन जंक्यानी की पत्नी एवं गायत्री व ज्योति की माता जी थीं। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया।

## उधमदास ज्ञानचंदानी



**रायपुर,** 1 अगस्त। दुर्गा माता मंदिर के पास स्टेट बैंक के आगे तिल्दा कैंप निवासी उधम दास ज्ञानचंदानी का 1 अगस्त को दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे अशोक कुमार भोजी, गोला ज्ञानचंदानी के पिता व पहलाज राय, वीरूमल, मोतीराम ज्ञानचंदानी के भाई तथा निखिल, नवीन ज्ञानचंदानी के दादा थे।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि में आज से दीक्षारंभ की शुरुआत

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 1 अगस्त 2023, मंगलवार को दीक्षारंभ 2023-24 को शुरुआत की गई। दीक्षारंभ में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज जी ने कृपामयी एवं सानिध्य उपस्थिति दी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष, भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली से प्रो. जी. डी. शर्मा, सलाहकार,माननीय मुख्य मंत्री, उत्तरप्रदेश पूर्व ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से प्रो. जी. एन. सिंह, चिकित्सा निदेशक हैड एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स सतना से डॉ. संजय माहेश्वरी एवं अध्यक्ष भक्ति सागर चैनल से श्री किशोर मोहते उपस्थित हुए।




## विवि में क्यूआर कोड द्वारा मार्कसीट व डिग्री के सत्यापन एप का हुआ शुभारंभ

दीक्षारंभ की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ की गई। दीक्षारंभ के स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया एवं कहा की आज मुझे सभी उपस्थित सदस्य का अध्यात्म, शिक्षा एवं सेवा के त्रिवेणी संगम के परिसर में स्वागत करते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने नए छात्रों से कहा कि आज का दिन नये प्रवेशीत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ का दिवस है जिन्होंने अपने भविष्य के लिए सपने सजाए हुए हमारी यूनिवर्सिटी का चयन किया हैं हम आप सभी का स्वागत करते हैं आपके सपनों को पूरा करने में कोई कसर एवं कमी नहीं छोड़ेंगे आज की वर्तमान शिक्षण व्यवस्था केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए उसी का पालन करते हुए विद्यार्थियों के स्वार्गिण विकास एसआरयू का मूल उद्देश्य है इसके लिए व्यक्तित्व विकास , खेलकूद एवं आप सभी के स्वत के अभिरुचि के अनुकूल कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना, संयोजन करना और उसमें सकारात्मकता बदलाव लाना हमारा प्रथम कर्तव्य है एसआरयू में आप अपने आप को कभी अकेला नहीं पाएंगे,बच्चों आप दूरदराज से आए हैं अपना घर- परिवार छोड़ कर आए हैं और आप अपने गांव और शहर से हट कर जब आप नए कॉलेज में जब आते हैं तब अपके अंदर अति उत्साह होता है क्योंकि यह वह क्षण है यह वह समय सीमा है जिस समय आप अपने भविष्य की संरचना कर सकते हैं।

उपस्थित सभी अतिथियों ने एवं विश्वविद्यालय के सदस्यों ने सभी विद्यर्थियो को शुभकामनाएं प्रेषति की और उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की।

# शराब तस्करी रोकने सीमावर्ती जिलों में 31 आबकारी जांच चौकियां स्थापित

## आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु आबकारी विभाग में तैयारियां प्रारंभ

**रायपुर,** 1 अगस्त। विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्यस्तरीय उड़नदस्ता एवं समस्त संभागीय उड़नदस्ता के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। उक्त बैठक में आबकारी आयुक्त द्वारा राज्य में संचालित समस्त आसवनी, बॉटलिंग यूनिट, ब्रूअरी, मदिरा दुकान एवं आबकारी जांच चौकियों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरो को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ-साथ उपरोक्त आबकारी केन्द्रों में निर्धारित अभिलेखो का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आबकारी आयुक्त ने बैठक में उपस्थित समस्त उड़नदस्ता ,जिला प्रभारियों को प्रभार क्षेत्रांतर्गत समस्त आबकारी केन्द्रों में समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाकर निर्वाचन संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराए जाने कहा गया। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य प्रांत की अवैध मदिरा तस्करी को रोकने के लिये राज्य के 13 सीमावर्ती जिलों में संचालित 31 आबकारी जांच चौकियां स्थापित की गई है जिनमें निर्वाचन के दौरान 24 घण्टे कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिये आबकारी विभाग द्वारा सी.सी.टी.व्ही. कैमरे स्थापित किये जा रहे है। उक्त के अतिरिक्त आबकारी विभाग द्वारा पुलिस / रेलवे पुलिस / आयकर / जी.एस.टी. एवं अन्य विभागों के साथ मिलकर मदिरा से संबंधित अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिये कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों तथा अवैध मदिरा से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय आबकारी आयुक्त के अधीन राज्यस्तरीय उड़नदस्ता कार्यालय, लाभाण्डी, रायपुर में संचालित किया जा रहा है।

# एल्युमीनियम के बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध का आदेश वापिस लिया जाए : अमर पारवानी

**रायपुर,** 1 अगस्त। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने के दुष्प्रभावों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है और यह परिपत्र केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को इस आशय के साथ भेज दिया गया है कि वो पूरे भारत में अपनी मिड डे मील योजनाओं में एल्युमीनियम के बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए। इस सरकुलर को देश के ऐल्यूमिनियम व्यापार के प्रति विपरीत प्रभाव एवं इस व्यापार पर पड़ने वाले दूरगामी नतीजों को ध्यान में रखते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स तथा ऑल इंडिया ऐल्यूमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया तथा केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श राजेश भूषण को एक पत्र भेजकर इस सर्कुलर के औचित्य पर सवाल उठाते हुए इस सर्कुलर को वापिस लेने का आग्रह किया है। कैट ने इस मुद्दे पर विस्तार से बातचीत करने के लिए श्री मांडवीय एवं राजेश भूषण से मिलने का समय भी मांगा है।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट एवं ऑल इंडिया ऐल्यूमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा की सरकार के आदेश से एल्युमीनियम बर्तन उद्योग पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा की एक तरफ़ तो ऐल्यूमिनियम से बने प्रेशर कुकर एवं अन्य बरतनो को बीआईएस की परिधि में लाया गया है।ऐसे में केवल मिड डे मील के लिए ऐल्यूमिनियम के बर्तनों का उपयोग हानिकारक कैसे हो गया, यह समझ से परे की बात है। देश की एक बहुत बड़ी जनसंख्या आज भी इन बर्तनों के सस्ता होने के कारण इनका उपयोग करती है। देश में हर कोई स्टेनलेस स्टील अथवा क्राकरी का इस्तेमाल नहीं कर सकता है ऐसे में इन बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना न्यायसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा की आज मिड डे मील के लिए उपयोग में लाने वाले बर्तनों पर रोक लगी है तो कल यही रोक सभी प्रकार के ऐल्यूमिनियम के बर्तनों पर भी लग सकती है। इस बारे में स्टेकहोल्डर्स से कोई सलाह मशवरा नहीं किया गया इस तर्कहीन आदेश को तुरंत वापिस लेना चाहिए।

# एक अक्टूबर को 18 वर्ष के होने वाले युवाओं का भी नाम मतदाता सूची में जुड़ेगा

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलेगा

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का संक्षिप्त कार्यक्रम कल 2 अगस्त से शुरू हो रहा है। मतदान केन्द्रों में 12 एवं 13 अगस्त और 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे सभी युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील भी की है।



जिले में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने पर आवेदन दिया जा सकेगा। मतदाता सूची में नाम, स्थान, पता आदि गलत होने पर सुधार कराया जा सकेगा। मृत या ट्रांसफर हो गये मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का काम भी इस दौरान होगा। नये फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र बनवाने, आधार नम्बर से मतदाता परिचय पत्र को लिंक कराने और दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वंय को चिन्हांकित कराने के काम भी संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाएंगे। नये मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकेंगे। आधार नम्बर से मतदाता पहचान पत्र लिंक कराने के लिए फार्म-6 बी, मृत या ट्रांसफर हो गये मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म-7 और नाम, पता आदि संशोधन कराने, ट्रांसफर एवं डूप्लीकेट ईपिक प्राप्त करने के लिए फार्म-8 में आवेदन लिए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से भी संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग की वेब साइट 222.1शह्वद्गह्ल्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर भी विजिट किया जा सकता है। वोटर हेल्प लाईन एप्प और वोटर हेल्प लाईन नम्बर 1950 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# दुनिया रंग-बिरंगी



## पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को पसंद आयी वेबसीरीज दो गुब्बारे

**मुंबई।** सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक और संगीतकार पंडित श्री हरिप्रसाद चौरसिया को वेबसीरीज दो गुब्बारे बेहद पसंद आयी है। जियो स्टूडियोज की वेब सिरीज दो गुब्बारे हाल ही में जियो सिनेमा पर रिलीज हुई है। इस सीरीज की कहानी इंदौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी की बात करें तो नौकरी के लिहाज से जब अपने शहर से दूसरे शहर में आया युवक, बुजुर्ग मकान मालिक के साथ किराए पर रहने लगता है, तो किस तरह से उनके बीच रिश्तों का एक प्यारा सा बंधन का बंध जाता है, जिंदगी के इसी फलसफे की कहानी दो गुब्बारे है। पंडित श्री हरिप्रसाद चौरसिया को भी यह प्यारी सी कहानी बेहद पसंद आ गई है और उन्होंने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है , मैं आश्चर्यचकित हूं कि इतनी प्यारी सहजता से भरी कहानी कितनी सादगी से बनी है।


## अनुराग कश्यप एक जादूगर हैं : सनी लियोन

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन कान फिल्म फेस्टिवल के बाद अपनी फिल्म 'कैनेडी' के इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 में प्रीमियर के लिए तैयार हैं। उन्होंने डायरेक्टर अनुराग कश्यप की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो



उन्हें खास बनाती है। सनी ने बताया कि मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह एक जादूगर हैं। उनके पास लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। वह चुनते हैं कि वह किसके साथ काम करें और कैसे उनकी मदद करें, पेशेवर या व्यक्तिगत रूप से उनका कैसे पालन-पोषण करें। वह अद्भुत व्यक्ति हैं। एक्ट्रेस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वास्तव में जीवन में कुछ भी हो सकता है और एक फोन कॉल के भीतर आपका जीवन बदल सकता है। मैं कान में इस बड़ी शुरुआत और कैनेडी को कई फेस्टिवल्स से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने के बाद जो कुछ भी होने वाला है, उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'कैनेडी' में राहुल भट्ट भी हैं। नियो-नोयर थ्रिलर फिल्म 'अग्ली' (2013) और 'दोबारा' (2022) के बाद यह तीसरी बार है, जब कश्यप और भट्ट एक साथ काम कर रहे हैं। कैनेडी का प्रीमियर 24 मई, 2023 को कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसका प्रीमियर सिडनी फिल्म फेस्टिवल और बुकियॉन इंटरनेशनल फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में भी किया जा रहा है।



## आंखों की देखभाल के लिए योग है बेहद जरूरी

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। हमारी आंखें बेहद संवेदनशील होती हैं और इसीलिए उन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। आंखों को लेकर हुई एक छोटी सी लापरवाही भी खतरनाक साबित हो सकती है। पर्यावरण प्रदूषण, वातावरणीय कारण, कॉन्टैक्ट लेंसेज का इस्तेमाल करना, बहुत अधिक वक्त स्क्रीन के सामने बिताना, नींद कम आना, चिड़चिड़ापन, शरीर में पानी की कमी, बहुत अधिक दवाइयां लेना या फिर घंटों मोबाइल में देखते रहने से आंखों में जलन, थकान और संक्रमण की शिकायत हो जाती है। इससे न केवल दूसरे कामों को करने में परेशानी होती है बल्कि खूबसूरती पर भी असर पड़ता है. आप चाहें तो इन समस्याओं को दूर करने के लिए योग अपना सकते हैं।

योग के अभ्यास से ना केवल आंखों की समस्याएं दूर होंगी बल्कि आंखों की ज्योति भी बढ़ेगी।

**आंखों के लिए योग**

आंखें शरीर की सबसे महत्वपूर्ण इंद्रियों में से एक हैं और फिर भी इनका ठीक तरह से ख्याल रखने में लोग चूक जाते हैं। दिनभर लैपटॉप या मोबाइल की स्क्रीन के सामने बैठे रहने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है जिससे आंखों में दर्द, पानी निकलना, ज्यादा देर तक पढ़ने या ध्यानकेंद्रित करने से सिर में दर्द शुरू हो जाना और आंखों की रोशनी कम होना कुछ आम दिक्कते हैं। आंखों की रोशनी की बात की जाए तो एक बार रोशनी कम होती है तो बढ़ने में खासा परेशानी होती है।

*भस्त्रिका प्राणायाम*

*सुखासन की मुद्रा में बैठने के बाद इस योगासन को किया जाता है। यह सांस लेने की योगा है जिसका असर फेफड़ों, कानों, नाक और आंखों पर होता है. इसे करने के लिए अपनी गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखकर बैठें। इसके बाद शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ो।*


*हथेली से आंख ढंकना*

*अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़कर उन्हें आंखों पर रखें. इससे हथेलियों की गर्माहट आंखों की सिंकाई करती है। इस प्रक्रिया को 5 से 10 मिनट के लिए करें। भ्रामरी प्रणायाम करें। भ्रामरी प्राणायाम आंखों की रोशनी बढ़ाता है।*

## बिहार में 'आई फ्लू' के मरीजों की संख्या बढ़ी

- **आंखों की साफ सफाई पर ध्यान दें**
- **मरीज को बार बार आंख छूने से बचना चाहिए**

**पटना,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार खासकर राजधानी पटना में आई फ्लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी आंख के अस्पतालों में इसके मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आई फ्लू को मेडिकल भाषा में कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है। पटना ही नहीं राज्य के अन्य जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी इस बीमारी से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। इधर, चिकित्सक इससे घबराने नहीं बल्कि साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कह रहे हैं। राजधानी पटना में अस्पतालों की बात की जाए तो अस्पतालों में प्रतिदिन ओपीडी में लगभग 15 से 20 फीसदी मरीज आई फ्लू की शिकायत को लेकर पहुंच रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, आईजीआईएमएस, गार्डिनर रोड अस्पताल में 150 -200 से अधिक आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। निजी आंख के अस्पतालों में भी आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों का मानना है कि बिहार ही नहीं, बल्कि इन दिनों देश के कई हिस्सों में आई फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वातावरण में गर्मी और उमस के कारण आई फ्लू के मामले बढ़े हैं। इसके मरीज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हो रहे हैं। राजा बाजार स्थित नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार कहते हैं कि अगर आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो आपको यह बीमारी हो सकती है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति की आंखों से निकलने वाले आंसुओं से भी हो सकता है। इधर, राजधानी के कई स्कूल प्रबंधकों ने इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को स्कूल नहीं भेजने की सूचना भेजी है।



## शॉर्ट वीडियो ऐप चिंगारी ने गूगल प्ले स्टोर पर पार किया 100 मिलियन डाउनलोड का आंकड़ा

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म चिंगारी ने मंगलवार को घोषणा की कि ऐप ने गूगल प्ले स्टोर पर 100 मिलियन डाउनलोड को पार कर लिया है। चिंगारी की शुरुआत 2020 में एक सोशल ऐप के रूप में हुई थी। प्लेस्टोर और ऐपस्टोर पर इसके 175 मिलियन से ज्यादा डाउनलोड हैं। ऐप अपने यूजर्स और क्रिएटर्स के लिए कई रेवेन्यू स्ट्रीम्स की पेशकश करके अपने प्लेटफॉर्म पर कई फीचर्स प्रदान करता है, जिसमें गारी माइनिंग, चिंगारी लाइव रूम, सब्सक्रिप्शन और क्रिएटर कट शामिल हैं। कंपनी के को-फाउंडर और सीईओ सुमित घोष ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि '100 मिलियन डाउनलोड हमारे यूजर्स के विश्वास का प्रमाण है। गारी माइनिंग, चिंगारी लाइव रूम, सब्सक्रिप्शन और क्रिएटर कट्स सहित कई सुविधाओं ने यूजर्स को रेवन्यू के कई अवसर प्रदान किए हैं।' उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से ग्लोबल होने की हमारी महत्वाकांक्षी योजना है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करना जारी रखना है, जहां लोग अपने कंटेंट से कमाई करते हुए पॉजिटिव और मीनिंगफुल तरीके से एक-दूसरे से जुड़ सकें, शेयर कर सकें। वर्तमान में, चिंगारी ऐप 16 भाषाओं में उपलब्ध है और इसके 5 मिलियन से ज्यादा डेली एक्टिव यूजर्स (डीएयू) और 40 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स (एमएयू) हैं। हाल ही में चिंगारी ने भारत में गूगल प्ले स्टोर पर टॉप 10 कमाई करने वाले ऐप्स में जगह बनाई।

## पहले छह माह तक मां का दूध ही बच्चे के लिए उत्तम आहार

### छह माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ नरम आहार

**जालंधर,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में जालंधर के सिविल सर्जन जालंधर डॉ. रमन शर्मा ने मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में जागरूकता बैनर और पंपलेट जारी कर मां के दूध के महत्व संबंधी जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि महिलाओं को मां के दूध के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर साल जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस बार यह दिन 'मां के दूध को कमोडिटी बनाना कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना' थीम के तहत मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद नवजात बच्चे के लिए मां का दूध सबसे महत्वपूर्ण होता है। बच्चे को पहले छह महीने तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए क्योंकि मां के दूध में ऐसे तत्व होते हैं,



जो बच्चे को जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि छह माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ नरम आहार जैसे चावल, खिचड़ी, दलिया आदि देना शुरू कर देना चाहिए। दो साल तक बच्चे को संतुलित आहार के अलावा मां का दूध जरूर पिलाना चाहिए, जिससे बच्चे और मां के बीच आपसी प्यार बढ़ता है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राकेश चोपड़ा ने कहा कि मां के पहले गाढ़े दूध (बहुला) में नवजात शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सभी आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं। मां के दूध में एंटीबॉडीज मौजूद होते हैं, जो बच्चे की वायरस, बैक्टीरिया और बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं और बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं।

मां का दूध बच्चे को कुपोषण और डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है। उन्होंने कहा कि मां का दूध न केवल बच्चे के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि महिलाओं के लिए स्तन और गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है। नवजात शिशु को पोषण, सुरक्षा और प्यार की जरूरत होती है, ये सभी जरूरतें मां के दूध से पूरी होती हैं।

## 'मेरे पास तुम हो' शो के भारत में प्रसारित होने पर खुश हैं पाकिस्तानी कलाकार हुमायूं सईद

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी अभिनेता हुमायूं सईद भारत में रोमांटिक ड्रामा 'मेरे पास तुम हो' की रिलीज के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने उन सभी के प्रयासों की सराहना की है, जो दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। हुमायूं सईद, आयजा खान और अदनान सिद्दीकी अभिनीत शो 'मेरे पास तुम हो' एक



अनोखी और असामान्य कहानी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस कहानी में एक विवाहित लड़की किसी अमीर व्यक्ति की तरफ आकर्षित हो जाती है। उसके जाने से उसका मध्यवर्गीय पति दानिश अख्तर (हुमायूं) आंसुओं में डूब जाता है।

शो 'मेरे पास तुम हो' पहली बार भारतीय टेलीविजन स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है। अगस्त 2019 में पहली बार प्रीमियर होने पर इस धारावाहिक को भारी लोकप्रियता मिली थी, जिसने उस वर्ष 599 मिलियन से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया था।

हुमायूं ने कहा कि यह शो पाकिस्तान में सफल रहा था। भारतीयों ने इसे यूट्यूब पर देखा। भारतीय मुझ पर संदेशों के माध्यम से प्यार बरसा रहे थे, मुझे लगा कि इस नाटक के माध्यम से मेरा परिचय भारत से हुआ है।

उन्होंने कहा कि जब ज़ी ने अपना चैनल 'जिंदगी' शुरू किया, तब मैंने भारत का दौरा किया और मुझे अच्छा लगा कि लोग मुझे पहचान रहे थे। लेकिन, अब यह शो भारत में जिस स्तर पर रिलीज होने जा रहा है, मैं बहुत खुश हूं। मैं सभी के प्रयासों की सराहना करता हूं। परिस्थितियां चाहे जो भी हों, कुछ लोग दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और शांति बनाए रखने के प्रयास में हैं। जो कोई भी यह प्रयास कर रहा है, हमें उसका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी शो और फिल्में भारत में रिलीज होनी चाहिए और भारतीय शो पाकिस्तान में प्रसारित होने चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति और भाषा एक ही है। 51 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि जब आप एक्स्ट्रा मैरिटल की कहानी को अच्छी स्क्रिप्ट, अच्छे डायरेक्शन और डायलॉग्स और बेहतरीन एक्टिंग के साथ दिखाते हैं तो लोगों को ऐसे शो देखने में मजा आता है।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जब यह शो बनाया गया था, तो कुछ लोगों ने सोचा था कि यह एक जोखिम भरा कदम हो सकता है। लेकिन अब यह पाकिस्तान में इतना लोकप्रिय हो गया है, मुझे लगता है कि यह भारत में भी पसंद किया जाएगा। हुमायूं ने अंत में कहा कि कहानी इतनी दिलचस्प है कि पुरुष और महिला दोनों ही दर्शक इसे समान रुचि पसंद करेंगे।

आयज़ा ने कहा कि मैं 'मेरे पास तुम हो' शो के भारत में प्रसारित होने को लेकर रोमांचित हूं क्योंकि यह सीमाओं को पार करता है। उन्होंने कहा, यह कहानी संस्कृतियों और सीमाओं के पार कर लोगों को जोड़ने की क्षमता का प्रमाण है। पाकिस्तान और भारत के दर्शकों से हमें जो अपार प्यार और समर्थन मिला है, वह वाकई सुखद है।

## एक दिन के लिए जिला आयुक्त बना 10वीं का छात्र

**गुवाहाटी,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। असम के शिवसागर शहर में 10वीं कक्षा का एक छात्र राज्य शिक्षा विभाग की अभिनव पहल 'आरोहण' के तहत एक दिन के लिए जिला आयुक्त (डीसी) बना।

बोकोटा बोरबम हाई स्कूल में पढ़ने वाले 16 वर्षीय छात्र भाग्यदीप राजगढ़ को सोमवार को कर्तव्यों का पालन करने के लिए चुना गया था। शिवसागर के डीसी आदित्य विक्रम यादव सोमवार सुबह भाग्यदीप के घर गए और उसे शहर में अपने कार्यालय ले आए। छात्र ने जिला प्रशासन की दिन भर की बैठकों में भाग लिया।

डीसी यादव ने कहा कि पेशेवर पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले और डॉक्टर, इंजीनियर, लोक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियां हासिल करने के लिए हम छात्रों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। उन्होंने भाग्यदीप को एक प्रतिभाशाली छात्र बताया, जो जीवन में कई चुनौतियों के बावजूद कड़ी मेहनत कर रहा है। छात्र ने कहा, उसकी महत्वाकांक्षा




है कि वह एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करे। छात्र ने कहा कि मैं एक दिन के लिए जिला आयुक्त के रूप में सेवा करने के इस अवसर की बहुत सराहना करता हूं क्योंकि इससे मुझे विभिन्न विभागों के संचालन के तरीके से जल्दी परिचित होने का मौका मिला।

प्रशासनिक बैठक में भाग्यदीप ने अधिकारियों से अपने गांव की सड़क पर काम करने को कहा और काम पूरा करने के लिए एक समयसीमा भी तय की।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को ट्वीट किया कि भाग्यदीप, कड़ी मेहनत करना जारी रखें और आप असम के मुख्य सचिव भी बन सकते हैं। प्रोजेक्ट 'आरोहण' के माध्यम से, हम चाय बागान और अन्य वंचित समुदायों के छात्रों को सफल करियर पथ अपनाने के लिए सलाह देते हैं।

'आरोहण' पहल दूर-दराज के गरीब परिवारों से प्रतिभाशाली छात्रों को ढूंढती है। इसका लक्ष्य इन छात्रों के शैक्षणिक करियर का मार्गदर्शन और निगरानी करना है।

## खुशी दुबे का फिटनेस मंत्र है 'योग, डांस, न्यूट्रीशस डाइट'

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस खुशी दुबे ने अपनी फिटनेस के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अपने फ्लैक्सिबिलिटी और स्टेमिना को बनाए रखने के लिए योगा और डांस जैसे सिंपल बेसिक एक्सरसाइज में विश्वास रखती हैं। खुशी वर्तमान में रोमांटिक थ्रिलर 'आशिकाना' सीजन 4 में चिक्की शर्मा के रूप में नजर आ रही हैं।



अपने डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में बात करते हुए, खुशी ने बताया कि मैं फ्लैक्सिबिलिटी और स्टेमिना बनाए रखती हूं क्योंकि एक्शन सीन में मुझे इसकी जरुरत पड़ती है। मेरा किरदार चिक्की एक पुलिसकर्मी है और वह मामलों को सुलझाने में बहुत एक्टिव है। वह बहुत सारे एक्शन सीक्वेंस और डांस भी करती है। इसलिए इसे बनाए रखने के लिए, मैं योगा और डांस कर रही हूं। सिंपल बेसिक एक्सरसाइज शरीर को एक्टिव रखते हैं। मेरा एक्सरसाइज रूटीन आमतौर पर सेट पर शामिल होता है, खासकर एक्शन सीन्स और अन्य इंटेंस मोमेंट्स के दौरान। खुशी ने आगे कहा कि शरीर और स्वास्थ्य के लिए डाइट बहुत जरुरी है। मैं अपने लिए बहुत न्यूट्रीशस डाइट रखती हूं, मैं सभी जंक फूड से परहेज करती हूं, और मैं ढेर सारा पानी पीने की कोशिश करती हूं। 'आशिकाना' सीज़न 4 में खुशी दुबे के अलावा, जैन इबाद खान, हिमानी शिवपुरी, जयति नरूला, इंद्रजीत मोदी और गीता त्यागी लीड रोल में हैं। गुल खान द्वारा निर्देशित और जेन के स्टूडियो द्वारा निर्मित 'आशिकाना 4' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।


### झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम कजले में एक जगह है बेनीसागर

## जहां पुरातात्विक अवशेष सुना रहे पांचवीं सदी की नगरीय सभ्यता की दास्तां

- **बेनीसागर देश के 100 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्मारकों की सूची में शामिल**
- **बेनीसागर होने की वजह 300 गुणा 340 मीटर आकार का विशाल तालाब**

**रांची,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से तकरीबन 85 किलोमीटर दूर मंझगांव प्रखंड में एक जगह है बेनीसागर। यहां भारतीय पुरातात्विक विभाग की खुदाई से निकले सैकड़ों पुरातात्विक अवशेष यहां पांचवीं शताब्दी से लेकर 16वीं-17वीं शताब्दी तक आबाद रहे किसी समृद्ध नगरीय सभ्यता का दास्तां सुना रहे हैं। पुरातत्वविद यहां से मिली मूर्तियों, वास्तुशिल्पीय टुकड़ों, पाषाण आकृतियों पर लगातार शोध और अध्ययन कर रहे हैं। यहां कौतूहल पैदा करने वाली कई चीजें भी मिली हैं, जिनका रहस्य शायद आने वाले वर्षों में खुल सके। भारतीय पुरातत्व विभाग ने बेनीसागर को देश के 100 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्मारकों की सूची में शामिल किया है।

सबसे पहले अंग्रेजी सेना के कर्नल टिक्केल



की निगाह 1840 में इस स्थान पर गई थी। इसके बाद 1875 ई. में एक अंग्रेज इतिहासकार जे.डी. बेगलर ने बेनीसागर का दौरा किया और उसने यहां कुछ मूर्तियां पाईं। इन मूर्तियों के आधार पर उन्होंने इस स्थल की तारीख 7वीं शताब्दी बताई। केसी पाणिग्रही नामक इतिहासकार ने भी बेनीसागर के पुरातात्विक अवशेषों के बारे में 1956 में एक पेपर प्रकाशित किया था। वर्ष 2003 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग ने यहां पहली बार खुदाई की। इस जगह का बेनीसागर होने की वजह 300 गुणा 340 मीटर आकार का विशाल तालाब है, जिसके बारे में स्थानीय इलाकों में किंवदंती प्रचलित है कि इसका निर्माण बेनी या बेनु नामक राजा ने कराया था। पुरातत्व विभाग द्वारा इस तालाब के दक्षिण-पूर्व और पूर्वी तटबंध की ओर की गई खुदाई में दो पंचायतन मंदिर परिसर, सूर्य, भैरव, लकुलिशा, अग्नि, कुबेर आदि की छवियों सहित कई मूर्तिकला अवशेष प्रकाश में आए हैं। इनके अलावा साइट से एक पत्थर की मुहर भी मिली है, जिस पर शिलालेख है 'प्रियंगु धेयम चतुविद्या (चतुर्विद्या)'। इसका अर्थ है प्रियंगु नाम का एक व्यक्ति था, जो चार वेदों में पारंगत था। शिलालेख की लिपि ब्राह्मी है और भाषा संस्कृत है। कुछ विद्वानों का कहना है कि बेनीसागर से बरामद मुहर से पता चलता है कि यह शिक्षा का केंद्र था, जहां चार वेदों की शिक्षा दी जाती थी। काम और मैथुन दृश्यों वाले पाषाणों के आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि उन दिनों 'काम शिक्षा' समाज के लिए वर्जित विषय नहीं था। इतिहासकारों का कहना है कि बेनीसागर तंत्रवाद और शैव पंथ के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा होगा। भारतीय पुरातत्व विभाग की वेबसाइट के अनुसार, पुरालेख की दृष्टि से इसे 5वीं शताब्दी का माना जा सकता है।

## 'जिंदा बंदा' गाने के लिए शाहरुख को करनी पड़ी तीन बार शूटिंग

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने पहली बार 'जिंदा बंदा' गाने के लिए तीन भाषाओं (हिंदी, तमिल और तेलुगु) में लिपसिंक की है। गाने की हिंदी में 'जिंदा बंदा', तमिल में 'वंधा एडम' और तेलुगु में 'धुम्मे धुलिपेला' बोल हैं। गाने में शाहरुख फीमेल को-स्टार्स और हजारों फीमेल डांसर्स के साथ झूमते दिखाई दे रहे हैं।

प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, शाहरुख ने पहली बार तीन भाषाओं में लिपसिंक की है। उन्होंने तमिल और तेलुगु संस्करणों के लिए गाने के बोल सीखे और शूटिंग के दौरान चेन्नई



यूनिट ने उनकी सहायता की। उन्होंने इस गाने को तीन भाषाओं के लिए तीन बार शूट किया। पहले गाने की शूटिंग पांच दिनों तक चली, जिसमें शाहरुख खान के जबरदस्त डांस मूव शामिल हैं। शाहरूख स्टारर फिल्म जवान 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

रायपुर, बुधवार 2 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नफ़रत की धांय-धांय...

देश अंततः उस मुकाम पर खड़ा दिखाई देने लगा है जहां उसे पहुंचाने की सुनियोजित योजना पिछले एक दशक से बनाई और क्रियान्वित की गई है। वैसे तो इसका खाका लगभग एक शताब्दी से बनाकर समाज के आगे रख दिया गया था परन्तु उसे राज्य की शक्ति और सत्तारुढ़ पार्टी का समर्थन हालिया 8-9 वर्षों में मिला है। इस शक्ति और समर्थन के रक्तरंजित प्रतिफल की एक झलक जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में देखने को मिली जब एक कांस्टेबल ने सियासी बहस से बौखलाकर 4 लोगों को गोलियों से भूनकर रख दिया। इनमें तीन एक सम्प्रदाय विशेष के थे तो चौथा व्यक्ति आरक्षक का वरिष्ठ अधिकारी ही था। इतना ही नहीं, उसने लहू से तरबतर लाशों के सामने बाकायदा भाषण दिया और अन्य यात्रियों को समझाया कि 'जिसे भी भारत में रहना है, उन्हें किसे वोट देना चाहिये।' हत्या के तुरन्त बाद लोगों के समक्ष जो उद्‌बोधन कांस्टेबल ने दिया वह पिछले कुछ समय से लगाये जा रहे नारों की ही प्रतिध्वनि है जो चेतावनियों व धमकियों की शक्ल में सुनाई देती रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में कभी एकाकी तो कभी समवेत स्वर में ऐसी धमकियां उन सभी को मिल रही हैं जिन्हें अलग समाज का हिस्सा मान लिया गया है और उन्हें बहुसंख्यकों से दोयम नागरिक का दर्जा दे दिया गया है। इन नारों के शिकार वे भी होते हैं जो इससे असहमत होते हैं और मानते हैं कि यह देश अल्पसंख्यकों का भी उतना ही है जितना अन्य लोगों का।

12956 क्रमांक की यह ट्रेन सोमवार की सुबह जब मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में थी, एएसआई टीकाराम मीणा व दो अन्य आरक्षक साथियों के साथ आरोपी कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी कोच की एस्कॉर्ट ड्यूटी पर था। मीणा की किसी राजनैतिक टिप्पणी से वह एकाएक तैश में आ गया। उसने अपनी आटोमेटिक राइफल से मीणा एवं उसके साथ बैठे अब्दुल कादिर भानपुरवाला पर फायरिंग कर दी। फिर वह पेंट्री कार में गया। वहां उसने सदर मोहम्मद को गोलियों से उड़ाया। तत्पश्चात बी-6 कोच में जयपुर के असगर अली को मार डाला जो काम की तलाश में मुंबई आ रहा था। फिर करीब 6 बजे चेतन ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी व उतरकर भागने लगा। जीआरपी ने उसे मुंबई के समीपवर्ती उपनगर मीरा रोड व दहिसर के बीच हथियारों के साथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि चेतन गुस्सैल है और इन दिनों अवसाद में था। सवाल सिर्फ यह खड़ा नहीं होता कि ऐसी मानसिक अवस्था में उसे क्यों ड्यूटी पर तैनात किया गया बल्कि घटनाक्रम से परे जाकर यह देखा जाना चाहिये कि जिन केन्द्रीय बलों के जवानों को हमेशा से धर्मनिरपेक्ष माना जाता रहा है, उसका एक सदस्य एक वर्ग विशेष को निशाना बनाकर एक-दो नहीं पूरे 12 राउंड फायर करता है। साथ ही मृत शरीरों के पास खड़े होकर एक खास तरह की विचारधारा के अनुरूप बातें करता है। वह साफ संदेश देता है कि अगर लोगों को इस देश में रहना है तो उन्हें किन-किन लोगों को वोट देना होगा यानी किस पार्टी और लोगों को समर्थन देना होगा। साफ है कि अल्पसंख्यकों को दिया जाने वाला यह संदेश देश भर के अल्पसंख्यकों को भयभीत करेगा; और ऐसा करना ही उसका मकसद है।

ऐसा नहीं है कि देश में कोई पहली बार चलते-फिरते या बस-ट्रेन में सफर करते हुए सहयात्रियों के बीच राजनैतिक विचार-विमर्श हुआ हो। नुक्कड़ों, चौक-चौराहों, चाय, पान, नाई की दुकानों से लेकर सभागारों व सभाओं तक हमेशा से हर तरह की बहसें होती आई हैं। इनमें सियासती बहसें भी शामिल हैं। विचारों से असहमति के बीच भी ऐसी तक़रीरें होती रहती हैं। हाल के वर्षों की राजनैतिक फिज़ा कुछ ऐसी बदली है कि अब असहिष्णुता चरम पर है। वैचारिक विरोधियों व दूसरे धर्मावलम्बियों को देश का दुश्मन बतलाना, गद्दार कहना, पाकिस्तान-अफगानिस्तान भेजना, नक्सली, धर्मविरोधी साबित करना संवाद कला का नवाचार है जिसने सहिष्णु व सभ्य लोगों को इस वैचारिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया है। अब बहस का क्षेत्र अंधभक्ति में लीन, तर्क -विवेक से विहीन तथा कुपढ़ों के अधीनस्थ हो गया है। वहां तथ्यों व यथार्थ पर आधारित विचार-विमर्श कम और गाली-गलौज से सनी भाषावली मुखर है। बड़ी संख्या में लोग उस नयी संस्कृति का हिस्सा हैं जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर ट्रोल आर्मी के सदस्य बन गये हैं।

देश के ही कुछ वर्गों को अपने दुश्मन मान लेने वाले ये लोग हिंसा व घृणा से लबरेज़ हैं जो हथियारों से लैस होने पर अगर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं तो आश्चर्य ही क्या है? यह वही राह है जिस पर चलकर हमारे राजनैतिक पुरखों ने आजादी लेने से तक इंकार कर दिया था और तय किया था कि भारत को खून से लथपथ रास्तों पर चलना मंजूर नहीं है वरन वह बुद्ध, महावीर और गांधी के बताये रास्ते पर चलकर स्वतंत्र देश बनेगा चाहे उसके लिये उसे कितना भी इंतज़ार क्यों न करना पड़े। दुर्भाग्य से वह विचारधारा लोगों के मनो-मस्तिष्क और सत्ता पर कुछ इस कदर काबिज हो गई कि अब अहिंसा कायरता है और धर्मनिरपेक्षता एक वर्ग विशेष का तुष्टिकरण। समावेशी समाज की अवधारणा उपहास का विषय बन गया है तो समानता का सिद्धांत कूड़ेदान में फेंके जाने योग्य बतलाया जा रहा है।

नफ़रत की बोली और हिंसक व्यवहार पर लगाम न लगी तो समाज उस बिन्दु पर जाकर खड़ा हो जायेगा जहां से उसे वापस बुलाना असम्भव हो जायेगा। हथियारों की धमक जिन्हें कर्णप्रिय लगती हो और अगर इसे ही वे शक्ति का प्रतीक मानते हैं तो शायद वे यह नहीं समझते कि बारूद फटने के पहले न तो समीप खड़े व्यक्ति की जाति पूछता है और न ही बंदूक-तमंचे से निकली गोली की दिलचस्पी किसी का धर्म जानने में होती है। बुलेट के आगे अब्दुल, सदर, असगर और टीकाराम एक सरीखे हैं।

# मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन

अभी 'इंडिया' के गठन को भी पक्का और फाइनल नहीं मानना चाहिए। लेकिन नीतीश कुमार ने जब दोबारा भाजपा का साथ छोड़ते हुए अपने लिए विपक्ष को एक करने की भूमिका तय की तब से बात काफी आगे बढ़ चुकी है। और इस सफलता के लिए नीतीश कुमार को बधाई बनती है। सिर्फ उन्हें ही नहीं लगभग सारे विपक्ष वालों को बधाई बनती है कि उन्होंने मतभेद के अनगिनत प्रसंगों को दरकिनार करके इस पहल को आगे बढ़ाया है और अरविन्द केजरीवाल द्वारा पहले दौर में उठाए गए हंगामे को भी संभाल लिया है। दूसरे दौर में अन्य बड़े हंगामे तो नहीं दिखे लेकिन कुछ खटर-पटर हुई। तय मानिए ऐसा अंत तक चलेगा क्योंकि राज्यों की राजनीति में आमने-सामने के दल भी इस खूबसूरत नाम वाले गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। जब चुनाव होगा तो लड़ना तो होगा ही। फिर मुद्दे और एजेंडा तय करना है, केन्द्रीय नेता न सही राज्यों के नेता या प्रमुख दल की स्वीकार्यता मुद्दा है, संसाधन जुटाने और बांटने का सवाल होगा। समन्वय का मुश्किल काम है। अब सुरजीत और जार्ज फर्नांडीस नहीं हैं लेकिन उनकी भूमिका तो बची है और जो भी निभाएगा उसे दंडवत-प्राणायाम करना ही होगा। फिर सामने बैठा ताकतवर शासक जमात भी चुप क्यों बैठेगा। उसने भी तोड़-फोड़ शुरू कर दी है और आगे और सक्रिय होगा ही।

जिस तरह से नरेंद्र मोदी और भाजपा ने इस 'इंडिया' गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी है वह ठीक उसी उम्मीद वाली नहीं है जो मोदी-शाह की ताकतवर जोड़ी या सत्ता और संसाधन से लैस भाजपा या फिर विशाल संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की फौज के हर हाल के समर्थन के लिए आश्वस्त दल से की जा रही थी। किसी पासवान, किसी सहनी, किसी मांझी, किसी राजभर जैसों को फिर से जोड़कर अपना एनडीए खड़ा करना और उसमें अकाली दल और अजीत सिंह की पार्टी को ही नहीं केसीआर की पार्टी और जगन मोहन रेड्डी को लाने की कोशिश करना तो बहुत स्वाभाविक कदम हैं और अगर मोदी तथा शाह जुटेंगे तो उनके गठबंधन में 38 क्या बावन दल होने में देर नहीं लगेगी। और अगर गठबंधन का नेतृत्व भाजपा करेगी, नरेंद्र मोदी नेता होंगे तो न कार्यक्रम/एजेंडे को लेकर कोई गिला-शिकवा होगा न संसाधनों को लेकर। पर मोदी जी ही नहीं पूरी भाजपा मंडली, खासकर आज पार्टी को निर्णायक दिशा देने में प्रभावी लोगों और प्रवक्ताओं की जो प्रतिक्रिया दिखती है उसे लेकर बहुत कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उसमें कहीं न कहीं डर है, खीझ है, कुंठा है। कुल मिलाकर वह भाजपा और खुद मोदी जी के पक्ष को हल्का बनाती है। अब 'इंडिया' को लेकर इतने तरह की बात करने की जरूरत नहीं थी।

लेकिन उससे ज्यादा गंभीर बात भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है, कमजोर से कमजोर सामाजिक समूह और क्षेत्रीय आबादी द्वारा अपना नेता सामने करने, अपनी आकांक्षाओं को सामने रखने और वोट की राजनीति द्वारा उनको आगे बढ़ाने की पुष्टि करता है। शुरुआती कांग्रेसी राजनीति में प्रो. रजनी कोठारी जिस 'रेनबो कॉलिशन' को देखते थे और जिसकी वास्तविकता और कमजोरियों को भी गिनाते थे वह बाद की राजनीति में गठबंधनों द्वारा ही हासिल किया जाता रहा है। ऐसा 67 के गैर कांग्रेसवाद के समय भी हुआ और 77 के जनता पार्टी प्रयोग के समय भी। बाद में भी यह काम एनडीए और यूपीए ही नहीं वाम मोर्चा या रामो-वामो जैसे नामों से होता रहा है। यह अलग बात है कि कांग्रेस और बड़ी पार्टियों को ही नहीं विचारधाराओं और एक नेता से ज्यादा मजबूती से जुड़ी पार्टियों को खुले रूप में इसे स्वीकार करने में मुश्किल होती रही है। कांग्रेस अपने चंडीगढ़ अधिवेशन तक अकेले चलाने का प्रस्ताव करती रही तो वाम दल बिना अपना दबदबा मनवाए गठबंधन करने से परहेज की रणनीति अपनाए रहे।



अरविन्द मोहन

> भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है।

राष्ट्रीय स्तर पर खुला गठबंधन अटलबिहारी वाजपेयी के दौर में बना और उसे बनाने के लिए धारा 370 की समाप्ति, राममंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों को भी भाजपा ने ताक पर रख दिया। फिर कांग्रेस का नखरा भी गया और वाम दल भी माने। व्यावहारिक राजनीति में सिद्धांतों-विचारों का जोर काम होने का भी फर्क पड़ा। इसकी कीमत नेता का कद अव्यावहारिक रूप से बढ़ना और उसे हथियाने के लिए सारे कुकर्म के रूप में सामने आया। देश भर में जोर नहीं चला तो अपने प्रदेश या इलाके भर में ऐसा हुआ। और ऐसा दौर आया जब अधिकांश प्रदेशों से कथित राष्ट्रीय पार्टियों की तो विदाई हुई ही केंद्र सरकार में भी क्षेत्रीय दलों के नेता निर्णायक भूमिका में आ गए। ममता, जयललिता और मायावती ने अटल जी को 'पानी पिला दिया' तो लालू, बादल, चौटाला, पंवार, चंद्रबाबू, करुणानिधि और मुलायम केंद्र सरकारों के भी 'भाग्यविधाता' बने। और अटल जी या नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की सरकार बाकी किसी से खराब चली हो यह भी नहीं कहा जा सकता। लालू जी पर्याप्त काबिल रेल मंत्री साबित हुए।

यह दौर लोक सभा और संसद की बनावट पर भी रंग छोड़ने वाला हुआ। एक समय ऐसा आया कि कथित राष्ट्रीय पार्टियों (या चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त) के सांसदों की संख्या पीछे रहने लगी और क्षेत्रीय दलों के सांसद ज्यादा होने लगे। नरेंद्र मोदी के उदय के साथ यह क्रम कुछ बदलता दिखा-क्षेत्रीय दलों का वोट प्रतिशत तो 2014 में बढ़ा लेकिन सीटों में गिरावट आई। 2019 में दोनों में कमी हुई तो कई राजनैतिक पंडित कहने लगे कि क्षेत्रीय राजनीति या पारिवारिक पार्टियों या जाति आधारित पार्टियों की राजनीति के गिरने की शुरुआत हो चुकी है। मोदी जी का व्यक्तित्व और भाजपा-संघ का एजेंडा नेतृत्व और वैचारिक बिखराव को पलटने के तर्क भी तैयार करने लगा। दूसरी ओर रामविलास की पार्टी को मटियामेट करने, मुकेश सहनी की पार्टी को समाप्त करने, जीतनराम मांझी की पार्टी को दुरदुराने, ठाकरे की पार्टी को तोड़ने, चौटाला पार्टी को बिखराने, पवार पार्टी को विभाजित करने जैसे काम हुए या खुद से हो गए। पर विपक्षी एकता का मजाक उड़ना भी जारी रहा। 'इंडिया' का स्वरूप उभरते ही (जिसमें अभी भी कई मजबूत गैर-भाजपा दल नहीं आए हैं) भाजपा और मोदी-शाह के इस अभिमान का अंत भी दिखता है। इसकी प्रतिक्रिया में एनडीए को पुनर्जीवित करना तो स्वाभाविक कदम लगता है पर खुद भी गठबंधन सरकार चलाते हुए (जी हां, अभी की मोदी सरकार भी गठबंधन वाली ही है) गठबंधन की राजनीति को कोसना असल में अपनी बेचैनी और कुंठा को दिखाता है। अपने सर्वमान्य और सर्वकालीन महान नेता बनाने के सपने के टूटने की बौखलाहट दिखती है।

# इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया

■ एस. सेतुरमन

भारत में एक स्पष्ट रूप से प्रभावी विपक्षी गठबंधन के उद्भव के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने तीसरे कार्यकाल को सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में आवश्यक संख्या को लेकर अधिक उत्साहित नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार के मुखिया 2024 के लिए बने नये 26-पार्टियों वाले विपक्षी गठबंधन को 'कट्टर भ्रष्ट समूहों के सम्मेलन' कहते हुए कहा कि उससे तो 'वंशवाद/ पारिवारिक शासन' को ही बढ़ावा मिलेगा, और उसके देश का कोई भला नहीं होगा। वह जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं वह इस बात का खुलासा करता है कि भाजपा वास्तव में मूलभूत रूप से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के कारण कितना चिंतित हो उठी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने अपनी विदेश यात्राओं और सरकारों के प्रमुखों तथा जी-20 के वर्तमान अध्यक्ष को गले लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कद हासिल किया है, को भी अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी। फिर यह ऐसे समय में हो रहा है जब मणिपुर जैसी देश में होने वाली घटनाएं, और एक प्रशंसित लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकारों के अतिक्रमण को विदेशों में प्रतिकूल ढंग से नोटिस लिया जा रहा है। भारत के विश्व के केंद्र में होने के बड़े दावों के संदर्भ में लोकसभा चुनाव-2024 को एक भू-रणनीतिक घटना के रूप में भी देखा जा सकता है।

> मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। नवगठित 26-पार्टियों वाले गठबंधन- खुद को इंडिया घोषित करने वाली कांग्रेस और मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां- भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन - अधिक आशाजनक आर्थिक और राजनीतिक कार्यक्रम तैयार करेगी, यह भी तय है। परन्तु इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें पूरे देश में सीट-बंटवारे का समायोजन करना होगा।

इंडिया गठबंधन के साझेदारों की सितंबर में मुंबई में बैठक होने वाली है ताकि भाजपा के राजनीतिक आख्यान के मुकाबले एक विपक्षी राजनीतिक आख्यान तैयार करने में प्रगति हो सके। देश को बढ़ते रोजगार और सामाजिक न्याय के साथ सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है। भाजपा का 2014 का 'अच्छे दिन' का वायदा मोदी सरकार के नौ साल बाद भी आम लोगों के हित में नजर नहीं आ रहा है।

मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 'हम बड़ा सोचते हैं, बड़े सपने देखते हैं और बड़े काम करते हैं' यह प्रधानमंत्री का दावा है जो शेष राजनीतिक भारत को 'भ्रष्ट' कहकर खारिज करता है।

भाजपा जीतने के जोखिमों को भी जानती है और उसने खुद को हाई गियर में डाल लिया है। पहले तो उसे तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - जहां 2023 के अंत से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं, पर जीत हासिल करनी है। शिवराज सिंह के नेतृत्व वाले मध्य प्रदेश को बनाये रखने के लिए भाजपा अपेक्षाकृत आश्वस्त है, परन्तु यह कांग्रेस के कब्जे वाले राजस्थान में अधिक कठिन लड़ाई में सामने आई है, जहां पार्टी को अभी भी अपनी आंतरिक दरारों से उबरना बाकी है।

भाजपा 'सामूहिक नेतृत्व' की पेशकश कर रही है। अपनी पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे को यह स्वीकार्य नहीं है, जो मैदान में उतरने के लिए अपने चेहरे पर जोर देती हैं। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एक स्वीकार्य समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं, शायद लोकसभा सीटों के लिए 'मोदी फेस' की तरह। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ही मजबूत दिख रहा है।

दक्षिण में कर्नाटक में अपनी हार के बाद भाजपा उत्तर और पश्चिम (उत्तर प्रदेश और गुजरात के अलावा) में अपनी संख्या में कमी की भरपाई करना चाहती है। इस प्रकार, लोकसभा में अपनी 39 सीटों के साथ तमिलनाडु को पहले से कहीं अधिक महत्व मिला है और भाजपा द्रमुक को उसकी मजबूत पकड़ से उखाड़ने की साजिश रच रही है। 2019 में, एम के स्टालिन (अब सीएम) के नेतृत्व वाली द्रमुक (तब सत्ता में नहीं थी) ने 25 सीटें हासिल की थीं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु की देखभाल कर रहे हैं कि डीएमके की सीटों में भारी कमी आये।

अमित शाह द्वारा स्टालिन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक मजबूत द्रमुक विरोधी अभियान शुरू किया गया था, क्योंकि उन्होंने रामेश्वरम में श्री अन्नामलाई की 'पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाई थी, जो एक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं जो अब तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख हैं। यह पहली बार है कि मोदी सरकार अपने गृह मंत्री अमित शाह के माध्यम से एक गैर-भाजपा राज्य सरकार को 'भ्रष्ट' करार देती है जिससे नया तनाव पैदा हो गया है। द्रमुक के एक मंत्री ने गृह मंत्री की कटु आलोचना की कि वह 'बिना किसी आधार के' ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

यह सब, पार्टी और मोदी सरकार दोनों स्तरों पर, अपने चुनावी बहुमत के बावजूद, तमिलनाडु में 'द्रविड़' सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा के अभियान का हिस्सा है। राज्यपाल आरएन रवि द्रविड़ विचारधारा पर सवाल उठाते रहे हैं और स्टालिन सरकार के साथ कई तरह से गंभीर विवाद में रहे हैं। भाजपा ने अपने नेताओं की कुछ टिप्पणियों के माध्यम से अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक को नाराज करके कुछ गलतियां की हैं, लेकिन पार्टी इंडिया गठबंधन को चुनौती देने के लिए और अधिक सहयोगी जुटाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में नरेंद्र मोदी बनाम एम के स्टालिन है।

## पावन प्रसंग

# अपनी क्षमता बढ़ाएं चुनौतियों से लड़ें

प्रकृति पहेलियां पूछने में माहिर हैं। उसकी पहेली बड़ी अबूझ एवं रहस्यमयी होती हैं। इन पहेलियों का हल जीवन के व्यापक अनुभव में ही खोजा-पाया जा सकता है- जो ढूंढेगा, पाएगा अवश्य। प्रकृति में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसका समाधान नहीं है और जिसे पाया नहीं जा सकता। बस, इस गूढ़ता को जानने और वांछित फल की प्राप्ति के लिए हम सदा तत्पर बने रहना चाहिए। जो ऐसा कर पाते हैं अंतर्निहित क्षमताओं में अभिवृद्धि होती है और उनके व्यक्तित्व का निरंतर विकास होता है। उन्हें नवीन बोध मिलता है और उनके जीवन में उपलब्धियों के नए प्रसून फूलते हैं। ये सब प्रकृति की नई चुनौतियों को स्वीकार करने से ही होता है। चुनौतियां जीवन में अनायास भी आती हैं और इन्हें योजनाबद्ध तरीके से आमंत्रित भी किया जाता है। जो इन चुनौतियों से भागते हैं, पलायन करते हैं, उनका जीवन सामर्थ्यहीन, डरपोक एवं कमजोरियों से घिर जाता है; क्योंकि ऐसे चुनौती को देखते ही तनावग्रस्त हो जाते हैं, तनाव से भर जाते हैं और उनकी शारीरिक एवं मानसिक शक्तियां काम करना बंद कर देती हैं। आधुनिक शोधों से पता चलता है कि तनाव वस्तुतः चुनौतियों की समुचित व्याख्या का अभाव एवं अपनी क्षमताओं का सही आकलन न कर पाने के कारण जन्म लेता है। परिस्थितिजन्य एवं स्वयं के बुलावे पर आई चुनौतियों को हम ठीक-ठीक जान नहीं पाते हैं। जब हम इन्हें नहीं जान पाते हैं तो इनसे जूझने का साहस नहीं होता है और हम ऐसी चीजों से भाग खड़े होते हैं, तब हमें तनाव देने वाले कारक डराते हैं, और हम उनसे डर जाते हैं।

तनाव एक और कारण से भी जीवन में पनपता है और वह है कि हम अपनी क्षमताओं और सामर्थ्यों से अनभिज्ञ बने रहते हैं। हमें विश्वास ही नहीं रहता कि हम इन चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं और इनसे पार भी पा सकते हैं; जबकि वास्तविकता कुछ और है। वास्तविकता है कि कुदरत ने हम सबको असीम सामर्थ्यों से युक्त बनाया है। बस, इन्हें हम जानते नहीं हैं, पहचान नहीं पाते हैं। हम तो ऐसे हैं जैसे विराट सुवासित चंदन के वनों के मालिक होकर भी चंदन की कीमत नहीं जानते और सामान्य लकड़ी के मोल उसे बेचने को विवश होते हैं। हम ऐसे हैं कि हीरे की खान में छिपे कोयले के साथ हीरे को चमकीला पत्थर मानकर कौड़ी के मोल बेचते चले जा रहे हैं। जिस दिन हम उसे पहचान लेंगे, हमें अपनी सामर्थ्य का सही बोध हो जाएगा, हम चुनौतियों से भागेंगे नहीं, बल्कि उनसे खिलौने के समान खेलने में आनंद उठायेंगे।

हमारे पास अनगिनत सामर्थ्य है। इनमें से प्रमुख है हमारी भावना, ज्ञान एवं व्यवहार की शक्ति। जो चुनौतियों का सामना करते हैं, उनके पीछे उनकी शक्तियों की आधारशिला है। वे अपनी सामर्थ्यों की खुदाई करते हैं और उनमें से एक नई सामर्थ्य की खुदाई करते हैं जिनमें ऐसी सामर्थ्य पैदा हो जाती है, वे जीवन में तनाव में घिरकर भी तनावमुक्त होते हैं, क्योंकि वे तनाव से निजात पाने के तरीके ईजाद कर लेते हैं। उनके जीवन में सवालों का हल होता है, समस्याओ का समाधान होता है और वे चुनौतियों से बेहतर ढंग से जूझ लेते हैं तथा नई-नई चुनौतियों को आमंत्रित करके उनसे अपनी सामर्थ्यों की धार पैनी करते रहते हैं।

चार्ल्स डार्विन बीस वर्षों तक बुखार से पीड़ित थे, परंतु इस बुखार को नजरअंदाज करके उन्होंने संसार में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की प्रजातियों की कष्टसाध्य खोज-बीन की और इसी का परिणाम था कि वे 'ओरिजिन ऑफ न्यू स्पेशिज' नामक कालजयी ग्रंथ की रचना कर सके। महान आयुर्वेदाचार्य ऋषि यदि चुनौतियों को न स्वीकारते तो सामान्य व्यक्ति की तरह अपने रोग से आक्रांत रहते, परंतु अपने शरीर पर असाध्य घाव एवं उसकी असहनीय पीड़ा से पीड़ित वन-वन भटके और बिना ठहरे समाधान खोजते रहे। अंततः उनकी पीड़ा से संवदित होकर सारे वनस्पति-जगत अपने गुण-धर्मों को स्वतः प्रकट करने लगे और उन्होंने चरक संहिता का रूप लिया, जो चिकित्सा के क्षेत्र में प्रकाशस्तंभ के समान खड़ा सर्वज्ञ आलोक फैला रहा है। इन्होंने चुनौतियों को स्वीकारा और उनसे ऊबरने एवं जूझने की कुशलता पाई तथा औरों को भी इससे परिचित कराया।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# क्यों लड़कों की तरह पढ़ नहीं सकती लड़कियां?

क्या लड़की होना पाप है? कोई गुनाह है? आखिर क्यों लड़की को यह बार-बार एहसास दिलाया जाता है कि वह एक लड़की है? लड़कियों को बचपन से ही इस तरह से ढाला जाता है कि वह सिर्फ घर के कामों के लिए ही बनी है। बाहर की दुनिया से उनका कोई वास्ता दूर-दूर तक नहीं है। लड़के और लड़कियों में बचपन से ही भेदभाव किया जाता है। लड़के और लड़कियों दोनों को यह सिखाया जाता है कि तुम कौन सा काम कर सकते हो और कौन-सा नहीं? बचपन से ही कामों को बांट दिया जाता है। लड़कियों को बहुत से खेलों में भाग लेने से मना किया जाता है कि तुम एक लड़की हो, यह खेल तुम्हारे लिए नहीं है, समाज क्या कहेगा? पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों का कोई वजूद ही नहीं है। वह खुद के लिए कोई फैसला भी नहीं कर सकती है जबकि लड़का अपना फैसला खुद ले सकता है। लड़कियां वही करेंगी जो घर के मर्द बोलेंगे, पढ़ाई-लिखाई भी घरवालों की मर्जी से करेगी। यहां तक कि एक लड़की अपनी पसंद का कपड़ा भी नहीं पहन सकती है। उक्त बातें कहते-कहते गांव की किशोरियों के चेहरे उदास व रूआंसू हो जाते हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट की मानें तो दुनिया भर में, 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। इनमें क्रमशः 32 मिलियन प्राथमिक स्कूल की उम्र की, 30 मिलियन निम्न-माध्यमिक स्कूल की, 67 मिलियन उच्च-माध्यमिक स्कूल की उम्र की लड़कियां शामिल हैं। लड़कियों की शिक्षा में गरीबी, बाल विवाह, लैंगिक असमानता, हिंसा एवं शिक्षा में निवेश करते समय गरीब परिवार अक्सर लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में गांव भी तेजी से बदल रहे हैं। लोग जागरूक व आधुनिक सोच के हो रहे हैं। लड़कियों की शिक्षा को महत्त्व दिया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर आज भी कुछ ऐसे दलित-महादलित व पिछड़े परिवार हैं जहां लड़कियां पढ़ाई से महरूम हैं। ऐसे परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में बच्चे से लेकर बूढ़े तक मजदूरी पर निर्भर हैं। परिणामतः शिक्षा की लौ नहीं जल पाती है। अशिक्षा के कारण ऐसे परिवार आंडबरों व सामाजिक कुरीतियों व कुचक्रों में जकड़े होते हैं। इन समुदायों में आज भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति घोर उदासीनता है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर क्यों हमारा समाज महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखता है? क्या यह समाज केवल पुरुषों से बनता है? ग्रामीण इलाकों में ऐसे टोले-कस्बों की कमी नहीं जहां लड़कियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। लड़कियों को सांस भी लेने के लिए परिवार के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता है। हमारा समाज जितना ज्ञान लड़कों को देने के लिए व्याकुल रहता है, उतना ही अगर लड़कियों को दी जाए तो वह न केवल सशक्त होंगी बल्कि देश से महिलाओं पर अत्याचार और शोषण का खात्मा भी मुमकिन हो सकता है। हालांकि राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक किशोरियों की शिक्षा के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्हें मैट्रिक, इंटर, यूजी, पीजी आदि करने के लिए प्रोत्साहन राशि और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा पंचायती राज में 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके बावजूद यदि ऐसे समुदायों में सरकार की योजनाएं एवं नीतियां दम तोड़ रही हैं तो इनके क्रियान्वयन पर फिर से समीक्षा करने की ज़रूरत है।

**सिमरन कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# जापान में खानून तूफान के कारण 510 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में शक्तिशाली तूफान खानून के कारण कम से कम 510 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापानी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि ओकिनावा द्वीप पर नाहा हवाई अड्डे और क्यूशू द्वीप के दक्षिणी हिस्से में कागोशिमा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और नौकाएं रोक दी गई हैं। इससे पहले सोमवार को खानून के रुख के कारण सोमवार को 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। वर्तमान में चक्रवात का दबाव 935 हेक्टोपास्कल है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात मंगलवार शाम तक और तीव्र हो जाएगा और इसके केंद्र में दबाव घटकर 925 हेक्टोपास्कल हो जाएगा।



# अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर चिंता जताई

**ढाका,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने बंगलादेश में जारी राजनीतिक हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। अमेरिका की ओर से यह चिंता बंगलादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की स्थायी समित के सदस्य गायेश्वर चंद्र रॉय पर हुए हमले को लेकर व्यक्त की गई है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने स्थानीय समय के अनुसार सोमवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, हम हिंसक कार्रवाई की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच तथा अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की बेवसाइट पर इस संवाददाता सम्मेलन को विस्तृत रूप से प्रकाशित किया गया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक पत्रकार ने श्री मिलर से सवाल किया कि बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर लाखों लोगों ने ढाका में प्रदर्शन किया है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस दौरान पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने शनिवार को शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों तथा विपक्षी दल के



**बीएनपी की स्थायी समित के सदस्य गायेश्वर चंद्र रॉय पर हुए हमले की निंदा की**

नेताओं पर बर्बर तरीके से हमला किया। इस हमले में विपक्ष के शीर्ष नेता रॉय के साथ सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। विपक्ष के खिलाफ बढ़ती पुलिस की बर्बरता और इस मामले पर स्पष्ट रूप से सरकार के सख्त रुख को देखते हुए आप स्थिति का आकलन कैसे करते हैं? बंगलादेश में विश्वसनीय और शांतिपूर्ण चुनाव की संभावना सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग क्या कदम उठाएगा? इसके जवाब में श्री मिलर ने कहा, हम बंगलादेश में इस सप्ताह के शुरू में हुई राजनीतिक हिंसा की निंदा करते हैं। हम बंगलादेश की सरकार से इस मामले में पारदर्शी तथा निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हैं और इस हिंसक कार्रवाई में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम सुरक्षित माहौल बनाने की मांग करते हैं, ताकि बंगलादेश के लोग शांतिपूर्वक एकत्रित हो सकते और अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सके। हम सभी पक्षों से मौलिक अधिकारों और कानून व्यवस्था का आदर करने और हिंसा, उत्पीड़न तथा धमकी के कृत्यों से दूर रहने की मांग करते हैं। इस दौरान एक अन्य पत्रकार ने सवाल किया कि हर कोई जानता है कि बंगलादेश में राष्ट्रीय चुनाव हुए थे। अमेरिका ने बंगलादेश में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए एक वीज़ा नीति की घोषणा की है। इसके अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री ने अमेरिका और यूरोपीय संघ को आश्वासन दिया है कि बंगलादेश स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे, लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने पिछले सप्ताह देश की राजधानी में आगजनी, आतंक और बर्बरता फैलाई है।

# आंग सान सू ची की जेल की सजा कम हुई

**यांगून,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने मंगलवार को अपदस्थ नेता आंग सान सू ची और पूर्व राष्ट्रपति यू विन म्यिंट की सजा कम कर दी, जबकि 7,000 से अधिक कैदियों को माफी भी दे दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, परिषद ने कहा कि सू ची की सजा छह साल और यू विन म्यिंट की चार साल कम कर दी गई है।

नोबेल पुरस्कार विजेता और पूर्व राष्ट्रपति को 1 फरवरी, 2021 को सैन्य तख्तापलट के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

माफी से सू ची की 33 साल की जेल की सजा छह साल कम हो जाएगी। समय-समय पर माफी की घोषणा पहले भी की जा चुकी है, लेकिन यह पहली बार है जब अपदस्थ नेता और माइंट को शामिल किया गया है। इस बीच, आदेश के अनुसार, परिषद ने 7,749 घरेलू कैदियों और 125 विदेशी कैदियों की सजा भी माफ




कर दी, जबकि कुछ की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। इसके अलावा, परिषद ने जातीय सशस्त्र समूहों के 22 सदस्यों की सजा माफ कर दी और 72 व्यक्तियों से संबंधित मामलों को भी खारिज कर दिया, जो जातीय सशस्त्र समूहों के संबंध में थे। सू ची, जो तख्तापलट के बाद से घर में नजरबंद थीं, को पिछले साल राजधानी ने पी ताव की एक जेल में एकान्त कारावास में ले जाया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो वर्षों में उनकी लगभग कोई खबर सामने नहीं आई है और उनके बीमार होने की भी अफवाह थी, लेकिन सेना ने इन खबरों का खंडन किया है।

## सुडोकू 6274

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 2 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष -व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ -विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन -आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखिएगा।

कर्क -आज का दिन दोस्तों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का भी आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में भी लाभ होने की संभावना अधिक है। भागीदारों से भी लाभ होगा।

सिंह -मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या -आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला -आज आप शारीरिक रुप से शिथिलता और मानसिक रुप से चिंता का अनुभव करेंगे। माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति से संबंधित कामों में सावधानी बरतें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु -आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कामों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना आपके लिए बेहतर होगा।

मकर -आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें।

मीन -आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ओआईसी की सिफारिशों की जांच करेगा स्वीडन

**स्टॉकहोम,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन यूरोपीय देशों में कुरान जलाने के विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला के इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से अपनाए गए प्रस्ताव की सावधानीपूर्वक जांच करेगा। विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्टॉकहोम संगठन के साथ घनिष्ट सहयोग में रुचि रखता है। श्री बिलस्ट्रॉम ने ट्वीट किया, 57 ओआईसी सदस्य देशों ने अब एक प्रस्ताव अपनाया है जिसमें कई सिफारिशें हैं। हम इनकी सावधानीपूर्वक जांच करेंगे और ओआईसी और इसके सदस्य देशों के साथ अपनी महत्वपूर्ण बातचीत जारी रखेंगे। हमें घनिष्ट सहयोग में रुचि है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वीडिश सरकार ने देश में इस्लाम विरोधी प्रदर्शनों से 'खुद को दूर रखने का स्पष्ट रुख' अपनाया। उन्होंने कहा कि स्वीडिश न्याय मंत्रालय देश के सार्वजनिक व्यवस्था कानून सहित कानूनी विश्लेषण कर रहा था। उल्लेखनीय है कि हाल के सप्ताहों में, डेनमार्क और स्वीडन में कुरान जलाने के कई प्रदर्शन हुए। गत 28 जून को, ईद उल-अज़हा छुट्टी के पहले दिन, स्टॉकहोम की मुख्य मस्जिद के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन में कुरान की एक प्रति जला दी गई। जनवरी में स्वीडन में भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ था। अधिकांश मुस्लिम देशों ने इन विरोध प्रदर्शनों की निंदा की।

# चुनाव जांच को रद्द करने संबंधी ट्रंप के प्रयास खारिज

**वाशिंगटन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अदालत से उस समय झटका लगा, जब एक अदालत ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जॉर्जिया प्रांत उनके (श्री ट्रम्प) कथित हस्तक्षेप की जांच को रद्द करने के प्रयासों को खारिज कर दिया।



स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश रॉबर्ट मैकबर्नी ने जॉर्जिया जिले के वकील को उन (श्री ट्रम्प) पर मुकदमा चलाने और मामले की जांच में एकत्र किए गए कुछ सबूतों का उपयोग करने से रोकने के लिए श्री ट्रम्प की कानूनी टीम के प्रयासों को खारिज कर दिया।

श्री मैकबर्नी ने अपने फैसले में कहा कि फुल्टन काउंटी के जिला अटॉर्नी फानी विलिस को जांच को आगे बढ़ाने से रोकने का कोई आधार नहीं है। सुश्री विलिस ने सुझाव दिया है कि वह आने वाले हफ्तों में मामले में आरोप की मांग कर सकती है। जॉर्जिया में श्री ट्रम्प की कानूनी टीम ने पहले राज्य में विशेष ग्रैंड जूरी की संवैधानिकता और अभियोजक के कार्यालय के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए अदालत से विशेष प्रयोजन ग्रैंड जूरी जांच से सभी सबूतों को बाहर निकालने और सुश्री विलिस को अयोग्य घोषित करने के लिए की अपील की थी।

## सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट जारी

श्री ट्रम्प की ओर से कहा गया था कि विशेष ग्रैंड जूरी के पास अभियोग लगाने की शक्ति नहीं थी, लेकिन उसने सम्मन जारी किया और गवाहों से सुनवाई की और सुश्री विलिस के लिए सिफारिशों के साथ एक अंतिम रिपोर्ट जारी की।

## वर्ग पहेली 6274

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कलाकार, गुणवान निपुण (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल, वेग (उर्दू)
७. विफल (उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना, मांगना
११. गुत्थी, फंसाव, कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा, विपत्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. आज्ञापत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित, आज्ञा, आज्ञापत्र (उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम, उत्पादक जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना, अंतरित करना
१६. बचा-खुचा
१८. बाहरी, इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक, विभिन्न

### वर्ग पहेली-6273

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | धु | २ सू | द | ३ न | ■ | ४ अ | नि | ५ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ६ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ७ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ द |
| द | ■ | न | ■ | १० तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | ११ नि | या | १२ म | क | ■ | ■ | १३ हा | शि | या |
| ■ | ष्फ | ■ | नो | ■ | १४ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | णा | ■ | १७ त | १८ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १९ क | ल | २० प | ■ | क्त | ■ |
| २१ दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २२ द | ल | प | २३ ति |
| व | ■ | २४ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# चीन के हेबई प्रांत में मूसलाधार वर्षा से नौ लोगों की मौत, छह लापता



**बीजिंग,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई में मंगलवार दोपहर तक मूसलाधार वर्षा के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर तक हेबेई में मूसलाधारी बारिश से अचानक आई बाढ़ और तूफान से 87 काउंटियों और जिलों में से कुल 5,40,703 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि आपदा से हुए आर्थिक नुकसान की अभी भी जांच की जा रही है। अब तक, करीब 8,47,400 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है। मुख्य प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार, शनिवार से हेबेई प्रांत में मूसलाधार बारिश जारी है। ज़ुओझोउ शहर हेबेई का एक क्षेत्र है जो बारिश के कारण आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे तक ज़ुओझोउ के 146 गांवों के कुल 1,33,913 लोग भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं।

## चीन में इमारत ढहने से चार लोगों की मौत

हार्बिन। पूर्वोत्तर चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत के नानचा काउंटी में सोमवार को एक इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि इमारत के ढहने के कारण की जांच की जा रही है।

# ट्विटर ने मुख्यालय में लगा नया 'एक्स' लोगो हटाया

**वाशिंगटन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। ट्विटर ने अमेरिका में कैलीफोर्निया प्रांत के सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने मुख्यालय की इमारत के ऊपर से बिना अनुमति के लगाए गए 'एक्स' लोगो को हटा दिया है। एनपीआर न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक सैन फ्रांसिस्को के भवन निरीक्षण विभाग को इस लोगो को लेकर संरचनात्मक सुरक्षा से संबंधित 24 शिकायतें मिली थी। सैन फ्रांसिस्को बिल्डिंग इंस्पेक्शन विभाग के प्रवक्ता पैट्रिक हन्नान ने कहा कि बिना अनुमति स्थापना के लिए संपत्ति के मालिक से शुल्क का आकलन किया जाएगा। यह शुल्क संरचना की स्थापना और हटाने के लिए इमारत परमिट के लिए होगा। भवन निरीक्षण विभाग और योजना विभाग की जांच की लागत को कवर करने के लिए होगा। पिछले सप्ताह, ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर 'एक्स' कर दिया। शुक्रवार को एक ट्वीट में श्री मस्क ने एक के बाद एक कंपनियों के चले जाने के बावजूद शहर को कभी नहीं छोड़ने की कसम खाई।

## आज का इतिहास

1763- मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया की लड़ाई में मीर कासिम को हराया।
1790- अमेरिका में पहली बार जनगणना की गई। उस समय अमेरिका की जनसंख्या 39 लाख के आसपास थी, जिसमें से करीब 7 लाख बंदी लोग थे।
1831- नीदरलैंड की सेना ने दस दिन के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
1858- ब्रिटिश सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट पारित किया, जिसके बाद भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश राजशाही के हाथ में चला गया। भारत में ब्रिटिश सरकार के शीर्ष प्रतिनिधि के रूप में वायसराय का ओहदा बनाया गया।
1870- लंदन में थेम्स नदी के नीचे दुनिया के पहले अंडरग्राउंड रेलवे की शुरुआत हुई।
1878- भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' की रचना करने वाले पिंगली वेंकैया का जन्म।
1922- चीन में समुद्री तूफान से लगभग साठ हजार लोगों की मौत।
1943- दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जापानी नौसेना ने अमेरिकी जहाज पीटी-109 को डुबा दिया। यही घटना विश्वयुद्ध में अमेरिका के शामिल होने की वजह बनी।
1944- तुर्की ने जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1955- सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।।
1984- यूरोप की मानवाधिकार अदालत ने ब्रिटेन के एक नागरिक की फोन टैपिंग को यूरोपीय संधि का उल्लंघन बताया।1987- विश्वनाथ आनंद ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती।
1990- इराक ने कुवैत पर हमला किया।
1990- इराकी राष्टपति सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर हमला करके खाड़ी युद्ध की शुरुआत की। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म लॉन्च किया, जिसके बाद इराक ने कुवैत पर कब्जा छोड़ा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पीएससी की आगामी परीक्षाओं में ...**

सिंह, कलेक्टर सौरभ कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

रायगढ़ से आये युवा संग्राम सिंह ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आपके चेहरे की चमक का राज क्या है। मुख्यमंत्री ने उत्तर दिया कि मेरे चेहरे की चमक का राज छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता की दुआ है। कोरबा से आई कविता ने बताया कि हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने के लिए बड़ा काम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया है। साइंस कालेज बिलासपुर के छात्र प्रियांशु दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा हर समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। प्रदेश में युवा ऊर्जा के लिए बहुत सकारात्मक माहौल है।

**तब कलेक्टर थे अजीत जोगी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे स्टूडेंट**

सक्ती के हसौद महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्रा दर्शनी रात्रे ने कहा कि मैं कालेज स्टूडेंट हूं, सभी के कॉलेज जीवन में कुछ न कुछ किस्सा होता है, मुख्यमंत्री जी आपके कालेज जीवन का कौन सा यादगार किस्सा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मैं साइंस कॉलेज, रायपुर में मैथ्स लेकर पढ़ रहा था। तीन हॉस्टल थे। किसी भी हॉस्टल में पंखा नहीं था, हमने तीनों हॉस्टल में पंखा लगाने की मांग लेकर प्रदर्शन किया। अजीत जोगी जी उस दौरान कलेक्टर थे, वो आए और हमारी बात सुनी और 8 दिनों में हमारी मांग पूरी हो गई।

**युवाओं ने की माँग, मुख्यमंत्री ने की पूरी**

सारंगढ़ से आई एक छात्रा ने कहा कि उनके कालेज में बाटनी में पीजी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले सत्र से इसे आरंभ कर देंगे। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में महाविद्यालय आरंभ करने के लिए युवाओं ने धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग में वैकेंसी जल्द ही निकाली जाएंगी। मुंगेली की एक छात्रा ने पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की माँग की। मुख्यमंत्री ने इसे पूरा करने की घोषणा की।

**सीजीपीएससी की तैयारी के लिए बिलासपुर में खोलेंगे हास्टल**

मुख्यमंत्री से एक छात्रा ने कहा कि बिलासपुर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा बाहर से सीजीपीएससी की तैयारी करने आते हैं। इनके लिए एक हॉस्टल हो जाएगा तो बहुत अच्छी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा सुझाव है। अगले सत्र से हॉस्टल की सुविधा हो जाएगी।

**शिक्षक नियुक्ति घोटाले में ...**

जिला व ब्लॉक मुख्यालय के आसपास के स्कूलों में रिक्त पदों को छिपा दिया गया। इसके बाद दिखावे के लिए काउंसिलिंग किया गया। फिर कुछ ही दिन में छिपाए गए पदों पर संशोधन के नाम पर लेनदेन कर पोस्टिंग आदेश जारी किया गया।

इससे पहले बिलासपुर संभाग में भी शिक्षा विभाग में पोस्टिंग घोटाला उजागर होने के बाद जॉइंट डायरेक्टर और सहायक ग्रेड-2 को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन, जांच रिपोर्ट आने के बाद भी इस गंभीर मामले में लीपापोती शुरू हो गई थी।

**बिजली बिल 7 पैसे ...**

एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लेने के निर्देश दिए हैं। अब आयोग व्दारा निर्धारित विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर से वास्तविक विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर में अन्तर की राशि को एफपीपीएएस के माध्यम से सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर उनके द्वारा खपत की गई विद्युत के उर्जा प्रभार पर प्रतिशत अनुसार किये जाने की व्यवस्था की गई है।

मई महीने में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 10.29 प्रतिशत की दर से ली गई थी, जो जून महीने में 14.23 प्रतिशत हो गई है। अत- जुलाई में की गई बिजली खपत में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 38 पैसे के स्थान पर 53 पैसे प्रति यूनिट अधिरोपित किया जाएगा। इस तरह 100 एवं 200 यूनिट खपत पर 15 पैसे प्रति यूनिट, 300 यूनिट पर 17 पैसे और 400 यूनिट पर 18 पैसे प्रति यूनिट की दर बिल में वृद्धि संभावित है। इसमें राज्य सरकार व्दारा 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करने पर सात से नौ पैसे प्रति यूनिट का ही भार पड़ेगा। 500 से एक हजार यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में 19 से 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लिया जाएगा।

## दुनिया को जानें

# न्यूयॉर्क में एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले शहर न्यूयॉर्क में टेकआउट ऑर्डर में एकल-उपयोग प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। नए नियमों के तहत शहर में रेस्तरां और डिलीवरी सेवाओं को टेकआउट और डिलीवरी ऑर्डर में प्लास्टिक के बर्तन, मसाला पैकेट, नैपकिन या अतिरिक्त कंटेनर प्रदान करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि ग्राहक उनके लिए न पूछें इसका मतलब है कि रेस्तरां अब ग्राहक के अनुरोध के बिना स्वचालित रूप से प्लास्टिक के कंटेनर, चाकू और कांटे, मेयो के पैकेट, ड्रेसिंग, साथ ही केचप को शामिल नहीं करेंगे। एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक कचरे को कम करने के उद्देश्य से नए उपाय इस साल की शुरुआत में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स द्वारा हस्ताक्षरित 'स्किप द स्टफ' कानून के तहत लागू हुए हैं। नियमों के लिए चेतावनी की अवधि 30 जून 2024 को समाप्त हो रही है, फिर उल्लंघन के लिए जुर्माना जारी किया जाएगा। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को दंड के तौर पर पहले अपराधी के लिए 50 अमेरिकी डॉलर, दूसरे के लिए 150 डॉलर और तीसरे के लिए 250 डॉलर जुर्माना देना होगा।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे जोकोविच

**ओहियो ( अमेरिका ),** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सोमवार को जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल ड्रॉ के लिए साइन किया है, जो यूएस ओपन से पहले उनका एकमात्र अभ्यास कार्यक्रम है। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार नहीं होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है।



# इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान कप्तान बनेंगे बेन स्टोक्स : माइकल वॉन

**लंदन,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम के नेतृत्व के लिए बेन स्टोक्स की प्रशंसा की है और उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में दमदार वापसी की। 0-2 से सीरीज में पिछड़ने के बावजूद इस टीम ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता।

वॉन ने कहा, वह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है। मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा। द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है। लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने में मदद की - और यह निश्चित रूप से एक आदर्श विरासत है। उन्होंने आगे कहा कि स्टोक्स को भविष्य में एक ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने टीम में अपने खिलाड़ियों के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने की कोशिश की। यह एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई है, लेकिन दोनों कप्तानों में स्टोक्स की तुलना में पैट कमिंस के लिए सवाल ज्यादा होंगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि स्टोक्स क्या हासिल करना चाह रहे हैं। फिलहाल, वह इंग्लैंड में मौजूद सभी प्रतिभाओं से सर्वश्रेष्ठ हासिल करना चाहते हैं और उन सभी को यह सोचने पर मजबूर करना चाहते हैं कि वे कितने अच्छे हो सकते हैं। एशेज के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे। वॉन को उम्मीद है कि इंग्लैंड भारत में टेस्ट सीरीज के दौरान स्टोक्स के नेतृत्व में अपना अति-आक्रामक खेल खेलना जारी रखेगा।



## इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है : रिकी पोंटिंग

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सोमवार को खत्म हुई एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। पोंटिंग ने कहा, यदि आप उनके पास मौजूद खिलाड़ियों को देखें, तो मुझे नहीं लगता कि ब्रैंडन मैकुलम (मुख्य कोच) उन्हें ज्यादा कुछ कह रहे हैं। वह बस इतना बोल रहे हैं, बाहर जाओ और अपने तरीके पर भरोसा करो। यह एक युवा टीम है, कुछ लोगों ने बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। हैरी ब्रुक, बेन डकेट और जैक क्रॉली सभी अभी भी सुधार कर सकते हैं। इंग्लैंड बेहतर होगा, बस चीजों में थोड़ा बदलाव करते रहें। हालांकि पहली दो सीरीज़ हारने के बाद इंग्लैंड बैकफुट पर था, पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इंग्लैंड अपने अति-आक्रामक दृष्टिकोण से पीछे नहीं हटा और उसने इस सीरीज में कुछ सबक भी सीखे। इंग्लैंड के पास पहले दो टेस्ट मैचों में मौके थे और उन्हें पता था कि उनकी शैली ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले खरी है। जब भी हमने उनसे बात की तो आप स्टोक्स-मैकुलम या सभी खिलाड़ियों की बातों में झलक रहे आत्मविश्वास को सुन सकते थे। उन्होंने कहा, वो इस बात पर अटल थे कि वह क्या करना चाहते थे और कैसे खेलना चाहते थे। मुझे लगता है कि उन्होंने इस दौरान बहुत कुछ सीखा है। इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है, जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।

# एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा लेगी भारतीय सॉफ्टबॉल टीम



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भारत पहली बार सॉफ्टबॉल के खेल में प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एशियाड में हिस्सा लेने के लिये 16-सदस्यीय महिला टीम का चयन किया गया है। टीम चयन के लिये संभावितों की सूची के लिये परीक्षणों के बाद जून-जुलाई में दो सप्ताह के कोचिंग कैंप और परीक्षणों का आयोजन किया गया था। इस टीम में तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी चुना गया है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र ने भारतीय टीम में सबसे अधिक खिलाड़ियों का योगदान दिया। राज्य की पांच लड़कियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, जबकि केरल और पंजाब से क्रमशः तीन और दो खिलाड़ियों को चुना गया है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी ने टीम में जगह बनायी है। सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, एशियाई खेलों में भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम की भागीदारी हमारे खिलाड़ियों के लिये चमकने और महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपनी योग्यता साबित करने का अवसर है। इसके अलावा, यह उपलब्धि युवा एथलीटों, विशेषकर लड़कियों की भावी पीढ़ियों को सॉफ्टबॉल को पसंदीदा खेल के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करेगी।

उल्लेखनीय है कि सॉफ्टबॉल पहली बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहा है। भारत को एशियाई चैंपियनशिप में नियमित भागीदारी के आधार पर एशियाई खेलों में वाइल्ड कार्ड प्रवेश दिया गया है।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय सॉफ्टबॉल टीम : ऐश्वर्या रमेश पुरी, ऐश्वर्या सुनील बोडके, मोनाली मानसिंग नातू, स्वप्नाली सी वेडनेड, सई अनिल जोशी, अंजलि पल्लिकरा, स्टेफी साजी, रिंटा चेरियन, ममता गुगुलोथ, गंगा सोना, ममता मिन्हास, संदीप कौर, कुमारी मनीषा, ईशा, स्वेतासिनी सबर, नित्या मालवी, प्रियंका बघेल (स्टैंडबाय)।

अतिरिक्त खिलाड़ी : मनीषा कुमारी, प्रीति वर्मा, चित्रा।

## महिलाओं की 50 मीटर 3पी में सिफ्ट कौर, आशी चौकसे 1-2 से आगे रहीं, भारत ने दो स्वर्ण



**चेंगदू ( चीन ),** 1 अगस्त (आईएएनएस)। राइफल निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा और आशी चौकसे ने स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारतीय निशानेबाजों ने मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन 31वें एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में चमक जारी रखते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। मंगलवार को इन चार पदकों के साथ भारत और चीन निशानेबाजी में 13 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहे। भारत के 4 स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक की तुलना में चीन आठ स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। सिफ्ट कौर और आशी महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ये दोनों उस टीम का हिस्सा थीं, जिसने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अर्जुन चीमा, वरुण तोमर और अनमोल जैन की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की राइफल स्पर्धा में, सिफ्ट कौर शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 462.9 का स्कोर किया और हमवतन आशी चौकसे से आगे रहीं, जिन्होंने 461.6 का स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन की वांग ज़ेरू ने 451.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में तीसरी भारतीय मानिनी कौशिक पहली दो श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहने के बाद बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं। सिफ्ट पहली दो श्रृंखलाओं में 154.1 और 166.8 के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ आयीं, जिसमें सभी स्कोर 50-प्लस रेंज में थे। आशी ने पहली श्रृंखला की शुरुआत घुटना टेककर 49 और प्रोन तथा खड़े दोनों स्थितियों में 50.4 और 50.6 के साथ की। उन्होंने दूसरी सीरीज में 52.0, 52.6 और 52.5 का स्कोर किया और खुद को पदक की दौड़ में बनाए रखा। अगली श्रृंखला में सिफ्ट ने 50.7 और 51.5 का स्कोर किया जबकि आशी ने 52.2 और 51.6 का स्कोर किया। सिफ्ट ने अपना पलड़ा भारी रखते हुए आशी को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। आशी, मानिनी और सिफ्ट की भारतीय महिला टीम ने फाइनल में 194 इनर 10 के साथ 3527 अंकों का कुल स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 3523 (173 टेन) के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और चेक गणराज्य ने 164 इनर 10 के साथ 3501 के साथ कांस्य पदक जीता। सिफ्ट कौर ने 1180 (66 टेन) के स्कोर के साथ भारत के लिए स्कोरिंग का नेतृत्व किया, जिसमें आशी ने 1174 (67 टेन) और मानिनी कौशिक ने 1173 (61 टेन) का योगदान दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में, वरुण तोमर, अर्जुन सिंह चेमा और अनमोल जैन की भारतीय टीम 1730 अंक और 57 इनर 10 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# हमें हाल ही के रणनीतिक बदलावों को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में लागू करने के मकसद से उतरेंगे : फुल्टन

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर पर आयोजित चार देशों के अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में नीदरलैंड को 2-1 से हरा तीसरे स्थान पर रहने के बाद बहु-प्रतीक्षित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी , चेन्नै 2023 में शिरकत करने के लिए मंगलवार सुबह चेन्नई पहुंच गई। चेन्नै पहुंच टीम एक इकाई के रूप में अपनी रणनीतिक योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कड़े अभ्यास में जुट गई। मेजबान भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कामयाब टीम है और इन दोनों टीमों ने अब तब तक यह खिताब तीन-तीन बार जीता है। भारत अब अपने घर चेन्नै में रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीत नया इतिहास रचने के मकसद से उतरेगा। इसमें भारत,पाकिस्तान, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान और मलयेशिया सहित कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत अपने अभियान का आगाज बुधवार को पहले दिन के अंत चीन के खिलाफ मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आखिरी मैच से करेगा। छह टीमें इसमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेलेंगी और हरेक टीम पांच-पांच मैच खेलेगी और अंकों के आधार पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। भारत की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और टीम के हाल ही के प्रदर्शन की बाबत चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, %मेरा मानना है कि हमने स्पेन में हाल ही सम्पन्न चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने बीते दस दिनों और में वाकई कुछ मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ बढ़िया खेल दिखाया। हम जैसे खेलना पसंद करते हैं हमने उस तरह खेलना शुरू कर दिया है। हमने अपने हाल ही के मैचों में अपने खेल में कुछ रणनीतिक बदलाव किए हैं। अब एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में इन रणनीतिक बदलावों को लागू करने के मकसद से उतरेंगे। हम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को एशियाई खेलों की तैयारियों के मंच के रूप में इस्तेमाल करेंगे।



**■ हम जैसा खेलना पसंद करते हैं, वैसा खेलना शुरू कर दिया है**

### हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण : हरमनप्रीत सिंह

दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार से चेन्नई में शुरू हो रही आगामी हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी , चेन्नै 2023 और अगले महीने हांगजू (चीन) में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों की बाबत हॉकी ते चर्चा में खुल कर बोले। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के मकसद से उतरेगी। हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों जैसे अहम टूर्नामेंटों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मेंटल हेल्थ कंडीशनिंग कोच पैडी अपटन को नियुक्त कर उनके मार्गदर्शन मेंटल कंडीशनिंग शिविर के साथ नीदरलैंड के जाने माने गोलकीपिंग कोच डैनिस वान डी पोल की भारतीय गोलरक्षकों के लिए खास शिविरों की अहमियत पर चर्चा की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, %हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हमें हांगजू एशियाई खेलों से पहले बढ़िया मैच खेलने को मिलेंगे। यह हमारे खिलाडियों के लिए अच्छा अनुभव होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमने अपनी जिन रणनीतियों पर मेहनत की है उन्हें अमली जामा पहनाए। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट हमारे लिए खिलाडियों के अहम होगा। अनुभवी पैडी अपटन जैसे मेंटल कंडीशनिंग कोच और डेनिस जैसे गोलकीपिंग कोच से सीखना हमारे गोलरक्षको के लिए बेहद अहम है और इसका बहुत फर्क पड़ेगा।

## हमें हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा : हार्दिक सिंह

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह ने टीम के स्पेन में प्रदर्शन की तारीफ की और कहा, हमने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 2-1से जीत के साथ स्पेन मे टूर्नामेंट में तीसरा स्थान पाने के साथ पिछले कुछ मैचों में बढिया प्रदर्शन किया। अब जहां तक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खेल में सुधार की बात है तो मेरा मानना है कि हमें मैच में सकारात्मक शुरुआत के लिएं शुरू से आखिर तक तेज रफ्तार हॉकी खेलनी होगी। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने वाली हर टीम बढिया है और मजबूत चुनौती पेश करेगी। हमें इसीलिए हर मैच में खुद को शिद्दत से तैयार करना होगा और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।' हार्दिक सिंह ने मस्कट में 2018 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया और वहां पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल बारिश के धुलने से दोनों टीम संयुक्त विजेता रही थी। हार्दिक कहते हैं, %यह मेरा भारत के लिए पहला अहम टूर्नामेंट था, लेकिन मैं किसी दबाव में नहीं क्योंकि मैं जानता था कि मुझे अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ देना हैं। स्पेन में हाल ही हुए चार देशों के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट के दौरान मैंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में खेलने कर भारत के लिए सौ अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए और मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है मुझे भारत के लिए खेलने का इतना मौका मौका मिला।

## सार संक्षेप

### एशेज एक हेवीवेट बॉक्सिंग मैच की तरह है : ब्रैंडन मैकुलम

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने द ओवल में पांचवें और अंतिम मैच के बाद एशेज श्रृंखला की तुलना दो हैवीवेट मुक्केबाजों के बीच मुकाबले से की, जिसमें दोनों पक्षों की जबरदस्त ताकत पर जोर दिया गया। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड ने पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया को 49 विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम की इस जीत के साथ ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। हालांकि एशेज कलश ऑस्ट्रेलिया के पास ही रहा। सीरीज ड्रॉ पर खत्म होने के बाद इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम ने बड़ा बयान दिया है। मैकुलम ने कहा, इस श्रृंखला का हिस्सा बनना अद्भुत है। विपरीत शैलियों वाली दो अविश्वसनीय क्रिकेट टीमें हेवीवेट बॉक्सिंग लड़ाई की तरह हैं। यह वाकई खास था मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि जिस तरह से हमारे लड़के पूरी सीरीज के दौरान हम जो करना चाहते हैं उसके प्रति बहुत मजबूत रहे। मैकुलम ने स्टार तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की भी सराहना की, जिन्होंने श्रृंखला के अंत में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया। इंग्लिश टीम के कोच ने कहा, 'वह जो हासिल करने में सक्षम हुए हैं वह बिल्कुल आश्चर्यजनक है।' टीम को ड्रेसिंग रूम में ब्रॉड की कमी खलेगी। इस गेंदबाज ने अपने करियर में जो मुकाम हासिल किया वो कुछ शब्दों में बताना मुश्किल है। मैकुलम को अपने खिलाड़ियों और पहले दो टेस्ट हारने पर चुनौतीपूर्ण क्षणों में दिखाए गए जुझारूपन पर गर्व है।

### चीन को रौंदकर ग्रुप-डी के शीर्ष पर इंग्लैंड

**एडिलेड।** लौरेन जेम्स के दो दर्शनीय गोलों के दम पर इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में चीन को 6-1 से रौंदकर ग्रुप-डी तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हिंडमार्श स्टेडियम पर इंग्लैंड की इस विशाल जीत में लौरेन ने 41वें और 65वें मिनट में गोल किये, जबकि एलिसिया रूसो, लौरेन हेम्प, क्लोई केली और रेचल डेली ने एक-एक गोल का योगदान दिया।

# उम्मीद करता हूं कि बुमराह भविष्य में चोटों से मुक्त रहें : हरभजन

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी से खुश हैं और कामना करते हैं कि तेज गेंदबाज भविष्य में चोट मुक्त रहें । इंजरी के कारण 10 महीने तक टीम इंडिया से बाहर रहे जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में हरभजन ने बुमराह को उनके ठीक होने पर बधाई दी और तेज गेंदबाज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हरभजन ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं। बुमराह काफी समय से एक्शन से दूर हैं। इंजरी के कारण वो ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप से भी चूक गए।साथ ही यूएई में हुए एशिया कप में भी वो नजर नहीं आए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापसी का प्रयास किया। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हुए।

हरभजन ने कहा कि बुमराह तेज गेंदबाजी विभाग में उतना ही महत्व रखते हैं जितना कि विराट कोहली बल्लेबाजी में रखते हैं। उन्हें बहुत याद किया गया है, चाहे आप डब्ल्यूटीसी फाइनल देखें या उससे पहले खेले गए क्रिकेट को देखें। मैं पहले भी कहता था और आज भी कह रहा हूं कि अगर हम बल्लेबाजी के बारे में बात करते हैं, तो हम विराट कोहली के बारे में बात करते हैं, और अगर गेंदबाजी में कोई विराट कोहली हैं, तो वह हैं जसप्रीत बुमराह। उनसे बड़ा कोई नाम नहीं है। इस गेंदबाज ने 60 टी20 में 6.62 की इकॉनमी रेट के साथ 70 विकेट लिए हैं।



**जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं**
**: हरभजन सिंह**

# स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित होगा महिला विश्व कप सुपर-16 चरण

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसिया)। भारत के प्रमुख खेल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में जारी फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर 16 चरण के प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टार स्पोर्ट्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके चैनलों पर टूर्नामेंट के सुपर-16 मुकाबलों के लाइव प्रसारण के अलावा ग्रुप चरण मुकाबलों की हाइलाइट्स भी दिखाई जायेंगी। प्रसारणकर्ता सेमीफाइनल और फाइनल के लिये क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री जोड़कर टूर्नामेंट के कवरेज को बढ़ाने की भी योजना बना रहा है। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने फीफा विश्व कप 2023 के साथ जुड़ाव पर कहा, फीफा महिला विश्व कप 2023 महिलाओं के खेल का अंतिम प्रदर्शन और उत्सव है। यह खेल में रुचि रखने वाली या आगे बढ़ने की इच्छुक लड़कियों के लिये प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह उन लाखों प्रशंसकों के लिये एक बड़ा आकर्षण है जो फुटबॉल की सर्वश्रेष्ठ पेशकश देखने की इच्छा रखते हैं। हम इस साझेदारी को महिलाओं के खेल की यात्रा में एक मील के पत्थर के रूप में देखते हैं। फीफा महिला विश्व कप 2023 का आयोजन 20 जुलाई से ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में हो रहा है। टूर्नामेंट के सुपर-16 चरण की शुरुआत पांच अगस्त को होगी, जबकि फाइनल 20 अगस्त को खेला जायेगा।




### सुडोकू 6274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें आज भी स्थिर रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## दूसरी तिमाही में देश में सोने की मांग में सात प्रतिशत की कमी



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में तेजी आने के साथ ही वैश्विक स्तर की अनिश्चितता की स्थिति के कारण लोगों के अधिक व्यय करने से बचने की वजह से देश में दूसरी तिमाही में पीली धातु की मांग में सात प्रतिशत की कमी रही है और अप्रैल से जून की इस तिमाही में भारत में 158.1 टन सोने की बिक्री हुयी है। विश्व स्वर्ण परिषद की आज जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में देश में 170.7 टन सोने की बिक्री हुयी थी जबकि इस वर्ष की समान अवधि में यह घटकर 158.1 टन रह गया। इसमें कहा गया है कि पहली छमाही में देश में कुल मिलाकर 271 टन सोने की मांग रही है और यदि मानसून ने साथ दिया तथा त्योहारी सीजन विशेषकर दिवाली के समय मांग आयी तो इस वर्ष भारत में 650 से 750 टन सोना बिक सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कीमतों में हुय वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में 82530 करोड़ रुपए का सोना बिका है जबकि वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा 79270 करोड़ रुपए रहा है। इस वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में कुल आभूषण की मांग 2022 की दूसरी तिमाही के 140.3 टन की तुलना में आठ प्रतिशत कम होकर 128.6 टन रही। आभूषण की मांग का मूल्य 67,120 करोड़ रुपए था, जो 2022 की दूसरी तिमाही 65,140 करोड़ रुपए से 3 प्रतिशत की वृद्धि है।

**पहली छमाही में देश में कुल मिलाकर 271 टन सोने की मांग रही**

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की दूसरी तिमाही में कुल निवेश मांग 2022 की दूसरी तिमाही के 30.4 टन की तुलना में 3 प्रतिशत घटकर 29.5 टन रह गई। 2023 की दूसरी तिमाही में भारत में पुनर्चक्रित कुल सोना 37.6 टन था, जबकि 2022 की दूसरी तिमाही में 23.3 टन की तुलना में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2023 की दूसरी तिमाही में भारत में कुल सोने का आयात 209 टन था, जबकि 2022 की दूसरी तिमाही के 180.7 टन की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## एम्स में जैक्सन ग्रुप ने लगाया नौ किलोवॉट का सोलर पैनल



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां) ऊर्जा एवं अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) कंपनी जैक्सन ग्रुप ने दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के साथ एक साझेदारी की है जिसके तहत एम्स के निदेशक के बंगले पर नौ किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया गया है। कंपनी ने इस साझेदारी के तहत पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल उपाय अपनाते हुए ये पैनल लगाए हैं। जैक्सन ग्रुप की सीएसआर इकाई जैक्सन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 किलोवॉट का ये प्रोजेक्ट लगाया गया है जिससे हर साल 13,140 यूनिट बिजली का उत्पादन होने की उम्मीद है। इससे खपत की 100 फीसदी बिजली तैयार हो जाएगी। कंपनी ने अपने सबसे नए और सबसे बेहतर हेलिया सीरीज के सोलर पैनल लगाए हैं, जो हाफ कट मोनोपीईआरसी सोलर सेल की ए प्लस कैटेगरी पर बनाए गए हैं और कम एलसीओई प्रोवाइड करते हैं।

एम्स के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और आईआरईडीए के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पी के दास ने आज इसका उद्घाटन किया। जैक्सन ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, 'हमें इस परियोजना के लिए एम्स, दिल्ली के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। एक डायवर्स ऊर्जा कंपनी के रूप में जैक्सन नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न समाधानों के माध्यम से पूरे देश में नेट जीरो मिशन का समर्थन करने के लिए मजबूती से प्रतिबद्ध है और एम्स के साथ हमारी साझेदारी यही प्रतिबद्धता दिखाती है। हम एम्स को उनकी हरित यात्रा शुरू करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अभियान में अन्य प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाला उदाहरण स्थापित करने की बधाई देते हैं।' डॉ श्रीनिवास ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'पर्यावरण से जुड़े हमारे उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है। हम न केवल अपने परिचालन को बेहतर बनाने में, बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यावरण के हित में योगदान देने के लिए भी ग्रीन एनर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान रहे हैं। यह सहयोग हेल्थकेयर के टिकाऊ प्रचलनों को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है और हमें उम्मीद है कि यह अन्य संस्थानों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।' इस परियोजना के साथ जैक्सन ने हेल्थकेयर के इस प्रतिष्ठित संस्थान के साथ एक और बड़ा लैंडमार्क स्थापित किया है। इससे पहले जैक्सन एम्स के भुवनेश्वर और ऋषिकेश कैंपस के लिए पावर बैक-अप सॉल्यूशन और ईपीसी सर्विसेज प्रोवाइड कर चुकी है।'

**■ 9 किलोवॉट का ये प्रोजेक्ट लगाया गया है जिससे हर साल 13,140 यूनिट बिजली का उत्पादन होने की उम्मीद**

## दो साल की गिरावट के बाद मारुति सुजुकी बाजार हिस्सेदारी में सुधार के शिखर पर

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक शोध में कहा कि लगातार दो वर्षों तक बाजार हिस्सेदारी में गिरावट के बाद, मारुति सुजुकी नए लॉन्च के कारण बाजार हिस्सेदारी में सुधार के शिखर पर है। हाल ही में पेश की गई जिम्नी, फ्रोंक्स और इनविक्टो को ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। ब्रेज़ा, जीवी, जिम्नी, फ्रोंक्स, इनविक्टो, एरिटगा के लिए बड़ी संख्या में ऑर्डर बुक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया एसयूवी लॉन्च के साथ कंपनी ने वर्तमान वित्ती्ती वर्ष की पहली तिमाही के दौरान एसयूवी सेगमेंट में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर ली है। कंपनी ने संकेत दिया कि चिप आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है और उसे आगे भी आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीलर इन्वेंट्री चार सप्ताह के सामान्य स्तर पर है। मारुति सुजुकी ने यूवी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 23 प्रतिशत कर ली। कुल मिलाकर, कंपनी नई/हाल ही में लॉन्च की गई एसयूवी की अच्छी मांग के कारण बिक्री की गति को लेकर उत्साहित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2014 में पीवी उद्योग 5-7 प्रतिशत के बीच बढ़ने की उम्मीद है और एमएसआईएल के उद्योग से आगे बढ़ने की उम्मीद है। जिम्नी, फ्रोंक्स और इनविक्टो की शुरुआत के साथ, एमएसआईएल का इरादा बी-सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने का है । कहा गया है कि समृद्ध पोर्टफोलियो मिश्रण का लाभ, कमोडिटी लागत में नरमी और उच्च परिचालन उत्तोलन से मार्जिन को आगे बढ़ने में मदद मिलने की उम्मीद है। घरेलू पीवी में स्थिर वृद्धि और अनुकूल उत्पाद जीवनचक्र एमएसआईएल के लिए अच्छा संकेत है।

## जुलाई में 1.65 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह



**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां) माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष जुलाई में 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है जो जुलाई 2022 के जीएसटी संग्रह की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि जीएसटी के प्रवाभी होने से लेकर जुलाई ऐसा पांचवां महीना रहा है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। जून में जीएसटी संग्रह 161497 करोड़ रुपए रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपए रहा था। पिछले 16 महीने से जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपए रहा था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें जुलाई 2023 में संग्रहित राजस्व 165105 करोड़ रुपए रहा है। इस वर्ष जुलाई में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 29773 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37623 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 85930 करोड़ रुपए रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 41239 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11779 करोड़ रुपए रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 840 करोड़ रुपए शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 39785 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 33188 करोड़ रुपए दिये है। इस तरह से जून में सीजीएसटी 69558 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 70811 करोड़ रुपए रहा है।

## सार संक्षेप

### वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में आज से 99.75 रुपए की कटौती

**नई दिल्ली**। तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की, हालांकि सूत्रों के अनुसार घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित कीमतें मंगलवार से प्रभावी हैं। कीमतों में कटौती के बाद अब दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,680 रुपए होगी। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में पिछला संशोधन पिछले महीने किया गया था। हालांकि अलग-अलग टैक्स स्लैब के कारण कीमतें अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों पर असर डालती हैं। 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 1 मार्च से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### ईज़मायट्रिप करेगी तीन कंपनियों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली**। ऑनलाइन ट्रैवेल टेक प्लेटफार्म ईजमायट्रिप डॉटकॉम ने भारत में स्थापित तीन प्रमुख ट्रैवेल कंपनियों गाइडलाइन ट्रैवेल्स हॉलीडेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई, ट्रिपशॉप ट्रैवेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, जम्मू एवं कश्मीर और डूक ट्रैवेल्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इन कंपनियों का अधिग्रहण करने से ईएमटी के विकास में तेजी आएगी और बाजार विस्तार की दिशा में सहज प्रवेश को गति मिलेगी। इन कंपनियों के 51 प्रतिशत शेयर अधिग्रहण करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गयी है। इस अधिग्रहण से कंपनी यात्रा एवं पर्यटन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के तौर पर अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी। प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए भुगतान ईज़मायट्रिप द्वारा संबंधित लक्षित कंपनियों के बिक्री शेयरधारकों को तरजीही आधार पर अपने इक्विटी शेयर जारी कर किया जाएगा।

### इंडिया फर्स्ट लाइफ ने गारंटी ऑफ लाइफ ड्रीम्स योजना की लॉन्च

नई दिल्ली। इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नए उत्पाद - इंडिया फर्स्ट लाइफ गारंटी ऑफ लाइफ ड्रीम्स योजना को लांच किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत जीवन बीमा योजना पॉलिसी धारकों को नियमित दीर्घकालिक आय विकल्प प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह एक विस्तारित अवधि का बीमा-आधारित बचत बीमा है जो 30 साल और 40 साल की पॉलिसी अवधि के लिए 6 साल, 8 साल और 10 साल की लचीली प्रीमियम भुगतान शर्तें (पीपीटी) प्रदान करता है। मासिक, त्रैमासिक, अर्ध-वार्षिक और वार्षिक प्रीमियम भुगतान विकल्पों के साथ यह योजना ग्राहकों के लिए दूसरी व अतिरिक्त आय बनाने का एक सुविधाजनक विकल्प है।

## पावरग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाज़ार के नकारात्मक रुझान और स्थानीय स्तर पर पावर ग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से उसके शेयरों में पांच प्रतिशत की आई गिरावट के दबाव में आज सेन्सेक्स और निफ़्टी गिर गए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेन्सेक्स 68.36 अंक गिरकर 66,459.31 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 20.25 अंक फिसलकर 19,733.55 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत उतरकर 30,349.34 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत की तेज़ी लेकर 35,177.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3728 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 1492 में बिकवाली हुई वहीं 168 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 23 कम्पनियां हरे जबकि 26 में बिकवाली हुई वहीं दो के भाव स्थिर रहे। पावर ग्रिड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुनाफ़ा 5.9 प्रतिशत गिर गया, जिससे आज उसके शेयर 5.36 प्रतिशत लुढ़क गए। इसके साथ ही रिलायंस, मारुति और एसबीआई समेत 15 दिग्गज कम्पनियों में भी जमकर बिकवाली हुई और शेयर बाज़ार दबाव में आ गया। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान सीडी 0.10, एफएमसीजी 0.21, वित्तीय सेवाएं 0.02, हेल्थकेयर 0.33, इंडस्ट्रियल 0.29, यूटिलिटीज 0.06, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.20, कैपिटल गुड 0.40, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.32 और रियलटी समूह के शेयर 1.78 प्रतिशत गिर गए। विदेशी बाज़ारों में गिरावट का रुख़ रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.58, जर्मनी का डैक्स 0.95, हांकांग का हैंगसेंग 0.34 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.01 प्रतिशत उतर गया जबकि जापान के निक्केई में 0.92 प्रतिशत की तेज़ी रही। कारोबार की शुरुआत में सेन्सेक्स पांच अंक की मामूली बढ़त लेकर 66,532.98 अंक पर सपाट खुला और दमदार लिवली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,658.12 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन बिकवाली होने से यह दोपहर में 66,388.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 66,527.67 अंक के मुक़ाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 66,459.31 अंक पर आ गया। निफ़्टी भी 30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 19,784.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,795.60 अंक के उच्चतम जबकि 19,704.60 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,753.80 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत टूटकर 19,733.55 अंक पर आ गया। इस दौरान सेन्सेक्स की नुक़सान उठाने वाली कंपनियों में पावर ग्रिड 5.36, बजाज फिनसर्व 1.62, इंडसइंड बैंक 1.45, रिलायंस 1.38, एसबीआई 1.35, मारुति 1.06, एशिअन पेंट 0.98, एलटी 0.51, बजाज फ़ाइनैन्स 0.49, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.40, अल्ट्रा सिम्को 0.40, कोटक बैंक 0.34, आईसीआईसीआई बैंक 0.30, आईटीसी 0.18 और टाटा मोटर 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 3.07, टेक महिंद्रा 2.50, एचसीएल टेक 1.88, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, टी सी एस 0.87, इनफ़ोसिस 0.75, ऐक्सिस बैंक 0.68, एच डी एफ सी बैंक 0.64, जे एस डब्लू एस स्टील 0.49, विप्रो 0.46, नेस्ले इंडिया 0.24, भारती एयरटेल 0.15, सन फ़ार्मा 0.06 और टाटा स्टील ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

**बीएसई सेंसेक्स — 1 अगस्त 2023**

**अधिकतम गिरावट**

खुला: 66,532.98
बंद: 66,459.31
पिछला बंद: 66,527.67
बदलाव: -68.36 (-0.10%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| पावर ग्रिड | 251.75 | -5.36 |
| इंडसइंड बैंक | 1,393.95 | -1.66 |
| बजाज फिनसर्व | 1,572.45 | -1.62 |
| रिलायंस | 2,512.65 | -1.38 |
| एसबीआई | 611.75 | -1.35 |
| मारुति सुजुकी | 9,715.25 | -1.06 |
| एशियन पेंट्स | 3,341.85 | -0.98 |
| एल एंड टी | 2,666.15 | -0.51 |
| बजाज फाइनेंस | 7,268.80 | -0.42 |
| हिंद यूनिलीवर | 2,551.30 | -0.40 |

KBK Infographics

## अरबपति जैक मा ने मत्स्य पालन और कृषि स्टार्टअप में किया निवेश



**हांगकांग,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी अरबपति और अलीबाबा के संस्थापक जैक मा ने चीन में एक मत्स्य पालन और कृषि स्टार्टअप में निवेश किया है। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, जैक मा ने झेजियांग प्रांत की राजधानी हांगझू में '1.8 मीटर मरीन टेक्नोलॉजी (झेजियांग) कंपनी' नामक स्टार्टअप में 110 मिलियन युआन (15 मिलियन डॉलर) का निवेश किया है। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, थोक और खुदरा बिक्री के साथ-साथ यह स्टार्टअप पवन ऊर्जा का भी विकास करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एंट ग्रुप के पूर्व मुख्य कार्यकारी साइमन हू की भी इस स्टार्टअप में 5.5 फीसदी हिस्सेदारी है। स्टार्टअप का नियंत्रक शेयरधारक हांगकांग स्थित 1.8 मीटर टेक्नोलॉजी होल्डिंग लिमिटेड है, जिसके पास 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अलीबाबा से रिटायर होने के बाद जैक मा का नया उद्यम कृषि और खाद्य क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाता है। टिकाऊ खाद्य उत्पादन के बारे में जानने के लिए जैक मा ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। जापान में, उन्होंने मत्स्य पालन और टूना खेती का अध्ययन किया और थाईलैंड में एक समुद्री झींगा पालन कारखाने को देखा। अलीबाबा ने कृषि संबंधी प्रौद्योगिकी में भी निवेश किया है।

इससे पहले मई में, टोक्यो विश्वविद्यालय ने घोषणा की थी कि जैक मा एक विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में पढ़ाएंगे। प्रबंधन और टिकाऊ कृषि पर व्याख्यान देंगे। जैक मा ने टोक्यो विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एक नए संस्थान, टोक्यो कॉलेज का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा और उनका अनुबंध हर साल रिन्यू हो सकता है। उनका शोध क्षेत्र टिकाऊ कृषि और खाद्य उत्पादन होगा। 58 वर्षीय जैक मा ने 2020 में चीन के वित्तीय नियामकों की आलोचना करने के बाद से खुद को लो प्रोफाइल रखा है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेज़ी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 3804 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.18 सेंट की तेजी के साथ 60.17 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## अब देश में मोबाइलधारकों की संख्या में आ रही स्थिरता



**मई 2023 में देश में मोबाइल धारकों की कुल संख्या मामूली 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114.32 करोड़ पर पहुंची है**

**नई दिल्ली,** 1 अगस्त (एजेंसियां)। देश में अब मोबाइलधारकों की संख्या में लगभग स्थिरता आने लगी है जबकि ब्राडबैंड कनेक्शन लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। मई 2023 में देश में मोबाइल धारकों की कुल संख्या मामूली 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114.32 करोड़ पर पहुंची है। इस दौरान मोबाइलधारकों और बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या मामूली 0.004 प्रतिशत बढ़कर 117.25 करोड़ रही।

दूरसंचार नियामक ट्राई की ओर से आज जारी मई महीने के आंकड़े के अनुसार मई 2023 में देश में ब्रांडबैंड कनेक्शन धारकों की कुल संख्या 85.68 करोड़ रही है। इसमें से वायरलेस ब्राडबैंड कनेक्शनधारकों की संख्या 82.23 करोड़ और वायरलाइन ब्राडबैंड धारकों की संख्या 3.44 करोड़ रही है। मई महीने में कुल सक्रिय मोबाइलधारकों की संख्या 104.34 करोड़ रही है।

ट्राई द्वारा जारी आंकड़ों से एक बात और पता चली है कि अब शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइलधारकों की संख्या बढ़ रही है। मई 2023 में शहरी क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 0.08 प्रतिशत कम होकर 62.62 करोड़ पर आ गयी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.69 करोड़ पर पहुंच गयी।

इप आंकड़ों से यह भी पता चला है कि उपभोक्ता बड़े पैमाने पर अपने ऑपरेटर भी बदल रहे हैं क्योंकि मई 2023 में मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी(एमएनपी) के लिए 1.14 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने आवेदन किये। अप्रैल 2023 तक एमएनपी के लिए आवेदन करने वालों की संख्या 83.06 करोड़ थी जो मई 2023 में बढ़कर 84.21 करोड़ हो गयी।

मई 2023 में दूरसंचार ऑपरेटरों की बाजार हिस्सेदारी के मामले में रिलायंस जियो 51.96 प्रतिशत के साथ अव्वल रही है। इस मामले में 28.78 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारती एयरटेल दूसरे स्थान पर और 14.42 प्रतिशत शेयर के साथ वोडाफोन आइडिया तीसरे स्थान पर रही है। बीएसएनएल की बाजार हिस्सेदारी 2.96 प्रतिशत रही है।

# नए जमाने के अनुरूप रोजगारोन्मुखी तकनीकी प्रशिक्षण से खुलेंगे रोजगार के द्वार

■ टाटा टेक्नोलॉजीस और तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के बीच एमओयू



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। समय के साथ औद्योगिक जगत वैश्विक परिदृश्य में टिकाऊ बने रहने के लिए आधुनिक स्वरूप में ढल रहा है। उद्योगों में नई-नई तकनीक का समावेशन हो रहा है। उद्योग की जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षित कामगारों की मांग बढ़ रही है। युवाओं को सही मार्गदर्शन के साथ आधुनिक ट्रेडों में प्रशिक्षण मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री उमेश पटेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक स्वरूप में ढालना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार बड़े औद्योगिक संस्थानों के साथ एमओयू कर रही है, ताकि छात्रों का अच्छी ट्रेनिंग मिल सके। इसके साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जो व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, उन छात्रों को 12वीं बोर्ड के प्रमाण पत्र के साथ-साथ आईटीआई का प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है।

हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में राज्य के 36 शासकीय आईटीआई के आधुनिकीकरण के लिए तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग और टाटा टेक्नोलॉजीस के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। लगभग 1188.36 करोड़ की परियोजना के तहत राज्य के 36 आईटीआई में युवाओं को 6 नई ट्रेडों में तथा 23 शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। टाटा टेक्नोलॉजीस द्वारा राज्य के चयनित आईटीआई में अत्याधुनिक तकनीकी वर्कशॉप की स्थापना, प्रशिक्षकों की व्यवस्था आदि की जाएगी। इसके अलावा राज्य के युवाओं को प्लेसमेंट देने में टाटा और उनकी सहयोगी कंपनी सहयोग करेगी। इस परियोजना से प्रति वर्ष 10 हजार से अधिक युवाओं को नये जमाने के अनुरूप तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा।

चयनित आई.टी.आई. में युवाओं को आर्टीजन यूजिंग एडवांस टूल, इंडस्ट्रीय रोबोटिक्स एण्ड डिजिटल मैन्यूफैचरिंग टेक्नियशियन, मैन्यूफैचरिंग प्रोसस कण्ट्रोल एण्ड ऑटोमेशन ट्रेड में एक वर्षीय प्रशिक्षण तथा एडवांस सी.एन.सी. मशीनिंग, बेसिक डिजायनर एण्ड वर्चुअल वेरिफायर (मेकेनिकल) मेकेनिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल ट्रेड में दो वर्षीय प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अलावा उद्योगों की जरूरत के अनुसार 23 शॉटटर्म कोर्स में भी प्रशिक्षण की सुविधा होगी। चयनित आईटीआई में टाटा टेक्नालॉजीस अत्याधुनिक तकनीकी वर्कशॉप की स्थापना करेगी और प्रशिक्षण कार्य के लिए प्रत्येक आई.टी.आई. में शुरूआत में दो प्रशिक्षकों की नियुक्ति करेगी। प्रशिक्षित युवाओं को प्लेसमेंट देने टाटा और उनकी सहयोगी कंपनियां अपना सहयोग देगी।

टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटड के सहयोग से जिन आईटीआई का उन्नयन किया जाएगा उनमें शासकीय आई.टी.आई.-बैकुण्ठपुर, ओड़गी वाड्रफनगर, मैनपाट, बगीचा, लोरमी, कोनी- बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, अकलतरा, हसौद, रायगढ़, खरसिया, राजनांदगांव, डोंगरगांव, मानपुर, छुईखदान, पण्डरिया, गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा, गुरूर, दुर्ग, पाटन, धरसींवा, हीरापुर, आरंग, अभनपुर, भाटापारा, सिमगा, बागबाहरा, पिथौरा, कांकेर, अंतागढ़, चारामा, नगरनार एवं दंतेवाड़ा शामिल हैं।

राज्य में पहली बार स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को स्कूली स्तर पर उनके तकनीकी रूझान के अनुरूप स्कूली शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्कूलों एवं आईटीआई के मध्य समन्वय स्थापित कर एकीकृत प्रणाली विकसित की गई है। इस प्रणाली के तहत प्रदेश के अधिकांश आईटीआई में स्कूली छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रणाली के अंतर्गत जहाँ स्कूली छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर उसका प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें, वहीं इसके साथ साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण पूर्ण कर आईटीआई का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करेंगे और रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार हो सकेंगे।

# बेरोजगारी भत्ता कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए संजीवनी

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना की चौथी किश्त की राशि का अंतरण सोमवार 31 जुलाई को प्रदेश भर के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।बेरोजगारी भत्ता पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे। किसी ने इसे भविष्य गढ़ने के लिए आर्थिक योगदान बताया, तो किसी ने आगे की उच्च शिक्षा में होने वाले खर्च के लिए बहुत काम आने की बात कही। बेरोजगारी भत्ता कमजोर युवा वर्ग के लिए संजीवनी साबित हो रहा है।



■ प्रतियोगी परीक्षा और अन्य जरुरी चीजों की हो रही पूर्ति
■ अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए किए गए भुगतान

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वालों में धमतरी की हिना यादव और नोमिता यादव चचेरी बहन हैं। हिना अभी गणित में एमएससी और नोमिता आर्ट्स में एम ए कर रही हैं। दोनों ने बताया कि उन्हें अब तक बेरोजगारी भत्ते की चार किश्त प्राप्त हो चुकी है।

हिना ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति मजबूत नही होने के कारण पढ़ाई में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पिता के पास थोड़ी जमीन है, जिससे घर का गुजारा बड़ी मुश्किल से हो पाता है। मेरे अलावा मेरी 2 बहनों की भी पढ़ाई चल रही है।

इसी तरह नोमिता ने बताया कि पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम दोनों बहन प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी कर रहे है। बेरोजगारी भत्ता मिलने से अब पुस्तक खरीदने में आसानी हो रही है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के लिए प्रदेश सरकार की यह अच्छी पहल है, जिसके बूते उन्हें अपना भविष्य संवारने में काफी मदद मिल रही है। पढ़ाई के लिए माता-पिता पर निर्भरता व आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हुआ है।

नोमिता और हिना ने बताया कि भत्ता के तौर पर मिलने वाली राशि से पढ़ाई के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं, नोटबुक्स तैयार करने और अन्य व्यय के लिए वह उक्त राशि का उपयोग कर रही है।

राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए दोनों चचेरी बहनों ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता भविष्य को संवारने, गढने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में होने वाले व्यय और मासिक खर्च के लिए वरदान साबित हो रहा है।

# जर्जर स्कूल भवन में तीन साल से जड़ा ताला

**खैरागढ़,** 1 अगस्त (देशबंधु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरच्चा में बीते तीन साल से ताला जड़ा हुआ है जिसके चलते छात्र गांव के सामुदायिक भवन में पढ़ने मजबूर है। स्कूल जर्जर होने के चलते बच्चे बहुत परेशान हैं। बता दे कि पूर्व माध्यमिक शाला में वर्तमान में बच्चों की संख्या 76 हैं, बेहतर स्थान नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम देवरचा में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला के जर्जर स्कूल के मरम्मत या नवीन भवन निर्माण को लेकर शासन से स्वीकृति भी प्राप्त नहीं हुई है किसके कारण बच्चे हताश हो गए है और शिक्षको को भी परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है की बारिश हो या ठंड या फिर गर्मी के दिनों नन्हे छात्र सामुदायिक भवन में एक साथ पढ़ाई करते है। सामुदायिक भवन में स्कूल जैसी बेहतर सुविधा नहीं होने से बच्चो को बेहतर शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व विधायक स्व. देवव्रत सिंह को ज्ञापन दिया गया था वही वर्तमान विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा को ज्ञापन देकर स्कूल मरम्मत की मांग की गई है लेकिन जिले के लगभग सभी जर्जर स्कूल के मरम्मत को लेकर राशि स्वीकृत हुई है पर देवरच्चा स्कूल के मरम्मत के लिए फंड नहीं आया है जिसके चलते आज भी बच्चे बेहतर शिक्षा के लिए वंचित है।



■ सामुदायिक भवन में पढ़ने मजबूर छात्र
■ भवन मरम्मत के लिए अब तक राशि भी स्वीकृत नहीं

*देवरच्चा के पूर्व माध्यमिक स्कूल में अतिरिक्त कमरे के लिए प्रपोजल बनाकर जिलाधीश को भेजा गया है।*
*रविंद डडसेना*
*विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान*

*देवरच्चा के स्कूल 4 साल से जर्जर हालत में है, कभी भी ढह सकता है। शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी ध्यान नही दे रहे है।*
*मदन केलकर*
*सरपंच ग्राम पंचायत देवरच्चा*

# कसडोल शिक्षा विभाग में धड़ल्ले से हुई शिक्षकों की व्यवस्था होगी निरस्त: बीईओ रमाकांत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबनधु)। कसडोल के प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन ने प्रभार लेते ही कहा है कि सभी संकुल समन्वयको को निर्देशित किया गया है कि विकासखण्ड के सभी स्कूल में बच्चों और शिक्षको की दर्ज संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराए ताकि मांग अनुसार एकलशिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूल में शिक्षक भेजे जा सके। सत्र के प्रारंभ में जो व्यवस्था किया गया उसे निरस्त करते हुए मूल शाला में वापसी किया जा रहा है। साथ ही कोई भी शिक्षक स्कूल खुलने के समय प्रार्थना में अनुपस्थित रहते और स्कूल बंद होने से पहले कही-कही चले जाते उन पर सक्त करवाई किया जाएगा। वही आम गांव में त्वरित कार्यवाही करते हुए शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रारंभिक से माध्यमिक तक शिक्षा कॉपी पुस्तक ड्रेस स्कूल समय का खाना मुक्त प्रदान कर रही है। ताकि सभी बच्चे मुक्त और अनिवार्य शिक्षा का लाभ लेते हुए अपने भविष्य गढ़ सके। अच्छी शिक्षा ग्रहण के अपने परिवार राज्य और समुदाय का नाम रोशन कर सके। परंतु वनांचल में अनेको स्कूल एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन होने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत आ रही है, फिर भी लेनदेन कर शिक्षको मनचाहा स्थान में व्यवस्था कर देना कहा तक उचित है, यह शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही जिसका सीधा असर प्रारंभिक स्तर के अध्यनरत बच्चों पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

कसडोल विकासखंड शिक्षा विभाग में ऐसा ही मामला निकालकर सामने आया है जहाँ तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राधेलाल जायसवाल ने अपने पद का बखूबी उपयोग करते हुए, पिछले सत्र में व्यवस्था में गए शिक्षको को मूल शाला वापिस ही नही किया है और इस सत्र भी चहेते लोगो को मन माफिक एक स्कूल से दूसरे स्कूल व्यवस्था में भेज दिया है, जबकि नियम कहता कि स्कूल में बच्चों दर्ज संख्या और शिक्षकों की कमी से अन्यत्र स्कूल से शिक्षको का व्यवस्था किया जाता है, ताकि बच्चों का पढ़ाई सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। परन्तु सभी नियम कानून को ताक में रखकर धड़ल्ले से शिक्षको का व्यवस्था करना पालकों में चर्चा बना हुआ है। विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्रों में जहां अनेको प्राथमिक व मिडिल स्कूल है जो शिक्षक विहीन एवं एकलशिक्षकीय होने के चलते बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पूरी तरह बाधित हो गई है। वही मैदानी इलाके में अनेकों स्कूल में बच्चों के दर्ज संख्या से अधिक शिक्षको की पोस्टिंग कर दिया गया है, कुछ दिन पूर्व वनांचल के प्राथमिक शाला आमगांव में शिक्षक को मांग करते हुए पालकों ने स्कूल में ताला बंदी कर दिया था। जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हुआ है, पालक जानना चाहते थे आखिर वनांचल क्षेत्र के स्कूल से भेदभाव क्यो। वनांचल क्षेत्रों के पालको कहना कि नया विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनने से उम्मीद जगी की एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूल में बच्चों के दर्ज संख्या अनुसार शिक्षक की व्यवस्था करेंगे तथा जो शिक्षक सुबह समय पर स्कूल नही आते और शाम स्कूल बंद होने से पहले स्कूल छोड़कर चले जाते ऐसे शिक्षको पर करवाई होना आवश्यक है।

# आज राज्यपाल रमेश बैस का नागरिक अभिनन्दन



**नवापारा राजिम,** 1 अगस्त (देशबंधु)। जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अंचल के लोगों से हमर सियान हमर अभिमान आयोजन समिति के तत्वावधान में 2 अगस्त को सर्व समाज द्वारा इन्डोर स्टेडियम रायपुर में सरल, सहज, मिलनसार एवं कर्मठ राजनीतिज्ञ एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के नागरिक अभिनन्दन समारोह में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील की है. उन्होंने कहा कि 1978 में पार्षद से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुवात करने वाले श्रीबैस 1980 में मंदिरहसौद विधानसभा से चुनाव जीत कर मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। वे 1989 में रायपुर से 9वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में पहली बार निवाचित हुए तत्पश्चात 11वीं से 16वीं लोकसभा में लगातार चुने गए।

# बागबाहराकला व बिहाझर पंचायत के किसानों ने की कलेक्टर से पट्टे देने की मांग

**बागबाहरा,** 1 अगस्त (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बागबाहराकला के आश्रित ग्राम कल्याणपुर एवं करमापटपर तथा ग्राम पंचायत बिहाझर के किसानों ने आबादी एवं राजस्व भूमि पर खेती-किसानी करने वाले ग्रामीणों को पट्टा दिये जाने की मांग कल सोमवार को कलेक्टर जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित होकर जिला प्रशासन से मांग की है। वहीं राजस्व विभाग की लापरवाही एवं कोताही के चलते किसानों को इस योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। क्योंकि जून महीने तक इस लाभकारी योजना के तहत आवेदन अन्य जिलों में मंगवाए गए थे। लेकिन जिले के बागबाहरा तहसील क्षेत्र के गांवों में निर्धारित समय निकल जाने के बाद कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई। जिससे लाभान्वित होने वाले किसान इस योजना से हल्का पटवारी एवं राजस्व अधिकारी की लापरवाही एवं कोताही के चलते नहीं मिल पाया। राजस्व विभाग के जिम्मेदार लोग छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न योजनाओं को आम आदमी एवं जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंचा सके हैं। इसके लिए राजस्व विभाग के यहाँ पदस्थ प्रमुख अधिकारी स्वयं जिम्मेदार हैं। अगर राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा शासन के योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वयित किया होता तो ग्रामीण किसानों की यह समस्या आज नहीं खड़ी होती। इसके लिए राजस्व विभाग के प्रमुख अधिकारी जिम्मेदार हैं।

■ राजस्व विभाग की लापरवाही के चलते यहाँ के किसानों को नहीं मिल पाया पट्टा )

गांव के राजस्व एवं आबादी भूमि में काबिज किये हुए किसानों ने जब मालिकाना हक पट्टा बनवाने के लिए हल्का पटवारी एवं राजस्व अधिकारी के पास जाकर मिले तो उन्होंने कहा कि पट्टा बनवाने के लिए इसका समय निकल गया है, और आप लोग काफी विलम्ब से आ रहे हैं। इसी समस्या को लेकर बागबाहरा तहसील के ग्राम पंचायत बागबाहराकला एवं बिहाझर के ग्रामीण किसानों ने कल सोमवार को कलेक्टर जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित होकर काबिज जमीनों का शासकीय पट्टा बनाये जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने योजना बनाई है कि राजस्व एवं आबादी जमीन पर कई वर्षों से खेती-किसानी करते आ रहे किसानों के शासकीय पट्टा बनाकर मालिकाना हक देंगे। लेकिन राजस्व विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही , निष्क्रियता एवं कोताही के चलते शासन के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रहा है। राजस्व विभाग शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयित करने के लिए जरुरतमंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए पीछे क्यों हो रहे हैं। आखिर वे फील्ड में रह कर काम करते हुए भी शासन के योजनाओं को हितग्राहियों तक नहीं पहुंचा रहे हैं। इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार हैं। बागबाहरा विकासखंड के लोग राजस्व एवं आबादी भूमि पर वर्षों से काबिज किए हुए लोग शासकीय पट्टा बनवाने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन राजस्व विभाग इस मामले में काफी कोताही बरत रहे हैं। शासन के योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वयन करने में असफल साबित हो रहे हैं। बागबाहरा अंचल के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग कलेक्टर महासमुंद से की है।

# राज्य स्तरीय कूडो स्पर्धा में लिनीमा साहू ने प्राप्त किया गोल्ड मेडल

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिला दुर्ग में द्वितीय राज्य स्तरीय कूडो (मार्शल आर्ट) चैम्पियनशिप 28 जुलाई से 30 जुलाई 2023 को सुभाष नगर कुर्मी भवन दुर्ग में आयोजित किया गया था। जिसमें बलौदाबाजार जिले की लिनीमा साहू अन्डर 20,66 किग्रा वर्ग 240 पीवन में गोल्ड मेडल जीतकर जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है। कूडो खेल युवा एवं खेल मंत्रालय प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त है।




■ विधायक प्रमोद शर्मा ने दी बधाई

इस अवसर पर बलौदाबाजार विधायक प्रमोद कुमार शर्मा ने कूडो मार्शल आर्ट टीम को अपने जिले का गौरव बढ़ाने के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाये दी। इन्होने कहा कि कूडो मार्शल आर्ट स्कूल में शामिल है जिससे इस खेल से स्कूल के बच्चों को जिला स्तर एवं राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर खेल के द्वारा जौहार दिखाने का मौका मिलेगा। टेकनिकल डायरेक्टर उपेन्द्र प्रधान, कोट विरेन्द्र कुमार डड़सेना और जगन्नाथ साहू के नेतृत्व में अगवाई की। छ.ग. कूडो एसोसियशन के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया की प्रतियोगिता में 10 जिले से प्रतिभागीयों ने भाग लिया और उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया और कुछ महिने में नेशनल टेऊनिंग कैंप का आयोजन किया जायेगा, ताकि राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को पदक प्राप्त हो सके और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त को सके। उन्होने खिलाड़ियो को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इंद्राणी को मिली बेरोजगारी भत्ते की चौथी किस्त, मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

**धमतरी,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा यही रही है कि युवाओं को न सिर्फ बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाये, बल्कि उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार की उलब्धता अथवा रोजगारपक व्यवसायों से जोड़ जाये। छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सुनहरे भविष्य गढ़ने को प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की है। इस योजना का लेकर प्रदेश के युवा अपने सपनों को पूरा कर रहे है।




■ नौकरी लेने नहीं देने वाली बनना चाहती है इंद्राणी

बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले बेरोजगार युवाओं में धमतरी जिले की कुमारी इंद्राणी यादव ने बताया कि एमए की पढ़ाई पुरी करने के बाद नौकरी की तलाश के अलावा और विकल्प नहीं था। नौकरी के लिए फार्म भरने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकें खरीदने आदि में काफी खर्च आता था और ये खर्च और भी ज्यादा बढ़ जाता है, जब परिवार में केवल एक ही व्यक्ति कमाने वाला हो। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बीते अप्रैल माह से प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी की विवशता से बचाने बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरूआत की। इस योजना का लाभ धमतरी जिले के ग्राम दानीटोला निवासी कुमारी इंद्राणी को भी मिल रहा है। इंद्राणी ने बताया कि उसके पिता भी मजदूरी का काम करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करते है। आज बेरोजगारी भत्ता की चौथी किस्त प्राप्त हुई है। इसके साथ ही इंद्राणी लाईवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इंद्राणी ने बताया कि इन पैसों का उपयोग वह अपने प्रशिक्षण में काम आने वाले उपकरणों को खरीदने और अपने परिवार की मदद करेगी। इंद्राणी कहती है कि आज के इस प्रतिस्पर्धा भरे दौर में सभी को सरकारी नौकरी मिल जाये ये संभव नहीं है। इसलिए उसने अपने लिए स्वयं का रोजगार स्थापित करने का मार्ग चुना है ताकि वह खुद नौकरी देने योग्य बन जाये। शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने इंद्राणी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का धन्यवाद किया है।

# गांव की धरोहर बाड़ी से मिल रही लोगों को हरी साग-सब्जियां

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के अन्तर्गत उद्यान विभाग के माध्यम से संचालित पोषण बाड़ी योजना से लोगों तक हरी और ताजी साग सब्जी आसानी से मिल रही है। गांव की धरोहर नरवा गरवा घुरूवा और बाडी को सहेजने का कार्य छत्तीसगढ़ शासन कर रही है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले में ग्रामीण महिलाएं पोषण बाड़ी योजना का लाभ उठाकर अपनी बाडी में हरी सब्जियां की पैदावार कर रही हैं। महिलाएं ताजी सब्जियों को स्थानीय हाट बाजार में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। इन्हीं महिलाओं में ग्राम देवरी की श्रीमती भगवन्तीन बाई भी है। अपनी बाड़ी में सब्जी उत्पादन से हर माह अच्छा मुनाफा कमा रही है। उन्होंने बताया कि पहले वे अपने खेत में पारम्परिक तरीके से खेती किसानी करती थी। जिससे अधिक कमाई नहीं हो पाती थी। उन्होंने अपने बाड़ी में सब्जियों की खेती करने के विचार से उद्यानिकी विभाग द्वारा गांव में बाड़ी विकास के लिए कराये जा रहे सर्वे में अपना नाम दर्ज करवाया विभाग ने उन्हें विभिन्न सब्जियों के बीज सब्जियों का थरहा वरमी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराये गये। भगवन्तीन बाई ने उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में अपने 0.20 हेक्टेयर रकबा के बाड़ी में अपनी मेहनत और लगन से सब्जी लगाई। उन्होंने बताया कि सब्जी की अच्छी पैदावार से स्थानीय हाट बाजार में विक्रय से प्रतिमाह 25 से 30 हजार लाभ कमा रही है।इसके साथ अपनी बाड़ी से ही उन्हें साल भर के लिए सब्जी मिल जा रही है।



देशबन्धु पाठकों के लिए

माह जुलाई 2023 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4.00 | = 124.00 |
| कुल 31 दिन | | 124.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 अगस्त 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 02.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 3.95 | 65 | 165 |
| चिल्हर | 5.00 | 80 | 190 |

डिलीवरी 410 सैकड़ा
दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पिंटू- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
चिंटू- दाल के भाव बहुत बढ़ने से।
पिंटू- ओए, पागल हो गए हो क्या? ऐसे कैसे हो सकता है!
चिंटू- मैने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा था, उस पर लिखा था-'डेथ ड्यू टू हाई पल्स रेट'!!!

संपादकीय

## लापता महिलाओं के ये आंकड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं कि पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ से करीब 49 हजार महिलाएं और 10 हजार से अधिक लड़कियां लापता हो गईं। छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी की शिकायतें काफी पहले से हैं। इसके पीछे गरीबी और बेरोजगारी ही मुख्य वजह मानी जाती रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-आर्थिक स्थिति काफी बदल चुकी है। अब गांवों में लोगों के पास काम के साथ आमदनी का जरिया भी है। एनसीआरबी अपराधों के आंकड़े रखता है और जाहिर है ये आंकड़े पुलिस में दर्ज मामलों से ही निकाले गए होंगे। महिलाओं-लड़कियों के गायब होने के इन आंकड़ों की हकीकत का पता लगाया जाना चाहिए क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में उनके लापता होने का मामला काफी गंभीर है। यह हो सकता है कि उनके लापता होने का मामला दर्ज हुआ हो, लेकिन इन लापता महिलाओं व लड़कियों का बाद में पता चल जाने का भी कोई रिकार्ड पुलिस के पास है। फिलहाल एनसीआरबी की रिपोर्ट के इन आंकड़ों पर पुलिस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ये आंकड़े संसद में पेश किए गए हैं और इससे देशभर में जो तस्वीर बनती है उसमें देखने की कोशिश की जा सकती है कि सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी है। किसी के लापता होने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की गंभीरता को भी समझने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से एक समय बड़ी संख्या में लड़कियां काम की तलाश में राज्य से बाहर ले जाई जाती थीं। कुछ प्लेसमेन्ट समूह के लोग ये काम करते थे। कालान्तर में इस पेशे ने अपराध का शक्ल ले लिया, जिसे मानव तस्करी कहा जाता है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की और अब ऐसी शिकायतें कम ही सुनी जाती है, लेकिन एनसीआरबी के 2019 से 2021 तक के जो आंकड़े हैं, उससे पता चलता है कि महिलाओं-लड़कियों के लापता होने का सिलसिला रूका नहीं है। इन आंकड़ों को सरकार गंभीरता से ले और उसका परीक्षण भी कराए कि आखिर इन आंकड़ों के पीछे की हकीकत क्या है? महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को राज्य की पुलिस पूरी गंभीरता से लेती रही है। उसे खुद भी यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि राज्य के थानों में दर्ज लोगों विशेषकर महिलाओं-लड़कियों के लापता होने के पीछे रहस्य क्या है? यह मामला मानव तस्करी जैसे अपराध से जुड़ा हुआ है या कोई और कारण है। रोजगार की तलाश में भी बड़ी संख्या में लोग राज्य से बाहर जाते रहे हैं। ऐसे लोगों की जानकारी परिजनों को कई बार नहीं मिलती और वे पुलिस की मदद चाहते हैं। कई परिवारों के राज्य से बाहर उद्योग-धंधों में बंधक बना लेने की शिकायतें भी आती रहती हैं। श्रम विभाग ऐसे लोगों पर नजर रखता है जो रोजगार की तलाश में घरबार छोड़कर राज्य से बाहर जाते हैं। एनसीआरबी की आंकड़ों की पड़ताल जरूरी है ताकि लापता होने के मामलों में कमी लाने के लिए कदम उठाए जा सकें।

# जिला बंद का दिखा व्यापक असर

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले को लेकर भाजपा ने किया एक दिवसीय जिला बंद






**सुकमा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पोटाकेबिन एर्राबोर की पीड़ित छात्रा एंव परिवार को न्याय दिलाने निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर परिवार को 50 लाख का मुआवजा राशि दान करने की मांग को लेकर एक दिवसीय सुकमा जिले बंद का व्यापक असर दिखा। मंगलवार को जिले भर में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। भाजपाइयों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा का आरोप हैं कि जिले कन्या पोटाकेबिन एर्राबोर में अध्ययनरत ग्राम गगनपल्ली से 6 वर्ष की छात्रा के साथ 22 जुलाई को कुछ व्यक्तियों के द्वारा दुष्कर्म किया गया है, जिसका पीड़िता के माता पिता के द्वारा 24 जुलाई को पुलिस थाना एर्राबोर मे अपराध पंजीबद्ध किया गया। पोटाकेबिन एर्राबोर एंव पीड़ित परिवार से पूछताछ करने पर उक्त घटना में पोटाकेबिन की अधीक्षिका व नियम विरुद्ध कन्या पोटाकेबिन मे रात्रि विश्राम करने वाले अधीक्षिका के पति एंव अन्य तीन व्यक्तियों का संलिप्त होना बताया गया है। अधीक्षिका के द्वारा उक्त घटना को सुनियोजित ढंग से दबाने का पूरा प्रयास किया गया, जिसमे अधीक्षिका एंव उसके पति का संलिप्त होना स्पष्ट है। फिर भी अधीक्षिका एंव उसके पति पर पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध नही किया जाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े गंभीर मामले के बाद भी पोटाकेबिन एर्राबोर की अधीक्षिका को पॉक्सो एक्ट के दायरे में नहीं लाना और दो दिनों के बाद उसका कोर्ट से जमानत मिलना पीड़ित परिवार के प्रति अन्याय है। उन्होंने इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने को देखते हुए इसकी जांच एसआईटी या सीबीआई से जांच करने की मांग की गई है।

साक्ष्य छुपाने वाले अधिकारियों पर पास्को एक्ट के तहत हो कार्यवाही

मामले को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि कन्या पोटाकेबिन एर्राबोर दुष्कर्म की घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों के द्वारा साक्ष्य छुपाने का प्रयास किया गया है। इन सभी अधिकारियों पर भी पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि साक्ष्य को मिटाने एवं छुपाने या छेड़छाड़ करने के उद्देश्य से डीईओ, डीएमसी, बीईओ व बीआरसी के द्वारा बिना पंचनामा के 25 जुलाई 2023 सुबह 6 बजे पोटाकेबिन एर्राबोर जाकर बिना पंचनामा के रजिस्टर व अन्य समाग्री को लेकर आना अपराध के श्रेणी में आता है। उक्त अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्यवाही किया जाए तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संरक्षण देने वाले अधिकारी व कर्मचारियों पर भी अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया जाए। उन्होंने बताया कि पोटाकेबिन में अध्ययनरत अन्य बच्चों के कथन अनुसार इस घटना को अंजाम देने के लिए चार व्यक्तियों का होना बताया गया है।

## शहर में अवैध नशीली दवाइयों के तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध नशीली दवाईयों के तस्करी पर कार्यवाही करने में पुन: बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना सिटी कोतवाली को मिली सूचना पर दो व्यक्ति को जगदलपुर शहर के विजय वार्ड राज होटल के पास अपने मोटर सायकल से एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोला में अवैध नशीली दवाई बिक्री करते थाना प्रभारी कोतवाली अमित शुक्ला के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु गठित टीम के द्वारा घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। संदेहियों से नाम-बाबू सोनी व जयंत शर्मा निवासी जगदलपुर का होना बताये। जिनके झोला की तलाशी लेने पर अवैध नशीली दवाई 65 पत्ता, कैप्सूल 21 पत्ता कुल 1143 नग टेबलेट और कैप्सुल कीमती 3594.75 रूपये मिला जो अवैध एवं प्रतिबंधित नशीली दवा की श्रेणी में आता है। जिस संबंध में पूछताछ करने पर संदेहियो ने वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य एनडीपीएस एक्ट की परिधि में आने पर उक्त दवाईयों को आरोपियो के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सावन सोमवार को विधायक जैन ने देवड़ा मंदिर में की पूजा-अर्चना



**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने चतुर्थ सोमवार को ओडिशा सीमा से लगे देवड़ा झाडेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर पूजा- अर्चना कर बस्तर सहित समूचे छत्तीसगढ़ के सुख शांति समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद जगदलपुर से पहुंचे श्री जैन ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर विधिवत पूजा की। पूजा पश्चात मंदिर परिक्रमा की और वहां पहुंचे अनेक श्रद्धालुओं से चर्चा कर उनका कुशल क्षेम पूछा। उनके साथ इंद्रावती विकास प्राधिकरण सदस्य रामशंकर राव, सरपंच संघ के संभागीय अध्यक्ष लैखन बघेल, प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) के शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अन्शुमन, सांसद प्रतिनिधि नगरनार धनुर्जय नाग समेत जगदलपुर व प्रयागराज के अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

## माहरा समाज का लोकसभा में एससी संबंधी विधेयक पास



**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को लोकसभा में बस्तर के माहरा जाति को एस.सी. में शामिल करने हेतु लोकसभा में विधेयक पास हुआ। उक्त जानकारी बस्तर सांसद दीपक बैज ने फोन के माध्यम से दी है। साथ ही सांसद श्री बैज ने माहरा समाज के लोगो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विदित हो की बस्तर संभाग महाराज समाज द्वारा समाज के लोगों के शिक्षा एवं आर्थिक स्थिति में विकास के लिए आरक्षण का मांग वर्षों से किया जा रहा था इसके लिए अनेक प्रदर्शन और आंदोलन भी हमारा समाज ने किया था। पूर्व में मारा समाज द्वारा अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने की मांग किया जा रहा था लेकिन उनकी रूढ़ि और परंपरा को देखते हुए प्रदेश एवं केंद्र सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति में हमारा समाज को शामिल करते हुए आरक्षण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। लोकसभा में इस मांग को लेकर विधायक भी पेश किया गया था जो आज लोकसभा से पारित हो गया है।

## संसदीय सचिव के प्रयासों से स्लरी पाइप लाइन प्रोजेक्ट के प्रभावितों को मिला 34 लाख का मुआवजा



**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक कार्यालय में विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन ने मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया।

ग्राम पंचायत पण्डरीपानी के गुडडी राम को 2,18,448 रुपए, कोसा को 7,05,981 रुपए, लच्छिन को 3,58,588 रुपए एवं ग्राम पंचायत नियानार के फगनू को 1,82,040 रुपए, प्रदीप मलिक को 1,45,632 रुपए, हीरामनी बघेल को 1,21,360 रुपए, जयमन बघेल को 4,85,440 रुपए, नीलकंठ पटेल को 2,91,264 रुपए, रामेश्वर पटेल को 6,00732 रुपए एवं मोहन चालकी को 2,91,264 रुपए का चेक विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने प्रदान किया।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता से आज भूमि प्रभावित किसानों को चेक प्रदान किया जा रहा है। हमारी यू पी ए सरकार के समय जो भूमि अधिग्रहण बिल लाया गया था उसके कारण आज छत्तीसगढ़ में किसानों को उनके भूमि के अधिग्रहण का मुआवजा इतना ज्यादा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों का दुख दर्द समझते हैं। उन्होंने प्रभावितों से प्राप्त राशि का उपयोग सही ढंग से करने की अपील भी की। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं ब्लाक अध्यक्ष नीलू राम बघेल, जनपद सदस्य धनसिंग बघेल, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हेमू उपाध्याय, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, ग्राम पंचायत सिड़मुड़ के सरपंच हरिबंधू नाग एवं पंचायत पण्डरीपानी की सरपंच जयती मौर्य समेत पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विभागों से अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पदों की जानकारी देने, समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**स्वतंत्रता दिवस के लिए अधिकारियों को दिया गया दायित्व**

**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि सेवानिवृत्त होने कर्मचारियों को सेवाकाल के अंतिम दिन पेंशन प्राधिकरण पत्र और अन्य सत्वों का भुगतान करने की पहल का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। इससे जागरूक होकर लोग अनुकंपा नियुक्ति व पेंशन से संबंधित समस्या को प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों में जिला स्तरीय अनुशंसा समिति के प्रस्ताव के आधार पर सभी विभागों से अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पदों की जानकारी दे के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व दिया गया। अधिकारियों दायित्वों का समय पर पूर्ण करते हुए कार्यक्रम को बेहतर संपादन करने निर्देश दिए।

बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए सक्रिय गोठान, वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री बढाने स्वावलंबी गोठान में प्रगति लाने कहा गया। साथ ही गोबार पेंट के उठाव हेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए। कलेक्टर ने पूर्व में संचालित धन्वंतरी मेडिकल के स्थानांतरित होने की सूचना चस्पा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सी-मार्ट में डिस्प्लेस एरिया को बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियो का कौशल विकास का काउंसलिंग करने, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुषमान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की, विधायक निधि के कार्यों मनरेगा से संबंधित कार्यों, समाज कल्याण विभाग के कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

समितियों में स्थित बीज भण्डार की अधिकता को देखते हुए अन्य जगहों में जहां आवश्यकता है वहां भिजवाना सुनिश्चित करने कहा गया। इसके अलावा आजादी का अमृत महोत्सव के समापन हेतु प्रस्तावित कार्यक्रम, मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण, कृमिमुक्त दिवस के आयोजन के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



**फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त**

**सुकमा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत कलेक्टर हरिस एस. ने मंगलवार को राजनीतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि इसके तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा। वहीं इसकी दावा आपत्ति 31 अगस्त तक की जा सकेगी। साथ ही निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण कर रहे सभी युवा, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, हटाने, संधोधन के लिए मतदान केंद्र स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12 से 13 अगस्त 19 से 20 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने मतदान केन्द्र में दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सुरों के सरताज मोहम्मद रफी को उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने दी मोहम्मद रफी के गाए सुमधुर गीतों की प्रस्तुति**

**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। राग द म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सुरों के सरताज मोहम्मद रफी साहब को उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम कर उन्हें याद किया गया। स्थानीय चंपा बाग में स्थित राग द म्यूजिकल ग्रुप के अपने ही स्टूडियों में कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम रफी साहब के फोटो पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलन कर उन्हें याद कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया जिसमें राग द म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार सुरेश जैन, मनीष श्रीवास्तव, बीजू विश्वास, समीर जैन, प्रशांत दास, मोहम्मद सलमान, दिव्यांशी शुक्ला, योगेश चंद्र मौर्य, प्रियंका वैद्य, शारोन सिंह, जगदीश कुंतल, चंद्रभान नागवंशी, आदि कलाकारों ने मोहम्मद रफी के बेहतरीन नगमे प्रस्तुत किए। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रुप के संरक्षक सुरेश जैन, उपाध्यक्ष सहदेव नाग एवं श्रीमती ज्योति गर्ग एवं अतिथि कलाकार देवशरण तिवारी दिनेश श्राफ, शंकर नानकानी, पंकज गुप्ता, विश्व मोहन मिश्रा, पवन खुराना, गाजिया अंजुम, करमजीत कौर, मंजू गुप्ता, नेमी जैन, एलपी सोनी, आशा सोनी, अनिता श्रीवस्तव, सावित्री महापात्र, सुनील जैन, अश्विका विश्वास, बिजली वैद्य एवं काफी संख्या में दर्शक कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## कांग्रेस सरकार ने गौठानों के नाम पर 1300 करोड़ का घोटला किया : महेश गागड़ा



**जगदलपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने गोठानों के नाम पर 1300 करोड़ रुपए के दुरुपयोग और घोटाले का आरोप प्रदेश सरकार पर लगाया और मांग की है कि बिहार के चारा घोटाले की तर्ज पर ही इस गौठान घोटाला की जाँच सीबीआई से कराई जाए। श्री गागड़ा ने कहा कि गौ माता के नाम पर कांग्रेस की भ्रष्ट प्रदेश सरकार ने बिहार के चारा घोटाले से बड़ा घोटाला किया है। प्रदेश सरकार के इन तथाकथित गौठनों में न गाय है और न ही गोबर।

श्री गागड़ा ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रवार्ता में कहा कि गौठानों के नाम पर भी कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने सब्जबाग दिखाए, लेकिन न तो गौठानों में गायों के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए और न ही गोबर से निर्मित खाद का कहीं अता पता है। श्री गागड़ा ने कहा कि हाल ही में 269 करोड़ रुपए के तो केवल गोबर घोटाले का खुलासा हुआ है और प्रदेश सरकार इस आरोप का जवाब तक विधानसभा में नहीं दे पाई। इससे साफ है कि प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में बेदर्दी से घोटाला करके प्रदेश के संसाधनों की लूट मचा रखी है। प्रदेश में गौठानों का बुरा हाल है और गौवंश बेहाल है। महेश गागड़ा ने भाजपा द्वारा हाल ही चलाए गए प्रदेश के 3,948 गौठानों तक पहुंचकर 'पोल खोल अभियान' की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी गौठानो में कहीं भी गाय नहीं है। अनेक जगह कांग्रेस की गुंडागर्दी सहते हुए, सत्ता की हिंसा आदि झेलते हुए भी कार्यकर्ताओं ने अपनी जान पर खेलकर प्रदेशभर से आँकड़े जुटाए हैं। कई जगह तो मीडिया के कैमरे के सामने भी कांग्रेसियों ने मारपीट की। भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला भी किया। फिर भी भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को पूरा किया और पाया कि हमने जितना सोचा था, गौठानों के हालात उससे भी अधिक भयावह हैं। बदइंतजामी का आलम यह है कि अक्टूबर 2022 में सिर्फ 3 गोठानो में 150 गौ माताओं ने भूख, प्यास और घुटन के चलते दम तोड़ा। मुख्यमंत्री बघेल के अपने विधानसभा क्षेत्र के अचानकपुर गोठान में ही 25 गायों की हत्या हुई। इसी तरह आदर्श दर्जा प्राप्त सचादुर गौठान से रातो-रात हिस्ट्रीशीटर गौ तस्करों ने 40 से 50 गायों की चोरी को अंजाम दिया। यह बेहद शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र में गायों की हत्या हो रही है और गृह मंत्री के क्षेत्र में गौ माता की चोरी हो रही है। जहां 40 से ज्यादा गोवंश के गौठान से चोरी होने की पुलिस चौकी में शिकायत की गई है।

श्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार गौठानों के नाम पर चाहे जितना ढोल पीट रही हो, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश में 9,290 गौठान का दावा है, परंतु 2023-24 में 175 करोड़ की बजट राशि लेने वाली इन गौठानों में से 80 प्रतिशत गौठानों में गाय रहती ही नहीं। प्रत्येक गौठान में 300 गाय रखने का नियम है। भूपेश जी ने कहा कि गर्मी में गाय कहीं और चली जाती हैं, पर अब तो बरसात >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राज्य अजा आयोग अध्यक्ष ने किया आदिवासी समाज प्रमुखों से भेंट

## सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया, जिले के गैर आदिवासी पीड़ित आदिवासियों की व्यथा



**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त भानुप्रताप सिंह अपने कोण्डागांव प्रवास के दौरान 01 अगस्त 2023 को विश्राम गृह कोण्डागांव में आदिवासी समाज के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों से मुलाकात करने के साथ ही अनुसूचित जन जाति वर्ग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी किया।

राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष के 01 अगस्त को आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग प्रवास के दौरान कोण्डागांव जिले में पहुंचकर सर्किट हाउस में जिले के आदिवासी समाज प्रमुखों से भेंट मुलाकात करने के राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष ने जिले में आदिवासी समाज के सामाजिकजनों का हालचाल जानने के साथ ही उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में भी जानकारी हासिल किया।

इसी दौरान सामाजिक कार्यकर्ता षैलेष षुक्ला ने भी गैर आदिवासियों से पीड़ित तीन आदिवासी परिवारों रामचंद मरकाम करंजी, सुखराम पोयाम बाजारपारा कोण्डागांव एवं रामसिंग सोढ़ी सोनाबाल की व्यथा से राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता षैलेष के साथ गैर आदिवासी पीड़ित रामचंद मरकाम उपस्थित रहे। गैर आदिवासियों से पीड़ित तीन आदिवासी परिवारों की व्यथा को सामाजिक कार्यकर्ता से अवगत होने तथा प्रत्यक्ष मौजुद रामचंद मरकाम से उनकी पूरी व्यथा को गम्भीरतापुर्वक सुनने के बाद रामचंद मरकाम के मामले को आयोग में पंजीबद्ध करने का आष्वासन देकर सारे साक्ष्य सहित आवेदन बनाकर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग रायपुर आने को कहा है। छग राज्य अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त भानुप्रताप सिंह से मुलाकात करने के दौरान बंगाराम सोढ़ी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला कोण्डागांव, जीवनलाल जिला सचिव, पनकू नेताम ब्लॉक अध्यक्ष आदि सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजुद रहे।

# इंस्पायर अवार्ड्स के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण



- कटेकल्याण एवं कुआकोंडा में जुटे संकुल समन्वयक
- छात्रों को नवाचार और तकनीक की मिलेगी जानकारी

**दंतेवाड़ा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नवाचार एवं तकनीकी की क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवाचार प्रतिष्ठान भारत ने स्कूली बच्चों के लिए इंस्पायर अवार्ड्स मानक योजना चलाई जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के सहयोग से प्रदेश के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर के मार्गदर्शन पर कटेकल्याण एवं कुवाकोंडा विकासखंडों के मुख्यालय में इंस्पायर अवार्ड्स मानक संकुल समन्वयक एवं प्रभारी शिक्षक शिक्षिका का प्रशिक्षण तथा बैठक आयोजित की गई। प्रशिक्षण में इंस्पायर अवार्ड्स मानक जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार सोनी ने इंस्पायर अवार्ड्स योजना के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर तथा नवाचार विशेषज्ञ अमुजुरी विश्वनाथ व्याख्याता आस्था विद्या मंदिर जावंगा ने इंस्पायर अवार्ड्स मानक के तहत प्रोजेक्ट मॉडल बनाने की तकनीकी एवं नवाचार का जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण में कटेकल्याण ब्लॉक सहायक शिक्षा अधिकारी राममिलन रावटे, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल प्राचार्य वेणुगोपाल राव, 18 संकुलों के समन्वयक एवं शिक्षक, कुआकोंडा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सौरव राठौर, 26 संकुलों के समन्वयक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

## मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत बच्चों का होगा टीकाकरण

**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी के अध्यक्षता में मंगलवार को जिला टास्क फोर्स (डीटीएफआई) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। इस बैठक में मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पांचवा चरण 07 अगस्त से प्रारंभ होने वाला है। इसमें 0 से 5 वर्ष तक के छुटे हुये बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। यह टीकाकरण तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर तथा तृतीय चरण 09 से 14 अक्टूबर तक किया जायेगा, जिसके तहत शतप्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



इस बैठक में कलेक्टर द्वारा मिशन इंद्रधनुष 5.0 के अंतर्गत सभी छुटे बच्चों को चिन्हांकित कर शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर बच्चों का शत् प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड से जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में किये गये उपचारों की जानकारी लेते हुए प्राप्त फंड के माध्यम से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही 10 अगस्त को डी वर्मिंग दिवस के तहत एलबेंडाजोल की गोलियां बच्चों को अवश्य खिलाने को कहा।

इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एके बिस्वाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल, माकड़ी, बड़ेराजपुर एवं समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़े राजपुर के प्रणव कृषि केन्द्र को किया गया सील

**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव में किसानों की सुविधा एवं उन्हें समयबद्ध रूप से उर्वरक एवं अन्य कृषि साधनों को उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सभी कृषि केन्द्रों की जांच कर उनके कार्यों का अवलोकन कर उचित कार्य न करने वाले केन्द्रों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुसार सोमवार को कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.तांडे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टीम द्वारा विकास खण्ड बड़ेराजपुर में आकस्मिक निरीक्षण करते हुए उचित कार्य न करने वाले केन्द्रों पर कार्यवाही की गई। इसी क्रम में बड़ेराजपुर के प्रणव कृषि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान रिकार्ड प्रदर्शित न करने, बिना मूल्य सूची विक्रय, गैर जीरो फार्म, कैश क्रेडिट मेमो जारी नही करने, स्यक बुक संधारित न करना, पाया गया, जिसके आधार पर केन्द्र में स्टॉक का निरीक्षण कर केन्द्र को सील कर जप्ती की कार्यवाही की गई। इस हेतु नियमानुसार आगे की कार्यवाही भी की जा रही है। प्रणव कृषि केन्द्र बड़ेराजपुर के संचालक के द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन पाया गया एवं बीज अधिनियम 1966 का उल्लंघन एवं कीटनाशी नियम 1971 का उल्लंघन पाये जाने पर कार्यवाही की गई है।



## नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

इस संबंध में कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में समितियों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता युक्त खाद एवं बीजों का संग्रहण पर्याप्त मात्रा में किया गया है। इसके साथ ही जिले के सभी विकास खण्डों में किसानों को नकली खाद एवं बीजों के क्रय से बचाने के कलेक्टर के निर्देश पर लगातार छापामार रूप से कार्यवाही की जा रही है। नियमों के उल्लंघन पर केन्द्रों को नोटिस के साथ सील करने की कार्यवाही की जा रही है।

# अफसरों को सौंपी स्वतंत्रता दिवस की जिम्मेदारी

## 14 दिन पहले बैठक में जरूरी निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

कलेक्टर श्री नंदनवार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह दंतेवाड़ा में गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी, साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। ज्ञात हो कि तहसील एवं जनपद स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं होंगे लेकिन जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरी निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

## जनपद और तहसील स्तर पर नहीं होंगे आयोजन

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य मंत्री जन चैपाल, पीजीएन पोर्टल, ई-समाधान सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त पत्रों के निराकरण के साथ ही मुख्य मंत्री द्वारा किए गए घोषणाओं पर क्रियान्वयन, गोधन न्याय योजना, मुख्य मंत्री स्कूल जतन योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। निर्माण कार्यों की गति बढ़ाए जाने पर जोर दिया, जिससे उनका लाभ नागरिकों को शीघ्र प्राप्त हो सके। इस दौरान आगामी विधान सभा निर्वाचन हेतु आवश्यक तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक मुलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देकर अधिक से अधिक लोगों को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किए जाने पर भी जोर दिया। मतदाता जागरुकता के लिए बुधवार को कलेक्टर परिसर से महाविद्यालय तक निकाली जाने वाली बाइक रैली में भी अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील की।



## निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

**स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश**

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयारियों के निर्देश देते हुए कहा कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कोंडागांव में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सभी शासकीय भवनों के साथ ही ऐतिहासिक स्मारकों में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही शासकीय भवनों में रोशनी भी की जाएगी। उन्होंने ध्वजारोहण का कार्यक्रम पूरे सम्मान के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्तिपूर्ण, लोक संस्कृति को प्रर्दर्शित करने वाली तथा गरिमामय हो। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नक्सल हिंसा के शहीदों को और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने की बात कहते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकालने तथा शालाओं में खेलकूद, सांस्कृतिक आयोजन और वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए।

# शहीद जवानों की स्मृति में रोपे फलदार पौधे



**दंतेवाड़ा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस का वृक्षा रोपण अभियान पोदला उरस्कना इन दिनों जारी है। अभियान के तहत आज गीदम थाना अंतर्गत नई पुलिस कालोनी परिसर में पुलिस जवानों की स्मृति में पौध रोपण किया गया। एसपी गौरव राय के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सुश्री आशारानी की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ।

इस दौरान थाना प्रभारी सलीम खाखा व थाना गीदम स्टॉफ द्वारा विभिन्न फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया । थाना प्रभारी सलीम खाखा ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण व पुलिस परिसरों में स्वस्थ्य वातारण निर्मित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी थाना/चौकी/पुलिस कैम्पों में पोदला उरस्कना पौधारोण महोत्सव अभियान के तहत् पौधारोपण किया जा रहा है।

- नई पुलिस कालोनी गीदम में वृक्षारोपण
- आईजी और एसपी के मार्गदर्शन में अभियान

## मतदाता जागरूकता हेतु बाईक रैली का आयोजन आज

**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तहत 02 अगस्त को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसके लिए जागरूकता प्रसार हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। जो जिला कार्यालय से 10 बजे प्रारंभ होकर शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव को जाएगी।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने कलेक्टर की अपील

**दंतेवाड़ा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य कल 2 अगस्त से प्रारंभ किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा जिले वासियों से अपील की गई है कि नाम जुड़वाने के अंतर्गत जिनकी आयु 1 अक्टूबर से 18 वर्ष की आयु हो रही है या फिर जिन्होंने अब तक मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़वाया है वो अवश्य मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनें।

# प्रादेशिकी का शेष...

### शहर में अवैध नशीली...

में धारा 21-बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से कुल 86 पत्ता, जुमला 1143 नग टेबलेट/कैप्सुल, 01 मोटर सायकल, 2 नग मोबाईल व एक टैब, को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक...

परेशानी न हो इसके लिए केन्द्र में रैंप का भी निर्माण किया जा रहा है। साथ ही अक्षम दिव्यांगजनों एवं 80 व अधिक आयु के मतदाताओं के घरों तक पहुंचकर मतदान दल पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने की जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा सहित समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस सरकार ने गौठानों के...

चालू हो चुकी है। फिर भी निरीक्षण के दौरान हमें गाय नहीं मिली। रोका-छेका का जमीनी सच यह है कि गायें आज भी सड़कों पर दिखाई पड़ रही है।

श्री गागड़ा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए भेजी गई राशि में भूपेश सरकार ने गौठानों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। प्रदेश सरकार ने दो रुपए किलो की दर से गोबर खरीदकर उसे 10 रुपए प्रति किलो की दर से घटिया वर्मी कंपोस्ट के नाम पर किसानों को बेचा गया। ९

ी गागड़ा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में निर्मित गोठानों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी की व्यवस्था, शेड की व्यवस्था, चारा की व्यवस्था, गोबर खरीदी-बिक्री की व्यवस्था, व गोबर से वर्मी खाद बनाने की व्यवस्था की कमी के चलते ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए गौठान बनाने वाली सरकार के सभी दावे केवल झूठ के पुलिंदे और कागजी ही हैं। बस्तर के दूरस्थ वन ग्रामों में तो स्थिति और भी गंभीर है। बस्तर के गोठानों में भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि वहां गोठानों को केवल भूमि घेरने के लिए उपयोग किया जा रहा है तथा प्रति गोठान 8 लाख 19 हजार रुपए खर्च करने के बावजूद भी ऐसा कोई ढांचा गोठानों में दिखाई नहीं दिया। महेश गागड़ा ने कहा कि भाजपा इस पूरी रिपोर्ट को कम्पाइल कर तमाम जांच एजेंसियों को भेजेगी और यह पुरजोर मांग करती है कि चारा घोटाले की तर्ज़ पर ही इस घोटाले की सीबीआई जांच की जाए। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, श्रीनिवास राव मद्दी,योगेन्द्र पाण्डेय, रामाश्रय सिंह,वेदप्रकाश पाण्डेय, उमाकांत सिंह, रजनीश पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, आलोक अवस्थी, अविनाश श्रीवास्तव, दिनेश पाणिग्रही उपस्थित थे।

# स्वीप अभियान अंतर्गत वृहत साईकिल रैली का आयोजन




**सुकमा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष्य में स्वीप गतिविधियां के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जिले में स्वीप अभियान अंतर्गत वृहद साईकिल रैली का आयोजन बुधवार 02 अगस्त को किया जाएगा। साईकिल रैली प्रात: 7-30 बजे आईएमएसटी स्कूल(गादीरास चौक) से प्रारंभ होकर बस स्टैड होते हुए मलकानगिरी चौक, पुराना कलेक्ट्रेट भवन, फॉरेस्ट कॉलोनी रोड होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समापन किया जाएगा। इस वृहत साईकिल रैली में युवा, महिलाएं वरिष्ठ नागरिक समाज सेवी संस्थाएं एवं शासकीय कर्मचारीगण सहित समाज के सभी वर्ग शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने साईकिल रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को हिस्सा लेने की अपील की है।

# 119 पशुओं को रोका छेका अभियान के तहत सड़कों से हटाया गया

## पशु पालकों पर लगाया गया 10900 रूपयों का जुर्माना

**कोण्डागांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत कोण्डागांव जिले में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सभी नगरीय निकायों में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य मुख्य सड़कों पर रोका छेका अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है, जिसके संबंध में नगर पालिका कोण्डागांव के सीएमओ दिनेश डे ने बताया कि रोका छेका अभियान के तहत अब तक मुख्य सड़कों से एवं नगर के अन्य भागों से 119 पशुओं को पकड़कर गौठान में छोड़ा गया है। इसके साथ ही पशुपालकों पर जुर्माना लगाते हुए 26 पशुपालकों से 10900 रूपयों का जुर्माना वसूल किया गया है। यह अभियान हर रोज दिन के साथ-साथ रात को भी संचालित किया जा रहा है।



## निधन

### पं. रामशिरोमणि मिश्र

**जगदलपुर,** 1 अगस्त। मोतीतालाब पारा, काली मंदिर के पास निवासी 77 वर्षीय पंडित रामशिरोमणि मिश्र का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा व राजीव मिश्रा के पिता थे।



**संपादकीय**

## रोजगार सृजन से बढ़ेगी उत्पादकता

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रोजगार के नए अवसर बढ़ाने के कई प्रयास किए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी सरकार की योजनाओं से भी इसमें मदद मिली हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्कों में शुरू हुई नई-नई गतिविधियों से ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले है। हर युवा का सपना होता है कि उसके पास एक लाभप्रद रोजगार की स्थाई साधन हो। राज्य सरकार इस कोशिश में आगे बढ़ रही है। उद्योग के क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने के साथ ही राज्य के युवाओं का कौशल बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार राज्यभर में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में 6 नए ट्रेड शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए टाटा की कंपनी से एमयूओ भी किया गया है। राज्य में अभी लाखों की संख्या में युवा ऐसे हैं, जिनके पास रोजगार नहीं है। ऐसे युवाओं को सरकार 25 रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दे रही है। यह भत्ता दो साल तक ही उन्हें मिलेगा। इस बीच सरकार प्रयास करेगी कि उन्हें कोई न कोई लाभप्रद रोजगार उपलब्ध करा दिया जाए। इसके लिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का भी काम साथ-साथ चल रहा है। युवाओं के हाथ में रोजगार हो तो राज्य में उत्पादकता बढ़ती है और आर्थिक विकास को गति मिलती है। छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ता हुआ एक ऐसा प्रदेश है जहां विकास की संभावनाएं असीमित हैं। पहले यहां न तो अच्छी सड़कें थीं और न ही परिवहन के अच्छे दूसरे साधन थे। पृथक राज्य बनने के दो दशक में राज्य ने देश-दुनिया का ध्यान खींचा है। कई बड़े उद्योगपति यहां उद्योग स्थापित करना चाहते हैं क्योंकि यहां नए उद्योगों के लिए सभी साधन मौजूद थे। राज्य में बिजली, पानी तथा कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। जैसे-जैसे आर्थिक विकास को गति मिल रही है वैसे-वैसे हर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। यहां श्रम भी अपेक्षाकृत सस्ता है। ऐसी स्थिति में यदि कौशल विकास से जोड़कर युवाओं को तैयार किया जाए तो स्टार्टअप के इस दौर में वे खुद भी नई संभावनाएं तलाश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त युवाओं को जारी करते हुए कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कम अविध के कौशल प्रशिक्षण के जरिए 1 हजार युवाओं को हर साल तैयार करने की सरकार ने योजना बनाई है। बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आईटीआई में नए ट्रेड शुरू होने से ऐसे युवाओं के लिए कौशल विकास के और भी अवसर बढ़ेंगे। सरकार का लक्ष्य हर हाथ को काम का होना चाहिए। देश के बेरोजगारी इंडेक्स में छत्तीसगढ़ कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में रोजगार के अपने स्त्रोत भी कम नहीं है। युवाओं के लिए नई योजनाएं लागू कर इसे और उन्नत और संभावनापूर्ण बनाया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि सरकार ने राज्य में इसकी शुरूआत कर दी है। आने वाले समय में इसके परिणाम दिखाई दे सकते हैं।*

**उल्टा पुल्टा**

संता- अरेंज मैरिज के भी अपने फायदे है।
बंता- वो कैसे?
संता- कभी-कभी ऐसी लड़की से शादी हो जाती है, जिसे लड़का खुद सात जन्म तक नहीं पटा सकता।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जूनियर डॉक्टर्स

## मेकाहारा में पंडाल के नीचे ही मरीजों का इलाज, इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद करने की चेतावनी





**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सुबह से ओपीडी में रहने वाले जूनियर डॉक्टर नहीं हैं उनकी जगह रेगुलर स्टाफ ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आपात सेवाओं को फिलहाल हड़ताल से दूर रखा गया है।

स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। जूडा एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक जल्द मांगे नहीं मानी गई तो इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद कर दिया जाएगा। पहले दिन अस्पताल आने वाले मरीजों का हड़ताली डॉक्टर्स ने पंडाल में ही चेकअप किया। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा।

रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स भी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए है। इससे पहले एक हफ्ते तक अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स ने अस्पताल में काली पट्टी लगाकर मरीजों का इलाज किया था। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्था जूनियर डॉक्टर्स के ही जिम्मे होती है और इनके हड़ताल पर जाने से सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है।

### 3 हजार से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल पर

प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश के अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। इसके साथ ये लोगों का इलाज भी करते हैं। मनु प्रताप ने बताया कि आज से रूटीन ओपीडी में सेवाएं बंद की जा रही है हालांकि इमरजेंसी सेवाएं जूडा देंगे लेकिन इसके बाद भी कोई फैसला शासन की तरफ से नहीं आता तब पूरी तरह से सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसमें सभी सरकारी कॉलेज के लगभग 3 हजार पीजी, इंटर्न, बॉन्ड भरे हुए डॉक्टर्स काम बंद कर देंगे। इसके अलावा पोस्ट पीजी के रेजिडेंट्स को भी कम मानदेय दिया जा रहा है इसलिए वे ही जूडॉ के साथ हड़ताल पर रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ में सबसे कम मानदेय

छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट मनु प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य में जूनियर डॉक्टर्स को मिलने वाला स्टाइपेंड दूसरे राज्यों के मुकाबले बेहद कम है।

उन्होंने बताया कि आस-पास के राज्य एमपी, झारखंड से भी कम स्टाइपेंड प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स को मिलता है। दूसरे प्रदेशों में जहां 95 हजार रुपए तक दिया जाता है। वहीं छत्तीसगढ़ में 50-55 हजार रुपए ही मिलते हैं। किसी भी प्रदेश में 2 साल का बॉन्ड नहीं भरवाया जाता है। केवल छत्तीसगढ़ में ही ऐसा हो रहा है। बीते 4 साल में मानदेय नहीं बढ़ाया गया है। इसके चलते मजबूरन अब हड़ताल का कदम उठाना पड़ा है।

उन्होंने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स 6 महीने पहले भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। उस समय सरकार की तरफ से आश्वासन दिया गया था कि उनकी मांगों पर जल्द फैसला लिया जाएगा लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी कोई फैसला नहीं आया। जिससे जूनियर डॉक्टर्स में नाराजगी है इसलिए अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है।

# बर्खास्तगी से नाराज संविदा कर्मचारियों ने मांगी इच्छा मृत्यु

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। 3 जुलाई से हड़ताल पर बैठे बीजापुर नेशनल हेल्थ मिशन के 211 संविदा कर्मचारियों पर बर्खास्तगी की कारवाई के बाद संगठन ने कार्रवाई की घोर निन्दा कीहै। इस आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए हड़ताली कर्मचारियों से संवाद स्थापित करने की बजाय करवाई को अलोकतांत्रिक बताया। संगठन ने नाराज होकर घड़ी चौक रायपुर में भारतीय संविधान के प्रणेता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के सामने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकत्रित होकर राजभवन की ओर कूच किया। संगठन ने इच्छा मृत्यु का पत्र राज्यपाल के नाम से राजभवन में सौंपते हुए इच्छा मृत्यु मांगा है।



# रेलवे ने की फिर आठ ट्रेनें रद्द

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों की दिक्कतें कम नहीं हो रही है। रेलवे ने विकास कार्य के नाम पर एक बार फिर से आठ ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। चार व पांच अगस्त को बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलोकिंग का काम होगा। जिसके कारण ट्रेनों को रद्द किया गया है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के बजाए रेलवे ने खेद जताया है।



**बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में होगा तीसरी लाइन का काम**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इंफ्रास्टक्चर डवलपमेंट का काम चल रहा है, जिसके कारण यात्री ट्रेनों को आए दिन कैंसिल करने का दौर चल रहा है। एक तरफ रेल यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या से परेशान हैं। वहीं, ट्रेनों को रद्द करने से उनकी दिक्कतें और बढ़ गई है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हावड़ा-मुंबई मेन लाइन पर स्थित बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन काम चल रहा है, जो अब अंतिम दौर पर है, जिसके लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का काम होना बाकी है। यह कार्य चार अगस्त की सुबह 9 बजे से पांच अगस्त को दोपहर तीन बजे तक 18 घंटे चलेगा, जिसके कारण इन ट्रेनों को कैंसिल किया गया है।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को दुर्ग से चलने वाली 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

4 अगस्त को अंतागढ़ से चलने वाली 08815/08816 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।

# विपक्ष के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा इन्हें सिर्फ घोटाला नजर आता है : भूपेश

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा विपक्ष के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। उनको तो हर अच्छे काम में सिर्फ घोटाला नजर आता है। जब प्रदेश में 250 करोड़ रुपए की गोबर खरीदी हुई है तो 269 करोड़ रुपए का घोटाला कैसे हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशाला के नाम पर उनके लोग कमीशनखोरी करते रहे हैं, वो गौ माता के नाम पर वोट मांगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल राज्य सरकार ने नहीं बढ़ाया है। बल्कि, केंद्र विदेशों से कोयला खरीद रही है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में एन टी पी सीऔर लारा जैसे प्रोजेक्ट में उत्पादन लागत बढ़ गया है, जिसका खामियाजा यहां की जनता भुगत रही है।

सरकंडा के बहतराई स्टेडियम में मुख्यमंत्री युवाओं से चर्चा करने पहुंचे थे। जिसके बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान युवाओं से हुई उनकी बातचीत को लेकर भी उनसे सवाल किया गया। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत उत्साह देखने को मिला। बहुत सारे उनके मन में सवाल थे और सभी ने खुलकर बात की, बहुत अच्छा लगा।



**नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर किया पलटवार**

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के गोबर घोटाले के आरोप पर मुख्यमंत्री बघेल ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में सालों तक गायों की मौत होती रही है और विपक्ष गौ माता के नाम पर राजनीति कर केवल वोट मांगती रही है।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद आधे से अधिक गौठान स्वावलंबी हो गए हैं, वहां गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है। प्रदेश के किसान जैविक खेती की दिशा में काम कर रहे हैं और रासायनिक खाद की जगह वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। करीब 6 हजार गौठानों में वर्मी कंपोस्ट बनाकर खुद के पैसों से वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है।

भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों व युवाओं से संवाद कर रही है, जिसका असर विपक्ष पर दिख रहा है और उनका मानसिक संतुलन बिगड़ते जा रहा है।

# दिव्यांगों को वोट फ्रॉम होम की मिलेगी सुविधा

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि 2 अगस्त को प्रदेश में में वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जा रहा है। इसके बाद 31 अगस्त तक नए मतदाता जोड़ने का विशेष अभियान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से चलाया जाएगा। बुधवार को इस अभियान की शुरुआत करने के तहत एक वॉकेथॉन का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है।



सुबह 7 बजे से वॉकेथॉन गांधी उद्यान से शुरू होकर जीई रोड, से होते हुए शहीद स्मारक भवन पहुंचकर समाप्त होगी। इसमें कई सामाजिक संगठन भी शामिल होंगे। यह अभियान 18 साल पूरे कर चुके नए मतदाता को वोटर लिस्ट से जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। 31 अगस्त तक पूरे प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में खास अभियान चलेंगे। हालांकि इसके बाद भी नए मतदाता नाम जुड़वा सकेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा और इसी लिस्ट के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग वोटर्स को वोट फ्रॉम होम की सुविधा दी जा रही है। जिससे घर बैठे दिव्यांगजन अपने अपना वोट दे सकेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, फॉर्म 6 के साथ फॉर्म 8 भी जोड़ा गया है जिसमें वोटर अपनी निशक्तता की जानकारी देंगे। इस जानकारी के आधार पर वोटिंग वाले दिन निर्वाचन आयोग की ओर से वोट फ्रॉम होम की सुविधा दिव्यांग जनों को दी जाएगी। इसकी वीडियोग्राफी होगी। जानकारी राजनीतिक दलों को दी जाएगी।

**बढ़ गई महिला मतदाता**

छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में महिला वोटर्स की संख्या बढ़ी है। 5 जनवरी तक की स्थिति में प्रदेश में 1000 पुरुष मतदाताओं के पीछे 1000 महिला मतदाता थीं। अब वर्तमान में 1000 पुरुषों के पीछे 1003 महिला मतदाताओं की संख्या दर्ज की गई है। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में 1 करोड 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं। 5 जनवरी तक ये संख्या 1 करोड़ 94 लाख 54 हजार 9 थीं। प्रदेश में कुल 1 लाख 47 हजार 364 दिव्यांग वोटर्स हैं। महिला वोटर्स की संख्या 98 लाख 32 हजार 757 और पुरुष वोटर्स की संख्या 98 लाख 6 हजार 906 है। प्रदेश मे 18 से 19 साल के 4 लाख 25 हजार 698 और 80 साल से अधिक उम्र के 2 लाख 2 हजार 740 वोटर्स हैं।

**इन तारीखों को लगेगा शिविर**

प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों के पोलिंग बूथ पर बीएलओ विशेष शिविर लगाएंगे। यहां पहुंचकर लोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, अपडेट करने के संबंध में अपने काम करवा सकेंगे। इसके लिए 12 अगस्त 13 अगस्त 19 अगस्त और 20 अगस्त की तारीख तय की गई है।

# प्रदेश के अजा वर्ग को मिले 16 फीसदी आरक्षण : लाल सिंह आर्य

## कांग्रेस पर आरक्षण कम करने का लगाया आरोप

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्षलाल सिंह आर्य ने कहा छत्तीसगढ़ में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर रोस्टर का पालन नहीं हो रहा है। कांग्रेस साजिश के तहत अजा समाज में भ्रांति पैदा कर रही है कि राज्यपाल आरक्षण जो अजा वर्ग का बढ़ाया जाना है, उसपर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। रायपुर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए है। उन्होंने कहा इस बैठक में हम रचनात्मक, संगठनात्मक और आंदोलनात्तमक रणनीति तैयार कर रहे हैं। श्री आर्य ने कहा मुझे जानकारी है कि भारतीय जनता पार्टी ने अजा के आरक्षण को 16 परसेंट करने कि लिए कहा था। कांग्रेस सरकार ने एसटी का आरक्षण बढ़ाया है, हम इसके विरोध में नहीं है, लेकिन अनुसूचित जाति का भी उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए, जो कम किया गया है। अजा वर्ग का आरक्षण तत्काल बढ़ाएं, ताकि अनुसूचित जाति के गरीब बच्चे, शोषित लोगों को इसका लाभ मिल सके।




**कांग्रेस गरीब को गरीब करना चाहती है:** आर्य ने अपने बयान में कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास के माध्यम से, शौचालय के माध्यम से, आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस छत्तीसगढ़ में गरीबों को और गरीब बनाना चाहती है। यह घोटालेबाज सरकार है। कांग्रेस छत्तीसगढ़ का भला नहीं कर सकती है।

**बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही**-लाल सिंह ने कहा- केंद्र सरकार की तरफ से 1100 करोड़ की छात्रवृत्ति जो अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को दी जाती है, इसे बढ़ाकर 59000 करोड़ का बजट दिया। इसमें नियम था कि जब राज्य सरकार अपना अंश डालेगी तो अगले दिन केंद्र सरकार भी अपना हिस्से का अंश बच्चों के खाते में डालेगी। यहां कांग्रेस की सरकार ने अनुसूचित जाति के बच्चों को अपना अंश नहीं दिया। इससे केंद्र का पैसा रुका है। अजा बेटा बेटी के साथ छात्र छात्राओं के साथ जो अन्याय कांग्रेस सरकार कर रही है। वह कतई उचित नहीं है। उसकी हम निंदा करते हैं। प्रदेश का अंश जल्द से जल्द जारी करें, ताकि केंद्र से फंड बच्चों को मिल सके।

**गिरौदपुरी का काम रोक दिया**

आर्य ने कहा- गिरौदपुरी धाम में बनने वाले गुरु घासीदास से जुड़े स्थल के काम को कांग्रेस ने रोक दिया। एक तरफ प्रधानमंत्री देश भर में सांस्कृतिक संवर्धन के लिए काम कर रहे हैं, महापुरुषों के स्थानों को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहे हैं, वहीं पूज्य घासीदास के स्थान को नहीं बनाना एक बड़ा दलित विरोधी चेहरा उजागर होता है।

अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसका मतलब साफ है कि अनुसूचित जाति के नौजवान मजदूर गरीबों को उनके संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहे। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस कट्टर दलित विरोधी सरकार है। प्रदेश में 267 लोगों को गलत ढंग से जाति प्रमाण देकर नौकरी प्राप्त की है तो सरकार की ओर से जांच का समय दिया जा सकता है, कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन सरकार ने कार्रवाई नहीं की। इसका मतलब है कि सरकार अनुसूचित जाति के अधिकारों को छीनने वालों के साथ खड़ी है।

# आठ जिलों में खुलेगा बिजली फोरम

**रायपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में बिजली नियामक आयोग अब लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए उपभोक्ता फोरम की तरह रायपुर के बाद अब प्रदेश के आठ जिलों में बिजली फोरम शुरू करने की तैयारी कर रही है। प्रदेश में56 लाख उपभोक्ता है।

ये फोरम आठ जिलों में सभी कार्यालयीन दिवस पर आम लोगों की बिजली शिकायतों की सुनवाई करेंगे और अधिकतम 30 दिन में फैसला कर लेंगे। बचे हुए 25 जिलों में फोरम महीने में एक बार बैठेगा और यही प्रक्रिया होगी। इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है।

**कनेक्शन से लेकर बिजली बिल समस्याओं की होगी सुनवाई**

बिजली फोरम में जिन मामलों की सुनवाई होगी, उनमें लो वोल्टेज, लाइन और मीटर फाल्ट, कनेक्शन न देने, बिजली बिल अधिक जैसे प्रकरण शामिल हैं। कंपनी के प्रत्येक शिकायत केंद्र में रोजाना 30 से 35 शिकायतें आ रही हैं। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि शिकायतों को 30 दिन में दूर कर दिया जा रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बिजली से संबंधित शिकायतों को दूर करने विद्युत नियामक आयोग बिजली फोरम के पुनर्गठन का ड्राफ्ट लेकर आया है, जो उपभोक्ताओं को और अधिक अधिकार देगा। कंपनी के आठ डिवीजन वाले जिलों में उपभोक्ता फोरम गठित होगा। इन जिलों के अतिरिक्त फोरम माह में एक दिन 25 जिलों में जाकर सुनवाई करेगा और 30 दिन के अंदर फैसला देगा।

**अभी प्रदेश के तीन जिलों में हैं फोरम**-

अभी रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में ही फोरम हैं। इन तीन जिलों की अन्य जिलों से दूरी अधिक होने के चलते शिकायतकर्ता फोरम तक पहुंच नहीं पाते। उधर, मौजूदा व्यवस्था के तहत फोरम में दो सदस्य हैं। अध्यक्ष डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से है, जबकि सदस्य का पद स्वतंत्र व्यक्ति के लिए होता है।

आरोप लगते रहे हैं कि अध्यक्ष कंपनी का ही एक अधिकारी होता है, उसके फैसले निष्पक्ष नहीं होते, इसलिए नए सिस्टम में अध्यक्ष का पद स्वतंत्र व्यक्ति के लिए आरक्षित कर दिया गया, जबकि सदस्य कंपनी का तकनीकी अधिकारी होगा। आयोग ने भरोसा जताया है कि नई व्यवस्था से शिकायतों का समय रहते निराकरण होगा, उपभोक्ता संतुष्ट होंगे। फोरम के फैसले के विरुद्ध विद्युत लोकपाल को शिकायत की जा सकती है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए राइट टू कंज्यूमर एक्ट 2020 में उपभोक्ता परिवेदना निवारण विनियम (सीजीआरएफ) गठित करने की बात कही गई। यह सरल भाषा में बिजली फोरम कहलाएगा। केंद्र ने तीन साल पहले सभी राज्यों से कहा था कि बिजली शिकायतों की सुनवाई और फैसला का पूरा सिस्टम सरल किया जाए। इस आधार पर राज्य में यह ड्राफ्ट बना।

# दूसरे की टिकट पर अब घर वाले कर सकेंगे ट्रेन में सफर

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अगर आप ट्रेन में सफर करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। ट्रेन में सफर करने से पहले इससे जुड़े कुछ जरूरी नियम के बारे में जानकारी प्राप्त करना बहुत जरूरी है। रेलवे की नई स्कीम का फायदा यात्रियों को मिलने वाला है। दरअसल जिस व्यक्ति के नाम से कंफर्म टिकट हैए अगर वह किसी कारणवश यात्रा नहीं करना चाहता है तो उस टिकट को वह अपने किसी स्वजन को ट्रांसफर कर सकता है। यह सुविधा रेलवे की माडिफिकेशन स्कीम के जरिए मिल रही है। इसके लिए यात्री के पास कंफर्म टिकट होना अनिवार्य है। इतना ही नहींए यात्री ट्रेन रवाना होने से 48 घंटे पहले तक टिकट काउंटर से टिकट की तारीख आगे बढ़वा सकता है। साथ ही ट्रेन भी बदल सकता है। इसमें यात्री को स्लीपर के लिए 20 और एसी के लिए 45 रुपये अतिरिक्त चार्ज देना पड़ेगा। रेलवे यात्रियों के सामने कई बार ऐसी समस्या आ जाती है कि कंफर्म टिकट होने के बाद भी वह मजबूरी में यात्रा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जानकारी के अभाव में यात्री को टिकट रद करना पड़ता है। स्लीपर टिकट रिटर्न करने पर 120 रुपये और एसी टिकट वापस करने पर 145 रुपये चार्ज देना पड़ता हैए लेकिन यात्री को यदि आगे यात्रा करनी है तो वह माडिफिकेशन स्कीम के तहत स्लीपर का 20 रुपए और एसी का 45 रुपये देकर अपनी यात्रा की तारीख और ट्रेन बदलकर यात्रा कर सकता है। वही यात्री को इस बात का भी ध्यान देना होगा कि यदि उसने माडिफिकेशन स्कीम अप्लाई कर दिया है और वह यात्रा नहीं करना चाहता है और टिकट रद कर रहा तो उसे स्लीपर का 240 और एसी का 390 रुपये कैंसिलेशन चार्ज देना होगा। इस योजना के तहत रेलवे ने यात्रा आगे बढ़ाने की कोई अवधि तय नहीं की है।यात्री अपनी टिकट को कितने भी दिन यात्रा को आगे बढ़ा सकता है। इसमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि अगर अगली तारीख के लिए टिकट बढ़ाया जा रहा है तो ट्रेन में उस तारीख पर सीट होने पर ही कंफर्म टिकट मिलेगा।



**यात्री का लगेगा आधार कार्ड**

जिस यात्री को टिकट ट्रांसफर करनी हैए उसे इसके लिए ट्रेन छूटने के 48 घंटे पहले काउंटर पर जाकर आवेदन देना होगा।उसकी जगह यात्रा करने वाले का आधार कार्ड देना होगा जिससे प्रूफहो सके कि वह परिवार से हैं।इसके साथ ही खुद के यात्रा रद करने का कारण भी बताना पड़ेगा।सबसे पहले आप उस टिकट का प्रिंटआउट निकाल ले।चाहें आपने आनलाइन बुक किया हो या आफलाइन।इसके बाद आप जिस व्यक्ति को टिकट ट्रांसफर करना चाहते हैं उसका आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड ले लें। इसके बाद आपको अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर जाकर टिकट ट्रांसफर के लिए आवेदन करना होगा। रायपुर रेल मंडल वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक शिव प्रसाद ने कहाए रेलवे की नई माडिफिकेशन स्कीम में कंफर्म टिकट पर सगे भाई.बहनए माता.पिताए पति.पत्नी या फिर पुत्र.पुत्री यात्रा कर सकते हैं।इसके लिए 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा। इससे टिकट रद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# पुलिस परेड ग्राउंड पर मनाया जाएगा आजादी का पर्व

## कलेक्टर ने तैयारियों के लिए की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पहले की तरह ही इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर आजादी का पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इस समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेश वासियों के नाम संदेश भी देंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज अधिकारियों की बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और सभी काम निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों को अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने की बात भी कही ताकि आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित हो और राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान बढ़े। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त कलेक्टर श्री एन.आर. साहू, अपर कलेक्टर श्री बी.बी पंचभाई, सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियों के संबंध मे विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर आपसी समन्वय से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में आयोजित होगा। राजधानी स्थित सभी कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम सुबह 8 बजे के पूर्व सम्पन्न करा लिए जाए। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा राष्ट्रीय गान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और जिला स्तर पर उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों की सूची 8 अगस्त तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह साढ़े आठ बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर होगी। कलेक्टर डॉ. भुरे ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस परेड ग्राउंड में साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, वॉटर प्रूफ टेंट की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। डॉ. भुरे ने वनमंडलाधिकारी को बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने, जिला पंजीयक को गुब्बारे की व्यवस्था, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था करने, उद्यान विभाग के अधिकारी को गमले की व्यवस्था करने तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को पैरामेडिकल स्टॉफ एवं औषधियों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# टर्टल वैक्स इंडिया ने आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी की

**रायपुर,** 1 अगस्त। टर्टल वैक्स,आईएनसी.,एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कारकेयर कंपनी, ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी में अपने ऑल-न्यू को - ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की, जो ग्राउंड फ्लोर खुशी रेजीडेंसी विशाल नगर रायपुर में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार डिटेलिंगसेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। साजन मुरली पूवांगरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, मध्य भारत अब तक हमारी उपस्थिति का अभाव महसूस कर रहा था; हालाँकि, हमने यहां बढ़ती रुचि देखी है।

# एयरटेल ने किया एयरटेल आईक्यू रीच लॉन्च

**रायपुर,** 1 अगस्त। भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एयरटेल आईक्यू रीच के लॉन्च की घोषणा की, यह एक अनूठा सेल्फ-सर्व मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लेटफार्म है, जो पर्सनलाइज्ड कम्युनिकेशन के जरिए ब्रांड या कंपनियों को अपने विशिष्ट ग्राहकों से जुड़ने की क्षमता प्रदान करेगा। अभिषेक बिस्वाल, हेड-डिजिटल प्रोडक्ट्स एंड सर्विसेज एयरटेल बिजनेस ने बताया, हमारे लिए हमारे ग्राहक सर्वोपरी हैं। हमने एयरटेल आईक्यू रीच को विशेष रूप से लघु एवं मध्य (एसएमबी) सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया है ताकि वे अपने कस्टमर्स के साथ कम्युनिकेशन को बेहतर बना सकें।

# विधायक के खिलाफ आप ने किया सदबुद्धि यज्ञ

## स्थानीय मुद्दों पर आप का अनोखा प्रदर्शन

**रायपुर,** 1 अगस्त। आम आदमी पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर 90 विधायकों के आवासों का घेराव कर रही है। इस अभियान की शुरुआत आज 1 अगस्त से राजधानी रायपुर के विस क्षेत्र रायपुरा पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के साथ हुई। पार्टी कार्यकर्ताओ ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पार्टी ने विधायक की सदबुद्धि हेतु यज्ञ-हवन कर अनोखे अंदाज में अपना आक्रोश दर्ज कराया।

2018 विधानसभा चुनाव में विधायक विकास उपाध्याय द्वारा किए गए पट्टा वितरण प्रणाली संबंधी वादे को लेकर उनके आवास पर जमकर बवाल किया। तत्पश्चात कलेक्टर प्रतिनिधी तहसीलदार प्रमोद गुप्ता ने एक महीने में पट्टा वितरण प्रक्रिया पूर्ण कराने का लिखित आश्वासन दिया।

रायपुर च्आपज्ज जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या से अवगत कराया था, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा आज जनता भुगत रही है।

## राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की आज आवश्यक बैठक

**रायपुर,** 1 अगस्त। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार पेंशनरों व परिवार पेंशनरों की उपेक्षा कर केन्द्र के समान 9 फिसदी महंगाई राहत के आदेश करने में अनावश्यक विलम्ब को लेकर आंदोलन का निर्णय लेने 2 अगस्त बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की बैठक जल संसाधन परिसर तेलीबाँधा रोड स्थित कर्मचारी संघ कार्यालय मे दोपहर 1 बजे रखी गई है। इस बैठक को पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेंद्र नामदेव,पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, पेंशनर्स एशोसिशन के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान, पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जे पी मिश्रा सम्बोधित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से 9त्न महंगाई राहत लेने क्या करना चाहिए और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के जारी होने वाले घोषणा पत्र के दिये जाने के लिए मुद्दों पर विचार कर अन्य पेंशनर्स हितैषी मामलों पर चर्चा कर निर्णय लिए जायेंगे।

# प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश के साथ वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग का अलर्ट



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। साथ ही कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा के साथ बिजली भी गिरने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। सोमवार को रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे। प्रदेश में एक जून से लेकर अब तक की स्थिति सामान्य से लगभग 11 फीसद बारिश कम हुई है। सरगुजा में सबसे कम बारिश हुई है, वहीं रायपुर में बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी के मध्य स्थित है तथा इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 12 घंटे में प्रबल होकर अवदाब के रूप में बदलने की संभावना है। इसके प्रभाव से ही मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

## प्रदेश में अब तक 486.9 मिमी बारिश बीजापुर में अधिक मेहरबान रहे बादल

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा जानकारी संकलित की जा रही है। जानकारी के मुताबिक एक जून से अब तक राज्य में 486.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से आज 31 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1011.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 178.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 337.3 मिमी, बलरामपुर में 326.1 मिमी, जशपुर में 336.8 मिमी, कोरिया में 438.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 419.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 589.0 मिमी, बलौदाबाजार में 437.9 मिमी, गरियाबंद में 500.2 मिमी, महासमुंद में 482.1 मिमी, धमतरी में 564.1 मिमी, बिलासपुर में 455.5 मिमी, मुंगेली में 572.1 मिमी, रायगढ़ में 469.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 391.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 335.5 मिमी, सक्ती में 354.8 मिमी, कोरबा में 430.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 383.8 मिमी, दुर्ग में 422.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 371.6 मिमी, राजनांदगांव में 634.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 699.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 521.5 मिमी, बालोद में 628.4 मिमी, बेमेतरा में 363.8 मिमी, बस्तर में 564.1 मिमी, कोण्डागांव में 407.0 मिमी, कांकेर में 492.1 मिमी, नारायणपुर में 448.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 672.9 मिमी और सुकमा में 825.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## निधन

### पं. रामशिरोमणि मिश्र



**जगदलपुर,** 1 अगस्त। मोतीतालाब पारा, काली मंदिर के पास निवासी 77 वर्षीय पंडित रामशिरोमणि मिश्र का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा व राजीव मिश्रा के पिता थे।

### निर्मला चंद्राकर



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त। सेक्टर-1, सड़क नं. 29 निवासी श्रीमती निर्मला चंद्राकर उम्र 69 वर्ष का निधन हो गया। वे अधिवक्ता कौशल प्रसाद चंद्राकर की पत्नी तथा अधिवक्ता सूरज प्रकाश चंद्राकर की माता थी। उनका दाह संस्कार रामनगर मुक्ति धाम भिलाई में किया गया।

### आशा जंक्यानी



**दुर्ग,** 1 अगस्त। रायपुर नाका सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी आशा जंक्यानी का आज निधन हो गया। वे स्व. भीमसेन जंक्यानी की पत्नी एवं गायत्री व ज्योति की माता जी थीं। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया।

### उधमदास ज्ञानचंदानी



**रायपुर,** 1 अगस्त। दुर्गा माता मंदिर के पास स्टेट बैंक के आगे तिल्दा कैंप निवासी उधम दास ज्ञानचंदानी का 1 अगस्त को दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे अशोक कुमार भोजी, गोला ज्ञानचंदानी के पिता व पहलाज राय, वीरूमल, मोतीराम ज्ञानचंदानी के भाई तथा निखिल, नवीन ज्ञानचंदानी के दादा थे।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि में आज से दीक्षारंभ की शुरुआत

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 1 अगस्त 2023, मंगलवार को दीक्षारंभ 2023-24 को शुरुआत की गई। दीक्षारंभ में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज जी ने कृपामयी एवं सानिध्य उपस्थिति दी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष, भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली से प्रो. जी. डी. शर्मा, सलाहकार,माननीय मुख्य मंत्री, उत्तरप्रदेश पूर्व ड्रग कन्ट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से प्रो. जी. एन. सिंह, चिकित्सा निदेशक हैड एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स सतना से डॉ. संजय माहेश्वरी एवं अध्यक्ष भक्ति सागर चैनल से श्री किशोर मोहते उपस्थित हुए।




## विवि में क्यूआर कोड द्वारा मार्कसीट व डिग्री के सत्यापन एप का हुआ शुभारंभ

दीक्षारंभ की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ की गई। दीक्षारंभ के स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया एवं कहा की आज मुझे सभी उपस्थित सदस्य का अध्यात्म, शिक्षा एवं सेवा के त्रिवेणी संगम के परिसर में स्वागत करते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने नए छात्रों से कहा कि आज का दिन नये प्रवेशीत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ का दिवस है जिन्होंने अपने भविष्य के लिए सपने सजाए हुए हमारी यूनिवर्सिटी का चयन किया हैं हम आप सभी का स्वागत करते हैं आपके सपनों को पूरा करने में कोई कसर एवं कमी नहीं छोड़ेंगे आज की वर्तमान शिक्षण व्यवस्था केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए उसी का पालन करते हुए विद्यार्थियों के स्वार्गिण विकास एसआरयू का मूल उद्देश्य है इसके लिए व्यक्तित्व विकास , खेलकूद एवं आप सभी के स्वत के अभिरुचि के अनुकूल कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना, संयोजन करना और उसमें सकारात्मकता बदलाव लाना हमारा प्रथम कर्तव्य है एसआरयू में आप अपने आप को कभी अकेला नहीं पाएंगे,बच्चों आप दूरदराज से आए हैं अपना घर- परिवार छोड़ कर आए हैं और आप अपने गांव और शहर से हट कर जब आप नए कॉलेज में जब आते हैं तब अपके अंदर अति उत्साह होता है क्योंकि यह वह क्षण है यह वह समय सीमा है जिस समय आप अपने भविष्य की संरचना कर सकते हैं।

उपस्थित सभी अतिथियों ने एवं विश्वविद्यालय के सदस्यों ने सभी विद्यर्थियो को शुभकामनाएं प्रेषति की और उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की।

# शराब तस्करी रोकने सीमावर्ती जिलों में 31 आबकारी जांच चौकियां स्थापित

## आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु आबकारी विभाग में तैयारियां प्रारंभ

**रायपुर,** 1 अगस्त। विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्यस्तरीय उड़नदस्ता एवं समस्त संभागीय उड़नदस्ता के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। उक्त बैठक में आबकारी आयुक्त द्वारा राज्य में संचालित समस्त आसवनी, बॉटलिंग यूनिट, ब्रूअरी, मदिरा दुकान एवं आबकारी जांच चौकियों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरो को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ-साथ उपरोक्त आबकारी केन्द्रों में निर्धारित अभिलेखो का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आबकारी आयुक्त ने बैठक में उपस्थित समस्त उड़नदस्ता ,जिला प्रभारियों को प्रभार क्षेत्रांतर्गत समस्त आबकारी केन्द्रों में समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाकर निर्वाचन संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराए जाने कहा गया। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य प्रांत की अवैध मदिरा तस्करी को रोकने के लिये राज्य के 13 सीमावर्ती जिलों में संचालित 31 आबकारी जांच चौकियां स्थापित की गई है जिनमें निर्वाचन के दौरान 24 घण्टे कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिये आबकारी विभाग द्वारा सी.सी.टी.व्ही. कैमरे स्थापित किये जा रहे है। उक्त के अतिरिक्त आबकारी विभाग द्वारा पुलिस / रेलवे पुलिस / आयकर / जी.एस.टी. एवं अन्य विभागों के साथ मिलकर मदिरा से संबंधित अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिये कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों तथा अवैध मदिरा से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय आबकारी आयुक्त के अधीन राज्यस्तरीय उड़नदस्ता कार्यालय, लाभाण्डी, रायपुर में संचालित किया जा रहा है।

# एल्युमीनियम के बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध का आदेश वापिस लिया जाए : अमर पारवानी

**रायपुर,** 1 अगस्त। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने के दुष्प्रभावों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है और यह परिपत्र केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को इस आशय के साथ भेज दिया गया है कि वो पूरे भारत में अपनी मिड डे मील योजनाओं में एल्युमीनियम के बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए। इस सरकुलर को देश के ऐल्यूमिनियम व्यापार के प्रति विपरीत प्रभाव एवं इस व्यापार पर पड़ने वाले दूरगामी नतीजों को ध्यान में रखते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स तथा ऑल इंडिया ऐल्यूमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया तथा केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श राजेश भूषण को एक पत्र भेजकर इस सर्कुलर के औचित्य पर सवाल उठाते हुए इस सर्कुलर को वापिस लेने का आग्रह किया है। कैट ने इस मुद्दे पर विस्तार से बातचीत करने के लिए श्री मांडवीय एवं राजेश भूषण से मिलने का समय भी मांगा है।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट एवं ऑल इंडिया ऐल्यूमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा की सरकार के आदेश से एल्युमीनियम बर्तन उद्योग पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा की एक तरफ़ तो ऐल्यूमिनियम से बने प्रेशर कुकर एवं अन्य बरतनो को बीआईएस की परिधि में लाया गया है।ऐसे में केवल मिड डे मील के लिए ऐल्यूमिनियम के बर्तनों का उपयोग हानिकारक कैसे हो गया, यह समझ से परे की बात है। देश की एक बहुत बड़ी जनसंख्या आज भी इन बर्तनों के सस्ता होने के कारण इनका उपयोग करती है। देश में हर कोई स्टेनलेस स्टील अथवा क्राकरी का इस्तेमाल नहीं कर सकता है ऐसे में इन बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना न्यायसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा की आज मिड डे मील के लिए उपयोग में लाने वाले बर्तनों पर रोक लगी है तो कल यही रोक सभी प्रकार के ऐल्यूमिनियम के बर्तनों पर भी लग सकती है। इस बारे में स्टेकहोल्डर्स से कोई सलाह मशवरा नहीं किया गया ।इस तर्कहीन आदेश को तुरंत वापिस लेना चाहिए।

# एक अक्टूबर को 18 वर्ष के होने वाले युवाओं का भी नाम मतदाता सूची में जुड़ेगा

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलेगा

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का संक्षिप्त कार्यक्रम कल 2 अगस्त से शुरू हो रहा है। मतदान केन्द्रों में 12 एवं 13 अगस्त और 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे सभी युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील भी की है।



जिले में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने पर आवेदन दिया जा सकेगा। मतदाता सूची में नाम, स्थान, पता आदि गलत होने पर सुधार कराया जा सकेगा। मृत या ट्रांसफर हो गये मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का काम भी इस दौरान होगा। नये फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र बनवाने, आधार नम्बर से मतदाता परिचय पत्र को लिंक कराने और दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वंय को चिन्हांकित कराने के काम भी संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाएंगे। नये मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकेंगे। आधार नम्बर से मतदाता पहचान पत्र लिंक कराने के लिए फार्म-6 बी, मृत या ट्रांसफर हो गये मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म-7 और नाम, पता आदि संशोधन कराने, ट्रांसफर एवं डूप्लीकेट ईपिक प्राप्त करने के लिए फार्म-8 में आवेदन लिए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से भी संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग की वेब साइट 222.1शहद्गह्ल्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर भी विजिट किया जा सकता है। वोटर हेल्प लाईन एप्प और वोटर हेल्प लाईन नम्बर 1950 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# इंजीनियर निकला चोर, 40 बाइक चुराई

## चोरी की गाड़ी को बनाता था बाइक टैक्सी, पेट्रोल खत्म होते ही दूसरे पर हाथ साफ



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।रायपुर में 40 बाइक चुराने वाले एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है।यह आरोपी बी.टेक इंजीनियर है जिसने अलग.अलग थाना इलाकों से बाइक चोरी की थी।जिसके बाद वह इसे बाइक टैक्सी के रूप में इस्तेमाल करता था और पेट्रोल खत्म होने पर छोड़ देता था। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम राहुल वर्मा है जिसकी उम्र 31 साल है और खरोरा थाना इलाके का रहने वाला है। आरोपी की निशानदेही पर 40 बाइक भी बरामद की है। सभी दोपहिया वाहनों की कीमत 15 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। आरोपी को पता था कि चोरी की गाड़ी बेचने पर वह पकड़ा जाएगा।जिसके चलते वह बाइक चोरी कर बेचता नहीं था।बल्कि लावारिस इलाके में छोड़ देता था।

### बाइक टैक्सी में करता था इस्तेमाल

आरोपी राहुल वर्मा ने बताया कि वह बी टेक इंजीनियर की पढ़ाई कर चुका है और निजी कंपनी में जॉब करता था।ज्यादा पैसे कमाने के लिए उसने बाइक रेंट कंपनी से जुड़ कर काम शुरू किया।बाइक टैक्सी चालू कर वो सवारी के पास जाता था और ऑफलाइन ही रुपयों की लेन.देन की सेटिंग कर लेता था।जिससे गाड़ी से जुड़े दस्तावेज कंपनी को नहीं दिखाने पड़े।

### पेट्रोल के पैसे बचाने फिर दूसरी बाइक की चोरी

आरोपी राहुल वर्मा शातिर चोर है। वह चोरी की बाइक से सवारी को एक जगह से दूसरे जगह वह छोड़ देता था। इसके बाद जब बाइक का पेट्रोल खत्म हो जाता था तो उसे वह लावारिस हालत में छोड़ देता था और दूसरी बाइक को निशाना बनाता था।

### ग्राहक की तलाश में गिरफ्तारी

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के को लेकर पुलिस ने एंटी क्राईम और सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया है। यह लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है।आरोपी को पता था कि वह चोरी की गाड़ी को बेचने में फंस जाएगा इसके बाद भी उसने एक गाड़ी को बेचने का सोचा।आरोपी इसे बेचने के फिराक ग्राहक की तलाश कर रहा था।इसी बीच पुलिस ने उसे धर दबोचा।पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल वर्मा निवासी खरोरा का होना बताया।टीम ने जब कागजात दिखाने कहा तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। गाड़ी से जुड़े दस्तावेज नहीं दिखाने के बाद पुलिस उसे थाने लेकर आई। थाने में पूछताछ में आरोपी राहुल वर्मा ने कई राज खोले।उसने बताया कि वो शहर के अलग.अलग इलाकों से 40 गाड़ी की चोरी कर चुका है।

# एयरटेल के कर्मचारियों से लूट



- सिर और हाथ पर फरसे से किया जानलेवा हमला,
- 2 आरोपी गिरफ्तार फरार लोगों की तलाश जारी

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।रायपुर के एक्सप्रेस वे में सोमवार की रात लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें बदमाशों ने कार सवार युवकों से पैसे और मोबाइल लूट लिए।इस वारदात के दौरान लुटेरों ने युवकों के साथ मारपीट कर फरसा से उन पर जानलेवा हमला भी कर दिया।इससे तीनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक अपनी कार से एयरटेल कंपनी के कर्मचारी प्रांशु गुप्ता गौरव शर्मा और शुभम शर्मा एक्सप्रेस वे से रायपुर की तरफआ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कार रोकी तभी पीछे से बाइक सवार बदमाश पहुंचे और उनसे पैसों की मांग करने लगे। इन युवकों ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया तो बदमाशों ने उनके साथ गालीगलौज और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने एक युवक के हाथ और गौरव शर्मा नाम के युवक के सिर पर फरसे से वार कर दिया। दोनों युवक हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद एयरटेल कंपनी के कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए कार को वहीं छोड़कर किसी तरह वहां से भागने में सफल रहे। इधर लुटेरों ने कार में पड़े 3 मोबाइल और पर्स से करीब 5 हजार रुपए कैश निकालकर फरार हो गए।इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने वारदात में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी दिनेश दीप 20 वर्ष और अर्जुन तांडी 19 वर्ष राजेन्द्र नगर के बीएसयुपी कॉलोनी में रहते हैं।इस मामले में पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा।फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर है।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में खमतराई थाने की पुलिस ने मोबाइल फोन लूट के मामले को सुलझा लिया है ।इस दौरान आरोपी को गिरफ्तार मोबाइल फोन को बरामद कर लिया हैं । प्रार्थी बसंत कुमार साहू ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बसंत विहार गोंदवारा का निवासी है। 14 जून की दोपहर अपने सायकल से ड्यूटी जा रहा था कि डब्ल्यू आर एस वर्कशाप के पहले नाला के पास रास्ते में प्रार्थी के सायकल के सामने मोटर सायकल में सवार तीन लड़के आये और उसके सायकल के सामने मोटर सायकल को खड़ा कर प्रार्थी को धक्का देकर गिरा दिये तथा लड़के अपने पास रखें चाकू को दिखाकर डरा धमकाकर प्रार्थी का एम आई कंपनी का मोबाईल फोन को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर अज्ञात आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रहीं थी।इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी उरकुरा निवासी रोशन सिंह के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर रोशन सिंह की पतासाजी कर पकड़कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर लूट की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर आरोपी रोशन सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त 02 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई, 125 गुण्डा-बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।अपराधों की रोकथामए अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम सहित लगभग 100 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा आज तड़के प्रात: 05:00 बजे अलग अलग स्थानों में गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति,असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों सहित पुराने अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी,चेकिंग कार्यवाही किया गया। छापेमार कार्यवाही के दौरान कुल 125 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार जिसके तहत् थाना तेलीबांधा, पंडरी, खम्हारडीह,विधानसभ, डीण्डीण्नगर, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, गंज,न्यू राजेन्द्र नगर, आजाद चौक कबीर नगरए सरस्वती नगर, आमानाका क्षेत्र स्थित बी.एस.यु.पी कालोनियों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में छापेमार चेकिंग कार्यवाही की गई। छापेमार कार्यवाही के दौरान कुल 125 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।छापेमार चेकिंग के दौरान में 13 आरोपियों से चाकू



जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज, मौदहापारा, टिकरापारा, आजाद चौकए सरस्वती नगर में आर्म्स एक्ट, ,7 आरोपियों से अवैध रूप से रखे शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मौदहापाराए टिकरापारा, तेलीबांधा,सरस्वती नगर, आमानाका, कर आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा, कोतवाली एवं पण्डरी तथा 02 आरोपियों से प्रतिबंधित नशीली सिरप जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना आमानाका में इस प्रकार 06 आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश सहित अपराधिक तत्व जो लगातार अपराधों में संलिप्त रहते है,ऐसे 92 अपराधियों के विरूद्ध थाना गंज, मौदहापारा पुरानीबस्ती टिकरापारा कोतवाली खम्हारडीह तेलीबांधा न्यू राजेन्द्र नगरए आजाद चौक सरस्वती नगरए कबीर नगर आमानाका एवं पण्डरी में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही करने के साथ ही 05 गिरफ्तारी वारंट 03 स्थाई वारंट तामिल करते हुए धारा 420 भादवि के फरार 01 आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही बी.एस.यु.पी कालोनियों के मकानों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों का सत्यापन करने के साथ ही बाहर से आए बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन कराए।

# दलित विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंके : आर्य



**भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में लिया गया संकल्प**

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में कांग्रेस की दलित विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। बैठक का शुभारंभ आज अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने छत्तीसगढ़ महतारी, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में हुई।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने कहा कि हमें सत्ता जनता की सेवा के लिए चाहिए ,प्रतिकुल परिस्थितियों में काम करके भाजपा कार्यकर्ता और निखरता है। उन्होंने कहा कि देश में विपक्षी दल लगातार वैमस्यता फैला रहे हैं इस घटनाओं से डरना नहीं है पर सजग रहना है क्योंकि जनता हमारे साथ है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ गुरु बाबा घासीदास की जन्म स्थली है। उनकी तपोस्थली है। कौशल्या माता की जन्मभूमि है और हमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के देश भर से यहां आये राष्ट्रीय पदाधिकारियों के आतिथ्य का सौभाग्य मिला है।उनका स्वागत करने का अवसर मिला है।2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी और उसमें अनुसूचित जाति वर्ग का पूरा समर्थन भारतीय जनता पार्टी के साथ है।छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के साथ अन्याय कर रही है और इसलिए उन्हें नग्न प्रदर्शन करने पर बाध्य होना पड़ा।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को कट्टर दलित विरोधी, कानून विरोधी और संविधान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि अभी हाल ही विधानसभा सत्र के दौरान रायपुर में अनुसूचित जाति वर्ग के 267 युवकों के समर्थन में पूर्ण नग्न होकर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के सम्मान को कलंकित कर दिया।

श्री आर्य ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिए आने वाले केंद्र सरकार का पैसा केवल उसी मद में खर्च किया जाना था लेकिन छत्तीसगढ़ की सरकार ने ऐसा नहीं कर के संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन किया। अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रदेश के अनुसूचित जाति मोर्चा को जिलों में संघर्ष करना पड़ रहा है।

पदोन्नति के मामले में भी आरक्षण के रोस्टर का पालन प्रदेश सरकार नहीं कर रही है। प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति समाज में भ्रांति पैदा कर दी है कि राज्यपाल आरक्षण संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए।

अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा कि अटल बिहारी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। छत्तीसगढ़ राज्य बीमारू राज्य की श्रेणी में आता था। भाजपा के 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य समृद्ध राज्य बना। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार भय और भ्रष्टाचार की सरकार है बैठक में आगामी छह माह की कार्ययोजना तैयार की गई।

# प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिरप की अवैध रूप से खरीदी.बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेट सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है। थाना आमानाका की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत हीरापुर स्थित पेट्रोल पम्प के पास दोपहिया वाहन सवार 02 व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखें है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। थाना प्रभारी आमानाका को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी आमानाका के नेतृत्व में थाना आमानाका पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सिराज अहमद उर्फबबलू एवं इमरान खान उर्फमोन्टू निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 150 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया,45 000. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21 सी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले



**लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 42 साइकिल का नि:शुल्क वितरण**

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति द्वारा संचालित लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज संस्था के उपाध्यक्ष अजय तिवारी एवं सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल स्कूल एवं प्रभारी प्राचार्य मनीषा गहोई ने नि: शुल्क 42 साइकिल का वितरण स्कूली छात्राओं को किया। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि बेटियों को साइकिल मिलने से उनके व्यक्तिगत विकास में सहयोग मिलेगा और पढ़ाई करने के लिए आने जाने में सुविधा मिल पाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग से 120 सरस्वती साइकिल नि:शुल्क प्रदान किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है जिसमें 42 साइकिल का आज वितरण किया गया है आने वाले दिनों में शेष साइकिल का वितरण भी किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष तरल मोदी भी इस मौके पर उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023 2024 के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत नि:शुल्क बेटियों को साइकिल का वितरण किया जा रहा है इसमें लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वी में पढने वाली 42 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल प्रदान की गई है विद्यालय प्रबंध समिति शासन की योजनाओं के माध्यम से पढने वाली छात्राओं को निरंतर प्रेरित करते हैं आ रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# सरकारी नौकरी के नाम छह लाख की ठगी

**पीड़ित को जान से मार देने की धमकी**

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।सरकारी नौकरी के लिए बेरोजगार युवक लाखों रुपये की जमा पूंजी दे दे रहे हैं।ताजा मामला रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र से सामने आया है। फूड इंस्पेक्टर और पटवारी की नौकरी के नाम पर छह लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है।पुलिस ने श्रवण कुमार कनौजिया पर धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज किया है। इतना ही नहीं आरोपी पैसे लेने के बाद वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है।टिकरापारा थाने में अशोक कुमार देवांगन निवासी ग्राम सारागांव तिल्दा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। अशोक ने पुलिस को बताया कि मिथलेश देवांगन रिश्ते में भाई है। उसने रायपुर के रावतपुरा कालोनी मठपुरैना निवासी श्रवण कुमार कनौजिया से एक साल पहले मुलाकात कराया था। श्रवण कुमार कनौजिया ने फरवरी 2022 में पटवारी पद पर शासकीय नौकरी का विज्ञापन दिखाया। इसके बाद कनौजिया ने नौकरी लगा देने का लालच दिया। श्रवण कुमार ने अशोक से नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की। अशोक शातिर श्रवण के झांसे में आ गया और उसके घर जाकर नकद तीन लाख रुपये दे दिए।जिसके 15 दिन बाद जब अशोक ने श्रणव से नौकरी के संबंध में पूछा तो उसने कहा न ही नौकरी लगेगी और न ही पैसे वापस करूंगा।

**आरोपी के खिलाफएक और शिकायत:** इसके साथ उसने धमकाते हुए कहाए किसी से नहीं डरता। इतना ही नहीं उसने अशोक को धमकाते हुए कहाए ज्यादा बात की तो जान से मार दूंगा। आरोपित के खिलाफइससे पहले रावतपुरा कालोनी के टकेश्वर कुमार साहू ने भी नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायत की थी। आरोपित ने टकेश्वर को खादय विभाग में फूड इंस्पेक्टर में शासकीय नौकरी लगाने के नाम से तीन लाख रुपये नकद ले लिए। आरोपी ने कुल छह लाख की धोखाधड़ी की है।

# जल्दी वहां से हटो, स्कूटी के स्पीकर से निकलती आवाज

**सड़कों पर युवक की मस्ती, वीडियो की जांच**

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर में एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।युवक की स्कूटी के स्पीकर से जल्दी वहां से हटो आवाज आती है। ये आवाज जैसे ही लोगों को सुनाई देती है वे उस युवक को मुड़कर देखते हैं। ये युवक ट्रैफिक पुलिस की गाड़ियों में लगे स्पीकर की तरह इसे रास्ते में चलते हुए तेजी से बजा रहा था। इस वीडियो के वायरल होते ही पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात की है। वायरल हो रहा ये वीडियो रायपुर के मरीन ड्राइव इलाके का है। ओला स्कूटी पर सवार युवक ने सिर पर हेलमेट और रेनकोट भी पहना हुआ है। वो भारतमाता चौक से घड़ी चौक की तरफ जा रहा है। इसी बीच युवक ने अपनी गाड़ी के स्पीकर में जल्दी से वहां से हटो बजाया। जिसके बाद पीछे चल रहे कुछ युवकों ने उसे हंसते हुए फिर से ये बजाने को बोला। फिर वो इन युवकों के साथ मस्ती के मूड में इस आवाज को बार.बार बजाने लग जाता है।

**अचानक ऐसी आवाज से एक्सीडेंट का खतरा:** युवक का मस्ती भरा ये अंदाज किसी के जान के लिए खतरा भी बन सकता है। दरअसल ट्रैफिक में सामने चल रहे लोग अचानक आई इस आवाज से हड़बड़ा जाते हैं। उन्हें लगता है कि पीछे कोई इमरजेंसी व्हीकल आ रही है जिसे रास्ता देना है। फिर इस तरह अचानक बजने वाली आवाज के कारण हर कोई पीछे मुड़.मुड़ कर देखता है। ऐसे में ध्यान भटकने से एक्सीडेंट होने का खतरा बढ़ जाता है। ट्रैफिक एएसपी सचिन्द्र चौबे ने कहा कि इस वीडियो के वायरल होने की सूचना मिली है। फिलहाल हम वीडियो की जांच कर रहे हैं। यदि युवक द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायपुर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी से लगे अभनपुर से एक और आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है यहाँ एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से ओपन घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। अभनपुर बस्ती वॉर्ड 3 के प्रितपाल सिंह उम्र 45 वर्ष ने फांसी लगा ली। घर वालों ने प्रिंस को फंदे से लटकते हुए देखा। परिजनों की सुचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमॉर्टेम के लिए भेज दिया।

उल्टा पुल्टा

संता- अरेंज मैरिज के भी अपने फायदे है।
बंता- वो कैसे?
संता- कभी-कभी ऐसी लड़की से शादी हो जाती है, जिसे लड़का खुद सात जन्म तक नहीं पटा सकता।

## संपादकीय

# रोजगार सृजन से बढ़ेगी उत्पादकता

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रोजगार के नए अवसर बढ़ाने के कई प्रयास किए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी सरकार की योजनाओं से भी इसमें मदद मिली हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्कों में शुरू हुई नई-नई गतिविधियों से ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले है। हर युवा का सपना होता है कि उसके पास एक लाभप्रद रोजगार की स्थाई साधन हो। राज्य सरकार इस कोशिश में आगे बढ़ रही है। उद्योग के क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने के साथ ही राज्य के युवाओं का कौशल बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार राज्यभर में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में 6 नए ट्रेड शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए टाटा की कंपनी से एमयूओ भी किया गया है। राज्य में अभी लाखों की संख्या में युवा ऐसे हैं, जिनके पास रोजगार नहीं है। ऐसे युवाओं को सरकार 2500 रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दे रही है। यह भत्ता दो साल तक ही उन्हें मिलेगा। इस बीच सरकार प्रयास करेगी कि उन्हें कोई न कोई लाभप्रद रोजगार उपलब्ध करा दिया जाए। इसके लिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का भी काम साथ-साथ चल रहा है। युवाओं के हाथ में रोजगार हो तो राज्य में उत्पादकता बढ़ती है और आर्थिक विकास को गति मिलती है। छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ता हुआ एक ऐसा प्रदेश है जहां विकास की संभावनाएं असीमित हैं। पहले यहां न तो अच्छी सड़कें थीं और न ही परिवहन के अच्छे दूसरे साधन थे। पृथक राज्य बनने के दो दशक में राज्य ने देश-दुनिया का ध्यान खींचा है। कई बड़े उद्योगपति यहां उद्योग स्थापित करना चाहते हैं क्योंकि यहां नए उद्योगों के लिए सभी साधन मौजूद थे। राज्य में बिजली, पानी तथा कच्चे माल की कोई कमी नहीं है। जैसे-जैसे आर्थिक विकास को गति मिल रही है वैसे-वैसे हर क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। यहां श्रम भी अपेक्षाकृत सस्ता है। ऐसी स्थिति में यदि कौशल विकास से जोड़कर युवाओं को तैयार किया जाए तो स्टार्टअप के इस दौर में वे खुद भी नई संभावनाएं तलाश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ते की चौथी किश्त युवाओं को जारी करते हुए कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कम अविध के कौशल प्रशिक्षण के जरिए 10 हजार युवाओं को हर साल तैयार करने की सरकार ने योजना बनाई है। बेरोजगारी भत्ता पाने वाले हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आईटीआई में नए ट्रेड शुरू होने से ऐसे युवाओं के लिए कौशल विकास के और भी अवसर बढ़ेंगे। सरकार का लक्ष्य हर हाथ को काम का होना चाहिए। देश के बेरोजगारी इंडेक्स में छत्तीसगढ़ कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में रोजगार के अपने स्त्रोत भी कम नहीं है। युवाओं के लिए नई योजनाएं लागू कर इसे और उन्नत और संभावनापूर्ण बनाया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि सरकार ने राज्य में इसकी शुरूआत कर दी है। आने वाले समय में इसके परिणाम दिखाई दे सकते हैं।*

# मणिपुर के मुख्यमंत्री की बर्खास्तगी सहित अन्य मांगों को लेकर अजा समाज ने दिया धरना



**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ द्वारा आज जेआरडी स्कूल के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मणिपुर के मुख्यमंत्री की बर्खास्तगी की मांग के साथ ही तीन सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ सरकार एक अध्यादेश के जरिये जाति प्रमाण पत्र बनाने में संशोधन करें। इसी तरह रायपुर में नग्न प्रदर्शन करने को लेकर गिरफ्तार किये गये युवकों की नि:शर्त रिहाई की जायें। आज के धरना प्रदर्शन का नेतृत्व ध्रुव कुमार उर्फ लंगूर सोनी, सुनील रामटेके, अरविंद रामटेके व ज्ञानू बांगड़े ने किया।

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के साथ ही उन पर किये गये अत्याचार का विरोध करते हुए सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा मांग की गई है कि घटना के इतने दिनों बाद भी उक्त शर्मनाक घटना पर मणिपुर सरकार मौन है। अभी तक वहां शांति व्यवस्था बहाल नहीं हो पा रही है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम सौंपे गये ज्ञापन में मांग की है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिये सरलीकृत प्रक्रिया की घोषणा के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी 50 वर्ष का भू अभिलेख व अन्य दस्तावेज मांग कर लोगों को परेशान कर रहे है। अत: राज्य शासन तत्काल आध्यादेश लाकर समुचित संशोधन करें और बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर ही जाति प्रमाण पत्र बनाया जायें। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिये पालकों से 50 वर्षो का रिकार्ड न मांगा जायें।

आज के इस धरना प्रदर्शन में विजय लाटेकर, अनिल जोक, अनिल चौधरी, संतोष नंदा, कमलदास मनोज, संतोष राम बिजलेकर, आनंद राम, अंजना बाई, अनिता सागरे, रमशीला बोरकर, रेखा भौतिक, जयमाला मेंहदी राम निराला, एवं आशीष चौरे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री बघेल दुर्ग संभाग के युवाओं से करेंगे भेंट मुलाकात

## कार्यक्रम 4 अगस्त को जयंती स्टेडियम के पास



**तैयारी शुरू**

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग संभाग के युवाओं से भेंट मुलाकात के लिए 4 अगस्त को संभाग मुख्यालय दुर्ग आ सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन जयंती स्टेडियम के पास होगा। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित 4 अगस्त को दुर्ग आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य दायित्व सौंपा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को बेहत्तर समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में अधिकारियों को रायपुर एवं बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम के लिए कानून व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित आयोजन संबंधी तमाम इन्तजामों को समय पर पूर्ण करने कहा। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी और दुर्ग जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य सभी युवा 4 अगस्त को जयंती स्टेडियम भिलाई के पास आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से सीधी बातचीत करेंगे।

भेंट मुलाकात के इस कार्यक्रम में श्री बघेल छत्तीसगढ़ के विकास की मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे। बैठक में वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, अपर कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम भिलाई रोहित व्यास, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन, संयुक्त कलेक्टर गोकुल रावटे, योगिता देवांगन व एच.एस. मिरी, सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# आधा दर्जन ट्रेने रद्द

## तीसरी लाइन में इंटरलाकिंग के चलते रेलवे का निर्णय

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे ने एक बार फिर आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों के रद्द किए जाने की जानकारी दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत अधोसंरचना विकास हेतु हावड़ा .मुंबई मेनलाइन पर बिलासपुर-नागपुर सेक्शन में तीसरी लाइन में इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 4 अगस्त सुबह 9 बजे से 5 अगस्त सुबह 3 बजे तक अर्थात 18 घंटे का किया जाएगा। इस कार्य के फ्लस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है।



रद्द होने वाली गाड़ियोंस में 4 अगस्त को रायपुर से चलने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल, दुर्ग से चलने वाली 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से चलने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 4 अगस्त को अंतागढ़ से चलने वाली 08815/08816 अंतागढ़-रायपुर-अंतागढ़ डेमू स्पेशल रायपुर एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। वहीं 5 अगस्त को डोंगरगढ़ से चलने वाली 08710 डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

# गनियारी तालाब में मिली वृद्ध की लाश

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। आज सुबह करीब 8 बजे ग्राम गनियारी के तालाब में एक बुजुर्ग की लाश देख गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामवासियों ने मृतक की शिनाख्त आनंद राम के रूप में की है। उसकी उम्र 60 वर्ष से ज्यादा बताई गई है। पुलगांव पुलिस ने लाश को तालाब से निकलवाकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु मरच्यूरी भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है। पुलिस द्वारा इस मामले में मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के अनुसार मृतक आनंद राम काफी बीमार रहता था। आज वह तालाब कैसे पहुंचा व पानी में किस तरह डूबा इसे लेकर अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आनंद लघुशंका के लिये तालाब के किनारे गया होगा और वहीं फिसलकर तालाब में गिर जाने से उसकी मौत हो गई।

# इंदरदास दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां शुरू कर दी गई है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिये इंदरदत्त लेखनपाल पर्यवेक्षक बनाये गये है। यह जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के.सी.वेनूगोपाल (सांसद) द्वारा जारी आदेश में दी गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 11 लोकसभा क्षेत्र के लिये पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि बढ़कर अब 16 अगस्त तक

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में फसलों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना कृषि विभाग द्वारा जारी की गई है। पूर्व में जारी आदेशानुसार खरीफ वर्ष 2023 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी जो अब बढ़कर 16 अगस्त हो गई है।



# जाति प्रमाण पत्र सरलीकरण की मांग लेकर अजा वर्ग का प्रदर्शन

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति वर्ग द्वारा सरल प्रक्रिया से जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन रैली में मणिपुर की महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना का भी पुरजोर विरोध किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

युवा संघर्ष समिति के संयोजक दिनेश चौरे ने उक्त धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि अब सिर्फ जाति प्रमाण के सरलीकरण करने से काम नहीं चलेगा। युवा बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जायें।

# दुर्ग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 10 विकास कार्यो की स्वीकृति

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ;शहरी एवं दुर्ग ;ग्रामीणद्ध में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर 10 निर्माण कार्यो के लिए 35 लाख 29 हजार 693 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसमें विस क्षेत्र दुर्ग ;शहरी हेतु 25 लाख 99 हजार 766 एवं विस क्षेत्र दुर्ग ;ग्रामीण हेतु 9 लाख 29 हजार 927 रुपए के विकास कार्य शामिल है।

दुर्ग ;शहरी क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 शंकर नगर दुर्ग में नाली निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 838 रुपए, वार्ड क्रमांक 3 गया नगर स्थित खेल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण हेतु 5 लाख, वार्ड क्रमांक 23 प्रोफेसर कॉलोनी दीपक नगर दुर्ग के सांस्कृतिक भवन के सामने पेवर ब्लॉक लगाने हेतु 3 लाख, वार्ड क्रमांक 57 उरला सुंदर नगर, दुर्ग के मेन रोड के हुकुमचंद सेन के मकान तक नाली व सीसी रोड निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 928 रुपए एवं वार्ड क्रमांक 57 शनिदेव मंदिर के पास संस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 8 लाख रुपए के कार्यों की स्वीकृति की गई है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत ग्राम बोरीगारका के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शेड निर्माण हेतु 1 लाख 30 हजार, ग्राम करहाडीह के गौरा गौरी चौक के पास सार्वजनिक मंच के मरम्मत कार्य हेतु 49 हजार 993 रूपए, ग्राम मालूद निषाद पारा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन के सामने शेड निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 99 हजार 934 रूपए, ग्राम तिरगा पंचायत भवन के पास शासकीय मद से निर्मित सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सुनील चंद्राकर बने प्रदेश कुर्मी समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष



**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्षों का चुनाव प्रदेश के सभी जिलों में सिलसिलेवार जारी है। इसी तारतम्य में कल दुर्ग जिले के जिलाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष पद के लिए सुनील चन्द्राकर एवं पवन दिल्लीवार का नाम प्रस्तावित हुए थे। आम सहमति बनाने हेतु पवन दिल्लीवार ने अपना नाम वापस लिया। इस प्रकार सुनील चन्द्राकर निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# यादें रफी व किशोर कार्यक्रम आज

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच द्वारा 3 अगस्त को यादें रफी एवं यादें किशोर का संगीतमय कार्यक्रम पुराने बस स्टैंड में संध्या 7 बजे से होगा। इस मंच से छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक स्व. विमल तिवारी को भी श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस कार्यक्रम में तराना म्युजिकल ग्रुप, सांई म्युजिकल ग्रुप, द रैन ड्राप कोशिश स्टार म्युजिकल ग्रुप, द वायस ऑफ दुर्गसिटी, स्वरांजली ग्रुप चौपाल संगीत एवं स्वर गंगा के भी गायक कलाकार अपने द्वारा अमर गायकों को स्वरांजलि देगें।





# ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौत

- **मोबाइल से बात कर रहा था**
- **महाराजा चौक में हादसा**

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। आज रात्रि करीब साढ़े 7 बजे के आसपास महाराजा चौक में हुई जबर्दस्त सड़क दुर्घटना में एक युवक शुभम भट्ट (32) की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक शुभम भट्ट बाईक से अपने घर बोरसी की ओर जा रहा था। ट्रक पुलगांव की ओर से आ रही थी। मृतक शुभम के परिजन पद्मनाभपुर थाने में पहुंच गये है। पुलिस ने ट्रक को भी अपने कब्जे में लेकर थाने परिसर में खड़ा कर दिया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पुलिस अपनी औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

प्राप्त विवरण के अनुसार शुभम भट्ट एक गैस एजेंसी में कार्य करता है। कार्य पूरा कर वह अपने घर जा चुका था। बाद में वह दुर्ग बाजार गया था और बाईक क्रमांक सीजी 13 एसके 4505 से अपने घर बोरसी जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह मोबाईल पर बात कर रहा था। इसी बीच पुलगांव की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 2347 को सामने से गुजरते देख उसने बाईक को ब्रेक लगाया और बाईक स्लीप होकर ट्रक के बीच में घुस गई और देखते ही देखते उसे बुरी तरह कुचलकर आगे निकल गई मगर आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह रोका और पद्मनाभपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आगे की कार्रवाई जारी है।

# किशोरी का अपहरण कर अनाचार आरोपी को आजीवन कारावास


- **इसी मामले में आरोपी की पत्नी को अपहरण में सहयोग करने पहले हो चुकी है, 10 साल की सजा**

**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नाबालिग किशोरी को घूमाने.फिराने के नाम अपहरण करने और शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी के खिलाफ स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुना सु या है। इस मामले पूर्व में अभियुक्युत की पत्नी को किशोरी के अपहरण में सहयोग देने के आरोप में कारावास से दंडित किया जा चुका है। मामले के अभियुक्त के घटना के बाद से फरार होने के कारण अदालत को दूसरी बार इस प्रकरण पर फैसला सुनाना पड़ा। अभियुक्युत को अजीवन कारावास तथा कुल 51 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश ;पॉक्सो एक्ट संगीता नवीन तिवारी की अदालत में सोमवार को सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी।

मामला वर्ष 2016 का है। मंदिर हसौद ;रायपुर निवासी जितेन्द्र नवरंगे (26 वर्ष) अपनी पत्नी अंजू के साथ पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत किराए के मकान में रहता था। पीड़ित 14 वर्षीय किशोरी का अपने दोस्तों के साथ जितेन्द्र के घर आना जाना था। किशोरी के परिजन रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने 9 मई को दूसरे गांव गए थे। किशोरी घर में अकेली थी। 14 मई को वापस घर लौटने पर जानकारी हुई कि किशोरी 10 मई से लापता हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में की।

पुलिस पड़ताल के दौरान किशोरी को पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन से 22 मई को बरामद किया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि जितेन्द्र ने उसे बहकाया था और नई दिल्ली घूमाने.फिराने के लिए ले गया था। जहां निजामुद्दीन के पास एक गांव में उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाएं थे। इस कृत्य में उसकी पत्नी अंजू नवरंगे ने पूरा सहयोग दिया था। पुलिस ने आरोपी पत्नी अंजू नवरंगे को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि जितेन्द्र फरार हो गया था। पुलिस ने जितेन्द्र को फरार मुजरिम घोषित करते हुए प्रकरण को विचारण के लिए अदालत के समक्ष पेश किया था। प्रकरण विचारण पश्चात विशेष न्यायाधीश हरीश कुमार अवस्थी ने अंजू को दोषी करार देते हुए 26 अगस्त 2017 को 10 वर्ष के कारावास से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया था। जितेन्द्र के खिलाफ बेमियादी गिरफ्तारी वारंट जारी था। अभियुक्त जितेन्द्र नवरंगे पुलिस के हत्थे 3 मई 2017 को चढ़ा। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जितेन्द्र के खिलाफ प्रकरण पर विचारण विशेष न्यायाधीश ;पॉक्सो एक्ट संगीता नवीन तिवारी की अदालत में किया गया। विचारण पश्चात अभियुक्त को दोषी ठहराया। अदालत ने अभियुक्त जितेंद्र नवरंगे को दफा 366 के तहत 3 वर्ष कारावास तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत अजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। गिरफ्तारी के बाद से फैसला सुनाए जाने तक अभियुक्त जेल में ही निरुद्ध है।

# प्रेमचंद की रचनाएं भारत की अमूल्य विरासत : वर्मा



**दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर प्रेमचंद सर्जक एवं विचारक शीर्षक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवा.निवृत्त प्राध्यापक थान सिंह वर्मा थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने कहा कि प्रेमचंद के लेखन में यथार्थ और आदर्श का समन्वय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आर. एन. सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक है। प्रेमचंद के साहित्य में भारतीय समाज का यथार्थ का चित्रण है। प्रेमचंद के कथा.साहित्य में उनके युग परिवेश का वास्तविक चित्रण है। भविष्य जब प्रेमचंद युग की ओर देखेगा तब प्रेमचंद का कथा साहित्य उन्हें इस युग की वास्तविकता से परिचित करायेगा।

मुख्य वक्ता प्रो. थानसिंह वर्मा का परिचय आलोचक जयप्रकाश ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थान सिंह वर्मा ने कहा कि प्रेमचंद कथाकार के साथ एक विचारक भी थे। उनकी कहानियों तथा उपन्यासों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मोतीलाल वोरा के प्रस्तावित प्रतिमास्थल पर ज्वाइन एबीवीपी नारा, कांग्रेसजनों में रोष

## अरूण वोरा ने लोगों को शांत कर, नारे को पोताई कर हटाने कहा



दुर्ग, 1 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल रहे मोतीलाल वोरा के राजेन्द्र पार्क के पास निर्माणाधी प्रतिम स्थल पर कतिपय तत्वों द्वारा ज्वाइंन एबीवीपी लिखकर प्रतिमास्थल को गंदा करने को लेकर कांग्रेसजनों ने कड़ा विरोध करते हुए इसे अवांछित हरकत निरूपित किया है। आज जैसे ही इसकी जानकारी विधायक अरूण वोरा को मिली, उन्होंने प्रतिमा स्थल पहुंचकर वहां लिखी गई नारे को व्हाईट वाशिंग कर मिटाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिये।

उल्लेखनीय है कि दिवंगत राजनेता मोतीलाल वोरा की प्रतिमा का अनावरण 4 या 7 अगस्त को किया जाना प्रस्तावित है। प्रतिमा के अनावरण की तैयारियां जारी है। पूरे स्थल पर साफ, सफाई रंग रोगन, लाईट एवं सौंदर्यीकरण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऐसे में कतिपय तत्वों ने वहां पर मुख्य दीवाल सहित अन्य स्थानों पर गेरू से ज्वाइन एबीव्हीपी लिख दिया है। इसे लेकर सुबह से ही कांग्रेसजनों में रोष देखा जा रहा था। विधायक अरूण वोरा ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को मामले को तूल न देने की समझाइश के साथ ही उसे मिटाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# रिसाली के 17 स्कूलों में 2 करोड़ से अतिरिक्त कक्ष निर्माण



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने अच्छी पहल की है। उन्होंने प्रयास कर 2 करोड़ 2 लाख 90 हजार की राशि स्वीकृति कराई है। इस राशि से जर्जर हो चुके कक्ष की जगह अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम रिसाली क्षेत्र के टाउनशिप समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में शासकीय स्कूल संचालित है। कई स्कूल भवन दो दशक से पहले के बने है। वर्तमान में कई कक्ष जर्जर अवस्था में पहुंच गए है। वहीं कहीं दर्ज संख्या अधिक होने की वजह से जगह का अभाव है। मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्य आरंभ कराया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार होगा। रूआबांधा दक्षिण शा.प्रा.शाला में 3 अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम में शा.पूर्व मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम शा.उच्च.मा.शाला में 15.25 लाख, शंकर पारा स्टेशन मरोदा में 8.75 लाख, शंकर पारा स्टेशन मरोदा शा.मा.शाला में 13.70 लाख. नेवई बस्ती पूर्व शा.प्रा.शाला नेवई बस्ती में 8.75 लाख, नेवई बस्ती शा.पूर्व मा.शाला में 13.70 लाख, डुंडेरा पूर्व शा.प्रा.शाला में 8.75 लाख, डुंडेरा पूर्व शा.मा.शाला में 13.70 लाख, डुंडेरा पूर्व शा.उच्च.मा.शाला में 15.25 लाख, जोरातराई शा.प्रा.शाला में 8.75 लाख, जोरातराई शा.मा.शाला में 13.70 लाख, पुरैना शा.प्रा.शाला स्टोर पारा में 8.75 लाख, शा.मा.शाला स्टोरा पारा में 13.70 लाख, शा.प्रा.शाला पुरैना बस्ती में 8.75 लाख, शा.मा.शाला पुरैना बस्ती में 13.70 लाख, शा.उच्च.मा. शाला पुरैना बस्ती में 15.25 लाख से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा।

# पुत्र ने की डंडे से पीटकर पिता की हत्या

## पिता की दूसरी शादी करने से था नाराज

**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। एक पुत्र ने अपने पिता की डंडे और फावड़ा से मारकर निर्मम हत्या कर दी। बेटा इस बात से नाराज था कि उसके पिता ने उसकी लकवाग्रस्त और बीमार मां को छोड़कर दूसरी महिला से शादी कर ली। पिता कई साल से दूसरी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है।

जामुल थाना से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे पुलिस को सूचना मिली की ग्राम सुरड़ूंग में एक व्यक्ति की हत्या हो गई है। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां जाकर उन्होंने देखा कि वहां रहने वाले दिनेश साहू ;32 वर्षद्ध ने अपने पिता कबीर साहू ;55 वर्षद्ध की फावड़ा और डंडे से वार करके हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। शव का



मृतक



आरोपी

पंचनामा करवाने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने बताया कि उसकी मां सरस्वती साहू लकवागस्त है। वह काफी बीमार रहती है। जब वो उसकी बहन छोटे थे तभी अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए उसके पिता कबीर साहू ने उसकी मां को छोड़कर दूसरी महिला चंद्रिका साहू से विवाह कर लिया था। इसके बाद वो अपनी दूसरी पत्नी के साथ शिवपुरी में रहने लगा। सोमवार रात सरस्वती साहू की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। इस पर दिनेश ने पिता को फोन करके बुलाया था। दोनों मिलकर उसे जामुल अस्पताल ले गए। वहां उपचार कराने के बाद वापस घर सुरड़ूंग आए। रात अधिक होने से कबीर पहली पत्नी के घर में ही सो गया था। मंगलवार सुबह 4 बजे कबीर और दिनेश उठे और चाय पी रहे थे। इसी दौरान दिनेश ने पिता को कहा कि उसकी मां की जो हालत है उसके लिए तुम जिम्मेदार हो। इतना कहते ही कबीर और दिनेश में झगड़ा होने लगा। गुस्से में आकर दिनेश ने डंडे एवं फावड़े से अपने पिता के सिर में वार करके उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है, कि आरोपी का छोटा बेटा इस घटना के बाद सहमा हुआ है। आरोपी को पुलिस ने धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# चिटफंड कम्पनी के डायरेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)।मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बद्री नारायण मीणा व पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन पर चिटफंड कंपनी एस.एस.बिजनेस हब के डायरेक्टर मनोज कुमार साहू को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आम लोगो को लुभावने ऑफर देकर जमा रकम का अल्प अवधि में ज्यादा ब्याज दिलाने का भरोसा दिलाकर रकम जमा कराया गया था। समयावधि पूर्ण होने पर ग्राहको द्वारा अपनी रकम आहरण करने कंपनी में जाने पर प्रार्थी शैलेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 420, 4,5,6 चिटफंड अधिनियम, छ.ग. निक्षेपको का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7,10 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में मनोज कुमार साहू को रिपोर्ट दर्ज होते ही तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। सुपेला पुलिस की इस कार्यवाही से निवेशको की रकम मिलने की सम्भावना बढ़ी है। इस कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश शर्मा थाना प्रभारी सुपेला, उप निरीक्षक लखेश गंगेश, प्रधान आरक्षक राकेश राय, आरक्षक विकास तिवारी, विवेक सिंह, अजीत सिंह, अजय देवांगन, संतोष राय का विशेष योगदान रहा।

# विधायक ने दी वार्ड के लोगों को सौगात



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड वासियों को कई सौगातें दी है। वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर रामहेपुर बस्ती और शास्त्री मार्केट में सीमेंटीकरण एवं वाटर एटीएम लगाया जाएगा। वार्ड 42 गौतम नगर कुष्ठ आश्रम में सीमेंटीकरण कार्य किया जाएगा और वार्ड 45 बालाजी नगर शिव मंदिर के समीप भवन का लोकार्पण किया गया। जनता की मांग पर विधायक ने उन सभी विकास कार्य का भूमि पूजन किया साथ ही लोकार्पण भी किए। विधायक देवेंद्र यादव लगातार वार्ड के नागरिकों से भेंट मुलाकात कर जनता की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं साथ में जनता की मांग पर वार्ड में विकास कार्य करवाते हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विधायक देवेंद्र यादव के साथ महापौर नीरज पाल भी उपस्थित रहे। वार्ड के वरिष्ठ नागरिक व सम्मानित वार्डवासी उपस्थित रहे। वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से भूमि पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं जनता का सेवक हूं और जनता की सेवा ही मेरा धर्म है। मैं लगातार लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझते हुए उनके समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करता हूं। जो भी विकास कार्य किए जा रहे हैं और जनता की मांग पर किए जा रहे हैं। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास हम लगातार कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे । आज भिलाई में एक भी वार्ड या मोहल्ला ऐसा नहीं है जहां विकास ना हुआ हो हमारे कांग्रेस की सरकार ने जो वादे किए गए वह समय पर सभी को पूरा किया गया है।

# नाराज पंचों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सरपंच ग्राम पंचायत पोटिया के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को ग्राम के पंचगणों द्वारा सौपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया है, कि हम सभी अधोहस्ताक्षरित पंचगण, सरपंच ग्राम पंचायत पोटिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव हेतु सहमत है। उनके द्वारा बिना किसी पंचों को विश्वास में लिये और बिना किसी पंचायत प्रस्ताव के शासकीय राशि का उपयोग किया गया है। जो कि आंतरिक करारोपण अधिकारी के जॉच प्रतिवेदन से स्पष्ट है। अतः हम सभी ऐसे जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में कार्य नही कर सकते । अतः तत्काल उन्हें पद से मुक्त करते हुए ग्राम पंचायत पोटिया के हित में आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। ज्ञापन सौपने वाले पंचगन में भागवत प्रसाद धनकर , उपसरपंच अजीत कुमार, पलटन, दीपेश, हेमिन, सूरज, नीरा, कैना, माधव, ऋषि कुमार, लक्ष्मण कुमार, रजनी बाई, दुलारिन, मेश कुमारी, मीना बाई, नंद कुमार, नेमीन, गीता, माधव लाल, नजीत कुमार ग्राम के अन्य प्रभुत्व जनों ने भी अपना समर्थन दिया है

# निगम से 7 व संयंत्र से 157 हुए सेवानिवृत्त



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु) । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 7 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। सेवानिवृत्त के बाद आप समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की निगम भिलाई के रविशंकर महलवार, राजस्व निरीक्षक जोन-5, श्रीमती कौशिल्या बाइ स्वच्छता पर्यवेक्षक जोन-3, सुरेन्द्र कुमार वैष्णव पम्प सहायक जोन-4, ध्रुवनारायण तिवारी चेनमेन राजस्व विभाग, रिखीराम सफाई कामगार जोन-5 थान सिंह सफाई कामगार वाहन शाखा एवं किशन बहादुर चौकीदार प्रथम अपीलीय कक्ष सहित 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। बिदाई समारोह में बसंत देवांगन, संजय शर्मा, राज सच्चर, रोहित बंजार, दिनेश बेलचंदन मोहन्ति, सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भिलाईनगर। संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 156 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। संयंत्र के कार्मिकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में किया गया। जुलाई माह में बीएसपी से 15 कार्यपालक सहित कुल 156 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुलाई माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन की ओर से उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# नपा अध्यक्ष ठाकुर ने जामुल में विकास कार्य का किया भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका जामुल में आज नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जामुल के हदय स्थल रावण भाठा वार्ड-09 में सीमेंटीकरण कार्य का भुमिपूजन किया। श्री ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र जामुल के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य आज जनता के अपेक्षा अनुसार जारी है। चाहे वो नाली निर्माण हो, भवन निर्माण या सीमेंटीकरण कार्य हो। प्रत्येक कार्य में हमारे परिषद के सभी पार्षदों की मांग एवं सहमति के अनुसार की कार्य कराये जा रहे है। आज हमारे पालिका क्षेत्र के वार्ड-9 में 5 लाख रूपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ हो रहा है। इसके अतिरिक्त और भी विकास कार्य होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सीमा यादव, वार्डवासी अरविंद यादव, रामसहाय, गणेश यादव, अरूण यादव, फुलसिंह, हरि यादव, मुकेश सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

### 2 अगस्त को पं.रविशंकर शुक्ल की जयंती

भिलाईनगर। अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती 2 अगस्त को सेक्टर.9 स्थित चौक में स्थापित पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष प्रात: 9.30 बजे मनाई जायेगी। 2 अगस्त को ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री और दिग्गज राजनीतिज्ञ स्व.विद्याचरण शुक्ल की भी जयंती है। पिता और पुत्र का जन्मदिन एक ही दिन होना भी एक संयोग है। इस अवसर पर श्रृद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए घर-घर सर्वे

**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम क्षेत्र में जलजनित बिमारियों के रोकथाम के लिए संपूर्ण क्षेत्र के घरो का सर्वेक्षण कर कूलर, बेकार में पड़े टायर, प्लास्टिक के बॉटल, तथा कबाड़ सामग्री से पानी खाली कराकर मैलाथियान का छिड़काव व टेमिफॉस का वितरण किया जा रहा है।



स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम द्वारा लोगों को पानी उबालकर पीने बासी भोजन तथा सड़े गले फल का प्रयोग नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। महापौर नीरज पाल एंव आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला निगम क्षेत्र में सघन अभियान चला कर जलजनित बीमारी डेंगू, मलेरिया, पीलिया से बचाव के लिए कार्य कर रही है। डेंगू एवं मलेरिया के नियंत्रण के लिए तथा मच्छर उन्मूलन के लिए कर्मचारी अलग-अलग वार्ड के क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए टेमिफॉस और मैलाथियान का छिड़काव कर रहे है। निगम की टीम घनी आबादीए निचली बस्ती में मच्छर उन्मूलन का अभियान चलाया रहे है। इस दौरान एडल्ट मच्छर की रोकथाम के लिए मेलाथियान का स्प्रे भी कर रहे है। इसके साथ ही जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु जन जागरूकता के तहत लोगों को डेंगू, मलेरिया एवं पीलिया से बचाव के लिए पंपलेट का वितरण करते हुए प्रचार-प्रसार कर रहे है।

नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में जल जनित बिमारियों एवं डेंगू से रोकथाम हेतु निगम का अमला पन्द्रह हजार से अधिक घरो का सर्वे कर लोगो को विशेष रूप से डेंगू मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी घर-घर पहुँच कर दे रहे है। बारिश के पूर्व से ही जल जनित बिमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम डेंगू की रोकथाम करने फॉगिंग, जलजमाव वाले स्थानों पर मैलाथियान, तथा घर घर टेमिफॉस का वितरण कर चुके है। सघन बस्ती में नालियों की जॉच कर मैलाथियान छिड़काव किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हैंड फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

### निगम ने लिखा संयंत्र प्रबंधन को पत्र

निगम भिलाई प्रशासन द्वारा बीएसपी के जन स्वास्थ्य विभाग के उपमहाप्रबंध को पत्र लिखा है कि टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया, पीलिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों के रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इन क्षेत्रों में भिलाई निगम द्वारा भी घर घर सर्वे कर आवश्यकता अनुरूप मैलाथियान का छिड़काव एवं टेमिफॉस का वितरण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू के मरीज मिलने के बाद निगम प्रशासन ने संयंत्र प्रबंधन को पत्र लिखकर इसकी रोकथाम की बात कही है। डेंगू के 2 मरीजों के ईलाज भिलाई के विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों मरीजों की स्तिति में सुधार हो रहा है।

# स्मृतिनगर में महिला समाज ने किया वृक्षारोपण

**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई महिला समाज स्मृति नगर के सहयोग से स्मृति नगर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफल हुआ इस कार्यक्रम में भिलाई महिला समाज स्मृति नगर ब्रांच के सचिव श्रीमती मंजू पाल उप सचिव श्रीमती तृप्ति अग्रवाल और कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा स्वरूप शर्मा, उर्मिला उपाध्याय, के साथ-साथ भिलाई महिला समाज के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। भिलाई महिला समाज स्मृति नगर की सचिव श्रीमती मंजू पाल ने बताया कि एनजीओ के सहयोग से स्मृति नगर भिलाई महिला समाज की यूनिट में पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य लगभग 40 पौधे रोप और उपस्थित सदस्यों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली इस अवसर पर फलदार पौधे भी रोपे गए भिलाई महिला समाज समिति द्वारा समय समय पर समाज की महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

# सेंट थॉमस कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट थामस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुसन आर अब्राहम थी। सर्वप्रथम मैडम ने छात्रों को विभाग की आधार भूत जानकारी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी तथा उसके पश्चात् अकादमिक कार्यप्रणाली तथा सेमेस्टर परीक्षा की प्रक्रिया के बारे में बताया। यह उल्लेखनीय है कि सेंट थामस महाविद्यालय में लगातार 24 वर्षों से प्रबंधन विभाग सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.जी. रोईमोन ने प्रबंधन विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनायें दी और कहा कि सेंट थामस महाविद्यालय छात्रों को निरतंर उनके अकादमिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए मंच प्रदान करता रहा है। प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक महेंद्र इखार ने प्रेसेंटेशन स्किल्स पर छात्रों को प्रस्तुतिकरण दिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग के छात्र आर्यन विश्वकर्मा, नीरज, निधि गायकवाड़, गौतम जायसवाल एवं अनन्या पांडे ने किया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को बल मिलता है।

# प्रेमचंद ने रचनाओं में ग्रामीण समस्याओं को उकेरा



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजन पीठ द्वारा कथा शिल्पी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्कृति कर्मी एवं पुरातत्ववेत्ता राहुल सिंह ने कहा कि कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने अपनी छोटी-बड़ी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से जहां ग्राम्य जीवन की समस्याओं को उकेरा एवं समाधान किया, वहीं दूसरी ओर उनकी रचनाओं में देश प्रेम की झलक भी दृष्टिगोचर होती है। प्रेमचंद की लिखी अनेक कृतियां और रचनाएँ अभी भी सामान्य पाठकों की पहुँच से बाहर हैं। हमें ऐसी दुर्लभ रचनाओं की तलाश कर उन पर भी चर्चा करनी चाहिए। उन्होने ऐसी ही एक रचना ग्रामकथा का जिक्र भी किया। कहानीकार द्वय डॉक्टर चंद्रिका चौधरी सरायपाली ने अपनी कहानी घास की जमीन और श्रद्धा थवाईत रायपुर ने पंख कुतरती मकड़ी कहानी का पाठ किया। अपने नई शैली और कथ्य के कारण इन कहानियों ने श्रोताओं को आकर्षित किया। आयोजकीय वक्तव्य में बख्शी सृजनपीठ के अध्यक्ष ललित कुमार ने कहा कि कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने ऐसे समय में लेखन की शुरुआत की जब देश गुलामी से स्वतंत्र होने की ओर संघर्षरत था। उन दिनों प्रेमचंद की रचनाओं ने आमजनों के लिए देश को गुलामी से मुक्त कराने हेतु संघर्षरत युवाओं के लिए अमृत का काम किया। प्रेमचंद पूरे विश्व के बिरले लेखकों में अग्रणी हैं, जिन्होंने आम आदमी की समस्याओं को अपने लेखन का आधार बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनीश उमरे तथा आभार व्यक्त व्यंग्यकार विनोद साव ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप वमा, त्र्यम्बक राव साटकर, अनिल मौर्य, नरेश विश्वकर्मा, श्रुचि,भविश्, प्रदीप भट्टाचार्य, इन्दु शंकर मनु, ऋषि गजपाल, शानू मोहनन, ओम प्रकाश जायसवाल, एन एल मौर्य, डॉ दीनदयाल साहू, डॉ डीपी देशमुख, हितेश साहू, सनत मिश्रा, ज्ञानिक साव, कल्याण सिंह, लोक, सुरेश बंछोर, अनुराधा बख्शी, आलोक शर्मा, तथा नारायण चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में भूपेश सरकार की उपलब्धि



भिलाईनगर, 1 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता जावेद खान छग मे जिस तरह से किसानों का खेती के प्रति रूझान बढ़ा है ठीक उसी तरह छग के स्कूलों मे ड्राप आउट अर्थात आधे मे बच्चों द्वारा शिक्षा छोड देने की दर भी तेजी से कम हुई है। यह कोई छग सरकार का सर्वे या आकलन नही है बल्कि भारत सरकार के स्कूली शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी यूडाइस कोड के परिणाम बता रहे है कि छग मे ड्राप आउट की दर तेजी से कम हुई है। भारत सरकार के स्कूली शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्कूलों मे ड्राप आउट की दर देखने के लिए सभी राज्यों एंव केन्द्र शासित प्रदेशों से आंकड़े जुटाए गये थे जिसमे सभी राज्यों की तुलना में छग के उत्साहजनक परिणाम देखने मे आए है। छग में मात्र 0.8 प्रतिशत है जब की पूरे भारत में यह दर प्राथमिक स्तर पर 1.5 प्रतिशत है। भारत सरकार के यह आंकड़े साबित करते है कि छग मे पंद्रह साल की भाजपा सरकार के जाने के बाद कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार मे शिक्षा के प्रति आम आदमी, किसान मजदूर के बच्चों का शिक्षा के प्रति रूझान बढा है और बढे भी क्यों नही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार शिक्षा का स्तर प्रदेश में ऊंचा करने के लिए अंग्रेजी माध्यम की स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल रहे है। पिछले पांच वर्षों मे प्रदेश की महंगी निजी स्कूल के प्रति छत्तीसगढ़ वासियों का मोह भंग हुआ है राज्य मे अब तक 279 स्वामी आत्मानंद स्कूल खुल चूके हैं। इसके अलावा पुराने स्कूलों को स्मार्ट स्कूल का दर्जा दे कर अपग्रेड किया जा रहा है सन 2020 मे भूपेश बघेल सरकार द्वारा शुरू की गयी स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है

# शहीदों की प्रतिमा संधारण की मांग



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पावर हाउस चौक के समीप वार्ड-38 सोनिया गांधी नगर वैरागी मोहल्ला में बन रहे शहीद सुखदेव, शहीद भगत सिंह, व शहीद राजगुरू की प्रतिमा स्थापित कराई गई है जो अपने दुर्दशा को सुधारने के साथ अपने अनावरण का इंतजार कर रही है। महान क्रांतिकारी एवं आजादी के मुख्य भूमिका अदा करने वाले इन क्रांतिकारियों के मूर्ति को जिस तहत छोड़ दिया गया है और उनकी प्रतिमा का रंगरोपण नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर बैरागी मोहल्ला में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करवाई गई थीं जो अब वर्तमान में शहीद भगत सिंह के प्रतिमा का दिशा बदलकर शहीद भगत सिंह के प्रतिमा के आजू बाजू शहीद सुखदेव व शहीद राजगुरु की प्रतिमा को 2 महीने से अधिक समय से आधा अधूरा रंग रोपण कार्य कर छोड़ दिया गया है। कल्याण सेवा जनजागृति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि दल निगम जोन आयुक्त से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत करवाते हुए 2 दिन के भीतर शहीद सुखदेव एवं शहीद राजगुरु के प्रतिमा को सुधारने के साथ रंग रोपण कराने की मांग की है तथा शीघ्र अनावरण करने को कहा गया है। अन्यथा 2 दिन के उपरांत क्रांतिकारी मूर्ति को सुधारने स्वयं संस्था के द्वारा रंग रोपण किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में सुमन शील, राजू गुप्ता, रोशन, विजय, मोहन रेड्डी, अवतार सिंह सहित अनेकों मौजूद थे।

## प्लेसमेंट के माध्यम से 12 युवाओं को मिला रोजगार

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए नियोजक एस.आई.एस. इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पदों के लिये प्लेसमेंट आयोजित किया गया।

# जिले के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से काम करता रहूंगा : मो. अकबर

**कवर्धा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज जिले के समुचित विकास के लिए 1 करोड़ 64 लाख 66 हजार रूपए की लागत से 18 ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात दी। इस बड़ी सौगात के लिए ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिवों एवं नागरिकों ने मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री श्री अकबर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मंच निर्माण, नवीन पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के समुचित विकास के लिए प्रयास कर रही है। नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मंच निर्माण, नवीन पंचायत भवन निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजनों ने मांग की थी। उन्होने कहा कि इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते जनभावनाओं को पूरा करने के लिए लोगों की मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहे है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के जन उपायोगी मांगों को हम पूरा करने का आगे भी प्रयास करते रहेंगे। इसी तरह क्षेत्र के समुचित विकास के लिए सब मिलजुलकर प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर सदस्य क्रेडा आयोग कन्हैया अग्रवाल, नीलकंठ चंद्रवंशी, सदस्य कृषक कल्याण परिषद श्री भगवान सिंह पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि विद्यार्थी उपस्थित थे।



**वनांचल से लेकर शहर तक विकास के लिए हो रहे विभिन्न निर्माण कार्य : मंत्री अकबर**

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे कबीरधाम जिला लगातार विकास कर रहा है। शासन के इन साढ़े चार सालों में वनांचल से लेकर शहर तक योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ विभिन्न निर्माण कार्य भी किए गए है। कवर्धा शहर में प्रदेश की राजधानी को मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में सकरी नदी में महज 9 महीने में ही पुल का निर्माण कार्य पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन आकांक्षाओं के मांग के अनुरूप कवर्धा में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है इसके लिए बजट में 50 करोड़ का प्रावधान किया है। मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जगह का चिन्हांकन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खुलने से मेडिकल क्षेत्र में पढ़ाई कर सकेंगे साथ ही इससे संबद्ध अस्पताल खुलने से बेहतर इलाज प्रारंभ होगा।

**इन कार्यो का किया लोकार्पण**

जिला पंचायत में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने 14 लाख रूपए की लागत से ग्राम सिंघनपुरी के लिए नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण का विधिवत लोकर्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 11.48-11.48 लाख रूपए की लागत से ग्राम गदहाभाठा, राम्हेपुरखुर्द, खरिया, सिंघारी, सरेखा रानीदहरा के लिए नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, 8-8 लाख रूपए की लागत से ग्राम बम्हनी, रानीगुढ़ा, केसमर्दा, अंधरीकछार, खरिया में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, 05 लाख रूपए की लागत से ग्राम बरबसपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 02 लाख रूपए की लागत से ग्राम लिमों में मंच निर्माण, 14 लाख 46 हजार रूपए की लागत से ग्राम जोराताल में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य, 02 लाख रूपए की लागत से ग्राम मोतिमपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम जैतपुरी में नवीन पंचायत भवन निमार्ण और 8 लाख 32 हजार रूपए की लागत से ग्राम खोलवा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया।

# लावारिस पशुओं को लेकर भाजपाइयों ने तहसील कार्यालय में किया प्रदर्शन

**डोंगरगढ़,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। लाल बहादुर नगर भाजपा मंडल ने किसान मोर्चा के तत्वाधान मे आवारा पशुओ को लेकर तहसील कार्यलय मे धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपाइयों के द्वारा पांच घंटे तक तहसील कार्यलय मे बैठे रहे। लेकिन कोई सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं था। भाजपाइयो के आक्रोश को देखते हुए डोंगरगढ़ के तहसीलदार विजय साहू को भेजा गया जिसके बाद अधिकारियो ने मवेशीयो को कांजी हॉउस मे रखने के सुझाव दिया गया। लेकिन भाजपाइयों ने पूरी ताकत गौठान मे ही रखने कि अपनी बात पर अड़े रहे तब कही तब कही जाकर आनन फानन मे मोतीपुर के गौठान मे अस्थायी रूप से रखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि राज्य कि भूपेश सरकार का नारा है कि नरवा, गरुवा, घूरवा आउ बाड़ी जिसमे राज्य सरकार प्रचार मे करोड़ो रूपये पानी कि तरह बहाया जा रहा है। खुद भूपेश बघेल बड़ी बड़ी सभा के माध्यम से एक गौठान मे 19 लाख कि खर्च बता रही है। और एक गौठान मे दो से तीन सौ मवेशियों को रखा जाता है। पूरी मवेशियों को चारा पानी का व्यवस्था का दावा करती है। लेकिन जमीन के अवलोकन करे तो करोड़ो रूपये कि भ्रष्टाचारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मे पूर्व विधायक खेदूराम साहू, प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष भरत वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी, चन्द्रिका प्रसाद डडसेना, भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू, गिरवर साहू, रामाधीन देवागन, देवेन्द साहू, बिशेषर वर्मा, टामेश्वर साहू, राजेंद्र तिवारी, रोशन साहू, लक्ष्मीनारायण वर्मा, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, मुकेश साहू, देवेन्द्र यादव, चेतन साहू, घनश्याम वैष्णव, जसवीर चौहान, धर्मेंद्र वर्मा, हनस पटेल, रामाधार ओझा, हेमलाल वर्मा, रामकुमार राजपूत, मनोज कांडे, किरण साहू, पारस वर्मा, राजकुमार ताम्रकार, रामा वर्मा, अवध साहू, ज्ञानचंद वर्मा, यसवंत साहू, राकेश साहू, संदीप सिन्हा, मूलचंद साहू, तीरेंद्र वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, भुवन साहू, पुरषोत्तम देवागण, गिरधर साहू, युवराज साहू, पुरानीक साहू, भूपेंद्र यदु, राहुल यदु, ध्रुव कुमार चंद्रवंशी, देवादास साहू, राजेश देवागण, पुकेश्वर वर्मा, शिव बल्हारे, कैलाश उइके, सांवत नंदेश्वर सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



# जिला व पुलिस प्रशासन ने मवेशियों को सड़कों से हटाकर गौशाला पहुंचाने का चला रहा विशेष अभियान

**बालोद,** 1 अगस्त। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार जिला एवं पुलिस प्रशासन बालोद द्वारा सड़कों पर घुमने वाले मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं असमय मवेशियों की मौतों पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को यातायात विभाग बालोद, नगर पालिका बालोद, थाना कोतवाली बालोद, पुश चिकित्सा विभाग बालोद की संयुक्त टीम द्वारा घड़ी चौक, जय स्तंभ चौक, दल्ली चौक बालोद के आस पास, नेशनल हाईवे एवं जिले के मुख्य सड़कों में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने हेतु घेराबंदी कर गौशाला पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देशय मवेशियों के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, पशुओं के असमय मृत्यु पर रोक लगाना एवं बालोद शहर के सड़कों को पशुविहीन बनाना है। इस प्रकार का अभियान लगातार पांचवे दिन भी जारी रहा। मवेशीयों के कान में लगे टैग नंबर से मवेशी मालिकों की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। पशु मालिकों से अपील की जाती है कि मवेशियों को अपने संरक्षण में रख कर उचित देखभाल करे। सड़कों, दुकान एवं चौक चौराहो पर आवारा न छोड़े शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करें।

# शिवशंकर गेंदले ने लिया गंडई थाने का प्रभार

**गंडई पंडरिया,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। गंडई नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि थाना प्रभारी अनिल शर्मा का बहुत ही कम समय में स्थानांतरण किया गया है। अनिल शर्मा गंडई थाने का प्रभार 16 फरवरी को लिए और 31 जुलाई 2023 तक प्रभारी रहे। उनके गंडई नगर में 5 माह 15 दिनों के कार्यकाल को काफी सराहा जा रहा है। उनके जगह शिव शंकर गेंदले को थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दिया गया है। नए थाना प्रभारी से भी नगर सहित समूचे अंचल के लोगों को ऐसे ही उम्मीदें है।



**अनिल शर्मा को थाना गातापार की जिम्मेदारी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल शर्मा ने अपने साढ़े पांच महीने के कार्यकाल में कई उपलब्धियां हासिल की है जिसमें कुल अपराध 142 कायम किए हैं। चालान अपराध 140, पेश किए गए अपराध 106, खात्मा चाक 06, खारजी चाक 02, दर्ज गुम इंसान 29, दस्तयाम गुम इंसान 36 और उसी प्रकार आबकारी के मामलों में जितने कार्यवाही आबकारी विभाग ने नहीं की है उससे अधिक करवाई इन्होंने अपने कार्यकाल में किए हैं। देखा जाय तो आबकारी में कुल 45 प्रकरण, पकड़े गए आरोपी 47, जप्त शराब की मात्रा 217 लीटर, राशि 120480 रुपए सामिल है। साथ ही सट्टा पट्टी में 11 प्रकरण, 11 आरोपी पकड़े गए जिनके साथ 20430 की राशि जप्त किया गया। नारकोटिस प्रकरण में 2 बने जिसमे 03 आरोपी पकड़े गए। जिनके पास से 670 ग्राम गांजा व 3093 नग कैप्सूल जप्त किया गया। जिसकी राशि 27772 थी। आर्मस् एक्ट के एक प्रकरण में दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया जिनसे दो नग हथियार जप्त किया गया है। मोटर व्हीकल एक्ट में 168 प्रकरण 168 आरोपी 80400 का जुर्माना राशि है। वहीं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अगर देखा जाए तो विभिन्न धाराओं में कुल 136 प्रकरण बनाए गए थे जिसमें से 189 आरोपी है। उसी प्रकार 8 स्थाई वारंट भी शामिल है जिन्हे अन्य प्रदेशों से गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा भी देखा जाए तो गंडई पुलिस ने प्रभारी शर्मा के नेतृत्व में सराहनीय अभियानो को चला कर पहल किए थे। जिसमें च्वारियों के सम्मान में गंडई पुलिस मैदान में, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए चुप नहीं रहेंगेज्ज अभियान सहित च्चालान नहीं समाधान शिविरज्ज अभियानों का नगर में व क्षेत्र और जिले सहित प्रदेश में खूब तारीफ हुआ था। इन सभी अभियानों में मुख्यमंत्री ने कमेंट भी किया था। साथ ही कई अपराधों में शामिल बदमाशों, वारंटियों, संदिग्धो एवं रात में बेवजह घूमने वालों के विरुद्ध ताबड़तोड़ अभियान चलाकर कारवाही भी किया। शर्मा ने कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हाल ही में च्अभिव्यक्ति एपज्ज के व्यापक प्रचार प्रसार में भी कड़ी मेहनत किए हैं। गंडई में थाना प्रभारी अनिल शर्मा के कार्यकाल में नागरिकों को पुलिस के प्रति विश्वास और असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण निर्मित था।

# अवैध शराब की बिक्री को लेकर नाराज दरबारी नवागांव के ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**बालोद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के दरबारी नवागांव के ग्रामीणों ने गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद कराने की प्रशासन से मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के जितेन्द्र कुमार 28 के आत्महत्या का कारण यही अवैध शराब है। ज्यादा शराब सेवन करने के कारण उसकी स्थिति खराब हुई और उसने आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही जिला मुख्यालय से अवैध शराब लोग उसे गांव में बेचते हैं। बार.बार मना करने के बाद भी किसी तरह का कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि बहू बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शाम होते ही गांव का माहौल पूरी तरह खराब हो जाता है। लगभग 300 की संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अवैध शराब की बिक्री बंद करने की प्रशासन से मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन को मामले से अवगत कराते हैं। पुलिस कार्रवाई भी करती है लेकिन अवैध शराब बेचने वालों के हौसले इतने बुलंद है कि वह फिर से अपना काम धाम शुरू कर देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर इन अवैध शराब माफियाओं को किसका शय प्राप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन से वे गुहार लगाकर थक गए हैं। अवैध शराब गांव में आसानी से मिल जाती है इसलिए पीने वालों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा यदि इस बार कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो ग्रामीण स्तर पर बैठक कर के सभी अवैध शराब माफियाओं को गांव में रहने नहीं देंगे और उन्हें गांव से बहिष्कृत कर देंगे तभी गांव में शांति हो पाएगी।

## कांवर यात्रा के बीच ग्रीन कमांडो ने निकाली 25 किमी जलयात्रा

**बालोद,** 1 अगस्त। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने सावन सोमवार पर शिव भक्ति के साथ जल और प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम झलमला से लेकर चौरेल के गौरैया मंदिर तक 25 किलोमीटर उन्होंने पैदल यात्रा की। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों कावड़िया भी थे। उन कांवरियों के बीच ग्रीन कमांडो ने एक हाथ में पौधा और एक हाथ में जल लेकर जल यात्रा की। इस दौरान ग्रामीणों से एक पौधा रोपित कर संरक्षण करने, तालाबों नदियों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। चौरेल पहुंचकर अमरुद का पौधा भी रोपित किया गया। जल है तो कल है, जल बचाओ का संदेश उन्होंने खास तरह से पहने पोशाक के जरिए भी दिया।

## निधन

### पं. रामशिरोमणि मिश्र



**जगदलपुर,** 1 अगस्त। मोतीतालाब पारा, काली मंदिर के पास निवासी 77 वर्षीय पंडित रामशिरोमणि मिश्र का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा व राजीव मिश्रा के पिता थे।

### निर्मला चंद्राकर



**भिलाईनगर,** 1 अगस्त। सेक्टर-1, सड़क नं. 29 निवासी श्रीमती निर्मला चंद्राकर उम्र 69 वर्ष का निधन हो गया। वे अधिवक्ता कौशल प्रसाद चंद्राकर की पत्नी तथा अधिवक्ता सूरज प्रकाश चंद्राकर की माता थी। उनका दाह संस्कार रामनगर मुक्ति धाम भिलाई में किया गया।

### आशा जंक्यानी



**दुर्ग,** 1 अगस्त। रायपुर नाका सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी आशा जंक्यानी का आज निधन हो गया। वे स्व. भीमसेन जंक्यानी की पत्नी एवं गायत्री व ज्योति की माता जी थीं। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया।

### उधमदास ज्ञानचंदानी



**रायपुर,** 1 अगस्त। दुर्गा माता मंदिर के पास स्टेट बैंक के आगे तिल्दा कैंप निवासी उधम दास ज्ञानचंदानी का 1 अगस्त को दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे अशोक कुमार भोजी, गोला ज्ञानचंदानी के पिता व पहलाज राय, वीरूमल, मोतीराम ज्ञानचंदानी के भाई तथा निखिल, नवीन ज्ञानचंदानी के दादा थे।

# विहिप कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे दल्लीराजहरा

**दल्लीराजहरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर वर्मा एक दिवसीय दौरे पर कल दल्लीराजहरा पहुंचे जहां नगर के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जलाराम मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विहिप व मातृशक्ति संगठन के नगर के समस्त दायित्त्ववान साथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर भारत माता की आरती की गई व सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया कार्यक्रम में प्रान्त सह मंत्री नन्दू साहू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग के पदाधिकारी राजेश ताम्रकार, मेघनाथ साहू, डेमन तरार, बालोद जिला से निर्मल साहू, प्रदेश हल्बा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र माहला, स्वयंसेवक शिव धरमगुडे, नगर संघचालक राजेंद्र राठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे बैठक में अध्यक्ष चन्द्रशेखर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज को जातिपंथ से ऊपर उठकर हिन्दू एकता के साथ धर्मसमाज को मजबूत करने की आवश्यकता है। आज देश के अंदर जिस प्रकार से माहौल बन रहा है। समाज के अंदर बिखराव दिख रहा है।जिस प्रकार से देश विरोधी ताकते अपना पैर पसार कर धर्मांतरण, लव जिहाद व लेंड जिहाद को बढ़ावा देने में लगे है। हम सबको उन पर रोक लगाना होगा। धर्म समाज को आज हिंदु मन हिन्दू तन व देश के प्रति धर्म के प्रति मजबूती से काम करने वाले कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। अध्यक्ष वर्मा ने मातृशक्ति की बहनों से कहा कि यह भूमि भारत माता हम सब की माता है। आज मातृशक्ति के ऊपर संस्कार व संस्कृति को आगे बढ़ाने की महती जिम्मेदारी है। समाज के घर के बच्चो को अच्छी शिक्षा दे, बड़ो का सम्मान परिवार में एकता साथ धर्म के प्रति सजगता रहने की प्रवित्ति को बढ़ावा दे।माता जो शिक्षा अपने बेटे बेटियों को देंगे उनमे उसी प्रकार का संस्कार जन्म लेगा जैसी शिक्षा देंगे वैसे ही वातावरण का निर्माण होगा इसलिए आवश्यक है कि घर मे भी परिवार के साथ सामूहिक भोजन व भजन हो। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि हिंदू संगठन को मजबूत बनाएं तथा आज हमारा देश हिंदू राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। व हिंदू राष्ट्र अवश्य बनेगा और इसमें विश्व हिंदू परिषद की विशेष भूमिका रहेगी।बैठक के बाद विहिप के प्रांत पदाधिकारियों ने रेल्वे पुलिस बैरक रेलवे कॉलोनी दल्ली राजहरा में वृक्षारोपण कर कई फलदार वृक्षो का रोपण किया। जिनमे आम आंवला इमली व पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर बेल के पौधों का रोपण किया।बैरक के कमांडेड और जवानों के द्वारा भी फलदार वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर जवानों ने कहा कि जिस तरह हम देश की रक्षा करते हैं उस तरह हम इन वृक्षों की भी रक्षा अवश्य करेंगे आज के कार्यक्रम में जिला विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता सत्या साहू मातृशक्ति नगर संयोजिका जानकी यादव सह संयोजिका नंदा पसीने सहसंयोजिका रूमा राय, मातृशक्ति सदस्य जानवी उदासी, सरस्वती वर्मा, मेघा साहू, संगीता रजक, अनुराधा सिंग, नीलम यादव, वीणा साहू, पुस्पा सांडिल्या, विमला साहू सहित नगर विहिप के नगर अध्यक्ष शंकर साहू हिंदूवादी नेता नागेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव, जसवंता नायक, गजाधर साहू नगर उपाध्याय हरीश बाग, मंत्री गोलू जयसवाल अखिलेश ठाकुर सोनू मानिकपुरी, मनीष शाह, माहेंद सोनी, सूर्य कांत ठाकुर, दिनेश साहू सहित अन्य संगठन के साथी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# नशे मे धुत हाईवा चालक ने नपं के बाउंड्रीवाल को किया क्षतिग्रस्त

## सरकारी संपत्ति को पहुंचाई हानि, थाने में हुई शिकायत

**गुण्डरदेही,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार की रात लगभग 11 बजे बाजार स्थल गुण्डरदेही के पास लापरवाह पुर्वक नशे की हालत मे हाइवा ट्रक सीजी 7 सीडी 0324 चालक ने नगर पंचायत गुण्डरदेही के बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा जिससे बाउंड्रीवाल मे लगे कालम ग्रील लाईट गार्डन व ई रिक्शा को क्षति पहुंचाई है इस घटना से नगर पंचायत को लाखो रूपए का नुकसान हुआ है उक्त घटना को लेकर नगर पंचायत गुण्डरदेही ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करने व शासकीय संपति के नुकसान की भरपाई करने गुण्डरदेही थाना मे लिखित शिकायत दर्ज कराई है बताया गया कि मौके पर किसी के मौजूद न होने से बड़ा हादसा होने से टल गया नगर पंचायत के चौकीदार चैतराम जोशी ने बताया कि सोमवार की रात 11 बजे हाईवा ट्रक सीजी 07 सीडी 0324 का चालक शराब के नशे मे धुत था और नगर पंचायत के बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा उसके बाद सीएमओ अन्य कर्मचारी व पार्षद मौके पर पहुंचे उसके बाद वाहन चालक व हेल्पर को पुलिस के हवाले कर दिया बताया गया कि हाईवा वाहन कानाकोट ( गाड़ाडीह ) के धनकर के बताए जा रहे है जो गुण्डरदेही के साकेत साहू के आर्डर मे चिचलगोंदी मे गिट्टी खाली कर वापस रेत के लिए धमतरी जा रहे थे



## प्रादेशिकी का शेष...

### दुर्ग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ...

हेतु 1 लाख 50 हजार एवं ग्राम अछोटी, साहू पारा के सार्वजनिक सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण हेतु 1 लाख रुपए के कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति की गई है।

### प्रेमचंद की रचनाएं भारत की अमूल्य...

में अपने समय के समाज को बदलने की वैचारिक चेतना मौजूद है। प्रेमचंद ने भारतीय समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम किया, उनमें मानवीय संवेदना जगाया। प्रेमचंद का साहित्य समूचे भारतीय का अमूल्य विरासत है।

कार्यक्रम में डॉ रजनीश उमरे, डॉ सरिता मिश्र, डॉ ओमकुमारी देवांगन, प्रियंका यादव, बेलमती, लक्ष्मीन चौहान, निर्मला पटेल, तरुण साहू, युगेश देशमुख, जितेंद्र कुमार साहू, संग्राम सिंह निराला के साथ बड़ी संख्या में हिन्दी साहित्य के शोधार्थी व महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा चटर्जी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. बलजीत कौर ने किया।

# छग मानस संगठन की 9वीं राज्य स्तरीय बैठक जेवरतला में

**गुरूर,** 1 अगस्त। 30 जुलाई दिन रविवार को छत्तीसगढ़ मानस संगठन की नौंवी प्रांतीय बैठक ग्राम जेवरतला गुरुर बालोद में आयोजित की गई, सीताराम पूजा कर बैठक की शुरुआत हुई इस बैठक में अतिथि बालोद जिला के अलावा धमतरी, दुर्ग, बलौदाबाजार, कांकेर, रायपुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद के प्रतिनिधि पहुंचे, छत्तीसगढ़ मानस संगठन की गतिविधियों को तेज करते हुए तहसील व जिला इकाई को पंजीकृत मंडलियों से नवीनीकरण कराने व अपंजीकृत मानस व रामधुनी जसगीत मंडलियों को आयोजक समितियों को, उद्घोषक, निर्णायकों को पंजीकृत करने तथा पंजीयन के बाद मिलने वाले लाभ की जानकारी देने को कहा गया है, जिला समस्त प्रकार के आय का 50 प्रतिशत राशि रोककर 50 प्रतिशत को राज्य के कोष में जमा करेंगे, तहसील को भी इसी तर्ज में जिला वँहा से प्राप्त नवीन व नवीनीकरण से 50 प्रतिशत वापस करेगा, इसके अलावा अन्य अलावा अन्य दानदाताओं से मिलने वाली राशि का पूरा हिस्सा उस जिला तहसील का 100 प्रतिशत होगा उसे बांटा नहीं जाएगा, जिस जिला में राज्य स्तरीय आयोजन होगा अधिकतम 50 लोगों का आजीवन सदस्यता शुल्क की राशि को वँहा वे खर्च कर सकेंगे, जिला स्तर के आयोजन में अधिकतम 25 लोगों के आजीवन सदस्यता शुल्क की राशि को खर्च किया जा सकेगा, बाद में शेष सभी आजीवन सदस्यता शुल्क की राशि राज्य की निधि होगी, नये जिलों के पदाधिकारियों का चुनाव मनोनयन आदि अगस्त महीने में किया जाएगा, हर जिले में नए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है इस क्रम में दुर्ग जिला व बालोद जिला में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। अन्य सभी जिलों में भी नवीन गठन किया जाएगा, गोस्वामी तुलसीदास के जन्म महोत्सव को धमतरी जिला के भखारा तहसील में किया जाएगा बहुत जल्द इस सम्बंध में राज्य स्तरीय एक और बैठक आहूत की जाएगी। ऑनलाइन मानस आधारित कार्यक्रम अगस्त माह में पुन: शुरू होगा, सप्तरंगी योजना के अंतर्गत, बरगद, पीपल, नीम, अशोक आदि का वृक्षारोपण उचित जगहों पर किया जाएगा, सम्बन्धित मण्डली वृक्षारोपण के बाद उसके संरक्षण का उपाय भी करेगा, संगठन से जुड़े सभी लोगों को संगठन के द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया है, नामकरण संस्कार में मांस मदिरा आदि के सेवन व उपस्थित जन समुदाय के मांग पर स्तरहीन गानों की प्रस्तुति पर भी संगठन ने नाराजगी प्रकट की है। श्री पुहुप राम यदु जी (निवर्तमान मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला बलौदाबाजार) को राज्य के संरक्षक मण्डल में स्थान दिया गया है। रामचरित मानस पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले डॉक्टर ललित सिंह ठाकुर जी को मानस के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये छत्तीसगढ़ मानस संगठन की ओर से अलंकृत किया जाएगा।



बलौदाबाजार जिले में सिंगारपुर धाम विकासखण्ड भाटापारा में माँ मांवली के पावन प्रांगण में 35 एकड़ की जमीन पर बन रहे विश्व के प्रथम श्री रामायण विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी 2 सितंबर 2023 को हमारे संगठन के प्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष चम्पेश्वर सिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीयन होता है। हमारे संगठन की मांग पर छत्तीसगढ़ की सरकार ने राज्य स्तरीय मानस गान महोत्सव का आयोजन को विगत वर्षों से शुरू किया है साथ ही रामायण मंडलियों को चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन कर अनुदान राशि हजारों मंडलियों को जारी की गई है, वयोवृद्ध व अति गम्भीर बीमारी से ग्रसित मानस से जुड़े लोगों को भी विशेष अनुदान व पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। हमने संगठन के निर्माण के साथ ही 5 मांग रखे थे जिसमें से 3 को सरकार ने पूरा कर दिया है अब हर जिले में एक मानस भवन बनाना और श्रीराम -सेतु वार्षिक पत्रिका को संस्कृति विभाग द्वारा प्रकाशित करने के दो कार्य ही शेष रह गए हैं। शासन द्वारा आयोजित मानस महोत्सव में हो रही त्रुटियों को दूर करने हेतु भी हम एक ज्ञापन देंगे। मानस के आड़ में अवैध वसूली करने वाले संगठन व चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन के नाम पर पैसा वसूलने वालो की लिखित जानकारी भी सम्बन्धित विभाग के मंत्री महोदय को प्रतिनिधि मंडल देगी।

छत्तीसगढ़ मानस संगठन के बनने से अन्य मानस संगठन की सक्रियता बढ़ी है साथ ही मानस के क्षेत्र में लगातार बहुत अच्छे कार्यक्रम होने लगे हैं, राजपूत ने कहा कि आर्थिक लाभ या पद की लालसा से आपलोग संगठन से न जुड़े बल्कि सेवा व आत्म संतुष्टि के लिये संगठन से जुड़ने का आह्वान किया, इस अवसर पर राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू धमतरी, कोषाध्यक्ष चंद्रिका साहू बालोद, वरिष्ठ सलाहकार मनमोहन साहू, राज्य के मीडिया प्रभारी दुखहरण साहू धमतरी जिला अध्यक्ष गणराज सिन्हा बलौदाबाजार अध्यक्ष मोहन दास वैष्णव, दुर्ग महासचिव ओम प्रकाश वारदे, बालोद वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रधुम्न कुमार हिरवानी बालोद अध्यक्ष गंगाधर साहू, कोषाध्यक्ष भोजराम सोनबेर, सचिव त्रिभुवन लाल सोनबेर गुरुर अध्यक्ष युगल किशोर कौशिक, धमतरी उपाध्यक्ष केकती साहू बैठक में 64 मानस प्रेमी उपस्थित रहे। आदर्श मानस प्रचार समिति जेवरतला और जनकनंदिनी महिला मानस मण्डली जेवरतला के द्वारा एक बहुत ही व्यवस्थित व सुंदर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश्वर गंगबेर संरक्षक आदर्श मानस प्रचार समिति जेवरतला ने की।

# मिलजुल कर काम करने से विकास को और गति मिलेगी: मो. अकबर

■ मंत्री अकबर ने ग्राम सिंघनपुरी जंगल, बाम्हन टोला, बानो, कंटकीकला पहुंचकर ग्रामीणों के साथ लगाई जन चौपाल



**कवर्धा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज मंगलवार को अपने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी जंगल, बाम्हन टोला, बानो और कंटकीकला गांव पहुंचे। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने जमीन पर बैठकर ग्रामीण, किसान, युवा, महिलाओं और बुजुर्गो से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाओं का फीडबैक भी लिया। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि गांव में भेंट मुलाकात कर बुजुर्ग और किसानों से चर्चा करने और सभी वर्गो से मिलजुलकर काम करने से क्षेत्र और गांव के विकास को गति मिलती है। मंत्री श्री अकबर ने ग्राम सिंघनपुरी जंगल में लोधी समाज के भवन के लिए 10 लाख रूपए, कबीरकुटी के लिए 05 लाख और रामयण मंडली को 10 हजार रूपए, ग्राम बाम्हनटोला में पटेल समाज भवन के लिए 05 लाख रूपए, सार्वजनिक भवन के लिए 05 लाख और मानस मंडली को 10 हजार रूपए देने की घोषणा की।

केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि धान खरीदी राज्य सरकार की सबसे बड़ी योजना है। राज्य सरकार की नीति से छत्तीसगढ़ के किसानों का जीवन खुशहाल हो रहा है और आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में निर्णय लिया गया कि किसानों को 2500 रूपए प्रति चिंटल दर से राशि का भुगतान किया जाए। आज 2540 रुपए में धान खरीदा जा रहा है। इस वर्ष की जो खरीदी होगी उसका भुगतान 2640 रुपए प्रति चिंटल की दर से किया जाएगा। समर्थन मूल्य में अंतर की राशि के भुगतान के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत अलग से राशि प्रदान करने की योजना बनाई गई। सहकारी समितियों में धान बेचने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा 9000 रूपये प्रति एकड़ की दर से 04 किस्तों में प्रदान किया जा रहा है। 04 किस्तों की राशि क्रमश: पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पूण्यतिथि 21 मई, उनकी जयंती 20 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर, वित्तीय वर्ष की समाप्ति की तिथि 31 मार्च को प्रदान की जाती है। वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि मिलाकर प्रति चिंटल 2640 रूपए की दर से भुगतान प्राप्त हो रहा है।

## सभी परिवारों का बनाया जा रहा राशन कार्ड

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने भूमिहीन कृषि मजदूरों के कल्याण के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना लाकर इस तरह के प्रत्येक मजदूर को प्रति वर्ष 7 हजार रुपए का भुगतान कर रही है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़ने वाले संग्राहकों को हमारी सरकार आने के बाद से 25 सौ रुपया प्रति मानक बोरा के स्थान पर 4 हजार रुपए की दर से भुगतान किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड बनाया जा रहा है चाहे वो गरीबी रेखा से नीचे हो या ऊपर हो। परिवार में सदस्य संख्या बढ़ने पर कार्ड को तोड़कर एक और नया कार्ड बना दिया जा रहा है।

# विधायक छाबड़ा ने महाकाल मंदिर में जल अर्पण कर क्षेत्रवासियों की सुख शांति और समृद्धि की कामना की

**बेमेतरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास के चौथे सोमवार को नर्मदा धाम भेडनी से महाकाल मंदिर देवरबीजा तक हजारों की संख्या में शिव भक्तों के साथ बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने भव्य कांवर यात्रा निकाल महाकाल मंदिर में रुद्राभिषेक कर जल चढ़ाकर भोले बाबा की पूजा अर्चना कर बेमेतरा क्षेत्रवासियो की सूख,समृद्धि की कामना।



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हर्ष वर्ष की भाती भी श्रावण मास के चौथे सोमवार के पावन अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने हजारों शिव भक्तों साथ कांवर यात्रा में शामिल हुए ग्राम भेडनी में मां नर्मदा के पावन कुण्ड से जल लेकर पहले कांवर की मंत्रोचार के साथ पूजा की गई,फिर कांवर यात्रा प्रारंभ की गई शिव की भक्ती में लीन होकर विधायक आशीष छाबड़ा ने कांवर उठाकर पैदल चलते हुए बोल बम का नारा लगाते हुए 04 किलोमीटर की पद यात्रा कर ग्राम देवरबीजा के प्राचीन महाकाल मंदिर में पहुंच रुद्राभिषेक किया,श्रावण मास मे शिव आराधना और गंगाजल से अभिषेक करने का महत्व शिव पुराण में बताया गया है.की अपने कांधे पर कांवड़ रखकर भोला बाबा के नारे लगाते पद यात्रा करना पुण्यदायक माना जाता है, कांवड़ यात्रा के प्रत्येक कदम के साथ एक अश्वमेघ यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा,प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,सहदेव साहू, ललित विश्वकर्मा महामंत्री,दिलहरन साहू,नारायण साहू, तखत राम साहू, इंद्रचंद जैन, रसबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा,गोरेलाल साहू,कविता साहू अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस,,नेहा सुराना,राजेश दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिती,,सुनील जैन सभापति, सुरेश दुबे,प्रभात श्रीवास्तव, आलोक तिवारी,रश्मि मिश्रा सभापति,रानी सेन पार्षद, जानता साहू एल्डरमैन, प्रशांत तिवारी एल्ड्रमैन, रवेन्द्र देवांगन एल्डरमैन, ईश्वर सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,अजय ठाकुर, धनजराज बंजारे सभापति,अशोक पटेल सदस्य जनपद पंचायत,सुनीता देवांगन सरपंच,युवराज दुबे, कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,तरण निर्मलकर, रवि परगनिया अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,छगन साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,मोतीलाल मार्कण्डे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, थुकेल साहू,तुम्मन साहू,मोहित सिन्हा, गौरीशंकर शर्मा,राजेश चंदेल, राजू साहू, राजा साहू,यशवंत साहू, आरती पटेल,रीना साहू, फत्ते पटेल,दीपक पटेल,नीलेश वैष्णव, संतराम यादव,मोहित वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, धनजय साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, बोधन साहू, दिनेश जोशी, ध्रुव राम रजक, अजय सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित ।

# फाइलेरिया उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया फाइलेरिया संबध में प्रशिक्षण : रेखू राम साहू

**दल्लीराजहरा,** 1अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गोंडवाना भवन दल्ली राजहरा में संपन्न हुआ स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया 10 अगस्त को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, कालेज, एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में उम्र के अनुसार डी.ई. सी.दवाई खिलाया जायेगा. 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 100 मिली ग्राम का एक गोली, 5 से 15 वर्ष को 100 मिली ग्राम का दो गोली, 15 वर्ष से बडो़ को 100 मिली ग्राम का तीन गोली खिलाना है। साथ में एक गोली अल्बेन्डाजोल की खिलाना है,उन्होने समसस्त कार्यकर्ताओं से कहा की याद रखें दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों,गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पिड़ित व्यक्तियों को, धात्री माता ( एक सप्ताह की) को दवाई नहीं खिलाना है, साथ ही 11 अगस्त से छूटे हुए हितग्राहियों को दलों के द्वारा गृह भेट करके दवाई खिलाया जायेगा. अभियान में स्वास्थ्य कर्मचारियों, शिक्षकगण,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनगण सेवा देगें. कार्यक्रम के नोडल बी.आर. बरेठिया ने फाइलेरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण के विषय में भी जानकारी देते हुए बताया फाइलेरिया मादा क्यू लेक्स मच्छर के काटने से होता है,यह संक्रामक रोग है,हाथ पैर में सूजन दिखाई देता है, पैर हाथी के पैर जैसा हो जाता है, इस लिए इसे हांथीपाव कहते हैं. बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें,साथ ही अपने आस -पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दे. डी.ई.सी. की दवा फाइलेरिया के परजीवी को मारता है. हम सबको 10 अगस्त को सामूहिक दवा सेवन करना है. प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग से सुपरवाइजर लता यादव, पी. नरेटी, महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर संध्या दत्ता, रेणु मैम, एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# आगामी विधानसभा में पहली बार 80 उम्र से अधिक के मतदाता घर बैठकर कर सकेंगे मतदान



■ कलेक्टर ने ली पत्रकारवार्ता
■ स्वीप गतिविधियों की दी जानकारी

**बेमेतरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकारवार्ता में कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के पूर्व जिले में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। कल बुधवार 2 अगस्त से नये मतदाता जोड़ने का काम शुरू होगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त को राज्य में मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन करने के साथ-साथ 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि के सम्बन्ध में दावा-आपत्ति प्राप्त की जाएगी। इसी दिन जिले में विशेष ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन भी किया जाएगा। विधानसभा एवं जिला स्तर पर भी मतदाता जागरूकता विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

उन्होने बताया कि मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दिन से 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 30 दिनों की इस अवधि के दौरान चार दिन, 12-13 अगस्त (शनिवार-रविवार) और 19-20 अगस्त (शनिवार-रविवार) को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मतदाता परिचय पत्र में कोई त्रुटि, नाम विलोपित के लिए या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण कर 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने मतदाताओं से अपील किए है कि अपनी मतदान केन्द्रो में सूची का अवलोकन करें और कहीं परिचय पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वो निर्धारित प्रारुप में फार्म भरकर जमा करें। पूर्व से पंजीकृत मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भरा जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल भी उपलब्ध हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए बीएलओ एप का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए पत्रकारों से भी प्रचार-प्रसार में सहयोग का आग्रह किया। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा में 80 उम्र से अधिक मतदाताओं के लिए सुविधाजनक पहल शुरू की गई है। 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता जो अपने घर से वोट डालना चाहते हैं उनकी निर्धारित प्रारूप में सहमति उपरांत वोट डालने का अधिकार होगा। इसके लिए रैंडमली टीम भी गठित की जाएगी, जो निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया पूरी करेगी। ऐसे पहले निर्वाचन में उम्रदराज लोग वोट डालने से वंचित रह जाते थे, या उनके परिजन किसी तरह मतदान केन्द्रों में लाकर वोट डलवाते थे, निर्वाचन आयोग की इस पहल से ऐसे सभी उम्रदराज मतदाता अपने घर बैठकर आराम से मतदान कर सकेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस. एल्मा ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए पुनरीक्षण के दौरान सघन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस दौरान छूटे हुए युवाओं एवं समाज के वंचित वर्गों को अधिक से अधिक जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। एल्मा ने जिले के नागरिकों से पुनरीक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के अपील की।

# उप निरीक्षक रात्रे हुए सेवानिवृत्त



■ पुलिस अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर ससम्मान दी विदाई

**बालोद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। 31 जुलाई को उप निरीक्षक गोपाल रात्रे को पुलिस विभाग में 42 वर्ष 2 माह 11 दिन सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। पुलिस कार्यालय बालोद में विदाई समारोह पर उपस्थित अति. पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा कर्ण उके, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, प्रोबेशनर उ,पु, अधीक्षक दीपक भगत एवं समस्त ऑफिस स्टाफ के द्वारा रिटायर हुए अधिकारी गोपाल रात्रे सर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए केक कटिंग सेलिब्रेशन के साथ उन्हें श्री फल, साल व स्मृति चिन्ह भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई। उप निरीक्षक गोपाल रात्रे को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर 20 मई 1981 को भर्ती होकर पदोन्नत होते हुए 42 वर्ष 2 माह 11 दिन की लंबी सर्विस सफर तय किए। तथा संपूर्ण सेवाकाल अवधि में पूरी लगन एवं निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए। विदाई समारोह के दौरान गोपाल रात्रे द्वारा पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल से जुड़ी बेहतर अनुभवों को भी साझा किया गया।

# नवविवाहिता को प्रताड़ित कर अत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले सास, ससुर सहित पति गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस चौकी देवकर, थाना साजा के अपराध सदर धारा 306,34 भादवि में *आरोपीगण 1. जनार्दन साहू पिता रामसाय उम्र 22 साल, 2. रामसाय साहू पिता पूना राम साहू उम्र 53 साल, 3. त्रिवेणी साहू पति रामसाय उम्र 50 साल सभी निवासी खिसोरा पुलिस चौकी देवकर, थाना साजा* के द्वारा अपने नवविवाहिता बहू की शादी 4 माह पूर्व हुआ था लड़की की मायका जिला बालोद थाना गुंडरदेही क्षेत्रांतर्गत ग्राम में स्थित है शादी के बाद से नवविवाहिता को उसका पति, सास, ससुर लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे जिससे परेशान होकर दिनांक 16.07.2023 को अपने ससुराल ग्राम खिसोरा में फांसी लगाकर मृत्यु हुई । जिसका पीएम साजा अस्पताल में कराया गया। मर्ग जांच पर उक्त अपराध धारा का घटित करना पाये जाने पर उक्त तीनों आरोपियों को दिनांक 31.07.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा, आरक्षक संतोष धीवर, दीपक सिंह, महिला आरक्षक प्रीति यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# आत्मज्ञान भवन में वृक्षारोपण

**बालोद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण किया गया। नगर के समीपस्थ ग्राम औरा भांठा के सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी एवं भण्डारण परिसर में इमारती फलदार एवं छायादार वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों के साथ लगभग 200 पौधा-रोपण किया गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष भी पुरूषोत्तम पटेल, प्रबंधक मधुसुदन देशमुख, सहायक प्रबंधक चेमन, ब्रह्माकुमारीज बालोद की संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी, बी.के. सरिता दीदी, बी.के. लीला दीदी सहित संस्था के सैकड़ो भाई बहनें उपस्थित थे। वृक्षारोपण पर जोर देते हुए बी.के. सरिता दीदी ने कहा कि हमारे विचार का प्रभाव प्रकृति पर पड़ता है। प्रकृति और आत्मा मिलकर जीवन बनता है तो हमारा कर्तव्य है प्रकृति के साथ सामंजस्य बना के रहे। पेड़ अपना फल दूसरों को देती है, नदी का जल दूसरों के लिए बहता है, वैसे ही हमारा जीवन परोपकार के लिए होना चाहिए। बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा जल, जमीन, जानवर, जीवन और जनता मिलकर पर्यावरण बनता है। पर्यावरण का संरक्षण करना हम सब का कर्तव्य होना चाहिए।



# विधायक छाबड़ा ने नवीन शास.पूर्व माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया ( एम ) का किया शुभारंभ

**बेमेतरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया(एम) में अयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

सर्वप्रथम मां सरस्वती छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर, शा.पूर्व माध्यमिक विद्यालय का फीता काट शुभारम्भ सहित नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण 28.51 लाख,कबीर सामुदायिक भवन निर्माण 04 लाख, सांसकृतिक मंच निर्माण (शीतला मंदिर) 03 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण (शीतला मंदिर) 03 लाख रुपए के विकास कार्यों का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्राम खम्हरीया(एम) के लिए ऐतिहासिक दिन है,शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित हुआ है,50 वर्षो की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूर्ण हुआ है,50 वर्ष पूर्व यहां प्राथमिक शाला की पढाई प्रारंभ हुआ था,साथ ही बहुत सारे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है,हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करें, गांव में बच्चो को प्राथमिक स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण कर पाते थे, 05 की कक्षा उत्तीर्ण कर आगे के पढाई करने के किए बच्चो को आस पास के गांव में जाकर पूर्व माध्यमिक शाला की पढाई करने जाना पढ़ता था,जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था,जब भी कार्यक्रम में गांव आना होता था की गांव में पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल खोले जाने की मांग सबसे पहले किया जाता था,और आप आप सब के मांग अनुरूप मुझे यह बताते हुए बड़ी प्रशंता हो रही आप सभी ग्रामवासियों ने जो सपना देखा था आज वह अपना पूरा हुआ,भेंट मुलाकात के दौरान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल का आगमन ग्राम देवरबिजा में हुआ था जिसमें आप सब की ओर से मैंने ग्राम खम्हरिया(एम) में पूर्व माध्यमिक शाला खोलने की मांग रखी थी जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने सहज स्वीकार करते हुए पूर्व माध्यमिक स्कूल खोलने की घोषणा किए थे और उनके घोषना अनुरुप आज खमहरिया में पूर्व माध्यमिक शाला की पढाई आज से प्रारंभ हुआ है,आज से बच्चों को अपनी आठवीं तक की पढ़ाई के लिए कहीं दूर जाना नहीं पड़ेगा अब यही गांव में रहकर अपनी आठवीं की शिक्षा ग्रहण करेंगे साथ ही चिकित्सा संबंधी मांग भी लगातार किया जा रहा था,गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित तो था,लेकिन भवन नही था,भवन के लिए भी 28.51 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो गया है,बहुत जल्द भवन निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा साथ ही शीतला माता मंदिर के पास मंच निर्माण 03 लाख रूपए,शीतला माता मंदिर के पास भवन निर्माण कार्य 03 लाख,कबीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 04 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गाँव से लेकर शहरो के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई जा रही है, प्रदेश सरकार गांव,गरीब और किसानों की सरकार जो लगातार विकास के लिए कर रही है ,प्रदेश सरकार ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ छत्तीसगढ़ में पंचायतों को मजबूत और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य की जा रही है,किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है,किसान भाई कड़ी धूप में तपस्या कर,हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है,ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है,अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है,किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं,मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित करने के साथ प्रदेश में किसानों का सिंचाई कर माफ कर कर्जमाफी की गई और बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है,गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो में चावल प्रदान करने के साथ पशुपालकों से 2 रुपए किलों में गोबर भी खरीदा जा रहा है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है, छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी गाँव, गरीब और मजदूरों की सरकार है, शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में भी सरकार द्वारा लगातार कदम उठाया जा रहा है,साथ ही ग्रामवासियों की मांग अनुरूप मुक्तिधाम शेड सह प्रतीक्षालय निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच,लीलाराम साहू सदस्य प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला, दिलहरन साहू सरपंच,सहदेव साहू सरपंच,नदलाल शर्मा,शिवशंकर पाठक,रजन पाठक,कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, सुदर्शन साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, भावमोचन चौबे,संकटमोचन चौबे,गोरेलाल साहू,रमेश टंडन, शोभाराम साहू, मनोज शर्मा सभापति,योगेश साहू, स्यामु राम साहू,भुवन साहू,भवानी साहू,हेमलाल साहू, ईश्वर सिन्हा,राजेश चंदेल, गौरीशंकर शर्मा,मोतीलाल मारकंडे, भक्तु पाल,कुशाल नायक,नारद सिंह राजपुत,बलीपुरी गोस्वामी,रामरत्न साहू,सदाराम साहू, रमई साहू, जीवराम साहू, दुखित राम साहू,चैतुराम साहू, छबीलाल साहू, कमलेश साहू,संतोष साहू,दशरथ साहू, सुकुल राम साहू,घनश्याम साहू,सीताराम साहू,पोषण सिन्हा, जयप्रकाश कर्मकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी,खोमलाल साहू बी आर सीसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।



# विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया आरोप

**डोंगरगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। समीपवर्ती ग्राम कोहका निवासी एक विवाहिता की आज अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत की खबर है। इस मौत की खबर विवाहिता के मायके वालों को जैसे ही लगी, दलबल के साथ डोंगरगांव पहुंच गये और अपनी बेटी की मौत को संदिग्ध बताते हुए हंगामा कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने विवाहिता के शव को मरचुरी में रखवा दिया है। जिनका पोस्टमार्टम सोमवार को हुआ , पी एम होने के बाद उनके परिवार वालों को सौप दिया है डाक्टरों की रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।



जानकारी के अनुसार मरारपारा बालोद निवासी गिरधारी सेन की एकमात्र पुत्री रूखमणी सेन (21 वर्ष) का विवाह गत मई 2022 में ग्राम कोहका निवासी ढालसिंह सेन के पुत्र ताकेश्वर के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार विवाह के कुछ महिने तक वैवाहिक जीवन ठीक ठाक चलता रहा। कुछ ही दिनों बाद विवाहिता के ससुराल वालों ने यह आरोप लगाते हुए कि विवाहिता की तबियत खराब रहती है, उनके मायके पहुंचा दिया। इस पर मायके वालों ने उसका इलाज करवाया तो वह गर्भवती निकली, फिर यह कहने पर कि गर्भावस्था में कुछ तकलीफें आती है, मायके वालों के कहने पर उसे ससुराल वाले फिर उसे कोहका लिवा कर ले आये।

जिसके बाद डिलीवरी के लिए विवाहिता को पुनः जून 2023 में ससुराल वालों ने मायके बालोद भेज दिया। डिलीवरी के बाद कुछ दिन बीतने के बाद विवाहिता के माता पिता ने उसे उसके ससुराल छोड़ दिया। तब तक विवाहिता ठीक थी। आज शाम को अचानक उन्हें अपनी बेटी के मौत की खबर मिली। जबकि परिवारजनों के अनुसार उन्होनें दोपहर 1 - 2 बजे के बीच

**■ पुलिस के सामने मायके वालों का हंगामा**

अपनी बेटी से बात भी की थी। तब तक उनकी बेटी पूरी तरह से स्वस्थ लग रही थी। अचानक मौत की खबर से उनके घर में कोहराम मच गया और वे सभी अपने सगे संबंधियों के साथ डोंगरगांव आ धमके और अपनी पुत्री के ससुराल वालों पर सीधा आरोप लगाया कि उन्होनें उसकी बेटी को मार डाला।

इस संबंध में पता चला है कि रूखमणी के ससुराल वाले आज शाम को लगभग 5 बजे उसे अचेतावस्था में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसके मायके वालों को खबर की गई। मायके वालों ने आकर अस्पताल में ही हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद ड्यूटी डॉक्टर ने पुलिस को खबर की। रूखमणी के परिवारवालों ने पुलिस के सामने भी वही आरोप दुहराया। जिसके बाद पुलिस ने रूखमणी के शव को अपने कब्जे में लेकर मरचुरी में रखवाया है, जिसका कल पोस्टमार्टम किया जायेगा। उसके बाद ही विवाहिता के मौत के कारण तक पहुंचा जा सकेगा।

बताया जाता है कि विवाहिता की मात्र दो माह की एक दुधमुंही बच्ची है। माता की मृत्यु से उसके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। रूखमणी की माता ने रो रोकर बताया कि उसके मात्र एक पुत्री और एक पुत्र हैं। उसने अपनी एकमात्र बेटी का बहुत ही धूमधाम से बड़े अरमानों के साथ विवाह किया था। विवाह में अपनी हैसियत से ज्यादा सभी जरूरत की चीजें दहेज में दी थी लेकिन ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मार डाला। गम और दुख के कारण विवाहिता के पिताजी कुछ बोल ही नहीं पा रहे थे। बहरहाल, विवाहिता रूखमणी की मौत ने अनेक सवालों को जन्म दे दिया है, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है। रूखमणी के मायके वाले न्याय की आशा में समाचार लिखने तक यहां डटे हुए थे।

# पीडब्ल्यूडी ने किया लाखो का मरम्मत, छः माह नहीं टिकी सड़क, उमरवाही मुख्यमार्ग खस्ताहाल

**डोंगरगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। गुण्डरदेही से उमरवाही गोडलवाही करमरी का मुख्य मार्ग लगातार चर्चा में रही है कई बार इसकी जानकारी शासन प्रशासन को दी जा चुकी है, माना जा है की यह कांग्रेस का गड़ है ,लेकिन फिर भी स्थानीय विधायक कांग्रेस की है इसके साथ साथ प्रदेश में इन्ही की सरकार है बावजूद इसके कई बार सड़क का मामला सामने आया है। यहां ऊंची चौड़ी सड़क की मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई है, आंदोलन के चेतावनी के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ने लाखो का मरम्मत बता कर काम चलाऊ राइपरिंग किया जिसके चलते 6 माह भी सड़क नही टिकी। इसके साथ साथ बड़ी लोडिंग हाईवा गाडियां भी इस सड़क पर लगातार चलती है इसको भी कोई रोकने वाला नही है। यहां क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार उमरवाही में है परंतु उमरवाही को डोंगरगांव से जोड़ने वाला मार्ग की स्थिति दयनीय है इसके लिए प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया ,पंचायत सरपंचों ने वा स्थानीय लोग लगातार सड़क की मांग करते रहे है। उमरवाही में ही आस पास के छूट मूट मरीजों के लिए अस्पताल है, यही हारय सेकेंडरी स्कूल है यही बैंक है परंतु आने जाने का साधन दुरुस्त नही है। सरकार व स्थानीय विधायक अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल दूर है।



## माधव साहू बने शिक्षक संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष

**डोंगरगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ,प्रांतीय महामंत्री शैलेन्द्र यदु के अनुशंसा पर ब्लॉक इकाई डोंगरगांव छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर माधव साहू को नियुक्त किया । संगठन में लगातार सक्रिय रहे माधव साहू के ब्लॉकउपाध्यक्ष बनाने पर ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष गिरीश हिरवानी ,ब्लॉक सचिव किशन देशमुख, महामंत्री नीलमणि साहू, महेश ठाकुर ,नेकराम साहू देवेंद्र साहू परस पटेल , सुदामा साहू,मनोज वर्मा, गैंदलाल डेहरे ,चंद्रभान हिरवानी ,श्रीमती शशि ठाकुर ,श्रीमती दीपिका साहू, संजीव गंधर्व, ठाकुर राम साहू, श्रीमती गायत्री साहू, अविनाश साहू निखिल साहू, राजेन्द्र साहू , अचल वैष्णव, लक्ष्य साहू, आदि ने बधाई ज्ञापित किया है।



## रात्रि में सदिग्ध रूप से घुमने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी ने थाना आकर लिखित शिकायत आवेदन पेश किया कि अनावेदकगण सलमान खान पिता शेख निजामुद्दीन उम्र 20 साल साकिन सृष्टि कालोनी कौरिनभाठा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव एवं जगेश ?वर यादव पिता सन्तु राम यादव उम्र 21 साल साकिन शीतला मंदिर के पास कौरिनभाठा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का दिनांक 31.07.2023 को रात्रि में समता कालोनी में चोरी करने की नियत से संदिग्ध रूप से घुम रहा था, जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में दिया गया था। आवेदकगण द्वारा हमलोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत किये हो कहकर गाली गालौज कर मारपीट करने पर उतारू हो गया था, कि सूचना पर मौके पर पहुंचकर अनावेदको को काफी समझाने का प्रयास किया गया, परन्तु नहीं मान रहें थे पुलिस को देखकर और आवेश में आकर हम लोगो के खिलाफ पुलिस में शिकायत किये हो देख लेगें, मार डालेगे, काट डालेगे कहकर आवेदक को धमकी दे रहा था, कि आवेदक के रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अनावेदको के विरूध्द धारा 151 जा0फौ0 के तहत गिरफ्तार कर धारा 107,116(3) जा0फौ0 की कार्यवाही कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय में पेश किया गया।




## संभागायुक्त कावरे ने तहसील कार्यालय कवर्धा का निरीक्षण किया

**राजनांदगांव/कवर्धा/ दुर्ग,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। 31 जुलाई को संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा कबीरधाम जिला अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों का अवलोकन किया, जसमें न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा में 150 प्रकरण एवं तहसीलदार न्यायालय कवर्धा में 100 प्रकरण, नायब तहसीलदार रवेली में 167 प्रकरण इसी प्रकार नायब तहसीलदार कवर्धा में 200 प्रकरण लंबित पाए गए। लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री कावरे ने अभिलेख कोष्ठ में प्रकरण जमा उपरान्त रिकार्ड अद्यतन रखने हेतु अभिलेख कोष्ट पंजी का संधारण एवं पटेली पंजी सत्यापित किये जाने का निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालय में स्थापित अभिलेखागार में अग्निशमन यंत्र आवश्यक रूप से लगाये जाने के निर्देश दिए।



**वसूली की कार्यवाही में लाए तेजी**

संभागायुक्त ने निरीक्षण के दौरान समस्त शाखाओं में संधारित पंजीयों का अवलोकन किया, जिसमें उन्होंने अभिलेख पासबुक, आदेशिका पंजी, अर्थदण्ड पंजी, केश बुक का अवलोकन किया। जिस दौरान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा में रूपये 6,84,239/- अर्थदण्ड वसूली हेतु शेष होना पाया गया। इसी प्रकार न्यायालय तहसीलदार कवर्धा में रूपये 21,425/- अर्थदण्ड वसूली हेतु शेष होना पाया गया। जिसमें वसूली की कार्यवाही में तेजी लाने हेतु संबंधित तहसीलदार श्री उपेन्द्र किण्डों को निर्देशित किया गया। तहसील कार्यालय कवर्धा के नाजरात शाखा में संधारित रोड़क बही में राशि रूपये 3 करोड़ 41 लाख की प्रविष्टि दर्ज है जिसका मिलान करते हुए समाधान विवरण एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा में संधारित रोड़क बही एवं बैंक स्टेटमेंट में रूपये 30,48,430/- का अंतर पाया गया। जिसे एक सप्ताह के भीतर मिलान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## अजीज पब्लिक स्कूल में शिखर प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए एकेडमी अवॉर्ड वितरण समारोह

**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा ने आज दिनांक 01/08/2023 को शिखर प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक च्अभिनव एकेडमी अवॉर्डज्ज वितरण समारोह का आयोजन किया। इस खास अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, श्री सचिन पाल सिंह ठाकुर, और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती तनाज आजीज ने छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही, स्कूल की निदेशक, श्रीमती फर्जाना भी इस धारावाहिक अवसर को उजागर किया।



समारोह की शुरुआत प्राचार्य श्री सचिन पाल सिंह ठाकुर द्वारा हुई, जिन्होंने छात्रों की उत्कृष्टता के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने छात्रों के तत्परता और मेहनत की सराहना की और उन्हें भविष्य में नए सपनों की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती तनाज आजीज ने भी उदबोधन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों की उच्च शिक्षा की उपलब्धि का गर्व प्रकट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह सलाह दी कि वे समय के साथ बदलते परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ें और खुद को सीमित न करके नए संभावनाओं का सामना करें।

अजीज पब्लिक स्कूल के च्अभिनव एकेडमी अवॉर्डज्ज वितरण समारोह में छात्रों और शिक्षकों ने साथ में उच्च उत्साह के साथ शिखर प्राप्त करने वाले छात्रों के शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ खुद को गर्व महसूस किया। यह समारोह वास्तविक रूप से इन युवा कमलों के शैक्षणिक सफलता की अभिव्यक्ति है, जो आगामी क्षेत्र में नई ऊँचाईयों को छूने के लिए तैयार हैं।

# जिला साहू समाज ने हरियर महाअभियान का किया शुभारंभ

**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। आज तहसील साहू संघ राजनांदगांव के मोखला परिक्षेत्र आरला, मोखला, बुची भरदा, पारीखुर्द, कुसमी में जिला साहू समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में सभी ग्रामों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आज जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने वृक्षारोपण करते हुए कटहल, नीम, गुलमोहर, आंवला, बेल, जामुन, जाम आदि फलदार वृक्ष लगाये गये। जहां पर सभी सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही। वृक्षारोपण के दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस महा अभियान की शुरूआत आज हुई है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



■ जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने किया वृक्षारोपण

इस अवसर पर तुलदास साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनागांव, कामता प्रसाद साहू, रमाकांत साहू, जगमोहन साहू मोकला परिक्षेत्र, सचिव कुलेश्वर साहू, रामविलास साहू, हेमंत साहू, महावीर साहू, लखन साहू, टेकराम साहू, प्रमोद साहू इसके अलावा ग्राम मोखला में वृक्षारोपण के दौरान तुलदान साहू, कामता प्रसाद साहू, रमाकाल साहू, जगमोहन साहू, कुलेश्वर साहू, रामविलास साहू, महावीर साहू, हेमत साहू, टेकराज साहू, ग्राम मोखला से ज्ञान दास साहू, लखन साहू, परमानंद साहू, ग्राम बुचि भरदा से राहुल साहू, बी आर साहू, जितेन्द्र साह, उत्तम कलिहारी, टीका राम साहू, टीकाराम (रामू), कौशल साहू, गुलाब साहू, माखन साहू, युवराज कलिहारी, कुशल साहू, राम कुमार साहू, ग्राम ग्राम पारीखुर्द से भेषकुमार साहू, डीलेश्वर साहू, सगनलाल, विनोद साहू, पुरेन्द्र कुमार साहू, सौरभ साहू, ग्राम श्याम कुमार, लोकेश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## वायुसेना पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं के लिए मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। वायुसेना (अग्निवीर) पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए वृहत मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 2 अगस्त एवं 3 अगस्त 2023 को किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उप संचालक एसव्ही राजौरिया ने बताया कि यह मार्गदर्शन शिविर दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के हॉल में आयोजित की जाएगी। वायुसेना (अग्निवीर) पदों पर भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण तथा आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष के मध्य हो पात्र है। ऐसे युवा इस शिविर में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हो सकते है। इसके अलावा बेरोजगार भत्ता योजना के तहत अपेक्षित पात्रता रखने वाले युवा शिविर स्थल पर उपस्थित होकर मार्गदर्शन ले सकते है।

# राज्यसभा में विधेयक को समर्थन नहीं देने के बावजूद, कांग्रेस का झूठा श्रेय लेना बेशर्मी की पराकाष्ठाः मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की 12 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किए जाने के विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी मिलने के बाद बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव के द्वारा इसे भाजपा के प्रयासों का नतीजा बताए जाने वाले बयान का पूर्व सांसद राजनंदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पुरजोर समर्थन किया है । साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इसका श्रेय कांग्रेस पार्टी को दिये जाने के बयान पर पटलवार करते हुए भाजपा नेता मधु ने मुख्यमंत्री के इस बयान को नितांत हास्यास्पद एवं इस विषय में मुख्यमंत्री की अज्ञानता बताते हुए इसे लबरा मुख्यमंत्री के नवा लबारी करार दिया है। भाजपा नेता मधु ने कहा है कि कांग्रेस इस मामले में ओछी राजनीति कर झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रही है जबकि इस मामले का पूरा श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को जाता है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पार्टी एवं मुख्यमंत्री बघेल पर आरोप लगाया है कि राज्यसभा में इस विधेयक को समर्थन न देने के बावजूद इसकी मंजूरी के उपरांत, झूठा श्रेय लेना बेशर्मी की पराकाष्ठा है। मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी को अपने इस झूठ के लिए प्रदेश की जनता एवं आदिवासी समाज से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। अपने बयान के समर्थन में मधु ने यह भी कहा है कि स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह बात मीडिया के सामने स्वीकार कर चुके हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने ही साल 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस विषय में पत्र लिखा था और उसके बाद अनुसूचित जनजाति आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार साय जी को भी पत्र लिखा था, जिससे यह बात स्वयमेव सिद्ध हो जाती है कि इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए पहल करने का पूरा श्रेय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को ही जाता है। रही बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी के प्रयासों की, तो 26 जुलाई 2023 का, राज्यसभा की कार्यवाही का वीडियो देखने पर यह ज्ञात हो जायेगा की छत्तीसगढ़ के कोटे से आयातित कांग्रेस के महान छत्तीसगढ़िया राज्यसभा सांसदगण, इस विधेयक के राज्य सभा के पटल में प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा के समय, इस विधेयक का समर्थन करना छोड़कर, अपने राजनैतिक स्वार्थो की पूर्ति के लिये सदन से बहिर्गमन कर गये थे। किन्तु उस समय केन्द्रीय मंत्री माननीय श्रीमती रेणुका सिंह जी ने इस चर्चा में हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ के वंचित आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में सदन में उपस्थित रहकर इस विधेयक का स्वागत एवं समर्थन किया था। भाजपा नेता मधु ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाया है कि राज्यसभा में अपने सांसदों से इस विधेयक का विरोध करवा कर भी जब उनकी दाल नहीं गली, तो बाद में इसे कांग्रेस पार्टी के प्रयासों का नतीजा बात कर पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि का झूठा श्रेय लेने की अशोभनीय हरकत कर रहे हैं। रही बात कांग्रेस सरकार द्वारा इस विषय में केंद्र शासन को किए गए पत्राचार की तो, यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अच्छी तरह जानते हैं की डबल इंजन की सरकार में डॉक्टर रमन सिंह जैसे कद्दावर राष्ट्रीय स्तर के नेता द्वारा लिखे गए पत्र पर केंद्र शासन द्वारा सकारात्मक कार्यवाही होना तय है, इसलिए इस प्रक्रियाधीन मामले में झूठा श्रेय लेने की सुनियोजित साजिश के तहत भूपेश सरकार केंद्र शासन से अनावश्यक पत्राचार का दिखावा करती रही हैं। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने चुटकी लेते हुए कहा है कि इस बात को प्रदेश की जनता एवं आदिवासी समाज भलीभांति समझता है कि केंद्र में बैठी हुई भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के विधेयक को जो मंजूरी दी है, वह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के डबल इंजन की सरकार द्वारा किये गये पत्राचार का नतीजा है या राज्यसभा में इस विधेयक के चर्चा के दौरान सदन से बहिर्गमन करने वाले कांग्रेस पार्टी के पैराशूट राज्यसभा सदस्यों के उपेक्षा, निष्क्रियता एवं लापरवाही का परिणाम है। छत्तीसगढ़ की जनता को अवगत कराते हुवे बीजेपी नेता मधु ने यह भी खुलासा किया है कि इन आयातित राज्यसभा सांसदों में से माननीय के टी एस तुलसी जी एवं माननीय राजीव शुक्ला जी तो इतने व्यस्त रहते हैं कि, वे छत्तीसगढ़ कोटे से राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद यहां की चिंता करना तो दूर, अपना प्रमाण पत्र लेने के लिए भी आज तक छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर कदम रखना जरूरी नहीं समझे हैं।



## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल ने युवाओं में जगाया नया जोश और उत्साहः शिवम् चौधरी



**राजनांदगांव,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रवक्ता सी ए शिवम् चौधरी डोंगरगाँव विधानसभा के ग्राम झिंझारी में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के समापन में सम्मिलित हुए । शिवम् चौधरी ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य ,ग्रामीण जन,शिक्षकगण को सफल आयोजन की बधाई दिया सी ए शिवम् चौधरी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के छत्तीसगढ़ स्वाभिमान एवं परंपरा को सहेजने में किए गए कार्यों को बताते हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में चेतन आनंद चौधरी दुर्ग संभाग समन्वयक पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, हीरा सोनी ब्लॉक अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी, जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ भावेश सिंह, राकेश सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस, राजीव युवा मितान के सभी सदस्य, शाला विकास समिति अध्यक्ष , स्कूली बच्चे महिला एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## उल्टा पुल्टा

पिंटू- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
चिंटू- दाल के भाव बहुत बढ़ने से।
पिंटू- ओए, पागल हो गए हो क्या? ऐसे कैसे हो सकता है!
चिंटू- मैने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा था, उस पर लिखा था-**'डेथ ड्यू टू हाई पल्स रेट'**!!!

## संपादकीय

# लापता महिलाओं के ये आंकड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के ये आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं कि पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ से करीब 49 हजार महिलाएं और 10 हजार से अधिक लड़कियां लापता हो गईं। छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी की शिकायतें काफी पहले से हैं। इसके पीछे गरीबी और बेरोजगारी ही मुख्य वजह मानी जाती रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के भीतर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-आर्थिक स्थिति काफी बदल चुकी है। अब गांवों में लोगों के पास काम के साथ आमदनी का जरिया भी है। एनसीआरबी अपराधों के आंकड़े रखता है और जाहिर है ये आंकड़े पुलिस में दर्ज मामलों से ही निकाले गए होंगे। महिलाओं-लड़कियों के गायब होने के इन आंकड़ों की हकीकत का पता लगाया जाना चाहिए क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में उनके लापता होने का मामला काफी गंभीर है। यह हो सकता है कि उनके लापता होने का मामला दर्ज हुआ हो, लेकिन इन लापता महिलाओं व लड़कियों का बाद में पता चल जाने का भी कोई रिकार्ड पुलिस के पास है। फिलहाल एनसीआरबी की रिपोर्ट के इन आंकड़ों पर पुलिस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ये आंकड़े संसद में पेश किए गए हैं और इससे देशभर में जो तस्वीर बनती है उसमें देखने की कोशिश की जा सकती है कि सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी है। किसी के लापता होने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की गंभीरता को भी समझने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से एक समय बड़ी संख्या में लड़कियां काम की तलाश में राज्य से बाहर ले जाई जाती थीं। कुछ प्लेसमेन्ट समूह के लोग ये काम करते थे। कालान्तर में इस पेशे ने अपराध का शक्ल ले लिया, जिसे मानव तस्करी कहा जाता है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की और अब ऐसी शिकायतें कम ही सुनी जाती है, लेकिन एनसीआरबी के 2019 से 2021 तक के जो आंकड़े हैं, उससे पता चलता है कि महिलाओं-लड़कियों के लापता होने का सिलसिला रूका नहीं है। इन आंकड़ों को सरकार गंभीरता से ले और उसका परीक्षण भी कराए कि आखिर इन आंकड़ों के पीछे की हकीकत क्या है? महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को राज्य की पुलिस पूरी गंभीरता से लेती रही है। उसे खुद भी यह पता लगाने की कोशिश करनी चाहिए कि राज्य के थानों में दर्ज लोगों विशेषकर महिलाओं-लड़कियों के लापता होने के पीछे रहस्य क्या है? यह मामला मानव तस्करी जैसे अपराध से जुड़ा हुआ है या कोई और कारण है। रोजगार की तलाश में भी बड़ी संख्या में लोग राज्य से बाहर जाते रहे हैं। ऐसे लोगों की जानकारी परिजनों को कई बार नहीं मिलती और वे पुलिस की मदद चाहते हैं। कई परिवारों के राज्य से बाहर उद्योग-धंधों में बंधक बना लेने की शिकायतें भी आती रहती हैं। श्रम विभाग ऐसे लोगों पर नजर रखता है जो रोजगार की तलाश में घरबार छोड़कर राज्य से बाहर जाते हैं। एनसीआरबी की आंकड़ों की पड़ताल जरूरी है ताकि लापता होने के मामलों में कमी लाने के लिए कदम उठाए जा सकें।

# खिरसाली में लगाया जाएगा हाईमास्ट लाइट, संसदीय सचिव ने दिया आश्वासन



## खिरसाली के युवाओं ने संसदीय सचिव से मुलाकात कर कराया ध्यानाकर्षित

**महासमुंद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत बंदोरा के आश्रित ग्राम खिरसाली में रंगमंच के पास हाई मास्ट लगाया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम के युवाओं की मांग पर उचित पहल का आश्वासन दिया। मंगलवार को ग्राम खिरसाली के डिलेश पटेल, मोहित ध्रुव, रेवतीरमन बरिहा, दीपक पटेल, योगेश पटेल, निखिल पटेल, टनेश्वर सिन्हा, सुमेंद्र बरिहा, शिवा बरिहा, योगेश बरिहा, राहुल बरिहा, अमित पटेल, अमित बरिहा, उमेंद्र पटेल आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि ग्राम खिरसाली हाथी प्रभावित क्षेत्र है। हमेशा हाथियों को लेकर भय बना रहता है। रात में निकलने में डर लगा रहता है। यहाँ एक हाई मास्ट लाइट की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने क्रेडा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उचित पहल का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर की पहल पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के 70 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जा चुका है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र के 70 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाया गया है। इसके अलावा 5 जगहों पर सोलर पावर प्लांटए 22 स्थानों पर सोलर डयूल पंपए 17 सोलर पंप व एक स्थान पर सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्ट्रीट लाईट की स्थापना हुई है।

# खपराडीह में 5 लाख की लागत से ठेठवार यादव समाज के भवन का भूमिपूजन



- बुजुर्गों से मिले संस्कारों को आगे बढ़ाने पूरी ताकत लगाएंगे–वर्मा
- परंपराओं को संजोय रखने में ठेठवार समाज का महत्त्वपूर्ण योगदान–अदिति

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा भाटापारा छोटे खल्लारी राज सुहेला के ग्राम खपराडीह में 5 लाख रुपए में बनने वाले सामाजिक भवन के लिए भूमि पूजन पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार आदि के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर बलौदाबाजार के पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ने कहा कि भवन गुणवत्तापूर्ण बने इसकी देखने की जिम्मेदारी पंचायत एवं ग्रामवासियों की है। इसके पूर्व ठेठवार समाज के साथ संगम बाजा पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया जहां ठेठवार समाज के लोगों ने तिरंगा साफा बांधकर अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के संरक्षक पुहुप राम यदु ने कहा कि छोटे खलारी राज का विकास समाज के संगठनात्मक क्षमता की देन है आगामी दिनों में मेला स्थल पर भी भवन बनेगा। विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित बलौदाबाजार जिला पंचायत के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने अपना अधिकार सीमित होने के बावजूद सभी स्थानों पर छोटा-छोटा सहयोग के लिए तत्पर होना बताते हुए कहा कि यह तो समाज में शिक्षा के साथ सामाजिक चेतना का तेजी से विकास हो रहा है। हम बुजुर्गों द्वारा प्रदत्त संस्कारों को आगे बढ़ाने में पूरी ताकत लगाएंगे।

जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार ने ठेठवार समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सभी को साथ लेकर चलने की इनकी सोच और भावना हमेशा रहती है। ठेठवार समाज आज के भौतिक युग में अपना स्थान और पहचान बनाने में सफलता हासिल की है। इनकी भूमिका से दीवाली त्योहार में चार चांद लग जाता है। जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के जिला अध्यक्ष डॉ कुशल वर्मा ने युवा शक्ति को समाज की रीढ़ बताते हुए कहा कि युवा मजबूत होने से समाज मजबूत होगा तो समाज के संरक्षक सुरेश यादव ने खपराडीह गांव की एकता को नमन करते हुए कहा कि गांव के विकास को कोई नहीं रोक पाएगा। समारोह को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नर्मदेश्वर महादेव के महिमा का आठ दिवसीय शिवपुराण आज से



**नयापारा राजिम,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। देवों का देव महादेव की महिमा का बखान गोबरा नवापारा के कुम्हार पारा मे धारा प्रवाहित होगी। नवनिर्मित नर्मदेश्वर महादेव पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 12 कुम्हारा पारा के प्रांगण में आज भव्य कलश यात्रा के साथ 8 दिवसीय श्रीशिव महापुराण का शुभारंभ होगा। कथावाचक धमतरी निवासी पंडित सूर्यकांत शास्त्री रहेंगे। यहां आयोजन मोहल्ले वासियों के सहयोग से संपन्न होने जा रहा है। इस बात की जानकारी आयोजन समिति के अल्लू चक्रधारी, द्वारिका चक्रधारी, अनीता ठाकुर, लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी।

# नगर साहू समाज भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत, समाज ने विधायक अमितेश का किया आभार व्यक्त



**राजिम,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर साहू समाज राजिम के भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने किया था उक्त रुपए स्वीकृत होकर आने से नगर साहू समाज मे हर्ष का बातावरण हे राशी आने से भवन निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। सामाजिक जनो ने बताया कि श्री शुक्ल से समाज के लिए जब भी कुछ मांग किये वे हमेशा सहयोग करते आए है।

इस अवसर पर श्रीशुक्ल का नगर साहू समाज राजिम के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, राजिम भक्ति माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राजिम भक्ति माता समिति के संरक्षक महेंद्र साहू, तथा नगर साहू समाज राजिम के पदाधिकारी चोवाराम साहू उपाध्यक्ष, रामजीवन साहू उपाध्यक्ष, गजानंद साहू उपाध्यक्ष, राजू साहू सचिव, भोले साहू, श्याम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मतदान जागरूकता के लिए आज होगा सायकल रैली का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय दाउ कल्याण् सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार में सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सायकल रैली का आयोजन सुबह 11 बजे किया जायेगा। सायकल रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पंण्डित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल के प्रांगण में होगा। समापन के अवसर पर मानव श्रृंख्ला एवं शपथ समारोह का भी आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर चंदन कुमार ने अपील करते हुए जिले के समस्त वर्गो, युवा, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# डीएमएस स्कूल में छात्र संघ का गठन



**महासमुंद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय डीएमएस उमावि महासमुंद में छात्र संघ का गठन किया गया। जिनमें शाला नायक आयुष साहू, शाला नायिका सिमरन ध्रुव, सचिव भारती यादव, रामकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष तनु चंद्राकर, अनुशासन सचिव सोनिया ध्रुव, सांस्कृतिक साहित्यिक सचिव वसुंधरा ध्रुव, स्वच्छता स्वास्थ्य सचिव ममता निषाद क्रीडा सचिव अनुसूईया यादव इको क्लब रुकमणी प्रजापति आदि का चयन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य केके शुक्ला द्वारा नए पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी, जवाबदारी और पद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने बात रखें। आभार प्रदर्शन आर आर साहू ने किए। इस अवसर पर संस्था के सभी व्याख्याता शिक्षक वृंद मानिक लाल साहू, शैलेंद्र सोनी, जे एल साहू, गायत्री पटेल, हर्षिता चंद्राकर, प्रीति यादव, रिचा साहू, सोम प्रकाश साहू, नेहा गुप्ता, दीपेंद्र कुमार, प्रिया देवांगन, आशा लता सिन्हा, जितेंद्र ठाकुर, आरती साहू, नागेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# संकल्प शिविर को लेकर कांग्रेसियों की हुई बैठक




**महासमुंद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर की अध्यक्षता मे व जिला संगठन प्रभारी प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं विधायक विनोद चन्द्राकर, विधायक किस्मतलाल नन्द के आतिथ्य मे आगामी संकल्प शिविर को लेकर 13 ब्लाक अध्यक्षों व समस्त मोर्चा व प्रकोष्ठ अध्यक्षो तथा समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में राजीव भवन महासमुंद मे बैठक हुई। बैठक मे विभिन्न निकायो के निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक मे संकल्प शिविर हेतु पदाधिकारीयो की जिम्मेदारी तय की गयी। बैठक की शुरूआत मे नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सांसद दीपक बैज को नवीन जिम्मेदारी हेतु बधाई प्रेषित कर सभी ने हर्ष व्यक्त किया पश्चात जिलाध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर ने संकल्प शिविर की तैयारी को लेकर जानकारी देते हुए बताया की संकल्प शिविर मे ब्लॉक अध्यक्षो के माध्यम से प्रत्येक बूथ से कम से कम 10 सदस्यो को शामिल होना अनिवार्य है। अगस्त माह मे ही शिविर सम्पन्न होना है जिसमे राष्ट्रीय स्तर के नेताओ सहित राज्य के संगठन के प्रमुख नेताओ तथा मंत्रीयो को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। संकल्प शिविर हेतु स्थल चयन कर बूथ एवं सेक्टर के सक्रिय साथियो के साथ बैठकर संकल्प शिविर को सफल बनाने के लिए सभी तैयारी पूर्ण करने को कहा गया है। विदित हो की संकल्प शिविर प्रदेश के समस्त विधानसभाओ मे सम्पन्न होना है जिसकी निगरानी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज स्वयं कर रहे है। बैठक का संचालन एवं विषयवस्तु की जानकारी जिला प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा ने रखी आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू ने किया। बैठक मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर, जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, विधायक विनोद चन्द्राकर, विधायक किस्मतलाल नन्द, पूर्व विधायक मकसूदन चन्द्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, मोहित ध्रुव, सत्यभामा नाग, राशी महिलांग, कृष्णा चन्द्राकर, यतेंद्र साहू, भूपेश पोपट, दारा साहू, गंगाराम पटेल, विरेन्द्र चंद्राकर, मंजीत सलूजा, अत्तादानी, हीरा बंजारे, गोविंद साहू, सेवनलाल चन्द्राकर, सोमेश दवे, विष्णु महानंद, दुबली ताम्री, लक्ष्मी देवांगन, ममता चन्द्राकर, निर्मल जैन, हर्षित चन्द्राकर, योजना सिंह, अंजीर सिंह, प्रदीप चंद्राकर, अनवर हुसैन, सन्नी महानंद, गिरजाशंकर चन्द्राकर, मोती साहू, लीलू साहू, सुनिल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्कूलों में आई फ्लू से बचाव में तेजी लाने व आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



- कलेक्टर ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा
- पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में होगा स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। इसके साथ ही आई फ्लू बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को स्कूलों में जाकर निरीक्षण एवं दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक एन्टीबायोटिक आई ड्राप के उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने आज बैठक में रीपा, मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, बेरोजगारी भत्ता, पौनी पसारी, जल जीवन मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना, वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में आवेदकों निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला मुख्यालय पं. चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जायेगी। समारोह के लिए अफसरों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है। साथ ही आज लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग से तैयारी सम्बंधित जानकारी ली गयी। कोविड प्रोटोकाल एवं बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह सवेरे 9 बजे पं. चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अमेरा के आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का शुभारंभ



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा के आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण के स्तर में सुधार एवं बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 1 से 13 अगस्त तक वजन त्यौहार का शुभारंभ किया गया है। जिसमें 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों का वजन कर पोषण स्तर पर ज्ञात किया जाएगा। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें हितग्राही उपस्थित हुए। पहले दिन बच्चों की ऊंचाई बाह की परिधि लेकर बडते हुए कुपोषण दर को जानकारी लेकर पालकों को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान जनपद सदस्य सेवती साहु, सरपंच लखेश्वरी साहु, सरपंच प्रतिनिधि गैंदराम साहु, कार्यकर्ता अक्ति घृतलहरे, कार्यकर्ता सोनी कुर्रे, कीर्ती सेन, सहायिका सीता साहु, मेला बाई साहु, ग्रामीण हितग्राही आशुतोष, दुर्गा, संगीता, लता, लक्ष्मी, रामेश्वरी, गीता, केक्ती, हरेलिया, चंपा, अंजना आदि उपस्थित थे।

# प्रियंका बिस्सा व्यास को राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री अवार्ड



**नवापारा-राजिम,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की बेटी डॉ प्रियंका बिस्सा व्यास को ष्युवाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को उत्पन्न करने में सोशल मीडिया की भूमिकारू एक विश्लेषणात्मक मूल्यांकनष् विषेयक शोध कार्य हेतु डॉक्टरेट डिग्री अवार्ड की गयी द्य यह शोध कार्य शोध निर्देशक प्रोफ डॉ. सुभाष चंद्राकर दुर्गा महाविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ.

राष्ट्रपति सम्मानित डॉ. प्रियंका बिस्सा ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवा राजनीतिक सशक्तिकरण के मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों पहलुओं का व्यापक विश्लेषण किया है. यह अभूतपूर्व अध्ययन भारत में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। वर्तमान भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ऐसे में यह शोध बहुत प्रासंगिक हो गया हैं.

करमवीर चक्र प्राप्त डॉ. बिस्सा के अध्ययन से पता चलता है कि सोशल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तोला गाड़ा-गाड़ा जोहार की धुन में नाचकर ईश्वर के प्रति भक्तों ने दिखाई आस्था



## आनंद पवार फैंस द्वारा आयोजित भजन संध्या में देर रात तक झूमे लोग

**धमतरी,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। आनंद पवार फैंस द्वारा नंदी चौक, कलामंच कोष्टपारा में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कवर्धा से आई भजनामृत मानस परिवार ने अपने भजनों से समा बांध दिया, उनके भजनों ने बुजुर्ग बच्चे और जवान सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रविवार की संध्या नंदी चौक कोष्टा पारा में यह आयोजन रखा गया, जिसमें पार्षद राजेश पांडेय, कमलेश सोनकर, दीपक सोनकर, बृजेश जगताप, अजित साहू, गिरवर साहू, रोशन पटेल, कमलेश यादव, कैलाश साहू, सोनकुवर देवांगन, ज्योति यादव, सरस्वती यादव, राजकुमारी यादव, सविता देवांगन, खुशबू देवांगन, मीरा देवांगन, प्रभा देवांगन सहित सब ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर भगवान भोलेनाथ की आरती की इसके बाद छतीसगढ़ के राजगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भजनामृत मानस परिवार के गायक आशीष राजपूत द्वारा ? नमः शिवाय एवं शिवनाथ तेरी महिमा गाकर सबका मन मोह लिया, गायिका सृष्टि अग्रवाल ने भी ढोल बाजे रे नगाड़ा बाजे ना सहित अन्य भजनों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। गायक फिरतु निर्मलकर अपने अनुभव और मधुर आवाज़ से भगवान राम और शिव की भक्ति की गहराई में उतार दिया, वहीं तबलावादक पप्पू टांडिया ने अपने तबलावादन से तो सबका दिल जीता ही साथ में अपने अंदाज से लोगों को गुदगुदाते के बाद एक शानदार छत्तीसगढ़ी भजन भी प्रस्तुत किया। गायक प्रदीप कौशिक ने जब अपने सुर छेड़े तो उसने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया और उनके भजन प्रभु तोला गाड़ा गाड़ा जोहार पर क्या बच्चे क्या बुजुर्ग और क्या जवान सबने मिलकर नृत्य के माध्यम से ईश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम का प्रदर्शन किया। कोरस कृष्ण कुमार, ढोल विजय मानिकपुरी, पेड उमेश और बेंजो में लोमस ने संगत दी और दीपक झारिया के शानदार मंच संचालन में इन ने इस कार्यक्रम को पिरोया।

आनंद पवार फैंस के देवेन्द्र देवांगन ने बताया कि कोष्टा पारा का यह मंच कई धार्मिक कार्यों का साक्षी रहा है और इस भजन संध्या ने फिर एक बार हमारे वार्ड के धर्म प्रेम को उजागर कर दिया है। आनंद पवार फैंस के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**प्लेसमेंट के माध्यम से 12 युवाओं को मिला रोजगार**

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए नियोजक एस.आई.एस. इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पदों के लिये प्लेसमेंट आयोजित किया गया।



# छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भाटापारा ईकाई की बैठक संपन्न

**भाटापारा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भाटापारा इकाई की आम बैठक शनिवार 27 जुलाई को श्रीमती जनक नंदनी धर्मशाला परिसर में आयोजित की गई । बैठक की विषयवस्तु के अनुसार श्रीमती जनक नंदनी बाई धर्मशाला ट्रस्ट के पदाधिकारियों को धर्मशाला से संबंधित प्रभार का हस्तांतरण किया गया । ट्रस्ट के सचिव श्री रविकांत ने धर्मशाला उन्नयन के लिए अपनी कार्ययोजना से अवगत कराते हुए कहा कि अति शीघ्र ट्रस्ट का एक कार्यालय धर्मशाला परिसर में खोलकर ट्रस्टी के सदस्य प्रतिदिन यहां अपनी उपस्थिति देवेगे। जिसमे भवन का रखरखाव का निरीक्षण करते हुए समय-समय पर बैठक आयोजित करके कार्य योजना बनाना ,उसे संचालित करने का उद्देश्य निहित रहेगा । आगामी 15अगस्त स्वाधीनता दिवस परंपर्रानुसार मनाया जाना सुनिश्चित किया गया । स्वर्गीय श्रीमती जनक नंदिनी अग्रवाल के पावन स्मृति में निर्मित धर्मशाला जनक नंदिनी धर्मशाला जो माता देवाला वार्ड भाटापारा में स्थित है ,जो कि श्री अनूप अग्रवाल श्री स्वरूप अग्रवाल एवं श्री भरत अग्रवाल के आधिपत्य में रहा है उसे उनके द्वारा छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भाटापारा को प्रदान किया गया है, धर्मशाला के रखरखाव एवम व्यवस्थापन हेतु ट्रस्ट गठन की आवश्यकता महसूस किया गया तदनुसार समाज के द्वारा पहल करते हुए ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई अन्ततः ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया पूरी करते हुए 12 जुलाई 2023 को ट्रस्ट विलेख का पंजीयन कार्य निर्विवाद संपन्न हुआ। ट्रस्ट पंजीयन के पश्चात दिनांक 15 जुलाई को निखिल अग्रवाल के निवास स्थान पर ट्रस्ट समिति का प्रस्तावित बैठक संपन्न हुआ । बैठक के चर्चा के विषय वस्तु के अनुसार पदाधिकारियों का चयन किया जाना था तदनुसार न्यास करता ट्रस्टी श्री अनूप अग्रवाल , ट्रस्टी श्री स्वरूप अग्रवाल एवं ट्रस्टी श्री भरत अग्रवाल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर रहेंगे तथा सर्वसम्मति से ट्रस्ट के अध्यक्ष ट्रस्टी श्री आनंद अग्रवाल मनोनीत किए गए सचिव ट्रस्टी श्री रविकांत अग्रवाल ग्रामीण बैंक वाले मनोनीत किए गए एवं कोषाध्यक्ष ट्रस्टी श्री राकेश अग्रवाल पूजा पंप वाले को मनोनीत किया गया चयनित पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया गया । धर्मशाला के जो कार्य अभी प्रगति पर है उसे पूरा होने के बाद नई कार्य योजना अध्यक्ष ट्रस्टी श्री आनंद अग्रवाल एवम ट्रस्टीज के सदस्यो के निर्देशानुसार किया जाना तय किया गया ।समाज भी उनके साथ पूरी सद्भावना एवम एकमत, एकजुट होकर कार्य में सहयोग प्रदान करेगी । आज के बैठक में सतीश अग्रवाल संरक्षक, डा शारदानंद अग्रवाल संरक्षक, जगदीश अग्रवाल अध्यक्ष, आनंद अग्रवाल अध्यक्ष , श्रीमती विंध्या अग्रवाल अध्यक्षा महिला मंडल, श्री रविकांत अग्रवाल उपाध्यक्ष, चेतन अग्रवाल सहसचिव, पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्री राकेश अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, रिपुसुदन अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल श्रीमती भारती अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति रही । भाटापारा सुरखी निवासी ईकाई के सम्मानित सदस्य दिवंगत मेघानन्द जी अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से श्री रविकांत अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए आज सभा की कार्यवाही को विराम दिया गया ।



# वृक्ष अनोखा, मिलिया-दुबिया

## चार राज्यों में सफलता के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी

**भाटापारा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। बेहद अनोखा इसलिए है क्योंकि एग्रोफारेस्ट्री प्रजाति का यह वृक्ष 3 से 8 साल की उम्र में 30 से 35 फीट की ऊंचाई हासिल कर लेता है। देश के 4 राज्यों में सफल पौध रोपण के बाद इसके पौधे अब छत्तीसगढ़ में भी मिलने लगे हैं। पौधरोपण का सिलसिला जारी है। तटीय क्षेत्रों के साथ खुली जगहों पर भी पौधरोपण किया जा रहा है। पहली बार वन विभाग की रोपणियों और निजी क्षेत्र की नर्सरियों में मिलिया-दुबिया नाम के पौधे की मांग जिस गति से बढ़ रही है उससे उपलब्धता सुनिश्चित करवाने वाले यह दोनों क्षेत्र हैरत में हैं। 3 साल में 30 फीट मिलिया-दुबिया एकमात्र ऐसी प्रजाति है, जिसमें सबसे तेज बढ़वार पाई गई है। 30 से 35 डिग्री सेल्सियस जैसे मानक तापमान पर यह प्रजाति 3 से 8 साल की छोटी सी उम्र में 30 से 35 फीट की ऊंचाई हासिल कर लेती है। इसलिए मिलिया-दुबिया को दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला वृक्ष माना गया है। पत्तियों से कीटनाशक नीम की पत्तियों से मिलती-जुलती हैं मिलिया-दुबिया की पत्तियां। महत्व इसी से जाना जा सकता है कि मानव और मवेशियों में संक्रमण को पत्तियों से रोका जा सकता है। पशु आहार के काम आने वाली पत्तियां फसलों में कीट प्रकोप को भी खत्म करतीं हैं। यही वजह है कि मेड़ों में रोपण की सलाह दी जा रही है। लकड़ियों से यह सामग्री मिलिया-दुबिया के परिपचता अवधि पूर्ण कर लेने के बाद इसकी लकड़ियों से पैकिंग बॉक्स, सिगार बॉक्स, कृषि उपकरण, पेंसिल, माचिस बॉक्स, टी बॉक्स, वाद्ययंत्र और नाव के आउट रिगर बनाए जाते हैं। कृषि उपकरण भी इस प्रजाति की लकड़ियों से बनाए जा रहे हैं। यहां सफल तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में सफल रोपण के बाद अपेक्षित परिणाम मिलने लगे हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ की निजी नर्सरियों और वन विभाग की रोपणियों में मिलिया-दुबिया के पौधे तैयार किए जा रहे हैं क्योंकि मांग क्षेत्र लगातार बढ़त ले रहा है। गुणों की खान औषधीय गुणों से भरपूर मिलिया दुबिया 15-18 वर्षों में 10-12 मीटर साफ तने और 120-150 सेंटीमीटर परिधि के साथ 20-25 मीटर ऊंचाई तक बढ़ता हैद्य इसकी छाल चिकनी, युवा होने पर हरी और परिपच होने पर गहरे भूरे रंग की हो जाती है।



- **अजीत विलियम्स,** साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज आफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

# स्त्री और मिस्त्री दोनों सही होना चाहिए : पं. प्रदीप मिश्रा

**तिल्दा-नेवरा,** 1 अगस्त। स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया स्कूल के बाजू दशहरा मैदान में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसमें अन्तर राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा अपने मुखारविंद से तीन घंटे की कथा का वाचन करते है। पहले दिन की कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा अपने चुटीले अन्दाज में स्त्री ओर मिस्त्री का उदाहरण देते बताया कि मिस्त्री ठीक होगा तो मकान अच्छा बनेगा और स्त्री ठीक होगी तो मकान अर्थात घर ठीक रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने आजकल आधुनिक तरीके से हो रहें विवाह जिसमें प्री वेडिंग शुट करनें को अभद्रता क़रार देते हुए कहा कि सभी सनातन धर्म के मानने वाले अपने बहु बेटियों का बहुत कम कपड़े में हो रहे इस तरह के शुटिंग का दिखावा को अभद्रता बताते हुए इस तरह के प्रदर्शन को बंद करने की सलाह दी है । वहीं रावण के पराक्रम को अद्भुत बताते हुए कथा की शुरुआत की गई ।पहले दिन की कथा में पूरा पंडाल भर गया था इसके बावजूद लोग बाग सड़क के किनारे खड़े होकर कथा का आनंद लेते रहे। पंडित श्री मिश्रा जी ने आज की कथा छत्तीसगढ़ में होना सौभाग्य की बात है। इसके लिए आयोजन करता घनश्याम अग्रवाल की भूरी भूरी प्रशंसा की। आज की कथा में पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा , विधायक प्रमोद शर्मा , तिल्दा-नेवरा- नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती लेमिक्षा गुरु डहरिया , छ.ग.सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी , औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब , जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा , बाल संरक्षण आयोग के सदस्य आशा यादव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकी सुखवानी,एल्डरमैन संदीप दुबे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।



# सावन सोमवारी पर सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम

**कुरूद,** 1 अगस्त (देशबंधु)। कुरूद नगर में शिवभक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग मे सामूहिक रूद्राभिषेक का कार्यक्रम त्र्यंबकेश्वर से पधारे पं.राहुल केंगे जी एवं पंडितों के टोलियों द्वारा किया जा रहा है, सावन के चतुर्थ सोमवार को पुरानी मंडी परिसर कुरूद में 1100 शिवभक्तो द्वारा रूद्राभिषेक कर अपने परिवार कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विशेष पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये। प्रत्येक सोमवार को होने वाले इस महायज्ञ में कई वर्षों पश्चात दो माह के सावन का यह पुजा शिव भक्तों के लिए विशेष फलदायक माना जा रहा है।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक अजय चन्द्राकर ने सभी शिव भक्तों को इस पुनीत आयोजन के लिए बधाई दिये, पुजा में सम्मिलित संस्था के संरक्षक अजय चन्द्राकर, प्रतिभा चन्द्राकर, आयोजन समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, पूर्व न.प. अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, भीमदेव साहु, मुख्य जजमान मोहन अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में सुरेश अग्रवाल, लोकेश्वर सिन्हा, नंद आमदे, भारत साहु, भारत भूषण पंचायन, सुनिल चन्द्राकर, कुलेश्वर चन्द्राकर, कृष्णकांत साहु, आदर्श चन्द्राकर, प्रभात बैस, मालकराम साहु, पूर्णिमा साहु, रामस्वरूप साहु, गौकरण साहु, तामेश्वरी साहु, बीरेन्द्र साहु, डगेश्वर सोनकर, आनंद यदु , त्रिलोकचंद जैन, जितेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश साहु, भोजराज चन्द्राकर, धरम दाऊ चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, दीनबंधु चन्द्राकर, यशवंत साहु, चुनमुन रवि चन्द्राकर, प्रशांत चन्द्राकर, टकेशवर दाऊ, नेहा चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, अंजली नायडू, मूर्ति देवी अग्रवाल, खेमराज सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, राधेश्याम साहु, संगीता सेन, भूमिका सिन्हा, भारती बैस, विधा शर्मा, चित्रलेखा टंडन, रश्मि साहु, गितेश्वरी साहु, नोमेश साहु, जीवन साहु, हरीश साहु, कमलेश चन्द्राकर, केशव चन्द्राकर, शंकर साहु, द्वारका साहु, भुखन सेन, राधेश्याम साहु, कृष्णा साहु, सहित बोल बम सेवा समिति सेवक सदस्यों ने पुरी तैयारी के साथ शिव भक्तों के लिए पुजा अर्चना के लिए व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं।



## व्यापारी लोन मेला आयोजित करने की मांग चेंबर अध्यक्ष रोहरा ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। चेंबर ऑफ कॉमर्स गरियाबंद ईकाई के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रोहरा ने सोमवार को जिले के अग्रणी बैंक शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत व्यापारी लोन मेला आयोजित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि चेंबर अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में छोटे, लघु और बड़े उद्यमी है। छोटे बड़े सभी प्रकार के व्यापारी व्यवसायी है जो मुद्रा योजना का लाभ लेकर अपने व्यापार व्यवसाय को बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा की जिले लोन मेला का आयोजन किए तीन चार साल हो गए। अधिकांश व्यापारियों को योजना की सही जानकारी नहीं। जिसके देखत हुए शासन की महत्वपूर्ण मुद्रा योजना के बारे में जानकारी देने और योजना से लाभान्वित करने व्यापारी लोन मेला आयोजित की मांग की गई। इधर, अग्रणी बैंक प्रबंधक ने लोन मेला आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतीक सिंह और दिनेश मयाणी उपस्थित थे।



## बैठक आज

**महासमुंद,**01 अगस्त (देशबंधु)। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में 02 अगस्त को विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 02 अगस्त को किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की अध्यक्षता में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम के संबंध में 02 अगस्त बुधवार को 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की उपस्थिति में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है।

## निधन

### पं. रामशिरोमणि मिश्र

**जगदलपुर,** 1 अगस्त। मोतीतालाब पारा, काली मंदिर के पास निवासी 77 वर्षीय पंडित रामशिरोमणि मिश्र का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनका निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं अरविंद मिश्रा व राजीव मिश्रा के पिता थे।



### निर्मला चंद्राकर

**भिलाईनगर,** 1 अगस्त। सेक्टर-1, सड़क नं. 29 निवासी श्रीमती निर्मला चंद्राकर उम्र 69 वर्ष का निधन हो गया। वे अधिवक्ता कौशल प्रसाद चंद्राकर की पत्नी तथा अधिवक्ता सूरज प्रकाश चंद्राकर की माता थी। उनका दाह संस्कार रामनगर मुक्ति धाम भिलाई में किया गया।



### आशा जंक्यानी

**दुर्ग,** 1 अगस्त। रायपुर नाका सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी आशा जंक्यानी का आज निधन हो गया। वे स्व. भीमसेन जंक्यानी की पत्नी एवं गायत्री व ज्योति की माता जी थीं। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया।



### उधमदास ज्ञानचंदानी

**रायपुर,** 1 अगस्त। दुर्गा माता मंदिर के पास स्टेट बैंक के आगे तिल्दा कैंप निवासी उधम दास ज्ञानचंदानी का 1 अगस्त को दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे अशोक कुमार भोजी, गोला ज्ञानचंदानी के पिता व पहलाज राय, वीरूमल, मोतीराम ज्ञानचंदानी के भाई तथा निखिल, नवीन ज्ञानचंदानी के दादा थे।



# दुर्गा मंदिर में होंगे 21 से भव्य रामायण मानस गान समारोह

**बागबाहरा,** 1 अगस्त (देशबंधु)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के वन विभाग के पास स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आगामी 21 से 23 अगस्त तक तीन दिवसीय भव्य रामायण मानस गान समारोह कार्यक्रम का आयोजन अद्वैत प्रभा मंडल , तुलसी मानस संग एवं समस्त नगरवासियों के आर्थिक सहयोग से यह धार्मिक कार्यक्रम होने जा रहा है। जिसकी तैयारी अभी से समिति के कार्यकर्ता जोर-शोर से जुट गए है। यहाँ होने वाले रामायण मानस गान समारोह कार्यक्रम में दूर-दूर से मंडली भाग लेने यहाँ आते हैं। जिसका स्वागत , वंदन एवं अभिनन्दन समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है। इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आयोजक छत्तीसगढ़ के मशहूर लोक गायक गौतम जैन एवं किरण कुमार क्षत्रे ने बताया कि श्री तुलसीदास जयंती के अवसर पर हर साल यहाँ के दुर्गा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय रामायण मानस गान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी परिपेक्ष्य में इस वर्ष भी नगरवासियों के अद्भुत एवं अमूल्य सहयोग से 21 से 23 अगस्त तक रामायण मानस पाठ का भव्य आयोजन समिति द्वारा किया गया है। जहाँ सबसे पहले दिन 21 अगस्त को संध्या 6 बजे मंगलाचरण आरती के बाद संध्या 7 बजे अद्वैत प्रभा मंडल बागबाहरा द्वारा भजन कीर्तन एवं रात्रि 8 बजे आर्ट ऑफ लिविंग बागबाहरा के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया है। इसके बाद दूसरे दिन 22 अगस्त को सुबह 9 बजे से अद्वैत प्रभा मंडल बागबाहरा द्वारा मंगलाचरण , 10 बजे से श्री सिद्धि विनायक मानस परिवार नवाडीह , 12 बजे से शिवा सुरदास मानस परिवार बरभांठा (झलप) , दोपहर 2 बजे से प्रज्ञा मानस परिवार सराईपाली , शाम 4 बजे से प्रभु आराधना मानस परिवार छिंदौली (झलप) , 6 बजे से द्रौपति बालिका मानस परिवार अछोला (तुमगांव) एवं रात्रि 8 बजे से विनायक मानस परिवार विनायकपुर (दुर्ग) के कार्यक्रम होंगे। इसी तरह तीसरे दिन 23 अगस्त को सुबह 9 बजे से आंजनेय मानस परिवार बागबाहरा, 11 बजे से हे शारदे बालिका मानस परिवार रणजीतपुर जिला कवर्धा , दोपहर 1 बजे से मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा (धमतरी) , 3 बजे से जय मां परमेश्वरी बालिका मानस परिवार कोटेरा जिला बालोद , शाम 5 बजे से बस्तरिहा मानस परिवार कोंडागांव (बस्तर), रात्रि सात बजे से एकता बालिका मानस परिवार कांकेतरा (राजनांदगांव) ? एवं रात्रि 9 बजे से जय बजरंग मानस परिवार हरडुआ (धमधा) जिला दुर्ग के धार्मिक रामायण मानस गान कार्यक्रम सुचारु रूप से होंगे। इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील क्षेत्रवासियों से मुख्य आयोजक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध लोक गायक कलाकार गौतम जैन एवं किरण कुमार क्षत्रे ने की है।



# छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक बकली ज़ोन में प्रथम आए सभी खिलाड़ियों, स्वच्छता दीदियों, मितानिनों का होगा सम्मान



**राजिम,** 1 अगस्त। कांग्रेस पार्टी के ज़ोन अध्यक्ष मुन्ना कुर्रे ने बताया की छत्तीसगढ़ ओलंपिक सत्र 2023 में रावड , परसदा, हठखोज , पोखरा, रक्शा , बसीन , बरभात , अरण , सभी पंचायत को ज़ोन बना कर त्रिदिवर्सीय खेल बकली मे आयोजित हुआ जिसमें विभिन खेल खो खो , कबड्डी , रस्सा कस्सी , फुड़गिं , विल्लस, गेडि दौड़ , पिट्ठूल, गिल्ली डंडा , दौड़ , क कार्यक्रम सफलता पूर्वक हुए। बुधवार 2 अगस्त को खिलाडियो के सम्मान के साथ न्यू स्वक्षता दीदियों , मितानिनो और ज़ोन में सहयोग करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि मधुबाला रात्रे सभापति महिला बाल विकाश, अध्यक्षता रूपेश साहू ब्लाक कांग्रेस कमेटी , विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, शशि कला रात्रे जनपद सदस्य, करेलिया कुर्रे सरपंच, मनिराम मिरी उपसरपंच, चंद्रप्रकाश सेन ग्राम प्रमुख , सतनामी समाज , विकाश समित समस्त पंच गण ग्राम बकली होंगे. साथ में बहुत ही मशहूर फागू तारक का सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे चालु होगा।

## गोबरा नवापारा के विद्यार्थी हैलो जिंदगी कार्यक्रम में हुए शामिल

**नवापारा राजिम,** 1 अगस्त। स्थानीय पुलिस थाना गोबरा नवापारा के थाना प्रभारी आशीष राजपूत के नेतृत्व में कुलेश्वर महादेव कालेज एवं हरिहर आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने रायपुर में आयोजित हैलो जिंदगी के तहत आयोजित मैराथन एवं जुंबा कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। थाना प्रभारी राजपूत ने बताया कि युवाओं में बढ़ते नशे को देखते हुए रायपुर पुलिस ने हैलो जिंदगी कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति हेतु जनजागरूकता का अभियान चलाया है. जिसके तहत रविवार को रायपुर को मरीन ड्राइव में विशाल मैराथन दौड़ एवं जुंबा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. जिसमें नगर के कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय के 18 एवं स्थानीय हरिहर आत्मानंद विद्यालय से 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया. श्रीराजपूत ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे. इस अवसर पर श्रीराजपूत के साथ विजय गिलहरे, प्रहलाद बंजारे, टिकेश्वर गिलहरे सहित अनेक लोग मौजूद थे.



## प्रादेशिकी का शेष...

### खपराडीह में 5 लाख की लागत ...

भुनेश्वर वर्मा, शिक्षाविद संदीप पांडे, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य सरोजनी, श्यामलाल बघमार ने भी संबोधित किया। संचालन प्रखर वक्ता माखन यदु और आभार प्रदर्शन डॉ लेखराम यदु ने किया। कार्यक्रम में छोटे खल्लारी राज के अध्यक्ष टोपराम यदु, राजू यदु, सुरेश यदु, अमर सिंह, पेखन यदु, शकुंतला बघमार, धनंजय बघमार, गजेन्द्र वर्मा, भोजराम वर्मा, तिलक वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, उमेश वर्मा, संतु अनिल यदु, रमेश वर्मा, लखन यदु, सनत बघमार, हरिराम बंजारे, हेमंत बघमार, परदेसी, धर्मराज यदु रामकिशन भरत यदु, सुमित्रा, धात्री बघमार, कार्तिक राम यदु व अन्य मौजूद थे।

### नगर साहू समाज भवन निर्माण...

साहू, टीकम साहू , राम नारायण साहू, कुलेश्वर साहू, किशन साहू, रूपलाल साहू, झाडूराम साहू, वेदराम साहू, ईश्वरी साहू , देव लाल साहू, रामकुमार साहू, लीला राम साहू, रामकुमार साहू, संतोष साहू, कुंदन साहू, तरुण साहू , रामबाई साहू, उमा साहू, सीमा साहू, ब्रिज कुमारी साहू, निर्मला साहू, शांति साहू,की ओर से आभार किया गया.

### मतदान जागरूकता के लिए...

महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, द्विव्यांगजन, तृतीय लिंग, समाज सेवी संस्थाएं एवं कर्मचारियों को सायकल रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### संकल्प शिविर को लेकर...

चंद्राकर, निखिलकांत साहू, ऐरिश अनवर, डमरू मांझी, संतोष साहू, डा तरूण साहु, गौरव चंद्राकर, तुलसी साहू, सविता गोस्वामी, भूमिका, जयश्री दास, सरोजनी पाणिग्रहण, परमानन्द सोनवानी, मीना कोसले, हुल्लास गिरि गोस्वामी, राजू साहू, किशन देवांगन, केशव चौधरी, राधेलाल सिन्हा, खोम सिन्हा, विनोद युगर, शकुन्तला साहू, मिन्दर चांवला, गंगाप्रसाद तारक, सेतकुमार कानूनगो, आशीष साहू लखन चंद्राकर, रमन ठाकुर, डागा साहू, तीर्थ ठाकुर, कालीचरण पटेल, लालराज मांझी, विरेंद्र प्रधान, नवनीत नाग, मयाराम टंडन, बंशी ताण्डी, हरिशंकर यादव, नारायण नामदेव, जीवन यादव, आरिफअली, पूनम मानिकपूरी, गिरधारी साहू, मोहन यादव, राजा गंभीर, द्रोण चन्द्राकर, सुरेश पटेल, डा परमानन्द भोई, कृपा सिंधु, महिपाल सिंह, बिरेंद्र प्रधान, आनंद वर्मा, रामप्रसाद नंदा, विद्याचरण सिदार आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

### स्कूलों में आई फ्लू से बचाव...

कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा। समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माईक, पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड, चिकित्सा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर बी सी एक्का, डीएफओ मयंक अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित समस्त विभागों के जिला प्रमुख, सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

### प्रियंका बिस्सा व्यास को ...

मीडिया युवाओं को राजनीति में अपनी भागीदारी में सक्षम बनाता है। यह शोध अध्ययन सोशल मीडिया के प्रभाव के अनदेखे नकारात्मक पहलुओं को भी उजागर करता है। इस अध्ययन के परिणाम नीति निर्माताओं, राजनीतिज्ञों, युवाओं एवं हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा.

### तोला गाड़ा-गाड़ा जोहार...

गौतम वाधवानी के कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि धर्म नगरी धमतरी को हम सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से आगे लेकर जाएं, यह कार्यक्रम भी हमारे उसी प्रयास का एक हिस्सा है। भजनों की धुन में लोग देर रात तक झूमे और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा के बाद भी दर्शकों के आग्रह पर दो भजन और प्रस्तुत किए गए ।इस कार्यक्रम में संतोष कुमार ने अपनी साउंड व्यवस्था से कलाकरों सहित दर्शकों का भी दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में ऋतुराज पवार,विक्रांत पवार, अभिषेक गोयल, देवशरण कामड़े, संकेत गुप्ता, विक्की कृदत, ज्ञानेश्वर चौहान, तुषार जैस, राजा पटेल, साकेत यादव, पिंटू निर्मलकर, उत्तम सार्वा, तरूण साहू, कृष्णा सेन, आकाश देवांगन, गौरव पटेल, तिलक देवांगन, राहुल देवांगन, भुवन पटेल, सूरज छांटा, मुरली साहू, नारद पटेल, मोनू यादव, दीपक देवांगन, योगेंद्र देवांगन, सन्नी साहू, रेखा निर्मलकर, ज्योति यादव, राजकुमारी यादव, रूपा देवांगन, गायत्री देवांगन, भारती यादव, ऋतु यादव, रुचि देवांगन, मीतू यादव, वीणा देवांगन, शिवानी छांटा, नेहा पटेल सहित समस्त वार्डवासियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कांग्रेस सरकार पहले शाखा नहर में पानी छोड़े : शिवरतन



**भाटापारा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में बारिश की कमी के कारण खेती में हो रही पानी की कमी को देखते हुये किसानों के हित मे भाटापारा शाखा नहर में पानी छोड़ने की मांग शिवरतन शर्मा ने की है। सरकार से किसानो की परेशानी को देखते हुये अविलंब शाखा नहर मे जलप्रवाहित करने मांग की है। इस संदर्भ मे उन्होने प्रमुख अभियंता व मुख्य अभियंता सिंचाई से चर्चा कर मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्षा की स्थिति को देखते हुये वर्तमान मे किसान परेशान व चिंतित है और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता सिर्फ बयानबाजी मे मस्त है उन्हे किसानो की कोई चिंता नहीं है इसलिये आज किसान अल्प वर्षा से पूरे वर्ष भर की कमाई को गंवाने के राह पर खडे है लेकिन इस पर कोई निर्णय के बजाय थोथी बयानबाजी जारी है। वर्तमान मे पानी की कमी से ज्यादातर खेत सूखने के कगार पर है शाखा नहर मे अगर पानी छोड़ा जाता है तो हजारो एकड़ खेत का भविष्य संवारा जा सकता है इससे किसानो को फसल बचाने मे परेशान नहीं होना पडेगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार को किसानो के हित मे निर्णय लिये जाने की आवश्यकता है आज ज्यादातर किसान पानी को लेकर काफी परेशान है जबकि भाटापारा शाखा नहर की उपलब्धता क्षेत्र मे है और सभी बांधो मे वर्तमान मे सिंचाई लायक पानी देने की व्यवस्था बन चुकी है। सभी बांध आज तक 50 से 65 प्रतिशत तक भर चुके है जिससे शाखा नहर मे किसानो की जिंदगी बचाने व वर्ष भर की मेहनत बचाने शाखा नहर पर पानी छोड़ने की अविलंब कार्यवाही कांग्रेस सरकार द्वारा किया जाना चाहिये जिसकी मांग की जाती है।

# विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन की बैठक रमई पाठ में संपन्न



**बैठक में नई जिला समिति के गठन के साथ ही आने वाले छह महीनों के वृहत कामकाज और कार्यक्रमों को लेकर बनाई गई रणनीति**

**गरियाबंद/फिंगेश्वर,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन की कार्यवाहक बैठक मंगलवार को ग्राम सोरिद के रमईपाठ मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक में विहिप और बजरंग दल की नई जिला व प्रखंड समिति का गठन उपरांत आगामी आने वाले कार्यक्रमों को लेकर कार्ययोजना और रणनीती बनाई गई। विस्तृत चर्चा कर परिषद और बजरंग दल दोनो के भावी कार्यक्रम तय किया गए। जिसमे विश्व हिंदू परिषद की स्थापना को 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठिपूर्ति वर्ष के रूप में मनाने एवं सभी प्रखंडों व खंडों में समिति पूर्ण करने, जिले के सभी ग्रामो में संपर्क स्थापित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया।

इसके अलावा राम मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर बजरंग दल द्वारा सभी प्रखंडों में भव्य रूप से शौर्य यात्रा निकालने, बूढ़ा अमरनाथ यात्रा में जाने वाले कार्यकर्ताओं से चर्चा करने, विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से मतदाता जागरूकता का अभियान चलाने तथा सभी प्रखंडों में रक्षाबंधन पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समितियों में सत्संग के आयोजन हेतु योजना बनाई गई। दीपावली पश्चात संत यात्रा निकालने तथा सभी मठ मंदिरो में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मणिपुर हिंसा के विषय में चिंतन करते हुए हिन्दू आदिवासियों के ऊपर हुए हिंसा को लेकर विरोध प्रकट किया गया। सभी समाज प्रमुखों से चर्चा कर हिन्दू समाज मे समरसता लाने हेतु रणनीति बनाई गई। संगठन के दायित्व में सभी समाज प्रमुखों को स्थान देने का निर्णय लिया गया। 2024 में 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी ग्रामो तक समिति का निर्माण हो इसका भी लक्ष्य निर्धारित किया गया।

इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा के उपस्थिति में जिले की समिति का भी गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष का दायित्व शिशुपाल सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मोहित द्विवेदी व श्रीमती प्रीति पांडे, जिला मंत्री डिगेश्वर, सह मंत्री गौरीशंकर कश्यप व सुरेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष विजय चंद्राकर, सह कोषाध्यक्ष लोकेश, मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती सुनीता साहू, सह संयोजिका श्रीमती सीमा शर्मा, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका कुमारी पल्लवी सोनी व सह संयोजिका कुमारी निराली यादव, सेवा प्रमुख मोंटू दुबे, सह सेवा प्रमुख अभिषेक, मंदिर अर्चक पुरोहित ऋषि तिवारी, सत्संग प्रमुख नागेश्वर मोरे, विशेष संपर्क प्रमुख ललित साहू को बनाया गया।

इसी प्रकार बजरंग दल जिला संयोजक कुलेश्वर सिन्हा, सहसंयोजक मोहित साहू व विकास शर्मा, बलोपासना (अखाड़ा) प्रमुख पं. अमन शर्मा, गौररक्षा प्रमुख डिगेश्वर यदु एवं कैलाश कंडरा को सह सुरक्षा प्रमुख का दायित्व दिया गया। इसके अलावा फिंगेश्वर, छुरा और देवभोग प्रखंड तथा फिंगेश्वर और राजिम की नई नगर कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष शिशुपाल ने बताया की नई समिति के गठन के बाद पूर्व की समिति के सदस्य संगठन के पद से मुक्त हो गए। इस अवसर पर विहिप और बजरंग दल के जिलेभर के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3 और बिलाईगढ़ में 12 नए मतदान केन्द्र अस्तित्व में आए

**जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हुई**

**बिलाईगढ़,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 03 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 09 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन, 03 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 01 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 03 नवीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें केन्द्र क्रमांक 98 प्राथमिक शाला भवन मुड़ियाडीह, क्र. 118 प्राथमिक शाला भवन नाचनपाली और क्रमांक 196 प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष ठेंगाकोट को नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 नए मतदान केन्द्र स्थापित हैं। इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 59 प्राथमिक शाला माहुलडीह, क्रमांक 85 प्राथमिक शाला भवन डोंगियाभाठा, क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव, क्र. 182 प्राथमिक शाला गंगोरीटाड़ा, क्र. 192 शासकीय प्राथमिक शाला गोंदली, क्र. 242 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुरकीनडीह, क्र. 256 शासकीय प्राथमिक शाला दलदली, क्र. 282 शासकीय माध्यमिक शाला तालाझर, क्र. 284 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छतालडबरा, क्र. 288 शासकीय प्राथमिक शाला भवन ढेबा, क्र. 337 प्राथमिक शाला दयालपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 354 शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रनगर सम्मिलित हैं।

## प्लेसमेंट के माध्यम से 12 युवाओं को मिला रोजगार

**बलौदाबाजार,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए नियोजक एस.आई.एस. इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पदों के लिये प्लेसमेंट आयोजित किया गया। जिसमें कुल 18 युवाओं ने पंजीयन कराया। उक्त पंजीकृत 18 युवाओं में से 8 सुरक्षा जवान, 3 सुरक्षा सुरपवाईजर एवं 1 सुरक्षा अधिकारी कुल 12 युवाओं का प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार मिला।

# शासकीय महाविद्यालय में प्रेमचंद की जयंती मनाई गई

**सरायपाली,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में हिंदी विभाग स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा च्मुंशी प्रेमचन्द जयंतीज्कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीतांबर साहू, अध्यक्षता डॉ. संध्या भोई , विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र कुमार बरिहा डॉ. चंद्रिका चौधरी थी कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूनम भोई ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन से हुआ सुनीता पटेल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया अर्पिता कर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि डॉ. पीतांबर साहू ने पीपीटी के माध्यम से बड़े ही रोचक ढंग से मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. संध्या भोई ने प्रेमचंद के रचनाओं का सामाजिक महत्व को सबके समक्ष रखा। विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र कुमार बरिहा ने साहित्य को अन्य विषय से जोड़कर उसकी महत्ता को बताया। डॉ. चंद्रिका चौधरी ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य के माध्यम से किस प्रकार एक सामान्य व्यक्ति से प्रेमचंद बने इस विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में सेतकुमार, अमीषा, दीपिका, मनीषा,अर्पिता, नमेश, टीना, जोगेंद्र, कौशल,हरिकिशन द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रेमचंद के साहित्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मेघनाथ सिदार राजकिशोर पटेल पीतांबर प्राची गुप्ता, हेमलता पटेल, शिप्रा प्रधान अनिल गुप्ता, गायत्री प्रसाद पटेल एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित थे आभार प्रदर्शन अनिल तांडी ने किया।

# केन्द्र में महिला सांसदों मंत्रियों की भरमार, बावजूद देश में 13 लाख महिलाओं का लापता होना दुर्भाग्य : उषा पटेल

**पिथोरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। महिलाओं के साथ अब बलात्कार और हत्या की घटनाएं ही नहीं बल्कि उनके गायब होने की वारदातें भी बड़े स्तर पर होने लगी हैं। संसद में पेश किए गए एनसीआरबी के एक आंकड़े से इसका खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक देश में पिछले तीन सालों में लड़कियां और महिलाएं आश्चर्यजनक रूप से गायब हुई हैं। साल 2019 और 2021 के बीच तीन वर्षों में देश में लगभग 13.13 लाख लड़कियां और महिलाएं लापता हो गई हैं।

महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा लगातार महिलाओं के ऊपर अत्याचार की खबरें देखने को मिल रही है ऐसे समय पर 13 लाख महिलाएं बेटियों को लापता होना एक बेहद गंभीर विषय सहित महिलाओं की सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल है तो वही केंद्र मे बैठी मोदी सरकार के महिला सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है।



उषा पटेल ने कहा कि बेटी बचाओ का नारा देने वाली मोदी सरकार लगातार महिला सुरक्षा पर नाकाम साबित हुई है। 18 वर्ष से ऊपर 10,62,648 लापता तो वही 18 वर्ष से कम उम्र की 2,52,430 बेटियां लापता है यह आंकड़े केंद्र में बैठी मोदी सरकार की नाकामियों को दर्शाता है। संसद में पेश किए गए आंकड़े के अनुसार भाजपा शसित राज्य मध्यप्रदेश मे 1,60,180 महिलाएं 38,234 बेटियां तो केंद्र सरकार के अधीन दिल्ली मे 61,054 महिलाएं 22,919 बेटियां लापता है। जो बहुत ही चिंता का विषय है। महिला सुरक्षा पर मोदी सरकार की नाकामी विफलताओं ने देश को गर्त में डाल दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में बैठी भाजपा की मोदी सरकार मे महिला सांसदों महिला मंत्रियों की भरमार है इसके बावजूद में देश में 13 लाख महिलाओं का लापता हो जाना देश के लिए बड़ा दुर्भाग्य है किस मुंह से मोदी सरकार विश्वगुरु होने की बात कहते हैं। एक समय इस देश में नारी शक्ति की ताकत देखी है और आज ये देश महिलाओ पर अत्याचार और उनके लापता होने का दौर देख रहा है। आज देश की महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही।

# अघारिया महिला मंच सरायपाली ने मनाया सावन उत्सव

**सरायपाली,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। अघरिया महीला मंच सरायपाली के तत्वाधान में,40 महिलाओं की उपस्तिथि में धूमधाम से सावन उत्सव मनाया गया ,कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव श्री कृष्ण के पूजन अर्चन से की गई तत्पश्चात महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रमों , तथा मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया , जिसमें बलून दौड़ मे माधुरी पटेल, दिव्या पटेल ने,,, चम्मच गोली दौड़ में, राधा पटेल, लक्ष्मी नायक ने, ग्लास उठाओ में राधा पटेल, माधुरी पटेल, रजनी पटेल,,, स्ट्रा से थर्माकोल बाल उठाओ में जनक पटेल, वृंदा पटेल, विमला नायक ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय , स्थान प्राप्त किया,,, कार्यक्रम में समस्त महिलाए हरी साड़ी, बिंदी तथा हरि चूड़ी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम का आयोजन सावित्री पटेल,जयमिनी पटेल, विलेश पटेल सुशीला चौधरी, गीता चौधरी के द्वारा किया गया,उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियो के रूप में सीता पटेल, सुशीला पटेल, सरस्वती पटेल, रमला नायक उपस्थित होकर विजिताओ को पुरस्कार वितरण किया तथा कार्यक्रम की सराहना भी की,, कार्यक्रम में , दीपिका पटेल पटेल,मनीषा चौधरी, नंदिनी पटेल तथा अघरिया महिला मंच के समस्त नारियों का भी विशेष सहयोग रहा ,,मंच संचालन जयमिनि पटेल द्वारा किया गया। श्रीमती विलेश पटेल द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

# वजन त्यौहार पंडरीपानी केंद्र में मनाया गया

**बिलाईगढ़,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत पंडरीपानी में आज 1 अगस्त को आंगनबाड़ी में वजन त्यौहार का मनाया गया। इस वजह त्यौहार के कार्यक्रम में मुख्यरूप से केशराम पंकज जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कांग्रेस, ग्राम के पटेल आवाज राम बनर्जी व सुरेश विश्वकर्मा जिला महामंत्री छत्तीसगढ़ मानस संगठन एवं वार्ड क्र.4 के पंच की उपस्थिति में वजन त्यौहार को बड़े धूमधाम से वजन त्यौहार मनाया गया। सभी बच्चे का नाम जोक वजन एवं लंबाई चौड़ाई माफ किया गया। कार्यक्रम को संचालित जयंती साहू कार्यकर्ता आंगनबाड़ी 1 पंडरीपानी, अंगार बाई जांगड़े कार्यकर्ता आंगनबाड़ी 2 पंडरीपानी, गायत्री साहू सहायिका सुमित्रा जांगड़े सहायिका हेमलता सोनवानी मितानी जानकी साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षा पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इन सभी के हाथों कार्यक्रम सफल सपंन्न हुआ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# चतुर्थ श्रावणी सोमवार को शिवालयों में किया जलाभिषेक



**पलारी,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर दूधाधारी मठ रायपुर तथा शिवरीनारायण मठ ने दिनांक 31 जुलाई सोमवार को जिला बलौदा बाजार भाटापारा एवं शक्ति में स्थित शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, इस कार्यक्रम के तहत वे सबसे पहले पलारी के समीप स्थित ग्राम जारा के सिद्धेश्वर महादेव, पलारी नगर में स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर नाथ महादेव तथा महानदी के किनारे स्थित ग्राम अमेठी के भूतेश्वर नाथ महादेव में जलाभिषेक कर संपूर्ण संसार के कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ से मंगलकामनाएं की, इन सभी कार्यक्रमों में उनके साथ छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला, प्रवीण धुरंधर, गोपी साहू, रज्जाक खान, भूषण ठेठवार,,उमाशंकर मिश्रा, प्रेमदास, मनीष चंद्राकर, डॉक्टर कमल नारायण राजपूत, लाला वर्मा, नील कंठ आजाद, सुमित तिवारी, डॉ रामचंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य जन शामिल थे। जिला बलौदा बाजार भाटापारा के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज शक्ति जिला अंतर्गत स्थित तुर्री धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए यहां उनके साथ कमले सिंह जी, अग्रवाल जी,मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष बने संदीप सोनी



**खरोरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत खरोरा परिक्षेत्र में सोमवार को प्रेस क्लब का सर्वसम्मति से पुनः नव गठन किया गया। नगर के स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक कर प्रेस क्लब को नई ऊर्जा दिशा प्रदान करने हेतु स्थानीय व अंचल के समस्त पत्रकार के सहमति से संदीप सोनी को अध्यक्ष बनाया गया। और कार्यकारी अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। जिस पर सभी सदस्यों ने आम सहमति से स्थाई आमंत्रित सदस्य हेतु संरक्षण सुरज सोनी, भरत पंसारी, जोगिंदर सलूजा उपाध्यक्ष-विकास ठाकुर, सचिव-हर्षित भोंगल व देव देवांगन, कोषाध्यक्ष, ऋषि राज कमल , सदस्य संदीप छाबड़ा, आकाश मनहरे, विक्की कश्यप, क्षितिज मिश्रा, राजा पंसारी ,आशीष शर्मा, नीलकंठ निषाद, भानुप्रताप भट्ट, लालजी यादव, उपस्थित थे। प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों और समसामयिक मुद्दों को लेकर कार्य करेगा।

# चरौदा स्कूल के बच्चों ने आई फ्लू अभियान चलाकर दिया संदेश




**पलारी,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खण्ड के अन्तर्गत हाई स्कूल चरोदा के स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने जिला डी ओ सी गाइड नेहा उपाध्याय के मार्गदर्शन में विद्यालय के स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने वर्तमान में फैल रहे आंखों में होने वाली संक्रमण जैसे आई फ्लू के बारे में लोगों को जानकारी दी उन्होंने एक छोटा सा नाटक के माध्यम से आंखों में हो रही आई फ्लू का आसपास के लोगों से इस पर चर्चा कर कैसे हम आई फ्लू से बच सकते हैं और अगर आई फ्लू हो जाए तो हमे क्या करना चाहिए और क्या नहीं द्यऔर अपने आसपास के लोगों को भी बचा सकते हैं इसके बचने के उपाय भी बताए जैसे, आई फ्लू हो जाता है तो मेडिकल या डॉक्टरों से लिया ड्रॉफ् डाले, आखों को साफ़ पानी में धोते रहे, बाहर जाते है तो काले चश्मा का उपयोग करे, अपने हाथों को साबुन से धोये आंख को खुलाऐ नहीं ये सारी जानकरी भारत स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने आई फ्लू को लेकर जागरूकता फैलाने की एक छोटी सी कोशिश की।

# सोरिद पानी टंकी राइजिंग पाइप लाइन खराबी के कारण आज और कल सुबह नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

**धमतरी,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र के सोरिद वार्ड स्थित विशाल ओवर हैंड टैंक भरने वाला पाइप लाइन लीकेज हो जाने से इसे सुधारने प्लांट को बंद करना पड़ रहा जिसे पूरा शहर पेयजल के लिए प्रभावित रहेगा। महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह, प्रभारी आयुक्त विजय खलगो, जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी एवं एवं जल अधीक्षक विजय मेहरा और इंजीनियर कामता प्रसाद नागेंद्र, लोमस देवांगन, सहायक लिपिक मंगलू निर्मलकर सभी लोगों से विचार विमर्श कर महापौर विजय देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश देकर कल सुबह प्लांट चालू कर पेयजल आपूर्ति कर कल देर शाम व गुरुवार सुबह तक हर हाल में विशाल ओवर हैंड टैंक भरने वाले पाईप को सुधार कर पेयजल की समस्या का समाधान करने कहे। जिससे गुरुवार शाम को पेयजल आपूर्ति हो सके, राइजिंग पाइप लाइन का सुधार कार्य किया जाएगा। इसके चलते कल शाम वा गुरुवार को सुबह पानी नहीं सप्लाई और गुरुवार देर शाम बहाल की जाएगी। धमतरी नगर पालिक निगम जलकार्य विभाग के अफसरों ने बताया कि सोरिद विशाल ओवर हैंड टैंक भरने वाला राइजिंग पाइप लाइन खराबी के कारण मेंटनेंस वर्क होगा। बुधवार को सुबह सप्लाई के बाद देर शाम तक मेंटेनेंस और मरम्मत कार्य किया जाएगा जिसके कारण कल शाम वा गुरुवार सुबह को पेयजल सप्लाई बंद रहेगा जिसके कारण शहर के सभी विशाल ओवर हैंड टैंकों से जुड़े क्षेत्रों में दिनांक 2अगस्त बुधवार को शाम में एवं 3 अगस्त गुरुवार को सुबह पानी सप्लाई नहीं हो पाएगा। इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह, प्रभारी आयुक्त विजय खलगो, जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि पानी सप्लाई प्रभावित होने के चलते धैर्य से काम लें। शहर में लगभग 160 मोटर पंपों से जुड़े क्षेत्रों में सुचारू रूप से चलता है उन क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध होगा साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

**40 वार्डों का विशाल ओवरहैंड टैंकों वाला एरिया रहेगा प्रभावित**

# राधिका किशोरी की रामकथा आज से पिथौरा में



**पिथौरा,** 1 अगस्त (देशबन्धु)। नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन 2 अगस्त से 10 अगस्त तक पिथौरा के अग्रसेन भवन में आयोजन किया गया है। कथा वाचिका श्रीधाम अयोध्या की साध्वी राधिका किशोरी होंगी। कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां आयोजक अग्रवाल परिवार द्वारा किया गया है, तथा क्षेत्र वासियों में कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।

साध्वी राधिका किशोरी रामकथा एवं भागवत कथा के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध नाम है, तथा उनकी चिर परिचित कथा शैली इस क्षेत्र में काफी चर्चित है। आयोजक वेदप्रकाश गोयल एवं राधेश्याम अग्रवाल ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है स्थानीय अग्रसेन भवन में वॉटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है तथा कथा के लिए पंडाल भी सज चुकी है पूरे अंचल में आमंत्रण कार्ड भेजकर श्रद्धालुओं को न्यौता भेजा गया है इस लिहाज से कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की संभावना है। कथा 2 अगस्त को कलश यात्रा से प्रारम्भ होकर श्रीराम कथा यज्ञ 10 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान राम नाम महिमा, सती प्रसंग, शिवविवाह, श्रीराम जन्मोत्सव, बाल लीला, राम जानकी विवाह, वन गमन, केवट प्रसंग, भरत चरित, सुंदरकांड की रसमय कथा का आनन्द श्रद्धालु ले सकेंगें। कथा प्रतिदिन 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। आसपास के गांव कौहाकुड़ा, ठाकुरदिया, अरंड, पिथौरा, छिबर्रा, कोकोभांठा, जम्हर, मुढ़ीपार, तेंदुकोना, भुरकोनी, छिन्दौली और सांकरा सहित क्षेत्र में साध्वी राधिका किशोरी के शिष्य एवं प्रसंशक बड़ी संख्या में है जिनमें आयोजन को लेकर बेहद उत्साह है।